मास्क भी वैक्सीन-मेरा मास्क मेरे साथ

भारत सरकार एवं राजस्थान सरकार से सरकारी विज्ञापनों के लिए स्वीकृत

विश्वसनीय साप्ताहिक हिन्दी अखबार

# जागरूक जनता

jagrukjanta.net

ज्येष्ठ, पक्ष - शुक्ल, तिथि - त्रयोदशी , संवत 2078 | पृष्ठ : 8+8(डिजिटल) | जयपुर, बुधवार | वर्ष-7, अंक-17, 23 जून - 29 जून, 2021 | मूल्य ₹ 5/- वार्षिक मूल्य : ₹ 250/-




## गरीबों का पर्याय बन गया है सरकारी स्कूल!

सटीक



शिव दयाल मिश्रा
@jagrukjanta.net

**कोरोना** के चलते शिक्षा ग्रहण करने की पद्धति में बदलावा आ गया है। अब तो ऑन लाइन शिक्षा प्रारंभ हो गई है। उसी के अनुसार परिणाम भी घोषित किए जा रहे हैं। मगर कोरोना महामारी के पहले भी एक नजर देखना चाहिए। स्वतंत्रता के समय देश में अनपढ़ या अल्प शिक्षित लोगों की बहुतायत हुआ करती थी। स्वतंत्रता के बाद सरकार ने शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए सरकारी स्कूल खोलने शुरू किए। गांव-कस्बों में स्कूल खुलवाने के लिए पंच-सरपंच, विधायक और सांसदों की सिफारिशों के लिए लोग चक्कर काटते रहते थे। धीरे-धीरे शिक्षित लोगों की संख्या बढ़ने लगी। उस समय महिलाओं की शिक्षा पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जाता था। मगर पिछले कुछ वर्षों से शिक्षा के प्रति लोगों को जागृत करने के लिए जगह-जगह स्कूल खुलने लगे। महिला शिक्षा को बढ़ावा मिलने लगा। और आज महिलाएं शिक्षा के क्षेत्र में कमतर नहीं है। इसी के साथ निजि शिक्षण संस्थाएं खुलने लगी। और उन शिक्षण संस्थाओं में शिक्षा मंहगी होती गई। इसके बावजूद आज स्थिति यह बन गई है कि एक साधारण आदमी भी सरकारी स्कूलों के बजाए निजी शिक्षण संस्थाओं में अपने बच्चों को पढ़ाना चाहता है। चाहे उसे कितनी ही आर्थिक परेशानी भुगतनी पड़े। दूसरी ओर सरकारी स्कूलों के परिणाम अपेक्षित नहीं आने से उनमें छात्रों की संख्या घटती चली गई। पिछले कुछ वर्षों में कई सरकारी स्कूलों को बंद भी कर दिया गया। जबकि सरकारी स्कूलों में अध्यापकों के वेतन भी ज्यादा होते हैं उसके बाद भी सरकारी स्कूलों में बच्चों को पढ़ाना पसंद नहीं किया जाता। सरकारी स्कूलों में बच्चियों को साइकिल भी सरकार की तरफ से वितरित की जाती है। लेकिन ऐसी क्या वजह है जिसके कारण अभिभावक अपने बच्चों को निजी स्कूलों में भर्ती करवाना पसंद करते हैं। शायद लोगों के दिमाग में यह बात पैठ कर गई है कि निजी स्कूलों में पढ़ाई अच्छी होती है और सामाजिक प्रतिष्ठा का प्रश्न भी बन गया है। सरकारी स्कूलों का नाम लेते ही दिमाग में आने लगता है कि यह परिवार आर्थिक रूप से कमजोर है। इसलिए लोगों की मानसिकता को बदलना होगा। दूसरी ओर सरकार को निजी स्कूलों के बच्चों को भी फीस में छूट और साइकिल आदि जो भी प्रोत्साहन के लिए दिए जाता है वह निजी स्कूलों में भी देने का कोई रास्ता ढूंढ़ना चाहिए। दूसरा कारण परीक्षा परिणाम भी अच्छे आने चाहिए। जिसकी जिम्मेदारी शिक्षकों पर आती है। वरना तो सरकारी स्कूलों में गरीबी का लेबल लग गया है जिसमें कई लोग अपने बच्चों को भर्ती कराने से परहेज करने लगे हैं।

shivdayalmishra@gmail.com

**कोरोना पर राहुल गांधी:** बोले, प्रधानमंत्री का फोकस बंगाल पर था लोगों की जान PM के आंसुओं से नहीं ऑक्सीजन से बचाई जा सकती थी

# तीसरी लहर की तैयारी हमें अभी से करनी होगी

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net



**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी देश में कोरोना के हालात को लेकर मोदी सरकार पर लगातार हमलावर रहे हैं। इसी सिलसिले में उन्होंने मंगलवार को भी प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान राहुल ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि कोरोना की दूसरी लहर में प्रधानमंत्री का फोकस ऑक्सीजन पर नहीं बल्कि बंगाल पर था। लोगों की जान प्रधानमंत्री के आंसुओं से नहीं बल्कि ऑक्सीजन से बचाई जा सकती थी। कांग्रेस नेता ने कोविड मिसमैनेजमेंट पर एक रिपोर्ट भी जारी की है। उन्होंने इसे व्हाइट पेपर नाम दिया है। राहुल का कहना है कि इस व्हाइट पेपर का मकसद कोरोना की तीसरी लहर से बचने में देश की मदद करना है। दूसरी लहर सरकार की लापरवाही की वजह से खतरनाक हुई। अब तीसरी लहर के लिए हमें पहले से ही तैयारी करनी होगी। इसमें वो गलतियां नहीं होनी चाहिए, जो पहले की गई। कोरोना से लड़ाई का सबसे बड़ा हथियार वैक्सीनेशन है। सरकार को तेजी से वैक्सीनेशन ड्राइव को बढ़ाना होगा। राहुल ने कहा कि वायरस लगातार म्यूटेड हो रहा है।

### व्हाइट पेपर का मकसद रास्ता दिखाने का है...

**पहला-** तीसरी लहर की तैयारी अभी से शुरू की जाए। पिछली गलतियों को फिर से न दोहराया जाए।
**दूसरा-** इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जाए। ऑक्सीजन, बेड, दवा की कमी न हो। थर्ड वेव में हर गांव, हर शहर में ऑक्सीजन जैसी सुविधाओं की कमी नहीं होनी चाहिए।
**तीसरा-** कोरोना बायोलॉजिकल बीमारी नहीं है, यह इकोनॉमिकल-सोशल बीमारी है। इसलिए सबसे गरीब लोगों, छोटे उद्योग-धंधों को आर्थिक सहायता देने की जरूरत है। हमने न्याय योजना की सलाह दी है। अगर प्रधानमंत्री को नाम नहीं पसंद, तो वे योजना का नाम बदल सकते हैं। इससे गरीबों तक सीधे आर्थिक मदद पहुंचाई जा सकेगी।
**चौथा-** कोविड कंपंसेशन फंड बनाया जाए। जिन परिवारों में किसी मौत कोरोना से मौत हुई है, उन्हें इस फंड से सहायता राशि दी जाए।

### राहुल बोले- दूसरी लहर में 90% मौतें रोकी जा सकती थीं

राहुल ने कहा कि दो तरीकों की कोविड डेथ होती है। पहली- ऐसी जो नहीं होनी चाहिए थी, जिन्हें बचाया जा सकता था। दूसरी- जिन्हें कई गंभीर बीमारियां हईं। भारत में सेकंड वेव में 90% मौतें बेवजह थीं। इन्हें बचाया जा सकता था। इसका सबसे बड़ा कारण ऑक्सीजन की कमी थी। मैंने कई डॉक्टर्स से बात की, उनका कहना है कि अगर समय से ऑक्सीजन दी जाती, तो मरीजों को बचाया जा सकता था।

**राजस्थान में मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना**

# ईलाज नहीं करने वाले अस्पतालों के खिलाफ तीन दिन में होगी कार्रवाई

**सुनवाई नहीं होने पर CM हेल्पलाइन नंबर 181 पर करें शिकायत**

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** राजस्थान में मुख्यमंत्री चिरंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत मरीजों का उपचार नहीं करने वाले अस्पतालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। यभासंभव एक दिन में और ज्यादा से ज्यादा तीन दिन में किसी पीड़ित मरीज की शिकायत का समाधान किया जाएगा। अगर कोई अस्पताल ईलाज नहीं कर रहा है तो इसके लिए मरीज या उसके परिजन सीएम हेल्पलाइन नंबर 181 पर कॉल कर शिकायत दर्ज करवा सकते है। इसके लिए चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. रघु शर्मा ने चिकित्सा महकमे के अफसरों और प्रदेश के सभी कलेक्टरों को आवश्यक निर्देश दिए है। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री डॉ. रघु शर्मा ने कहा है कि निरोगी राजस्थान के सपने को साकार करने के उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए 1 मई 2021 से मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना प्रारंभ की गई थी। मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना से सम्बद्ध होने के बावजूद कुछ निजी अस्पतालों में मरीजों को उपचार के लिए मना करके की शिकायतें प्राप्त हुई हैं। इसकी जांच में दोषी पाए गए अस्पतालों के खिलाफ कर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### 181 पर दर्ज करवाएं शिकायत

डॉ. रघु शर्मा ने कहा कि योजना की गाइड लाईन का उल्लंघन, उपचार करने से इंकार या फिर उपचार के लिए पैसे की डिमांड करने वाले अस्पतालों की आमजन सीएम हेल्पलाइन नंबर 181 पर शिकायत दर्ज करा सकता है। इसके अलावा पीड़ित राजस्थान स्टेट हैल्थ इंश्यारेंस एजेंसी के कार्यालय व सीएमएचओ कार्यालय में शिकायत ऑफलाइन भी दर्ज करा सकता है।

### 3 दिन में शिकायत का समाधान

चिकित्सा मंत्री के मुताबिक मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना से संबंधित शिकायतों का ?समाधान यथासंभव उसी दिन किया जाएगा। अन्यथा ज्यादा से ज्यादा तीन दिन में किया जाएगा। चिकित्सा मंत्री ने कहा कि सीएम हेल्पलाइन नंबर 181 पर प्राप्त शिकायतों को तुरंत संबंधित CMHO कार्यालय भेज कर प्रक्रिया प्रारंभ की जाएगी। वहीं शिकायत का निस्तारण करते हुए 181 पोर्टल पर अपलोड कर पीड़ित शिकायतकर्ता को सूचित भी किया जाएगा। जिन शिकायतों का निस्तारण ? किसी कारण से तय की गई निश्चित तीन दिन की अवधि में नहीं होता है। तो उन शिकायतों को जिला कलक्टर की ओर से साप्ताहिक समीक्षा के दौरान निवारण किया जाएगा।

**सर्वदलीय बैठक में शामिल होंगे महबूबा, अब्दुल्ला**

# कश्मीर मामले पर पाक से करो बात-महबूबा

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net



**नई दिल्ली।** जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती पीएम मोदी के साथ आयोजित होने वाली बैठक में शिरकत करेगी। इस बैठक से पहले उन्होंने एक बड़ी बात कही है। महबूबा मुफ्ती ने कहा कि भारत सरकार को कश्मीर के मसले पर पाक से भी बातचीत करनी चाहिए। महबूबा ने ये बयान गुपकार गठबंधन की बैठक के बाद दिया। गुपकार की ये बैठक आज श्रीनगर में फारूक अब्दुल्ला के निवास पर हुई। इससे पहले मीडिया से बातचीत में महबूबा मुफ्ती ने कहा कि हम डायलॉग के खिलाफ नहीं, लेकिन हम जरूर चाहते हैं कि कुछ कॉन्फिडेंस बिल्डिंग मेजर होने चाहिए। पूरे देश में कोरोना महामारी के दौरान कैदियों को रिहा किया गया, जम्मू कश्मीर में भी ऐसा होना चाहिए था। उन्होंने कहा कि हमारा ख्याल था कि गुपकार गठबंधन के हेड के तौर पर फारूख साहब जाएंगे, लेकिन इनका कहना है कि सबको अलग अलग बुलाया गया है सबको अलग जाना चाहिए।

## जागरूक खबरें

### अमरनाथ यात्रा लगातार दूसरे साल रद्द

**श्रीनगर।** कोरोना संक्रमण के साए में लगातार दूसरे साल अमरनाथ यात्रा रद्द की गई है। श्रीअमरनाथ श्राइन बोर्ड ने सोमवार को यह फैसला किया। जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल और श्राइन बोर्ड के अध्यक्ष मनोज सिन्हा ने कहा, 'लोगों की जिंदगी बचाना और उन्हें सुरक्षित रखना जरूरी है।' सिन्हा ने बताया कि यात्रा से जुड़ी सभी धार्मिक परंपराओं का पूरी तरह पालन किया जाएगा। श्राइन बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी नीतीश्वर कुमार ने बताया कि करोड़ों श्रद्धालुओं की भावनाओं को देखते हुए रोज सुबह छह बजे और शाम 5:30 पर बोर्ड की वेबसाइट www.shriamarnathjishrine.com और एप पर आरती का प्रसारण होगा। अमरनाथ यात्रा 28 जून से प्रस्तावित थी।

### अगले महीने कारों के दाम बढ़ाएगी मारुति

**नई दिल्ली।** मारुति सुजुकी ने कहा- वह जुलाई से कारों के दाम बढ़ाएगी। कंपनी ने रेगुलेटरी फाइलिंग में कहा- स्टील व अन्य चीजें महंगी होने से लागत बढ़ चुकी है। इस वजह कीमत में बढ़ोतरी करना जरूरी हो गया है।

## 100 रुपए के नजदीक पहुंचा डीजल, जयपुर में पेट्रोल 104.17 व डीजल 97.27 रुपए प्रति लीटर



**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** महंगाई की आग को पेट्रोल-डीजल भड़काने लगे हैं। तेल कंपनियों ने एक बार फिर मंगलवार को पेट्रोल-डीजल के रेट्स बढ़ा दिए हैं। बढ़ती तेल कीमतों के कारण महंगाई भी लगातार बढ़ रही है, जबकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें कम हुई हैं। तेल कंपनियों ने मंगलवार को पेट्रोल पर 29 पैसे और डीजल पर 28 पैसे की बढ़ोतरी की है। जयपुर में पेट्रोल के रेट्स अब 104.17 रुपए प्रति लीटर व डीजल 97.27 रुपए प्रति लीटर हो चुके हैं। पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने पिछले दिनों तेल की कीमतें में और बढ़ोतरी होने की बात कही थी। डीजल प्रीमियम की बात करें तो गंगानगर में 105.07, हनुमानगढ़ में 104.42, सवाईमाधोपुर में 102.35 रुपए हो चुके हैं तो सामान्य डीजल के रेट भी गंगानगर, हनुमानगढ़ में सौ रुपए से ऊपर हो चुके हैं।

**राज्यपाल कलराज मिश्र सात दिन रहेंगे**

# माउंट आबू से चलेगा राजभवन

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र आज से माउंट आबू में ग्रीष्मकालीन प्रवास पर रहेंगे। इसके लिए वहां के राजभवन में पूरी तैयारियां कर ली गई है। पुलिस और प्रशासन पिछले कई दिनों से राज्यपाल के दौरे की तैयारियों में जुटा हुआ था। राज्यपाल मिश्र करीब एक सप्ताह तक माउंट आबू स्थित राजभवन में निवास करेंगे। उनके साथ उनका परिवार भी गया हुआ है। राजस्थान में बरसों से यह परम्परा हैं कि राज्यपाल गर्मियों में कुछ दिन माउंट आबू चले जाते है। पिछले साल कोरोना के चलते राज्यपाल वहां नहीं गए थे। इस बार कोरोना का असर अब काफी कम हो गया है और इसी वजह से राज्यपाल सात दिन तक वहां रूकेंगे और राजभवन का काम वहीं से होगा। जरूरी फाइलें भी वहां के राजभवन में पहुंचा दी गई है। राज्यपाल कलराज मिश्र अब यहीं से फाइलों को निपटाने का काम करेंगे। सभी अधिकारियों को इसके लिए निर्देश भी दे दिए गए है।

# यूपी में आदित्यनाथ होंगे सीएम का चेहरा मगर राजस्थान में नाम घोषणा से बच रही है भाजपा

**गलत बयानबाजी करने वाले नेताओं पर होगी कार्रवाई**

**कांग्रेस को नसीहत पहले घर के झगड़े को निपटाएं**

**जिस दिन मंत्रिमंडल फेरबदल होगा, उस दिन होगा विस्फोट**

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** भाजपा के प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह ने कहा है कि यूपी में 2022 में होने वाले विधानसभा चुनाव में योगी आदित्यनाथ ही मुख्यमंत्री का चेहरा होंगे। आदित्यनाथ बेहतर काम कर रहे हैं, इसलिए उन्हें क्यों बदलेंगे। हालांकि राजस्थान में सीएम के चेहरे को लेकर पार्टी बचती नजर आ रही है। नेता यही कहते नजर आ रहे हैं कि सीएम का चेहरा पार्लियामेंट्री बोर्ड तय करता है। भाजपा मुख्यालय पर प्रदेश कार्यसमिति की बैठक के बाद सिंह ने पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे खेमे के नेताओं की बयानबाजी को लेकर कहा बयान देने से पहले सोचें कि इससे पार्टी का हित होगा या नुकसान। कोई भी नेता और कार्यकर्ता के बयान से पार्टी को नुकसान होता है तो उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। हालांकि सिंह ने कहा कि अभी तक प्रदेश के किसी प्रमुख नेता ने ऐसा कोई विवादित बयान नहीं दिया है। सिंह ने पत्रकार वार्ता में कहा कि मैंने प्रदेश नेतृत्व को कहा है कि बहुत हो चुका है। ऐसे नेताओं की सूची बनाओ जो बयानबाजी कर रहे हैं। ऐसे नेताओं को समझाएंगे और नहीं माने तो कार्रवाई की जाएगी।



**जागरूक जनता @** अन्तरराष्ट्रीय योग दिवस पर ITBP के जवानों ने लद्दाख में बॉर्डर आउट पोस्ट के पास 15,000 फीट की ऊंचाई पर योग किया। 21 जून के दिन की एक खासियत है कि यह वर्ष के 365 दिन में सबसे लंबा दिन होता है और योग के निरंतर अभ्यास से व्यक्ति को लंबा जीवन मिलता है इसलिए इस दिन को योग दिवस के रूप में मनाने का निर्णय किया गया।


since 2005

विनायक ज्वैलर्स

22 K 916 — हॉलमार्क ज्वैलरी
18 K 750 — हॉलमार्क डायमंड ज्वैलरी
970 — Silver Utensiles
Certified — राशि रत्न

Retailer of Gold, Diamond & Silver Jewellery

G-46, Unnati Tower, Central Spine, Vidhyadhar Nagar, Jaipur

0141-2337548, 0141-2337458, 9414156451


ANCHOR | गेम चेंजर

# अनाजों से बनेगा 100 करोड़ लीटर एथनॉल

**एथनॉल योजना, दोहरा फायदा-पेट्रोलियम आयात घटेगा, किसान आय बढ़ेगी**

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** खाद्य एवं आपूर्ति मामले के सचिव सुधांशु पांडे ने यहां संवाददाता सम्मेलन में कहा कि अनाज से एथनॉल बनाने में मक्का की बड़ी भागीदारी होगी। मक्का से 740 करोड़ लीटर एथनॉल बनाने की योजना है। इसके अलावा चावल आदि से भी एथनॉल बनाए जायेंगे। अगले एक साल के दौरान अनाज से 100 करोड़ लीटर एथनॉल बनाने की योजना है।

### बुनियादी ढांचे में तेजी

**उन्होंने** कहा कि इसके लिए उद्योगों के प्रस्तावों को मंजूरी दी जा रही है और ऋण भी उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस योजना से ग्रामीण क्षेत्रों में नए डिस्टलरी लगाए जायेंगे जिससे अनाजों को बेहतर बाजार मिल सकेगा और लोगों को रोजगार भी मिलेंगे। देश में सालाना करीब 280 लाख टन मक्के का उत्पादन होता है। इसमें से केवल 20 प्रतिशत मक्के का औद्योगिक उपयोग होता है। मक्का से अच्छी मात्रा में एथनॉल का उत्पादन होता है और यह सस्ता भी है।



### विदेशी मुद्रा की बचत

**पांडे** ने कहा कि इस वर्ष गन्ना से 223 करोड़ लीटर एथनॉल बनाने की योजना है और इससे पेट्रोल में 8.5 प्रतिशत तक एथनॉल मिलाया जा सकेगा। देश में वर्ष 2025 तक पेट्रोल में 20 प्रतिशत एथनॉल मिलने की योजना है। इससे कच्चे तेल के आयात पर खर्च होने वाली विदेशी मुद्रा की बचत हो सकेगी और इसका लाभ किसानों को मिल सकेगा।

### चीनी मिलों में उत्पादन

**उत्तर** प्रदेश, महाराष्ट्र और कर्नाटक के चीनी मिलों में बड़े पैमाने पर एथनॉल का उत्पादन हो रहा है। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ सालों से देश में जरुरत से अधिक चीनी का उत्पादन हो रहा है, जिससे उसके भंडारण की समस्या के साथ ही किसानों के गन्ना मूल्य के भुगतान में भी देर होती है।


QSI — Reliable, Professional & Genuine ISO Certification

Serving Govt, PSU, MSME, Health & Education etc

Services since 2001
ISO Awareness, Auditors/ L.A. Training
On site - PUBLIC
CE, NABL, NABH, SEDEX, Disaster M.PLAN Product & Process standards
ISO 4427 Assistance & Certifications

HBO Oxygen Treatment
Franchise Available
SNHL, Wounds, AUTISM, C.P. Side effects of Post Chemo-Radio Preventive Healthcare

-: Contact :-
R. C. Agrawal, Director
Call. 9829017133, 0141- 2236895

QSI (India) Certifications P.L.
SF 1/557 Vidyadhar Ngr, Jaipur-39
Email: qsicert@gmail.com
www.qsi-india.com

ISO 9001, 14001 IMS ISO 45001, 22000, 27001 EA ISO 50001, MD 13485, SA 8000 , Weld Quality ISO 3834-2 , 15085, IRIS 22163 IATF-16949 ETC

| तापमान | अधि. | न्यू. |
|---|---|---|
| जयपुर | 39°C | 27°C |
| जोधपुर | 39°C | 29°C |
| अजमेर | 38°C | 26°C |
| उदयपुर | 36°C | 26°C |

सूर्योदय ▸ प्रात: 05:35 बजे सूर्यास्त ▸ सांय : 06:56 बजे चन्द्रोदय ▸ 05:38 बजे चन्द्रास्त ▸ 03:48 बजे

## जागरूक खबरें

### भगवा रक्षा दल की कार्यकारिणी का हुआ विस्तार



**जयपुर @ जागरूक जनता।** भगवा रक्षा दल के राष्ट्रीय अध्यक्ष देवेन्द्र शर्मा के निर्देशानुसार पर राष्ट्रीय प्रचारक एव राजस्थान प्रभारी गोविन्द ठाकुर ने पाली निवासी अधिवक्ता सुधीर काकाणी को पाली जिला विधि प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष एव अलवर निवासी अनिल कुमार को अलवर युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष पद जोधपुर निवासी समाजसेवी ओमा राम को जोधपुर संभाग प्रभारी पर नियुक्त किया। गोविन्द ठाकुर ने बताया कि आने वाले समय मे भगवा रक्षा दल नशा मुक्ति अभियान के लिए जयपुर मे रैली का आयोजन करेंगे। जिसमें सभी पदाधिकारी को बुलाया जाएगा नशा मुक्ति अभियान पूरे राजस्थान मे फैल रहा है आम जनता का सहयोग बहुत महत्वपूर्ण है।

### श्वेता बनी लायंस क्लब की ब्राण्ड एम्बसडर



**जयपुर @ जागरूक जनता।** मिस इंडिया द क्राउन 2019 श्वेता मेहता मोदी को लायंस क्लब जयपुर विद्याधर नगर नें बनाया ब्राण्ड एम्बसडर बनाया गया है। क्लब अध्यक्ष पवन अग्रवाल ने बताया कि इस मौके पर श्वेता मेहता को सादा कार्यक्रम में क्लब का दुपट्टा पहनाकर व सम्मान करके क्लब का ब्राण्ड एम्बसडर बनाया। इस दौरान सीईओ पंकज पुलासारिया, जोन चेयर पर्सन रीना क्लब सचिव अजय अग्रवाल व हार्दिक मोदी उपस्थित रहे।

### नित्य योग करने से अनेकों प्रकार के रोगो से मुक्ति सम्भव- डॉ भूपेंद्र



**जयपुर @ जागरूक जनता।** सातवें अन्तराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान मानद विवि पी.जी छात्रसंघ के महासचिव डॉ भूपेंद्र शर्मा चांदवास व छात्रसंघ कार्यकारणी सदस्य डॉ दीपक शर्मा ने योग करते हुए लोगो को स्वस्थ रहने का सन्देश दिया। इस दौरान डॉ भूपेंद्र शर्मा चांदवास ने बताया कि योग का अर्थ ही जोड़ना व समाधि होता है। योग शरीर को स्वस्थ रखता है। मनुष्य को निरोगी रहने के लिए अपने जीवन मे नित्य रुप से योग को अपनाना होगा। योग करने से मनुष्य का तन व मन खुश रहता है। क्योंकि योग स्वस्थ जीवन का आधार है। डॉ भूपेंद्र शर्मा ने कहा कि आयुर्वेद व योग मे अटूट संबंध है। आयुर्वेद मे योग का विशेष महत्व है। योग मनुष्य के शारीरिक, मानसिक तथा आध्यात्मिक जीवन को जोड़ने का काम करता है। योग से शरीर मे रोग प्रतिरोधक क्षमता मजबूत होती है। योग करने से मनुष्य के शरीर से अनेकों प्रकार के रोग दूर होते है। इसलिए मनुष्य को प्रत्येक दिन आवश्यक्तानुसार योगाभ्यास करना चाहिए। परन्तु योग क्रियाओं को करने में उम्र का विशेष ध्यान रखना चाहिए। प्रेगनेंसी के दौरान मुश्किल, कठोर योग-आसन नही करना चाहिए। कम उम्र के बच्चे तथा ज्यादा उम के वृद्धजनों को कठोर योगाभ्यास से बचना चाहिए। योगाभ्यास स्थिर व शांत मन से करना चाहिए।

### शोध करने और शोध पत्र लिखने पर वेबिनार का आयोजन



**जयपुर @ जागरूक जनता।** इंडियन फिजीसीएट्रिक सोसायटी की युवा मनोचिकित्सक समिति के तत्वाधान में युवा वैज्ञानिकों के लिए "शोध कैसे करें व शोध पत्र कैसे लिखें" विषय पर एक राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया। समिति की अध्यक्ष डॉक्टर अनीता गौतम ने बताया कि इस कार्यक्रम में कोलकाता के डॉक्टर गौतम शाह राष्ट्रीय अध्यक्ष, मैसूर के डॉक्टर टी एस सत्यनारायण राव राष्ट्रीय सचिव, इंडियन जर्नल ऑफ साइकेट्री के प्रमुख संपादक डॉक्टर ओम प्रकाश सिंह, अमृतसर के डॉ रुपिंदर कपूर व डॉक्टर सम्राटकर सहित देश भर से बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने भाग लिया। मुख्य वक्ता डॉ ओम प्रकाश सिंह ने युवा मनो चिकित्सकों को शोध पत्र लिखने, शोध पत्र के लक्ष्य एवं शोध पत्र की विधि के विषय में क्या करना चाहिए तथा एथिक्स कमेटी द्वारा उसके अनुमोदन व शोध पत्र के छपने की प्रक्रिया पर बारीकी से समझाया, ताकि युवा वैज्ञानिक मनोचिकित्सा के शोध में अधिक प्रवृत्त हो सके। कार्यक्रम का संचालन अहमदाबाद के डॉक्टर ध्रुव परमार ने किया तथा कोलकाता के डॉक्टर जिष्णु भट्टाचार्य ने मुख्य वक्ता एवं प्रतिभागियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।

### एससीए जयपुर ने की योगा क्विज एंड पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित



**जयपुर @ जागरूक जनता।** मुरलीपुरा स्थित संस्कृति चिल्ड्रंस एकेडमी में सातवा अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया। विद्यालय के प्रबंध निर्देशक आयुष कुमार ने बताया कि इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस डिजिटल प्लेटफॉर्म पर योग पोस्चर व योग क्विज के रूप में बनाया गया जिसमें बच्चों ने बेहद रूचि दिखा कर भाग लिया।

# राजधानी, प्रदेश की सियासत की बनी अखाड़ा

## जयपुर में पायलट समर्थकों ने शुरू किया पोस्टर वॉर

### सचिन पायलट के विपक्ष में रहकर पुलिस की लाठियां खाने से जख्म वाले पोस्टर लगाए, पोस्टर में लिखा- राजस्थान ने देखा है, हम सबने देखा है

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net




**जयपुर।** कांग्रेस में सीएम अशोक गहलोत और पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट के बीच चल रही खींचतान का असर अब फील्ड में दिखने लगा है। राजधानी जयपुर में सचिन पायलट समर्थकों ने अब पोस्टर वॉर शुरू कर दिया है। पायलट समर्थकों ने राजधानी के गांधीनगर में एक बड़ा हॉडिंग लगाकर इस पोस्टर वॉर की शुरूआत कर दी है। बाकी जगहों पर भी पायलट समर्थक पोस्टर वॉर में कूदने की तैयारी कर रहे हैं। पोस्टर्स के जरिए समर्थक पायलट के संघर्ष को बताने का प्रयास कर रहे हैं। गांधीनगर में पायलट समर्थक विधायक वेदप्रकाश सोलंकी के आवास के बाहर एक बड़ा हॉर्डिंग लगाया है जिसमें लिखा है- राजस्थान ने देखा है, हम सबने देखा है। नीचे किसी नेता के नाम की जगह टीम सचिन पायलट लिखा हुआ है। इस हॉर्डिंग में कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष के तौर पर विपक्ष में रहकर सचिन पायलट के सड़क पर पुलिस की लाठियां खाने की चार तस्वीर लगाई गई है। पहली तस्वीर में पुलिस के लाठीचार्ज में पायलट को लगी चोट की तस्वीर है, दूसरी तस्वीर में पानी से भगे हुए और तीसरी तस्वीर में पायलट को पुलिस गला पकड़कर उपर उठा रही है। इन तस्वीरों के जरिए पायलट के संघर्ष को दिखाया है। सचिन पायलट के समर्थक रोज अब नए नए तरीके से अपने होने का अहसास करवा रहे है। जिससे कांग्रेस में खींचतान लगातार सामने दिख रही है।

#### पोस्टर्स के जरिए जताया पायलट ने पार्टी के लिए लाठियां खाईं

सचिन पायलट समर्थक यही मुद्दा बना रहे हैं कि विपक्ष में रहकर पार्टी के लिए खून पसीना बहाने वालों की सुनवाई होनी चाहिए। पूर्व प्रदेशाध्यक्ष नारायण सिंह ने भी कल लिखित बयान जारी कर विपरीत हालात में पार्टी का झंडा बुलंद रखने वालों की आलाकमान के स्तर पर सुनवाई की मांग की।

#### पोस्टर में जिन तस्वीरों का जिक्र वे कांग्रेस के प्रदर्शनों की है

पोस्टर में जो तस्वीरें शामिल की हैं उनमें दो तस्वीर 3 मार्च 2015 की हैं। उस वक्त यूथ कांग्रेस ने भूमि अधिग्रहण बिल के खिलाफ विधानसभा पर प्रदर्शन की है। इस प्रदर्शन पर पुलिस लाठीचार्ज में सचिन पायलट, यूथ कांग्रेस के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमरिंदर राजा, तत्कालीन यूथ कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष अशोक चांदना सहित 20 से ज्यादा नेता-कार्यकर्ता घायल हुए थे।

## नड्डा की नसीहत नहीं आई काम, जारी है वसुंधरा-पूनिया खेमेबाज़ी

### वसुंधरा-पूनिया गुटबाज़ी के बीच फिर जुटी प्रदेश BJP कार्यसमिति, जानें क्यों महत्वपूर्ण है बैठक?

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** प्रदेश भाजपा में आपसी खींचतान के बीच वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी वाली कार्यसमिति की महत्वपूर्ण बैठक आज जयपुर स्थित प्रदेश भाजपा मुख्यालय पर बुलाई गई। सेमी वर्चुअल बैठक में प्रदेश प्रभारी व सांसद अरुण सिंह, प्रदेशाध्यक्ष डॉ सतीश पूनिया और विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष गुलाब चंद कटारिया के अलावा कार्यसमिति में शामिल प्रदेश भाजपा के राष्ट्रीय पदाधिकारी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य, प्रदेश पदाधिकारी, सांसद, विधायक मौजूद हुए। प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह दो दिवसीय प्रवास पर होने के चलते जयपुर से ही इस सेमी वर्चुअल बैठक में शरीक होंगे। माना जा रहा है कि इस बैठक के ज़रिये भाजपा अपनी पार्टी में ऑल इज़ वेल का सन्देश देगी जबकि वसुंधरा-पूनिया गुटों के बीच बयानबाज़ी चरम पर है।

#### नड्डा की नसीहत तक नहीं आई काम

**पिछली** कार्यसमिति की बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा की मौजूदगी रही थी। तब भी वसुंधरा-पूनिया खेमे आमने-सामने थे और नेताओं के बीच बयानबाज़ी चरम पर थी। नड्डा ने किसी का नाम लिए बगैर इशारों ही इशारों में बहुत कुछ कह डाला था। उन्होंने तब दो टूक अंदाज़ में नसीहत दे डाली थी कि एकला चलो से काम नहीं चलेगा, बल्कि सभी को साथ मिलकर चलना होगा। इस तरह से उन्होने सभी नेताओं को एकजुटता से काम करने की हिदायत दी थी।लेकिन उसके बाद भी अलग-अलग खेमों में बंटे नेताओं के बेसह बयानबाज़ी थमी नहीं।

#### इन विषयों पर चर्चा

**कार्यसमिति** बैठक में चार सत्रों में पूरी होगी, जिसमें राजनीति और शोक प्रस्ताव पारित किये जाएंगे। बैठक में 'सेवा ही संगठन' अभियान के तहत किये जा रहे सेवा कार्यों पर चर्चा होने के अलावा कोरोना काल में पार्टी के दिवंगत हुए कार्यकर्ताओं को संबल देने के लिए कार्ययोजना पर भी संवाद किया जा रहा है। इसके अलावा सशक्त मण्डल, सरि य बूथ समिति, पन्ना प्रमुख नियुक्ति, प्रदेश एवं जिलों के राजनीतिक व संगठनात्मक विषयों पर चर्चा हो रही है।

#### कार्यसमिति बैठक इसलिए महत्वपूर्ण

**प्रदेश** भाजपा कार्यसमिति की इस बार की बैठक भी हर बार की तरह बेहद महत्वपूर्ण मानी जा रही है। दरअसल, जयपुर पहुंचे प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह इस दौरे के जरिए सभी नेताओं को केंद्रीय नेतृत्व से मिला संदेश भी दे सकते हैं। वहीं अंदरूनी खींचतान से जूझ रही पार्टी के नेताओं को एक सूत्र में पिरोने की भी कोशिश करेंगे।

#### चरम पर है भाजपा में खेमेबाज़ी

**प्रदेश** भाजपा में इन दिनों वसुंधरा राजे गट और सतीश पूनिया गट के बीच खेमेबाजी खुलकर सामने आई हुई है। वसुंधरा राजे खेमे के विधायकों ने प्रदेश नेतृत्व के खिलाफ मोर्चा खोल रखा है। राजे समर्थित नेता वसुंधरा राजे को सर्वमान्य नेता बताते हुए उनका कोई अन्य विकल्प नहीं होने की बात कह रहे हैं। जबकि भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां और नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया बार-बार दो टूक कह रहे हैं कि पार्टी से बड़ा कोई नहीं है। इस तरह की बयानबाजी ना पार्टी और ना ही बयान देने वाले के हित में हैं।

राजस्थान सरकार का फैसला

## सरकारी स्कूलों में आठवीं तक के 60 लाख छात्रों को ड्रेस फ्री

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** प्रदेश के सरकारी स्कूलों में 8वीं कक्षा तक के बच्चों को यूनिफॉर्म फ्री दी जाएगी। राज्य सरकार ने आरटीई एक्ट के तहत इसकी अधिसूचना जारी कर दी। सीएम अशोक गहलोत ने बजट में इसकी घोषणाा की थी। इस निर्णय से करीब 60 लाख विद्यार्थियों को फायदा होगा। शिक्षामंत्री गोविंद डोटासरा ने बताया कि यूनिफॉर्म इसी सत्र से दी जाएगी। अभी अधिसूचना ही जारी हुई, लेकिन लाभ किस तरह से दिया जाएगा, रंग क्या होगा और यूनिफॉर्म ही बच्चों को दी जाएगी या इसके बदले खाते में रकम जमा कराई जाएगी। इसको लेकर पॉलिसी अब तैयार होगी।

#### कक्षा सत्र (2020-21 में)

| | |
|---|---|
| पहली - | 5,95,126 |
| दूसरी - | 8,08,513 |
| तीसरी - | 8,30,267 |
| चौथी - | 8,12,856 |
| पांचवीं - | 7,92,977 |
| छठी - | 7,52,010 |
| सातवीं - | 7,14,467 |

### जयपुर में अब नहीं रहेगी पेयजल समस्या, 100 की जगह मिलेगा 135 लीटर पानी प्रतिदिन

**जयपुर @ जागरूक जनता।** परकोटा क्षेत्र में हवामहल,आमेर और आदर्श नगर विधान सभा क्षेत्र में लोग कम दबाव और कम पानी मिलने की समस्या से परेशान हैं। अगर सब कुछ ठीक रहता है तो आगामी जून के बाद जलदाय विभाग परकोटा में इन क्षेत्रों की दो लाख से ज्यादा की आबादी में प्रत्येक व्यक्ति को वर्तमान में 100 की जगह 135 लीटर पानी प्रतिदिन उपलब्ध होगा। इसके लिए जलदाय विभाग ब्रहम्पुरी में 50 लाख लीटर की क्षमता का स्वच्छ जलाशय का निर्माण करने की तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है।

2 अक्टूबर से प्रशासन शहरों के संग अभियान

## 3300 कॉलोनियों के 1.27 लाख भूखण्डधारियों को पट्टे देने की तैयारी

### 1430 कॉलोनियों के नियमन के लिए पहली बार कैंप

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** भूखण्डों या मकानों के टाइटल (पट्टों) का इंतजार कर रहे भवन मालिकों को ये इंतजार अब जल्द खत्म होगा। सूबे की अशोक गहलोत सरकार राजधानी जयपुर में ही 3300 कॉलोनियों के 1.27 लाख भूखण्डधारियों को पट्टे देने की योजना तैयार कर रही है। ये पट्टे इसी साल गांधी जयंती 2 अक्टूबर से शुरू किया जाने वाले प्रशासन शहरों के संग अभियान के तहत दिए जाएंगे।

प्रमुख शासन सचिव नगरीय विकास विभाग कुंजीलाल मीणा ने बीते दिनों जयपुर जेडीए के आयुक्त और सभी अधिकारियों संग एक बैठक की, जिसमें इस अभियान के तहत क्या किया जाना है इस पर चर्चा की।



जानकारों का कहना है कि जयपुर में पृथ्वीराज नगर सहित सभी जगहों पर बसी 3300 से ज्यादा कॉलोनियों के भूखण्डधारियों को बड़े स्तर पर शिविर लगाकर पट्टे दिए जाएंगे।

#### 1430 कॉलोनियों का होगा नियमन

**खास** बात ये है कि 1430 ऐसी कॉलोनियां है, जिनका नियमन कैंप पहली बार लगाया जाएगा। बैठक में बताया कि इन कॉलोनियों की 90 और 90B तो पहले हो चुकी है, लेकिन कॉलोनियों का ले-आउट प्लान अपूवड नहीं किया गया। इन्हीं कॉलोनियों के ले-आउट प्लान इनके नियमन कैंप लगाए जाएंगे। बताया जा रहा है कि इन कॉलोनियों 41 हजार से ज्यादा भूखण्ड है।

#### पहले से अप्रूड कॉलोनियों के भूखण्डधारियों को भी मिलेंगे पट्टे

**जयपुर** में जिन कॉलोनियों का नियमन हो चुका है और उन कॉलोनियों में जिन भूखण्डधारियों ने पट्टे नहीं लिए है। उनके लिए भी विशेष कैंप लगाकर पट्टे दिए जाएंगे। जेडीए से मिली जानकारी के मुताबिक जयपुर में इस तरह की करीब 1904 कॉलोनियां है, जिनमें करीब 86 हजार भूखण्डधारी ऐसे है, जिन्होंने पट्टे नहीं लिए है।

#### मिल सकती है कई तरह की रियायतें

**इन** शिविर में पिछली बार की तरह इस बार भी छूट मिल सकती है। इसमें सबसे प्रमुख छूट ब्याज की हो सकती है। जिन कॉलोनियों का नियमन कैंप पहले लग चुका है और जिन्होंने अब तक भूखण्डों के पट्टे नहीं लिए है। उन मामलों में ब्याज में रियायत दी जा सकती है। क्योंकि जब से कैंप लगा है तब से अब तक का ब्याज नियमन राशि और प्रशासनिक शुल्क पर जोड़ा जाता है। इस कारण पट्टा लेने पर ज्यादा पैसा देना पड़ता है। ऐसे में सरकार ऐसे प्रकरणों में ब्याज में रियायत दे सकती है।




ANCHOR

जलदाय व भू-जल मंत्री की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय बैठक

## 200 वर्गमीटर के मकानों पर वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर अनिवार्य की तैयारी

### जल संरक्षण के लिए सरकार को याद आए बावड़ी, कुएं और तालाब

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** गिरते भूजन को लेकर सरकार की चिंता बढ़ा दी है। भूजल संरक्षण को लेकर जलदाय व भू-जल मंत्री डॉ. बी.डी. कल्ला ने एक उच्च स्तरीय बैठक बुलाई। इसमें प्रदेश में जल संरक्षण के उपायों व भावी कार्ययोजना पर मंथन किया गया। बैठक में 200 वर्गमीटर के भूखंडों पर बनने वाले मकानों पर वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर जरूरत जताई गई। इसके लिए नगरीय विकास विभाग के प्रमुख सचिव कुंजीलाल मीना ने जल संरक्षण की दृष्टि से प्रदेश में बिल्डिंग बॉयलाज में बदलाव के लिए विभाग के स्तर पर कार्रवाई करने की बात कही।

बैठक में प्रदेश में जल संरक्षण के लिए विभिन्न विभागों की ओर से किए जा रहे उपायों और समय की आवश्यकता के अनुरूप आने वाले दिनों में तरीकों और प्रावधानों में आवश्यक बदलाव के मुद्दे पर चर्चा की गई। बैठक में डॉ. कल्ला ने कहा कि प्रदेश के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में बावड़ी, कुएं और तालाब जैसे परम्परागत जल स्त्रोतों के संरक्षण के लिए नगरीय विकास तथा ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग के स्तर पर व्यापक कार्ययोजना बनाकर सतत रूप से काम करने की जरूरत है। उन्होंने तालाबों की आगोर को अतिक्रमण मुक्त कराने के लिए अभियान चलाने, पानी की रिसाईक्लिंग, क्रॉपिंग पैटर्न में बदलाव और बूंद-बूंद सिंचाई को बढ़ावा देने के साथ ही लोगों को घरों में पानी की बचत और एक-एक बूंद का सदुपयोग करने के लिए जिम्मेदार बनाने की आवश्यकता पर बल दिया।

#### बिल्डिंग बायलॉज में बदलाव पर चर्चा

जलदाय एवं भू-जल मंत्री ने प्रदेश में बिल्डिंग बायलॉज के तहत 300 मीटर या अधिक के भूखण्डों पर बनने वाले मकानों में आवश्यक रूप से वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर बनाने के मौजूदा प्रावधानों की समीक्षा कर इस सीमा को घटाने के बारे में अधिकारियों से चर्चा की। उन्होंने औद्योगिक क्षेत्रों में भी वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर बनाने के लिए भूखण्ड के साइज के प्रावधानों में संशोधन तथा पानी को रिसाइकिल करने के लिए अधिक ट्रीटमेंट प्लान स्थापित करने के निर्देश दिए। डॉ. कल्ला ने कहा कि शहरों एवं गांवों में 200 वर्गमीटर पर बनने वाले मकानों की छतों का पानी घर में संरक्षित किया जाए।

#### साझा प्रयासों की आवश्यकता

जलदाय एवं भू-जल विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव सुधांश पंत ने कहा कि प्रदेश में जल संरक्षण के लिए सभी क्षेत्रों में कई स्तरों पर साझा प्रयासों की आवश्यकता है। इसके लिए सभी विभागों को अपने-अपने स्तर पर और सामूहिक रूप से भी जनजागृति के लिए कार्य करना होगा। उन्होंने बैठक में प्रदेश में सभी सरकारी भवनों में बने रूफ टॉप वाटर हार्वेस्टिंग स्ट्रक्चर को बरसात से पहले दुरूस्त करने के निर्देश दिए।

राज्यपाल ने की सांभर साल्ट्स लिमिटेड के नवीन उत्पादों की लॉन्चिंग

# मार्केटिंग पॉलिसी पर फोकस करें सरकारी उद्यम-मिश्र

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राज्यपाल कलराज मिश्र का कहना है कि सरकारी क्षेत्र के उद्यमों को बढ़ते प्रतिस्पर्द्धा के इस दौर में मार्केटिंग पॉलिसी पर फोकस करना चाहिए जिससे वह अपने उत्पादों का प्रचार प्रसार कर सकें। सांभर साल्ट्स लिमिटेड के क्षार नमक, सांभर नमक, शाकम्भरी नमक, व्रताहार नमक, फिटबैलेन्स प्लस नमक और काला नमक को लॉन्च करते हुए राज्यपाल ने संभावना व्यक्त की कि सांभर साल्ट्स लिमिटेड 20 हजार रोजगार उपलब्ध करने की योजना को व्यावहारिक धरातल पर लाकर क्षेत्र के आर्थिक विकास को गति प्रदान करेगी। उन्होंने सांभर में तैयार किए जाने वाले नमक के मानव स्वास्थ्य के लिए फायदेमंद प्राकृतिक और औषधीय गुणों से जुड़े वैज्ञानिक तथ्यों का व्यापक प्रचार.प्रसार करने का सुझाव भी दिया। उन्होंने कहा कि नमक बनाने में राजस्थान पूरे देश में सबसे आगे हैं। देश में कुल नमक का लगभग 12 प्रतिशत हिस्सा राजस्थान में सांभर झील, डीडवाना और



पचपदरा झीलों में उत्पादित किया जाता है। केन्द्रीय भारी उद्योग और लोक उद्यम राज्यमंत्री अर्जुनराम मेघवाल का कहना था कि सांभर में इन नए उत्पादों का उत्पादन होने से यहां रोजगार के अवसर बढ़ेंगे। उन्होंने सरकार ने अनुरोध किया कि वह यहां सोलर पावर प्लांट लगाने के लम्बित प्रस्ताव पर विचार करें जिससे क्षेत्र का विकास हो सके। इस अवसर पर मुख्य सचेतक महेश जोशी ने कहा कि पौराणिक और पर्यावरणीय महत्व के कारण सांभर की पूरे देश में पहचान है। उन्होंने सांभर के नमक को युगानुकूल आवश्यकता के अनुरूप देश दुनिया में पुनः स्थापित करने के लिए किए जा रहे प्रयासों की प्रशंसा की। हिन्दुस्तान साल्ट्स लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक कमलेश कुमार ने मिश्र द्वारा लॉन्च किए गए कम्पनी के नए उत्पादों के बारे में जानकारी दी। कार्यक्रम में कवि पद्मश्री डॉ. सुनील जोगी ने औषधीय गुणों से युक्त और स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण नमक के इन उत्पादों को उपभोक्ताओं को उपलब्ध कराने की पहल की सराहना की।

# दिव्यांगों को सत्ता में भागीदारी देने वाला पहला प्रदेश बना राजस्थान

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** दिव्यांगों को भी राजनीति में भागीदारी मिलना शुरू हो गई है। पूरे देश में राजस्थान पहला राज्य बना है, जहां निकायों के मनोनीत सदस्यों में दिव्यांगों के लिए सीट आरक्षित की गई है। इसका असर है कि पिछले दिनों सरकार ने 33 निकायों में 196 मनोनीत सदस्यों की घोषणा की थी, इसमें 33 दिव्यांग हैं। प्रदेश के सभी निकायों में करीब 300 दिव्यांगों को मनोनीत सदस्य बनने का मौका मिलेगा। दिव्यांगजन अधिकार महासंघ लंबे समय से दिव्यांगों को सत्ता में भागीदारी की मांग कर रहा था। इसे लेकर विशेष योग्यजन न्यायालय में परिवाद भी दायर किया गया था। जिसके बाद सरकार ने आदेश जारी करके दिव्यांगों को मनोनीत पार्षद बनाने की घोषणा की थी। दिव्यांगजन करीब 10 साल से सत्ता में भागीदारी की डिमांड कर रहे थे।

### कोर्ट में याचिका दायर हुई, तब डीएलबी ने दिया जवाब

सत्ता में भागीदारी को लेकर दिव्यांग संगठनों ने सीएम को कई बार ज्ञापन और मांग पत्र भेजे थे। इसके बाद विशेष योग्यजन न्यायालय में भी याचिका दायर की गई। जिसके बाद स्वायत्त शासन विभाग के निदेशक और विशिष्ट सचिव दीपक नंदी ने विशेषयोग्यजन न्यायालय के उपायुक्त को पत्र लिखकर जानकारी दी थी। हालांकि अब भी पंचायतीराज चुनावों में दिव्यांगजनों को भागीदारी का इंतजार है।

26 सितम्बर को होगी रीट 2021

# अभ्यर्थी ऑनलाइन करें 5 जुलाई तक आवेदन

### अब तक 16 लाख से ज्यादा आवेदन हुए

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर/अजमेर।** राजस्थान अध्यापक पात्रता परीक्षा 2021 के लिए राज्य सरकार की ओर से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थी आज से ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। ये अन्य आरक्षित वर्गों के समान अधिकतम आयु सीमा में छूट दिए जाने के संबंध में लिए गए निर्णय के अनुरूप रीट परीक्षा के लिए पात्र होंगे। आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के अभ्यर्थी 21 जून से 5 जुलाई की रात्रि 12 बजे तक पूर्व में निर्धारित शुल्क के साथ ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। परीक्षा आगामी 26 सितंबर को रविवार को दो पारियों में आयोजित की जाएगी। इसके लिए राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से तैयारी की जा रही है। गौरतलब है कि पूर्व में यह परीक्षा 25 अप्रैल को होनी थी, लेकिन इसे स्थगित कर 20 जून किया। अब इसकी तिथि 26 सितम्बर कर दी गई है।

#### 16 लाख 40 हजार 319 अभ्यर्थियों ने आवेदन किया

**रीट** परीक्षा में 16 लाख 40 हजार 319 अभ्यर्थियों ने अब तक आवेदन किया है। REET परीक्षा दो पारियों में होनी है। लेवल-वन और टू, यानी दोनों में 9 लाख 13 हजार 183 अभ्यर्थी, सिर्फ लेवल-वन में 3 लाख 63 हजार 317 और लेवल-टू में 3 लाख 63 हजार 819 अभ्यर्थी ने आवेदन किया है।

#### ढाई घंटे में हल करने होंगे 150 प्रश्न

**प्रथम** और द्वितीय दोनों ही पेपरों में कुल 150 प्रश्न पूछे जाएंगे। सभी प्रश्न बहुविकल्पी होंगे। इन प्रश्नों को हल करने के लिए अभ्यर्थियों को ढाई घंटे का समय दिया जाएगा। सभी प्रश्न 1-1 अंक के होंगे।

लकड़दा वन क्षेत्र में चार वर्षीय बाघिन ने पहली बार दिया शावकों को जन्म

# रणथम्भौर में बाघिन टी-111 ने चार नए शावकों का दिया तोहफा

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**सवाईमाधोपुर।** रणथम्भौर में एक बार फिर नन्हे शावकों की किलकारी गूंजी है। बाघिन टी-111 शनिवार को तीन नए शावकों के साथ नजर आई है। वन विभाग के अनुसार शनिवार सुबह करीब साढ़े नौ बजे रणथम्भौर के फील्ड बॉयोलोजिस्ट हरिमोहन मीणा को रणथम्भौर की कुण्डेरा रेंज के लकडदा वन क्षेत्र में चार शावक नजर आए थे। शावकों की उम्र करीब ढाई से तीन माह के बीच थी। लेकिन उस समय फील्ड बॉयोलोजिस्ट को शावकों के साथ मां नजर नहीं आई थी। वनाधिकारियों ने बताया कि नए शावकों के नजर आने के बाद से वन विभाग की ओर से क्षेत्र में लगातार मॉनिटरिंग व ट्रेकिंग शुरू की गई। इस दौरान वनाधिकारियों को शावकों के साथ मां भी नजर आई। वनाधिकारियों ने बताया कि बाघिन की पहचान टी-111 के रूप में की गई।



## तीन शावकों के साथ दिखी मादा लेपर्ड



**जयपुर @ जागरूक जनता।** झालाना लेपर्ड रिजर्व में एक मादा लेपर्ड अपने तीन शावकों के साथ नजर आई। रिजर्व के जोन वन के खान एरिया में इसे कैमरे में ट्रेप किया गया। अब तक यह मादा 13 शावकों को जन्म दे चुकी है। इन शावकों सहित झालाना में अब 38 लेपर्ड हो चुके हैं। मादा लेपर्ड और उसके शावकों के दिखने के बाद क्षेत्र में सुरक्षा बढ़ा दी गई है। गौरतलब है कि कुछ दिन पूर्व लेपर्ड क्लियोपाट्रा भी भी झालाना रिजर्व में स्पॉट किया गया था।

### रणथंभौर, सरिस्का व मुकंदरा के बाद रामगढ़ चौथा टाइगर रिजर्व, एनटीसीए ने दी मंजूरी, जल्द छोड़ेंगे बाघ

**जयपुर @ जागरूक जनता।** प्रदेश के लिए अच्छी खबर है कि रामगढ़ वाइल्ड लाइफ सेंचुरी को चौथे टाइगर रिजर्व के तौर पर एनटीसीए ने मंजूरी दे दी है। चीफ वाइल्ड लाइफ वार्डन मोहनलाल मीणा ने मुख्यमंत्री की बजट घोषणा के मुताबिक पिछले दिनों इसके प्रस्ताव तैयार किए थे। इसके बाद राज्य सरकार ने इन्हें एनटीसीए को भेजा था। इस पर सोमवार को हुई एनटीसीए की तकनीकी कमेटी के साथ बैठक में यह मंजूरी मिली। अब नोटिफिकेशन के बाद ट्रांसलोकेशन की तैयारियां पूरी कर बाघ छोड़े जा सकेंगे। राजस्थान में अभी रणथंभौर, सरिस्का और मुकंदरा तीन टाइगर रिजर्व हैं। पिछले दिनों में यहां तेजी से शावकों की संख्या बढ़ी है।

#### भरतपुर से मुकंदरा में 500 चीतल छोड़ने पर भी सहमति

बैठक में रामगढ़ टाइगर रिजर्व के साथ दो और मसले थे। इनमें मुकंदरा में टाइगर शिफ्टिंग के मामले में एनटीसीए ने खुद विजिट कर पहले हालात देखने की बात कही। हां, फिलहाल भरतपुर से मुकंदरा में 500 चीतल छोड़ने की सहमति जरूर दे दी।

AEN प्रतियोगी परीक्षा 2018

## आज से होगी काउंसलिंग, RPSC ने जारी किया कार्यक्रम, 27 जुलाई तक दो सत्र व 28 जुलाई को प्रात :कालीन सत्र में होगी

**अजमेर @ जागरूक जनता।** राजस्थान लोक सेवा आयोग द्वारा सहायक अभियंता (सिविल / विद्युत / यांत्रिकी ) प्रतियोगी परीक्षा 2018 की काउंसलिंग 23 जून से शुरू की जा रही है। आयोग ने काउंसलिंग कार्यक्रम जारी किया। यह काउंसलिंग 28 जुलाई तक होगी। आयोग सचिव शुभम चौधरी ने बताया कि सहायक अभियंता (राज्य सेवा) के मुख्य परीक्षा परिणाम 4 मार्च 2021 को घोषित किए गए थे। इस परिणाम में अस्थाई रूप से सफल अभ्यर्थियों की पात्रता जांच काउंसलिंग के माध्यम से आयोग कार्यालय में 23 जून से 27 जुलाई 2021 (प्रातः एवं सांय सत्र) और 28 जुलाई 2021 को प्रातः सत्र को संपादित की जाएगी। काउंसलिंग में अभ्यर्थी को निर्धारित समय पर स्वयं को उपस्थित होना होगा। काउंसलिंग में उपस्थित होने वाले अभ्यर्थी आयोग की वेबसाइट से प्रपत्र और आवश्यक दिशा-निर्देश डाउनलोड कर आयोग कार्यालय में उपस्थित होंगे । www.rpsc.rajasthan.gov.in से विस्तृत आवेदन पत्र काउंसलिंग लैटर, डाउनलोड कर सकते हैं। कोरोना महामारी के मद्देनजर उक्त काउंसलिंग कार्यक्रम में सम्मिलित होने वाले अभ्यर्थी कोरोना के संबंध में निर्धारित मापदंड अनुसार काउंसलिंग दिनांक से 72 घंटे पूर्व तक की कोरोना की जांच रिपोर्ट आवश्यक रूप से लेकर आयोग कार्यालय में प्रस्तुत करें।

## जागरूक खबरें

### जेडीए पार्कों में बनाएगा 'गांधी वाटिका', लगाएगा 525 पौधे

**जयपुर @ जागरूक जनता।** जेडीए शहर के पार्कों में 'गांधी वाटिका' विकसित करेगा। इनमें 10 फीट उंचाई के 525 पौधे लगाएगा। इसकी शुरुआत यूडीएच मंत्री ने सेंट्रल पार्क में पौधारोपण करके की। सरकार के निर्देश के बाद जेडीए 2 अक्टूबर तक पौधारोपण अभियान चलाएगा। जेडीए आयुक्त गौरव गोयल ने बताया कि जेडीए की ओर से राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की 150वीं जयंती और स्वतंत्रता दिवस के 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में जयपुर शहर के बडे पार्कों व उद्यानों में पौधारोपण किया जाएगा। वरिष्ठ उद्यानविज्ञ महेश तिवाडी ने बताया कि जेडीए के सेंट्रल पार्क, जवाहर सर्किल, वैशाली नर्सरी सर्किल, स्वर्ण जयंती पार्क, स्मृति वन विद्याधर नगर और वुडलैण्ड पार्क में विभिन्न प्रजातियों के लगभग 10 फीट उंचाई के 525 फलदार, फूलदार एवं छायादार पेड लगाए जाएंगे। जेडीए मानसून के दौरान शहर में करीब 65 हजार पौधे लगाएगा।

### योगाश्रम में बच्चों ने किए योगासन और प्राणायाम



**सवाई माधोपुर @ जागरूक जनता।** जिला मुख्यालय स्थित अखिल भारतीय विद्या प्रचार संघ विशुद्धानंद अनुसंधान केंद्र योगाश्रम पर राधा गोविन्द शिक्षणं एवं विकास संस्थान दौसा के तत्वावधान में योग दिवस पर आसन प्राणायाम किया गया। कार्यक्रम सेवा दल समिति द्वारा आश्रम संचालिका एव अखिल भारतीय योग विद्या प्रचार संघ की मुखिया मां राधे देवी के सानिध्य में योगाभ्यास करवाया गया। इस दौरान साधक राजेश सैनी ने नमन करते हुए ब्रह्मचारी संत अमित सारस्वत के चित्र पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्ज्वलित किया। इस अवसर पर ताड़ासन, वृक्षासन, मकरासन, भ्रामरी प्राणायाम, मर्कटासन, पवनमुक्तासन, चक्रासन, सर्वांगासन, सेतुबंध आसन, अर्द्धमत्छेन्द्र आसन, अनुलोम विलोम, कपालभाति, उज्यायी प्राणायाम, जैसी कई योगिक क्रियाओं के बारे में जानकारी दी।

मुख्यमंत्री का महत्वपूर्ण निर्णय

# कम्प्यूटर शिक्षकों के नए कैडर के 10,453 पद शीघ्र भरे जाएंगे

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** प्रदेश के राजकीय विद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार और विद्यार्थियों को कम्प्यूटर शिक्षा से जोडने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने कम्प्यूटर शिक्षकों का नया कैडर सृजित करने का निर्णय किया है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने इस संबंध में 10,453 पदों के सृजन और इन पर संविदा आधार पर आवश्यक तत्काल भर्ती के लिए स्वीकृति दे दी है। स्वीकृत प्रस्ताव के अनुसार, शिक्षा विभाग में कुल 9,862 बेसिक कम्प्यूटर अनुदेशक तथा 591 वरिष्ठ कम्प्यूटर अनुदेशक के पद सृजित होंगे। बेसिक कम्प्यूटर अनुदेशक के लिए वेतनमान एवं वांछित योग्यता सूचना प्रौद्योगिकी विभाग में सूचना सहायक के पद के समकक्ष तथा वरिष्ठ कम्प्यूटर अनुदेशक के लिए वेतनमान एवं योग्यता सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के सहायक प्रोग्रामर पद के समकक्ष होंगी। वर्तमान में कुल 10,680 राजकीय माध्यमिक या उच्च माध्यमिक विद्यालयों में आईटीसी लैब संचालित हैं, जिनमें से 800 से अधिक विद्यालयों में सेवा प्रदाता फर्म की ओर से अनुदेशक उपलब्ध कराए गए हैं। शेष विद्यालयों में बेसिक कम्प्यूटर अनुदेशक का एक-एक पद सृजित किया जाएगा। साथ ही,



प्रथम चरण में प्रत्येक जिले एवं ब्लॉक में सर्वाधिक नामांकन वाले उच्च माध्यमिक विद्यालयों तथा महात्मा गांधी विद्यालयों में वरिष्ठ कम्प्यूटर अनुदेशक के लिए एक-एक पद सृजित किया जाएगा। वरिष्ठ कम्प्यूटर अनुदेशक के कुल पदों में से 75 प्रतिशत पद सीधी भर्ती तथा 25 प्रतिशत पद विभाग में कार्यरत बेसिक कम्प्यूटर अनुदेशकों में से संवीक्षा परीक्षा उत्तीर्ण करने पर पदोन्नति के माध्यम से भरे जाएंगे।

#### ये मिलेगा प्रतिमाह वेतन

**प्रस्ताव** अनुसार, संविदा नियुक्ति के दौरान बेसिक कम्प्यूटर अनुदेशक को पारिश्रमिक के रूप में 18,500 रुपए प्रतिमाह, वरिष्ठ कम्प्यूटर अनुदेशक को 23,700 रुपए प्रतिमाह तथा पदोन्नति पर आने वाले वरिष्ठ कम्प्यूटर अनुदेशक को 33,800 रुपए प्रतिमाह वेतन देय होगा। इन पर संविदा आधार पर आवश्यक तत्काल भर्ती के तहत प्रतियोगी परीक्षा के माध्यम से पूर्ण पारदर्शिता के साथ योग्य अभ्यर्थियों को चुना जाएगा।

#### संविदा पर कम्प्यूटर शिक्षक भर्ती, नियमित भर्ती किए जाने की मांग

**जयपुर @ जागरूक जनता।** सरकार की ओर से कम्प्यूटर शिक्षकों की भर्ती संविदा किए जाने के निर्णय का विरोध शुरू हो गया है। लंबे समय से कम्प्यूटर शिक्षक भर्ती की आस तक रहे बेरोजगार युवाओं ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि कम्प्यूटर शिक्षकों की भर्ती संविदा पर नहीं कर नियमित भर्ती की जाए। राजस्थान बेरोजगार एकीकृत महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष उपेन यादव ने कहा कि यदि बजट की समस्या है तो सरकार इस वर्ष की जगह अगले साल परीक्षा करवाई जाए। यादव ने कहा कि अधिकारियों से कम्प्यूटर शिक्षक भर्ती को लेकर सरकार को गुमराह किया है।







ANCHOR

बच्चों में रचनात्मकता और सकारात्मक सोच विकसित करने का प्रयास

# अब हर स्कूल में होंगे लाइब्रेरी कैप्टन

### बनाए जाएंगे रीडिंग कॉर्नर

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** स्कूल स्टूडेंट्स में रचनात्मकता और सकारात्मक सोच विकसित करने के लिए अब हर स्कूल में लाइब्रेरी कैप्टन की नियुक्ति की जाएगी साथ ही रीडिंग कॉर्नर भी विकसित किए जाएंगे। राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद ने इस संबंध में निर्देश जारी किए हैं जिसके मुताबिक स्टूडेंट्स की भाषा और लेखन क्षमता को विकसित करने के लिए हर स्कूल में न केवल लाइब्रेरी रूम बनाया जाएगा बल्कि रीडिंग कॉर्नर की स्थापना करना जरूरी होगा। लाइब्रेरी में कविता कॉर्नर, डिस्प्ले बोर्ड, लोक कहानियां के साथ अन्य पढने योग्य किताब होना जरूरी होंगी।

#### ऐसा होगा रीडिंग कॉर्नर

**बच्चों** के लिए बुक शेल्फ, डिस्प्ले बोर्ड होना होगा जरूरी। बच्चों के लिए फर्नीचर, के साथ पर्सनल सामान रखने के लिए काउंटर होना चाहिए। विशेष आवश्यकता वाले बच्चों की जरूरत का भी इसमें ध्यान रखा जाएगा। स्कूल खुलने के बाद जब बच्चे स्कूल आएंगे जो हर कक्षा के स्टूडेंट्स के लिए सप्ताह में एक पीरियड लाइब्रेरी का रखा जाएगा। लाइब्रेरी से अलग रीडिंग कॉर्नर क्लास का ही एक हिस्सा होगा जहां स्टूडेंट्स को किताबें आसानी से मिल सकेंगी। यहां स्टूडेंट्स स्वतंत्र रूप से अपनी पसंद की किताब अकेले या अपने स्कूल के अन्य दोस्तों के साथ ग्रुप में पढ़ सकेंगे। क्लास मॉनिटर को रीडिंग कॉर्नर में किताबों को रखने की जिम्मेदारी दी जाएगी। यहां रोटेशन पर किताबें रखी जाएंगी जिससे स्टूडेंट्स को उनकी रुचि की किताबें आसानी से मिल सकें। कई बार जब बच्चे किताब पढ़ते हैं तो उनसे किताब फट जाती हैं ऐसे में किताबों की सुरक्षा के नाम पर उन्हें किताबों का उपयोग करने से नहीं रोका जा सकेगा।

#### लाइब्रेरी मैनेजमेंट कमेटी का होगा गठन

**लाइब्रेरी** के बेहतर मैनेजमेंट के लिए स्कूल में लाइब्रेरी मैनेजमेंट कमेटी और स्टूडेंट लाइब्रेरी एसोसिएशन का गठन किया जाएगा। स्कूल स्तर पर लाइब्रेरी मैनेजमेंट कमेटी में संस्था प्रधान,टीचर के साथ, लाइब्रेरी कैप्टन बनाने के लिए अलग अलग क्लास से तीन से पांच स्टूडेंट्स का चयन किया जाएगा।

#### बनाया जाएगा कैटेलॉग

**इतना** ही नहीं लाइब्रेरी इंचार्ज की जिम्मेदार होगी कि वह एक माह में कम से कम दो बार हर स्टूडेंट को बुक इश्यू करवाए और इसका रिकॉर्ड भी रखे। इंचार्ज को किताबों के कैटेलॉग तैयार करना होगा और इसकी जानकारी स्टूडेंट्स को देनी होगी जिससे वह अपनी पसंद के विषय की किताब ले सकें। लाइब्रेरी के नियमित संचालन के लिए लाइब्रेरियन की नियुक्ति की जाएगी, अगर लाइब्रेरियन नहीं है तो टीचर्स में से किसी को इसे चलाने की जिम्मेदारी देनी होगी। सीएलसी का गठन कर स्कूल में लाइब्रेरी के संचालन में मदद ली जाएगी।

#### करनी होगी मॉनिटरिंग

**विभाग** ने यह भी निर्देश दिए हैं कि स्कूल लाइब्रेरी की सभी किताबों का पूरा रिकॉर्ड रखा जाएगा। संकुल केंद्र प्रभारी, बीईईओ और अतिरिक्त जिला परियोजना समन्वयक, मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी और डाइट प्राचार्य के साथ ब्लॉक और जिला स्तर के सभी डीईओ को मॉनिटरिंग करनी होगी। स्कूल विजिट के दौरान इन अधिकारियों को लाइब्रेरी के संचालन की स्थिति की भी समीक्षा करनी होगी। साथ ही कोविड के कारण लाइब्रेरी से इस किताबों की चैक आउट और चैक इन का रिकॉर्ड भी रखना होगा।

## सम्पादकीय

# बुजुर्गों से सुलूक

कोरोना महामारी ने दुनिया भर के इंसानी समाजों को बहुत करीब से आईना दिखाया है, लेकिन इसकी दूसरी लहर ने खास तौर पर कई सामाजिक-पारिवारिक कटु हकीकतों से रूबरू कराया। गैर-सरकारी संगठन 'एजवेल फाउंडेशन' का ताजा सर्वे इसका ठोस उदाहरण है और चिंताजनक भी। संगठन ने अपने अध्ययन में पाया है कि दूसरी लहर के मद्देनजर लगे लॉकडाउन के दौरान 73 प्रतिशत बुजुर्ग दुर्व्यवहार के शिकार हुए। करीब 35 प्रतिशत वरिष्ठ नागरिकों को तो घरेलू हिंसा सहनी पड़ी। जाहिर है, इनमें महिलाओं की तादाद ज्यादा होगी। भारत में एक के बाद दूसरी सरकारों ने स्त्री सशक्तीकरण की दिशा में कई अहम कदम उठाए, और उन कोशिशों के सुफल भी अब दिख रहे हैं, लेकिन जो महिलाएं इस समय बुजुर्गियत जी रही हैं, उनमें से ज्यादातर की दूसरों पर आर्थिक निर्भरता और शारीरिक अशक्तता उन्हें उपेक्षा के लिहाज से अधिक संवेदनशील बना देती है। पिछले वर्ष के लॉकडाउन के दौरान घरेलू हिंसा के मामलों में 10 साल का रिकॉर्ड टूट गया था। 25 मार्च से 31 मई के बीच पीड़ित महिलाओं ने अपने साथ हिंसा की 1,477 शिकायतें दर्ज कराई थीं, जो उस कालखंड की एक भयावह तस्वीर पेश कर रही थी। यह स्थिति तब थी, जब सामाजिक रूढ़ियों के कारण अनगिनत घटनाएं किसी तहरीर का हिस्सा नहीं बन पातीं। दरअसल, संक्रमण का डर, कमाई की चिंता, महानगरों के दड़बेनुमा घर में सिमट आई जिंदगी ने अनगिनत लोगों के सामने एक ऐसी स्थिति रख दी थी, जो उनकी कल्पना में भी नहीं थी। ऐसे में, हालात से उत्पन्न तनाव एक बड़ी चुनौती बनकर सामने आए थे। पर दूसरी लहर के दौरान न तो लॉकडाउन उतने सख्त या लंबी अवधि के लगे और न ही यह परिस्थिति अचानक पैदा हुई थी, इसके बावजूद बुजुर्गों के साथ हो रहा बर्ताव बताता है कि हमारे पारिवारिक मूल्य तेजी से दरक रहे हैं और उनको संजीदगी से सहेजने की जरूरत है।

पारंपरिक भारतीय परिवारों यानी संयुक्त परिवारों में बुजुर्गों की देखभाल कोई समस्या इसलिए नहीं हुआ करती थी, क्योंकि तब उन्हें एकाकीपन से नहीं जूझना पड़ता था। भावनाओं की साझेदारी के साथ उनकी बहुत सारी शिकायतें यूं ही तिरोहित हो जातीं और वे उपेक्षित नहीं महसूस करते थे। फिर परिवारों व संततियों पर लोकलाज का अंकुश हमेशा बना रहता था। लेकिन व्यापक सामाजिक-आर्थिक बदलावों के कारण एकल परिवारों का चलन अब मजबूरी है और महामारी ने ऐसे परिवारों के सदस्यों के तनाव को ज्यादा गहरा किया है। एजवेल फाउंडेशन जैसे संगठनों के अध्ययन हमारे नीति-नियंताओं के लिए आंख खोलने वाले होने चाहिए। तब तो और, जब देश अभी दूसरी लहर से पूरी तरह उबरा नहीं है, तीसरी लहर की आशंका को टालने का इसे उपक्रम करना है और अर्थव्यवस्था को पटरी पर वापस लाना है। विगत वर्षों में बुजुर्गों के अधिकारों को संरक्षित करने वाले कई अच्छे कानून बने, बावजूद इसके यदि 73 प्रतिशत बुजुर्ग दुर्व्यवहार के शिकार बनते हैं और 35 फीसदी को पीड़ादायक स्थितियों से गुजरना पड़ता है, तो यह उन कानूनों के क्रियान्वयन, उन्हें लेकर सामाजिक जागरूकता को कठघरे में खड़ा करता है। वैसे भी, बच्चों व बुजुर्गों के अधिकारों की रक्षा किए बिना कोई समाज सभ्य नहीं कहला सकता।

**निराशा चाहे किसी भी कारण से हो, उसका हमारे जीवन पर गहरा असर पड़ता है। वर्तमान दौर में जबकि कोरोना वायरस की काली छाया का प्रकोप कुछ कम हुआ है, इसके बावजूद लोग डर और निराशा के साये में जी रहे हैं। नकारात्मकता उन पर बुरी तरह हावी है। लेकिन अब वो समय आ गया है जब हमें जीवन के गीत को फिर से गुनगुनाएं और अपने जीवन की गाड़ी को पटरी पर ले आएं।**

# कोविड के असर से बाहर कैसे निकलें?



श्याम माथुर
वरिष्ठ पत्रकार
@jagrukjanta.net

**किसी भी समस्या का हल उससे पीठ मोड़ लेने में नहीं, बल्कि उसका सामना हिम्मत के साथ करने में है। परेशानियाँ सभी के सामने आती हैं, लेकिन उनसे डरकर या घबराकर खुद को तनाव के अँधेरों से घेर लेना गलत है। इसलिए निराशा में डूबने की बजाय आशा के साथ तैरकर किनारा तलाश करें।**



कोविड का प्रकोप कुछ कम होने के बावजूद आज भी अनेक ऐसे लोग मिल जाएंगे, जो कोविड के बाद उत्पन्न होने वाली समस्याओं का सामना पूरी शक्ति से नहीं कर पा रहे हैं। ऐसे ज्यादातर लोगों मे इस संक्रामक बीमारी का असर गहरा है और भले ही उनकी जांच रिपोर्ट पॉजिटिव से निगेटिव में बदल गई है, लेकिन अपनी असल जिंदगी में वे पॉजिटिव नहीं हो पा रहे हैं और नकारात्मकता उन पर बुरी तरह हावी है।

दरअसल आज का भौतिकवादी जीवन, व्यस्तताओं से भरा हुआ होने के कारण अत्यंत जटिल एवं तनावपूर्ण हो गया है। शायद ही कोई ऐसा किस्मत वाला होगा जो तनावग्रस्त जीवन व्यतीत न करता हो। बौद्धिक स्तर पर जागरूकता बढ़ने के कारण हमारा जीवन और विषम बन गया है, क्योंकि जो लोग जितना ज्यादा चिंतन करते हैं उन्हें समस्याएँ उतनी ही ज्यादा परेशान करती हैं। हमारी यह दुनिया संभावनाओं और विकल्पों से भरी है। यह वास्तव में हम पर निर्भर करता है कि हम इन विकल्पों और संभावनाओं में से अपने लिए क्या खोज निकालते हैं। हमें बस किसी एक विकल्प का चुनाव करना है और अगर वह काम नहीं करता है, तो निश्चित तौर पर हम दूसरे विकल्प के बारे में सोचते हैं।

जीवन वास्तव में बहुत सुंदर है, लेकिन अपने व्यस्त जीवन में हमें शायद ही कभी रुकने और उसकी ओर से मिले उपहारों की सराहना करने का समय मिलता है, और आखिरकार जब हम विराम लेते हैं, तो हमें अहसास होता है कि बहुत देर हो चुकी है। तो हमारी कोशिश यही होनी चाहिए कि जीवन की ओर से हमें उपहार में मिले हैं, हम उनका आनंद उठाने से नहीं चूकें।

जिंदगी तभी खूबसूरत है, जब आप उसका सम्मान करें और उसके लिए आपको खुद का सम्मान करना शुरू करना चाहिए। लेकिन जब तक आप दूसरों का सम्मान करना शुरू नहीं करेंगे, तब तक आप खुद का सम्मान भी नहीं कर पाएंगे। सम्मान एक बहुत ही महत्वपूर्ण भावना है, जिसे आप अपने दैनिक जीवन में शामिल कर सकते हैं। जब हम दूसरों का सम्मान करते हैं, तो हम अपने अहंकार, स्वार्थ, तनाव और ईर्ष्या को दूर रखते हैं। दरअसल ईर्ष्या, अहंकार और स्वार्थ जैसी भावनाएं आपके जीवन को और अधिक तनावपूर्ण बनाती हैं। जब हम जीवन में हासिल होने वाली छोटी-छोटी खुशियों और नेमतों की सराहना करते हैं, तो हम दूसरों के अनुभवों से खुद को समृद्ध करने लगते हैं। दूसरों के जीवन और विचारों का सम्मान करना सीखें, लेकिन सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अपने काम का सम्मान करना न भूलें।

साथ ही हम यह भी देखें कि हमारी जिंदगी में मनोरंजन का स्थान है या नहीं। दिन में संगीत के लिए अवश्य समय निकालें। कुछ मौज-मस्ती के लिए भी समय निकालें। लोग शिकायत करते हैं कि उनके पास मनोरंजन के लिए समय नहीं है, लेकिन वे यह नहीं समझते हैं कि समय का निर्माण हम ही तो करते हैं। नृत्य, गायन, ड्राइंग, खेल, बागवानी, पेंटिंग, सिलाई आदि कार्यों के माध्यम से अपने आप को तरोताजा करें। अपने जीवन को इतना कठोर भी नहीं बनाएं कि सुबह 9 बजे से शाम 6 बजे तक नौकरी या फिर सुबह से शाम तक घर-गृहस्थी के कामकाज में ही उलझे रहें। दिलचस्प और मनोरंजक गतिविधियों से खुद को जोड़े रखें। गुनगुनाते हुए, मुस्कुराते हुए और हंसी-खुशी अपने दायित्वों का निर्वहन करें और इस तरह अपने मन को हमेशा जीवंत बनाए रखें। कुदरत ने हमें बहुत तेज बुद्धि दी है इसलिए इसका भरपूर उपयोग करें। प्रत्येक कला मानव बुद्धि और रचनात्मकता का उत्सव है। रचनात्मक बनें और मजे करना न भूलें!

कुछ व्यसन अच्छे होते हैं, पढ़ना ऐसा ही एक व्यसन है। पढ़ने की आदत अवश्य विकसित करें, खासकर फिक्शन। कल्पित कथाएं आपके भीतर कल्पना शक्ति को प्रज्वलित करती हैं। जब आप पढ़ते हैं, तो आप खुद अपने पसंदीदा पात्र होते हैं। जब आप पढ़ते हैं, तो आप दूसरी जगह, दूसरी दुनिया में होते हैं। जब आप पढ़ते हैं, तो आप लेखकों के मन की कल्पना में होते हैं। एक अच्छी किताब आपको एक पूरे जीवन के बराबर अनुभव प्रदान करती है।

लोग कहते हैं, जिंदगी सब कुछ सीखने के लिए बहुत छोटी है, लेकिन जो लोग किताबें पढ़ना पसंद करते हैं, शायद वे ऐसा नहीं सोचते! जिंदगी तब और भी खूबसूरत हो जाती है, जब आप रोज किताबों के साथ दोस्ती निभाते हैं। वाकई किताबें पढ़ना जीवन को अद्भुत बनाता है।

*(ये लेखक के अपने विचार है)*

## विचारणीय

# कोरोना काल एवं सावधानी



राधाशरण शर्मा
एडवोकेट
@jagrukjanta.net

जिस स्तर पर आज देश मे तैयारी चल रही है उसे देख कर तो ऐसा लगता है कि देश मे एक सुनामी आने वाली हो और उसका पहले से ही सब को अंदाजा लग गया हो उसके लिये सरकार और प्रशासन की चिंता साफ साफ नजर आती है कारण है कि हमारे देश मे दूसरी लहर के तांडव ने त्राहि त्राहि मचा दी जिसका कारण शायद हम ही लोग रहे होंगे चूँकि हम पहली लहर देख चुके थे जिसमें हम ने अपनो को संसार को त्यागते नही देखा था इस वजह से हम बेफिक्र हो गये थे की अब कोरोना हम पर असर नही करेगा ऐसा सोचने लगे अगर करेगा तो हम सहन कर लेंगे परन्तु सरकार के द्वारा चेतवानी दी जा रही थी कि दूसरी लहर पहली लहर से ज्यादा खतरनाक होगी। जिसका समय निर्धारण नही किया गया था और हम ने सहजता से रहना शुरू कर दिया और बिना मास्क के हम आजादी से घूमने लगे और पहले भी कोरोना का आरंभ लगभग जनवरी से हुआ और मार्च आते आते हमारे पूरे देश मे फैलना शुरू हो गया । हम सब बिना भय से रह रहे थे हम को शायद ही पता था कि हमारे देश मे इटली, जैसे हालात होंगे हम सब पहले देख चुके थे कि इटली ने कोरोना की वजह से अपने कितने युवाओ को खो दिया था पर इटली की स्थिति प्रथम राउंड में आ गयी थी तो हमारे देश मे ऐसा कुछ हुआ नही था इस वजह से हम चेन की नींद सो रहे थे पर नतीजा हम पर भारी पड़ने वाला था होली का त्यौहार हम सब ने खुशी खुशी मनाया उसके बाद से हमारे देश मे दूसरी लहर का तांडव शुरू हुआ और हमने अपनो को जाते देखा अपनो को काल के ग्रास से निकलता देखा । एक साथ इतने लोगो को मरते मैंने पहले सुना था कहानियों में जब हम अपने बुजर्गों के पास बैठा करते थे कि एक प्लेग महामारी आयी थी उसने बहुत जनहानि की थी और मनुष्य को काल का ग्रास बनाया था पर मैने देखा नही था पर अब तो स्वयं ने ऐसे हालात देखे की

*कई कईं शवो को जलते देखा।*
*अपनो को शवो से दूर होते देखा ।।*
*अर्थीयो को घर से न जाते देखा।*
*सब असहज महसूस होते देखा ।।*

इस तरह यहां देखो वहां न्यूज पेपर , न्यूज चैनल, और नुक्कडो पर सिर्फ कोरोना पर चर्चा होते देख अपने आप को कमजोर समझने लगा था पर एक विश्वास था कि आज निकल गया तो कल सुखद होगा धीरे धीरे दिन बीतते गये और कोरोना का तांडव कम होने लगा पर एक भय मन मे रहता है कि दूसरी लहर इतनी खतरनाक है तो तीसरी कितनी होगी यह सोच कर मन मे कम्पन होने लगता है पर साथ मे एक विश्वास भी है कि हम खुद को सुरक्षित रख पाएंगे अगर सावधानी से रहे तो हम सब को यह प्राण करना होगा यदि सरकार की गाइड लाइन का पूर्ण पालन करेंगे तो कोरोना महामारी से बच पायेंगे कोई भी राजा यह नही चाहता कि हमारी प्रजा दुखी हो अभी तक कोरोना का वास्तविक उपचार वैज्ञानिकों को मिला नही है और वैक्सीन से उसका असर कम हो सकता है यह चिकित्सको द्वारा बोला जा रहा है। इसलिये अब हम सब को तीसरी लहर से लड़ने को तैयार रहना है। चूँकि वैज्ञानिकों द्वारा एवं चिकित्सको के द्वारा बताया जा रहा है कि कोरोना की तीसरी लहर बच्चों पर असर करेगी अब तक पहली लहर में वह लोग ग्रसित हुये थे जिनके अन्य कोई और रोग था। कोरोना ने उनको अपना शिकार बनाया पर दूसरी लहर में युवा अवस्था वाले लोगो को भी शिकार बनाया।

## सोशल

# मनमानी के खिलाफ



डॉ. संजय बैरवा
समीक्षक
@jagrukjanta.net

सोशल मीडिया कंपनियों की मनमानी के प्रति भारत सरकार की दृढ़ता की जितनी तारीफ की जाए कम है। किसी भी देश में सोशल मीडिया कंपनियों को इतनी आजादी नहीं है, जितनी उन्हें भारत में रही है। ऐसे में, सोशल मीडिया कंपनियों को पूरी सतर्कता के साथ सरकार के नियम-कायदे के हिसाब से चलना चाहिए, लेकिन यह अफसोस की बात है, ये कंपनियां मनमानी छोड़ने का नाम नहीं ले रही हैं। जब केंद्र सरकार ने सोशल मीडिया कंपनी ट्विटर के खिलाफ कड़े कदम उठाए, तभी कंपनी ने सरकार को अपनी ओर से नियुक्त किए अंतरिम अनुपालन अधिकारी के बारे में जानकारी दी है। सोशल मीडिया के नए दिशा-निर्देश को लेकर छिड़े विवाद के समाधान की दिशा में ट्विटर को बढ़ना ही होगा। अगर वह विवाद बढ़ाने की कोशिश करेगी, तो उसके खिलाफ सरकार का शिकंजा और कसता जाएगा। 26 मई से लागू दिशा-निर्देश का अनुपालन न होने के चलते ही ट्विटर को कानूनी कार्रवाई से मिली सुरक्षा खत्म कर दी गई है। यही कारण है कि गाजियाबाद में एक बुजुर्ग की कथित पिटाई के वीडियो के मामले में दर्ज एफआईआर में ट्विटर का नाम भी शामिल कर दिया गया है। यह एक शुरुआत है, ट्विटर को हर हाल में पूरी जिम्मेदारी का परिचय देना होगा। ऐसा हो नहीं सकता कि ट्विटर के मंच पर जिन चीजों का प्रसार हो, उनकी जवाबदेही से वह बच जाए। अगर आईटी मंत्री रविशंकर प्रसाद ने यह कहा है कि ट्विटर जान-बूझकर नियमों के पालन से बचता रहा है, तो कंपनी को सावधान हो जाना चाहिए। ट्विटर भारत में बहुत लोकप्रिय व उपयोगी सोशल मंच बन चुका है, इस पर मंत्री और अधिकारी भी आधिकारिक रूप से सूचनाएं जारी करते रहते हैं, लेकिन इसका अर्थ यह नहीं कि ट्विटर को अपनी इस ताकत का दुरुपयोग करने दिया जाए।

सरकार का कहना है, सोशल मीडिया कंपनी को नए नियमों के अनुपालन के लिए कई मौके दिए गए, लेकिन उसने ऐसा नहीं किया। एक गौर करने की बात यह भी है कि ट्विटर को भारत सरकार के निर्देशों के पालन में तेजी दिखानी चाहिए। उसे विचार करने या इंतजार करने की मुद्रा में ज्यादा नहीं दिखना चाहिए। यह नई बात नहीं है, ये दिग्गज सोशल मीडिया कंपनियां हर देश में अलग-अलग तरह से व्यवहार करती रही हैं। भारत में भी इनके काम करने की गति कुछ धीमी या अलहदा रही है। आईटी क्षेत्र के विशेषज्ञों को इस पर विशेष ध्यान देना चाहिए। क्या ये कंपनियां भारत की उदारता का अधिकतम लाभ लेना चाहती हैं? क्या ये कंपनियां भारतीयों के अधिकार और सम्मान की रक्षा के प्रति पूरी तरह सचेत हैं? क्या इन कंपनियों की सच्चाई जांचने की नीति पक्षपाती रही है? क्या फेक न्यूज के खिलाफ ट्विटर की नीतियां कमजोर रही हैं? यदि यह कंपनी पहले से ही सचेत होती, तो यह नौबत ही नहीं आती। अब होगा क्या? जब भी कोई गलत या प्रतिकूल खबर ट्विटर पर चलेगी, तब ट्विटर को भी दोषी ठहराया जा सकेगा। उसके अधिकारियों पर कार्रवाई हो सकेगी। अतः ट्विटर या सोशल मीडिया की किसी भी कंपनी को सावधान रहना चाहिए, ताकि भारत जैसे उदार या लचीले देश में अब तक मिलती रही सुरक्षा उन्हें सतत जारी रहे। यह समय विवाद बढ़ाने का नहीं, बल्कि समाधान तलाशने का है, ताकि लोगों को यह एहसास हो कि इन कंपनियों को भारत की परवाह है।

## सत्य दर्शन

।।श्री सद्गुरुदेव गोवर्धन पीठाधीश्वर श्री कृष्णदास कंचन महाराज ।।

### सत्य दर्शन के आधार श्रीसद्गुरु देव



मानसिक शुद्धि के लिए यह मंत्र बोलें- ओम् अपवित्रः पवित्रो वा सर्वावलस्थांगतेपिवा। यः स्मरेत पुण्डरीकाक्ष स ब्रह्माभ्यन्तरः शुचि। 2. शरीर शुद्धि के लिए यथा समय स्नान कर रात्रि में पहने हुए वस्त्र धोकर नए वस्त्र धारण करें। माथे पर रोली अथवा चन्दन का तिलक लगाएं। मनुष्य के शरीर मं प्रधान 9 छित्र हैं वे रात्रि शयन करने से अपवित्र हो जाते हैं, अतः स्नान अवश्य करना चाहिए। 3. द्विज को यथासंभव संध्या तथा गायत्री मंत्र का कुछ जप करना चाहिए। 4. प्रत्येक व्यक्ति को प्रातःकाल कुछ समय भगवान के स्मरण, ध्यान एवं पूजा में अवश्य लगाना चाहिए। अपने-अपने इष्ट के स्मरण मंत्र बोलकर, अपनी रुचि के अनुसार स्तुति स्तोत्र आरती आदि करनी चाहिए। यथासंभव नित्य भगवान सूर्य को अर्घ्य देर नमस्कार करना चाहिए। कुछ सामान्य नियमों का पालन करना चाहिए- मल त्यागने तथा मूत्र त्यागने के बाद कुल्ला अवश्य करें। भोजन के बाद कुल्ला करना आवश्यक है। मुख शुद्धि के लिए दांत अवश्य साफ करना चाहिए। दतुअन से करें या ब्रुश से करें। बिना मुख शुद्धि मंत्र फलदायक नहीं होते। मल-मूत्र, तंत धावन, श्राद्ध और भोजन के समय मौन रहें। उवासी आने पर चुटकी बजाएं। छींक आने पर 'शतं जीवे शरदः'। अद्योवायु, थूक आने पर दाहिना कान अंगूठे से स्पर्श करें। एकादशी, अमावस्या, पूर्णिमा, संक्रांति, व्रत, श्राद्ध, मंगल तथा शनि के दिन क्षौर नहीं करावें। जो नित्य हाथ से दाढ़ी बनाते हैं, उनके लिए दोष नहीं है, किंतु उन्हें व्रत तथा श्राद्ध के दिन दाढ़ी नहीं बनानी चाहिए। **क्रमशः**

## सीखने की बात

**अपनी जरूरत के लिए धन कमाना अच्छी बात है, किन्तु धन-दौलत जमा करने की भूख होना बुरी बात है...**

**- अज्ञात**

# निगरानी का बढ़ाना होगा दायरा



सुशांत सरीन
सीनियर फेलो,
ऑब्जर्वर रिसर्च फाउंडेशन
@jagrukjanta.net

हमारी सदाशयता का इस्तेमाल किस कदर हमारे खिलाफ किया जा सकता है, 'कोविड ऐड स्कैम- 2021' इसका ज्वलंत उदाहरण है। इस घोटाले का खुलासा करने वाली संस्था 'डिसइंफो लैब' की मानें, तो कोरोना महामारी की दूसरी लहर से जूझ रहे भारत को मदद पहुंचाने के नाम पर पाकिस्तान से जुड़े कुछ 'सेवार्थ' संगठनों ने बतौर चंदा 150 करोड़ रुपये से अधिक की राशि जमा की और उसका बहुत मामूली हिस्सा ही भारत भेजा। चूंकि इन संगठनों के रिश्ते दहशतगर्दों और उनकी तंजीमों से भी हैं, इसलिए माना जा रहा है कि उन्होंने भारत के नाम पर 'टेरर-फंडिंग' की है। मदद के नाम पर धोखाधड़ी का यह कोई पहला मामला नहीं है। ऐसी घटनाएं न सिर्फ मदद की बाट जोहने वालों के साथ क्रूर मजाक हैं, बल्कि उन लोगों के साथ भी छल है, जो मुश्किल वक्त में अपनी उदारता दिखाते हैं। इस घटना के कई पहलू हैं। जब पाकिस्तानी संस्थाओं की तरफ से भारत की मदद का आह्वान किया गया, तब पश्चिमी देशों में आम समझ यही बनी कि दोनों देशों की हुकूमतें बेशक एक-दूसरे के खिलाफ मुखर हों, लेकिन आम जनता का लहू एक ही है। 'इस्लामिक मेडिकल एसोसिएशन ऑफ नॉर्थ अमेरिका' (इमाना) ने इसी का फायदा उठाया। लोगों ने भी दिल खोलकर मदद की, क्योंकि आपदा के वक्त कोई यह नहीं देखता कि मदद मांगने वाले के तार कहां से जुड़े हैं या उसके पीछे कौन सी ताकत किस मंशा से काम कर रही है? भारत के भीतर ही पिछले दिनों ऐसे कई संगठन सक्रिय रहे, जो कहीं न कहीं खालिस्तानियों से जुड़े हैं। उन्होंने भी चंदा जमा किए और जरूरतमंदों की मदद की।

बेशक ऐसा लग रहा है कि भारत में मदद पहुंचाने के नाम पर एक बड़ा घपला किया गया है, लेकिन अमेरिकी कानून अन्य देशों की तुलना में काफी सख्त है। वहां ऐसे किसी संगठन से रिश्ते रखना कानूनन अपराध है, जिसे अमेरिकी हुकूमत ने प्रतिबंधित कर रखा है। हमास, लश्कर-ए-तैयबा व हिज्बुल मुजाहिदीन ऐसे ही संगठन हैं, जिनसे इमाना के जुड़े होने के दावे किए जा रहे हैं। इसलिए जरूरी है कि अमेरिकी सरकार के साथ मिलकर भारत इस रिपोर्ट की गहराई से पड़ताल करे, और यह जानने की कोशिश करे कि इन कथित सेवार्थ संगठनों का असली मकसद क्या था और यह भी सुनिश्चित करे कि दोषियों को हर-मुमकिन सजा मिले। इसके साथ ही जरूरी यह भी है कि इनकी मदद करने वाली भारतीय तंजीमों की भी पहचान की जाए और उनके विरुद्ध भी आवश्यक कार्रवाई हो। बहरहाल, इस तरह की हरकतों का प्रमुख हथियार सोशल मीडिया है। यह घटनाक्रम बताता है कि जब लोगों की जान सांसत में हो, तब भी असामाजिक तत्व सोशल मीडिया के दुरुपयोग से बाज नहीं आते। इसका यह कतई मतलब नहीं है कि सोशल मीडिया के मंच मानवता के खिलाफ हैं। कोविड-काल में ही हमने देखा है कि किस तरह इसके माध्यमों से जरूरतमंदों ने अपनी मुश्किलों का हल पाया। सोशल मीडिया का इस्तेमाल आतंकियों से संपर्क बनाने के लिए ही नहीं, बल्कि दुष्प्रचार करने में भी खूब किया जा रहा है। पिछले दिनों फेसबुक ने 40 के करीब उन पेजों पर प्रतिबंध लगाए हैं, जो कहीं न कहीं पाकिस्तानी फौज से जुड़े थे और उन पर ऐसी फर्जी सूचनाएं थीं, जो भारत में उपद्रव फैला सकती थीं। साफ है, पाकिस्तान की तरफ से भारत के खिलाफ मुहिम जारी है और कोरोना जैसी आपदा के समय भी वह सोशल मीडिया द्वारा हमें नुकसान पहुंचाने की जुगत में है। जाहिर है, सोशल मीडिया पर कड़ी निगरानी रखने की जरूरत है और इनको संचालित करने वाली कंपनियों को भी सरकार के साथ मिलकर काम करना चाहिए, क्योंकि इन मंचों का दुरुपयोग न सिर्फ सामाजिक समरसता को चोट पहुंचा सकता है, बल्कि लोगों को एक-दूसरे के खिलाफ भी खड़ा कर सकता है। फिर, सवाल यह भी है कि सोशल मीडिया पर प्रसारित होने वाले ट्रेंड क्या असलियत बताते हैं, क्योंकि इनमें भारत और पाकिस्तान के रिश्तों में नरमी आने के संकेत मिलते हैं, जबकि सच यही है कि हमारा पड़ोसी देश अब भी नफरत फैलाने का कोई मौका नहीं छोड़ रहा। रही बात अमेरिका की, तो वहां लोगों को आजादी के मुकम्मल अधिकार हासिल हैं। अभिव्यक्ति के मामले में वहां सिर्फ दो बंदिशें हैं। पहली, ऑनलाइन मंचों पर ऐसी पोस्ट शेयर नहीं की जा सकती या फिर ऐसी बातें नहीं लिखी जा सकतीं, जिनसे किसी के खिलाफ हिंसा अथवा नफरत फैले। और दूसरी, वहां किसी की मानहानि बर्दाश्त नहीं की जा सकती। अगर ये मामले अदालत में चले जाएं, तो आरोपी को बहुत कड़ी सजा मिल सकती है। इमाना जैसे संगठनों के खिलाफ अमेरिका इसलिए भी सख्त रुख अपना सकता है, क्योंकि ज्यादातर सोशल मीडिया कंपनियां अमेरिका में ही स्थित हैं और वे अमेरिकी सरकार की तरफदारी करती हैं। इसी कारण, यदि अमेरिकी सरकार उनसे कोई सूचना मांगती है, तो वे उसे आसानी से सौंप देती हैं, जबकि अन्य मुल्कों में वे या तो वक्त लेती हैं या फिर हीला-हवाली करती हैं। अमेरिका में ऐसी कुछ संस्थाएं भी सक्रिय हैं, जिनके पास इतनी क्षमता

## जागरूक Selfie विद डॉटर



रशिका डॉटर हेमंत जोशी, जयपुर

## हमे लिखे

आप भी हमें अपने विचार, लेख, कविता, जन्मदिन की फोटो, सेल्फी विद् सन/डॉटर भेज सकते हैं।

jagrukjantanews@gmail.com

सम्पर्क करें : 9829329070, 9928022718

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक ज्ञानेन्द्र मिश्रा के लिए जैमन प्रिन्टर्स प्राइवेट लिमिटेड, जी-1-68, रोड नम्बर-14, वीकेआई, जयपुर से मुद्रित एवं प्रशासनिक और विज्ञापन कार्यालय : बी-132, जे.पी. कॉलोनी, सैक्टर-4, विद्याधर नगर, जयपुर-302039 से प्रकाशित। फोन : 0141-3587886

# प्रदेश में अभी सिर्फ प्रेशर पॉलिटिक्स

## पिछले साल बगावत के वक्त पायलट के पास 19 विधायक थे, अगर उतने अब भी हो तब भी गहलोत सरकार पर संकट नहीं

## खींचतान बढ़ना तय



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान में पिछले दस दिनों से आई सियासी आंधी थम सी गई है। चमकते-गरजते बादलों के बीच पायलट दिल्ली का सफर करके आ चुके हैं। दोनों खेमों के समर्थकों की बयानों की गर्जनाओं के बीच गहलोत क्वारैंटाइन हो गए हैं। पिछले साल ये ही दिन थे। ऐसा ही बगावत का मौसम था, लेकिन इस बार सियासी समीकरण अलग हैं। अभी राजनीतिक गलियारों से सिर्फ एक ही बात सामने आ रही है कि यह प्रेशर पॉलिटिक्स से अधिक कुछ नहीं। जागरूक जनता ने पिछले साल और इस बार के हालात का विश्लेषण किया। तीन सवालों पर एक्सपर्ट और जानकारों से बात की। समझा कि, क्या गहलोत सरकार पर कोई संकट है? क्या पायलट पिछले साल से कमजोर हुए हैं? क्या सरकार पर आगे भी संकट रहेगा? निष्कर्ष निकलकर आया कि अभी गहलोत सरकार पर कोई संकट नहीं है। पायलट के साथ मैजिक नंबर नहीं है, लेकिन वे कमजोर भी नहीं हुए हैं। भविष्य में गहलोत के लिए संकट बनेंगे। गहलोत विधायकों की संख्या अपने पक्ष में होने से पायलट खेमे को तवज्जो नहीं दे रहे।

## नंबर गेम गहलोत के पास, सरकार सुरक्षित



**विधानसभा** की 200 सीट में से बहुमत के लिए 101 सीट चाहिए। कांग्रेस के पास बसपा से कांग्रेस में आने वाले 6 विधायकों को मिलाकर खुद के 106 MLA हैं, एक RLD कोटे से मंत्री है। 13 निर्दलीय भी सरकार के समर्थन में हैं, दो CPM विधायक भी सरकार के साथ हैं। BTP के दो और हनुमान बेनीवाल की पार्टी RLP के तीन विधायक अभी न्यूट्रल हैं। दो सीट खाली हैं। कांग्रेस के पास आज 122 विधायकों का समर्थन है, पिछली बार जितना आंकड़ा भी पायलट का मान लें तो भी 19 विधायक कम करके भी गहलोत के पास 103 विधायक रहते हैं, इसलिए सरकार पर खतरा फिर भी नहीं है। जितने विधायक पायलट के साथ थे उनमें से तीन विधायकों की निष्ठा अब गहलोत के साथ है। गहलोत भाजपा खेमे में भी सेंध लगा सकते हैं।

### सिंधिया बनने के लिए पायलट को चाहिए 30 विधायक, लेकिन बीजेपी का एक खेमा गहलोत को सपोर्ट कर सकता है

**सचिन** पायलट को MP में ज्योतिरादित्य सिंधिया की तरह सरकार गिराने के लिए कम से कम 30 विधायकों का समर्थन चाहिए, वह संख्या अभी नहीं है। मौजूदा हालात में भाजपा का एक खेमा भी नहीं चाहता कि सरकार गिरे इसलिए भाजपा के कुछ विधायक रणनीतिक तौर से वोटिंग से गैर हाजिर रहकर गहलोत सरकार की मदद कर सकते हैं। गहलोत ने पिछली बार इसकी भी तैयारी कर रखी थी। पायलट से जब सुलह हुई थी तब 13 अगस्त 2021 को गहलोत ने कहा था- बहुमत तो हम 19 विधायकों के बिना भी साबित कर देते, लेकिन अपने तो अपने होते हैं उसमें वह बात नहीं होती।

### आगे क्या होगा ?

**राजस्थान** में पायलट और गहलोत खेमे की खींचतान जारी रहने के पूरे आसार है। गहलोत दबाव में मंत्रिमंडल विस्तार करने का मैसेज नहीं देना चाहते इसलिए डिले टेक्टिक्स के तहत इसे लंबा खींचकर पायलट खेमे को छकाने की रणनीति अपनाई जाएगी। पायलट खेमा बयानों से लगातार दबाव की रणनीति अपनाएगा। मंत्रिमंडल विस्तार और राजनीतिक नियुक्तियां होने के बाद गहलोत गुट के कुछ नाराज विधायक पायलट के साथ जा सकते हैं। आगे चलकर गहलोत और पायलट एक दूसरे खेमे में सेंध लगाने का प्रयास जारी रखेंगे, लेकिन इतना तय है कि इस संघर्ष का सीज फायर तभी होगा जब एक नेता राजस्थान से बाहर जाएगा, अन्यथा इस सियासी संघर्ष का सीजफायर नहीं होगा।

### पायलट-गहलोत गुट की लड़ाई खुलकर सामने आई

राजस्थान कांग्रेस में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट खेमों की लड़ाई एक बार फिर खुलकर सामने आ गई है। पायलट और गहलोत खेमों में रोज शह और मात का खेल चल रहा है। हालात उतने ही गंभीर बताए जा रहे हैं जितने पिछले साल बगावत से पहले थे, लेकिन इस बार चीजें बदली हुई हैं। पायलट खेमा सरकार पर बयानों से हमलावर है और इस कैंप के विधायक कांग्रेस में ही रहकर अपने हक के संघर्ष की बात सार्वजनिक रूप से कह रहे हैं। दोनों खेमे एक दूसरे को नीचा दिखाने और छकाने की कवायद में लग गए हैं।

### पिछली बार प्रियंका ने सुनी, इस बार पायलट की मुलाकात नहीं हुई

पिछली बार बगावत से सुलह के वक्त प्रियंका गांधी ने अहम भूमिका निभाई थी। सचिन पायलट और उनके विधायक पंजाब की तर्ज पर उनके मुद्दों को सुने जाने की मांग उठा रहे हैं, पायलट पूरे पांच दिन दिल्ली रहकर आ गए लेकिन, प्रियंका गांधी सहित गांधी परिवार के किसी नेता से उनकी मुलाकात नहीं हुई। अब वापस कांग्रेस की सियासी उठापटक का केंद्र जयपुर ही बन गया है। पायलट गुट हमलावर है, लेकिन फिलहाल नंबर गेम मतलब विधायकों का वह मैजिक नंबर जो सरकार गिरा दे या बना दे वह अशोक गहलोत के पास है। कांग्रेस के कई नेता मध्यस्थता करके ताजा विवाद को निपटाने की कवायद में लगे हैं, उनमें MP के पूर्व CM कमलनाथ का नाम प्रमुख है।

### पायलट खेमे के जुबानी हमलों पर गहलोत से लेकर हाईकमान तक चुप

सचिन पायलट खेमे ने पिछले एक सप्ताह से ज्यादा समय से गहलोत सरकार के खिलाफ मोर्चा खेल रखा है। जनता में नरेटिव इस तरह का बन गया जैसे कांग्रेस में बहुत बड़ी हलचल मची हो, लेकिन यह हलचल बयानों तक सीमित है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने पायलट खेमे को तवज्जो तक नहीं दी, उल्टे यह विवाद सामने आने के बाद एक-दो महीने किसी से फेस-टू-फेस मुलाकात से ही इनकार कर दिया, वजह बताई पोस्ट कोविड दिक्कत के बाद डॉक्टरों की सलाह।

#### क्यों रिस्क नहीं ले सकते पायलट, क्या बदल गया ?

पिछले साल जब सचिन पायलट खेमे ने बगावत की उस वक्त मुट्ठी बंद थी। पायलट के पास कितने विधायकों का समर्थन है यह बगावत से पहले किसी को पता नहीं था। जुलाई में पायलट खेमे की बगावत के वक्त उनके साथ 18 कांग्रेस विधायक ही अंत तक टिके। हालांकि, 3 निर्दलीय विधायक भी उनके साथ थे, 3 कांग्रेस विधायक पायलट कैंप छोड़कर वापस गहलोत कैंप में आ गए थे। पिछली बगावत के बाद गहलोत को पायलट की रणनीति और कट्टर समर्थक विधायकों का पता लग गया। पायलट के पास उतने विधायकों का समर्थन नहीं है कि वे सरकार गिरा दें।

#### पिछली बगावत से पायलट को मिला सियासी सबक, आंख मूंदकर अब किसी पर भरोसा नहीं

सचिन पायलट को पिछली बगावत के वक्त 40 से ज्यादा विधायकों के साथ का भरोसा था, लेकिन जब साथ चलने की बारी आई तो संख्या 18 पर सिमट गई। पायलट के कोटे से मंत्री बनने वालों में से दो ही साथ गए, उनके कोटे से मंत्री बने 4 नेता उनके साथ नहीं गए थे। इस बार भी पायलट कैंप के विधायकों में गहलोत ने सेंध लगाई है। पायलट अब अपने कुछ विधायकों को छोड़ आंख मूंदकर विश्वास नहीं कर सकते।

#### गहलोत से असंतुष्ट विधायकों पर भी पायलट की नजर

पायलट खेमा अब मंत्रिमंडल विस्तार और बड़ी राजनीतिक नियुक्तियों के इंतजार में है। पायलट कैंप को लगता है कि जिन विधायकों का नंबर मंत्री बनने और राजनीतिक नियुक्तियों में नहीं आएगा, वे बाद में उनके साथ आ सकते हैं।

#### गहलोत ने पायलट के विधायक तोड़ लिए, पिछले साल से कई चीजें बदलीं

सचिन पायलट खेमे के विधायकों में सीएम गहलोत ने सेंध लगा दी है। पायलट के साथ बाड़ेबंदी में गए भंवरलाल शर्मा, पूर्व मंत्री विश्वेंद्र सिंह, पीआर मीणा अब गहलोत की तारीफ कर रहे हैं। इन तीनों को अब पायलट खेमे में नहीं माना जा रहा। सचिन पायलट कैंप में गहलोत की सेंध की वजह से पायलट को चुनौतियों में डाल दिया है।

### पायलट-गहलोत खेमों में और बढ़ेगी खींचतान

**सचिन** पायलट की दिल्ली यात्रा को लेकर कयास थे कि पायलट खेमे की मांगों को पंजाब की तर्ज पर सुना जाएगा, लेकिन ऐसा कुछ नहीं हुआ। अब सचिन पायलट और गहलोत खेमे के बीच खींचतान और बढ़ने के आसार बन गए हैं। गहलोत खेमे की रणनीति पायलट कैंप को छकाने की है। बताया जाता है कि पायलट की दिल्ली यात्रा में उन्हें कोई आश्वासन नहीं मिलने से अब आगे विवाद लंबा खिंचने के आसार बन गए हैं।

### गहलोत की इग्नोरेंस थ्योरी से गतिरोध

**पायलट** खेमा पिछले साल अगस्त में बगावत के बाद हुई सुलह के वक्त तय हुई बातों को लागू करने की मांग कर रहा है। पायलट गुट मंत्रिमंडल विस्तार और राजनीतिक नियुक्तियों में बराबर की हिस्सेदारी मांग रहा है। इसके अलावा पायलट समर्थक विधायकों के क्षेत्र में अफसरशाही का उनकी बात नहीं मानने का भी आरोप है। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत इसे मानने को तैयार नहीं है, गतिरोध की सबसे बड़ी वजह यही है।

### पंजाब जैसे समाधान की उम्मीद थी, हुआ कुछ नहीं

**पायलट** खेमे को उम्मीद थी कि जिस तरह पंजाब में नवजोत सिंह सिद्धू को सुना गया उसी तर्ज पर सचिन पायलट की बात को भी सुना जाएगा, लेकिन अभी तक कांग्रेस हाईकमान की तरफ से किसी तरह के संकेत नहीं मिले हैं। अब इस पूरे मसले पर सचिन पायलट के रुख का इंतजार है। पायलट अब जयपुर में समर्थक विधायकों से मिलकर आगे रणनीति बनाएंगे।

## राजस्थान कांग्रेसः मप्र के पूर्व सीएम कमलनाथ को डैमेज कंट्रोल की जिम्मेदारी



जयपुर @ जागरूक जनता। प्रदेश में सियासी घमासान शांत करने की कवायद शुरू हो गई है। सूत्रों के मुताबिक प्रदेश कांग्रेस प्रभारी अजय माकन ने सीएम गहलोत से बात की थी। वहीं, मप्र के पूर्व सीएम कमलनाथ भी सक्रिय हो गए हैं। पायलट के दिल्ली जाने पर उनकी कमलनाथ से फोन पर बात भी हुई थी। पी चिदंबरम, भंवर जितेंद्र सहित कांग्रेस के कई केंद्रीय नेता भी पायलट का समर्थन कर चुके हैं। ऐसे संकेत हैं कि जल्द कैबिनेट विस्तार व संगठन स्तर कुछ अहम नियुक्तियां हो सकती हैं। गहलोत कह चुके हैं कि उन्हें डॉक्टरों ने 2 माह तक मिलने-जुलने से मना किया है।

#### पार्टी में सेकेंड लाइन लीडरशिप रखना जरूरी

कमलनाथ के करीबी व पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा ने पार्टी में सेकेंड लाइन लीडरशिप की वकालत की है। कहा कि सचिन पायलट योग्य हैं। उनकी क्षमता व लोकप्रियता का पार्टी को इस्तेमाल करना चाहिए।

#### पायलट जरूरी हैं...क्योंकि अगले साल कई राज्यों में चुनाव होने हैं-

दरअसल अगले साल पंजाब, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और हिमाचल प्रदेश में विधानसभा चुनाव हैं और इन जगहों पर कांग्रेस को पायलट की जरूरत भी है। इन राज्यों में कांग्रेस पायलट का उपयोग भी करना चाह रही है।

## निर्दलीय विधायक रामकेश का हमला, 'यहां के लोग मर गए हैं जो पायलट सीएम बनना चाहते हैं'

**जयपुर @ जागरूक जनता।** प्रदेश कांग्रेस पिछले एक सप्ताह से भी ज्यादा समय से चल रही सियासी बयानबाजी अब तल्ख होती जा रही है। बसपा से कांग्रेस में आए विधायकों और पायलट कैंप के विधायकों के बीच चली आ रही जुबानी जंग में अब निर्दलीय विधायकों ने भी एंट्री ले ली है। मंगलवार को अशोक गहलोत समर्थक निर्दलीय विधायक रामकेश मीणा ने पूर्व डिप्टी डिप्टी सीएम सचिन पायलट पर करारा हमला बोला है। रामकेश मीणा ने कहा कि सचिन पायलट राजस्थान में क्या मांगते हैं, यहां के लोग मर गए हैं जो पायलट सीएम बनना चाहते हैं। वह जितने दिन राजस्थान में रहेंगे उतना ही कांग्रेस पार्टी को नुकसान होगा। रामकेश मीणा ने कहा कि कांग्रेस के इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ है जब कांग्रेस के अध्यक्ष ने ही अपनी सरकार गिराने के प्रयास किए हो।

#### जातिगत राजनीति करते हैं पायलट

**निर्दलीय** विधायक रामकेश मीणा ने आरोप लगाया कि सचिन पायलट जातिगत राजनीति करते हैं। ऐसे लोगों को कांग्रेस का स्टार बताया जा रहा है। उन्होंने कांग्रेस आलाकमान से मांग की कि ऐसे लोगों को अगर बढ़ावा दिया जाएगा तो यह कांग्रेस को नुकसान ही पहुंचाएंगे। पायलट आज मुख्यमंत्री बनने की बात करते हैं लेकिन कांग्रेस को सबसे ज्यादा नुकसान पायलट नहीं पहुंचाया है, अगर पायलट के नेतृत्व में विधानसभा चुनाव नहीं होते तो कांग्रेस पार्टी 30 सीटें और ज्यादा जीतती।

#### हमारे टिकट जानबूझकर काटे

निर्दलीय विधायक रामकेश मीणा ने कहा कि ज्यादातर निर्दलीय विधायक कांग्रेस पृष्ठभूमि के हैं। हमारे टिकट जानबूझकर काटे गए थे। मेरा टिकट काटकर सिंगापुर से लौटे एक व्यक्ति को दिया गया।

## संधु की नियुक्ति, पायलट के जले पर नमक छिड़कना



**राजस्थान** में असंतुष्ट नेता सचिन पायलट और उनके समर्थक आरोप लगा रहे थे कि जिन कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने संघर्ष कर कांग्रेस का शासन स्थापित किया, उन्हें दरकिनार कर रिटायर्ड नौकरशाहों को राजनीतिक नियुक्तियां दी जा रही हैं। आरोपों के बीच बीते दिनों रिटायर्ड आईएएस जीएस संधू को अशोक गहलोत की सरकार का सलाहकार नियुक्त कर दिया है। संधु को नगरीय विकास विभाग का ही सलाहकार नियुक्त नहीं किया, बल्कि मुख्यमंत्री के विभागों से संबंधित बजट घोषणाओं को पूरा करने की भी जिम्मेदारी दी है। मुख्यमंत्री के पास 20 से भी ज्यादा विभाग है। हालांकि संधू की उम्र 71 वर्ष है, लेकिन वे सरकार का बोझ उठाने को तैयार है। संधू की नियुक्ति का मतलब है, असंतुष्ट नेता सचिन पायलट के जले पर नमक छिड़कना। संधू की नियुक्ति के साथ ही सीएम गहलोत ने स्पष्ट संकेत दे दिए हैं कि अब राजस्थान में वो ही होगा, जो वे चाहेंगे। अब यह बात कोई मायने नहीं रखती है कि भाजपा शासन में पायलट ने जो संघर्ष किया, उसी की बदौलत प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी है। पायलट प्रदेश में कांग्रेस के कुछ विधायकों को लेकर कितना भी विरोध करवाए, लेकिन ऐसे विरोध की दिल्ली तक कोई सुनवाई नहीं होगी।

ANCHOR | कांग्रेस में प्रेशर पॉलिटिक्स

## 13 निर्दलीय और बसपा से आए 6 विधायक आज बनाएंगे रणनीति

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** कांग्रेस में अशोक गहलोत और सचिन पायलट खेमों के बीच शह और मात का खेल जारी है। कांग्रेस प्रदेश प्रभारी अजय माकन के सचिन पायलट को एसेट और स्टार बताने और उनसे प्रियंका गांधी की लगातार बात होने वाले बयान के बाद गहलोत खेमे ने रणनीति बदली है। गहलोत खेमे की तरफ से अब 13 निर्दलीय और बसपा से आए 6 विधायकों को मिलाकर जी-19 हरावल दस्ते की भूमिका में आगे आएगा। कांग्रेस में आए इन विधायकों को मिलाकर बने जी-19 की 23 जून को जयपुर में साझा बैठक बुलाई गई है। गहलोत कैंप की तरफ से इसी जी-19 से जुड़े नेता ही पायलट कैंप पर निशाना साधते रहे हैं।




अब 23 जून को होने वाली जी-19 की बैठक पर सबकी निगाहें टिकी हैं। इन 19 विधायकों में से अधिकांश हाल ही में मुख्यमंत्री से मिले हैं। बसपा से कांग्रेस में आए 6 विधायक पिछले दिनों ही दो बार बैठक कर चुके हैं। बैठक के बाद ही विधायक संदीप यादव ने पायलट खेमे के विधायकों को गद्दार बताया था। जिस पर सियासी बवाल हुआ था।

#### जी-19 से जुड़े विधायक फिर हुए मुखर

**जी-19** की बैठक का एजेंडा खुला रखा गया है। कुछ विधायकों ने नाम साझा नहीं करने की शर्त पर बताया कि बैठक का एजेंडा खुला है। अभी जो कुछ कांग्रेस में चल रहा है, उस पर चर्चा होने के साथ मंत्रिमंडल विस्तार और राजनीतिक नियुक्तियों में हिस्सेदारी पर चर्चा होगी। जिनने सरकार बचाई उन्हें वफादारी का क्या इनाम मिलेगा? इस पर भी चर्चा होगी।

#### 13 निर्दलीयों पर कांग्रेस अनुशासन लागू नहीं

**13** निर्दलीय और बसपा से कांग्रेस में आने वाले 6 विधायक गहलोत कैंप के लिए प्रेशर पॉलिटिक्स के बड़े टूल माने जा रहे हैं। राजनीतिक जानकारों का मानना है कि गहलोत कैंप ने एक रणनीति के तहत ही इन 19 विधायकों को मैदान में उतारा है। क्योंकि ये विधायक खुलकर कहते हैं कि उनका समर्थन गहलोत को है। कल जरूरत पड़ने पर वे गहलोत के पक्ष में खुलकर खड़े होने के साथ पायलट कैंप के खिलाफ खुलकर बयान दे सकते हैं। साथ ही हाईकमान पर दबाव बना सकते हैं। इसका कारण यह कि 13 निर्दलीयों पर तो कांग्रेस का अनुशासन लागू नहीं होता। बसपा से कांग्रेस में आने वाले विधायक भी संकट में मदद का हवाला देकर हक मांगने का तर्क देकर अनुशासन के दायरे से बच सकते हैं।

#### हाईकमान पर दबाव की रणनीति

अजय माकन के बयान के बाद सप्ताह भर से सचिन पायलट कैंप को लेकर बना हुआ नरेटिव पूरी तरह बदल गया। पायलट के दिल्ली से लौटने के बाद गहलोत कैंप को लग रहा था कि मुख्यमंत्री को ही अब फ्री हैंड है। पायलट की हाईकमान नहीं सुन रहा है। प्रभारी अजय माकन ने पायलट के पक्ष में बयान देकर सब कुछ बदल दिया। अब गहलोत कैंप ने भी अपनी सियासी चालें चलनी शुरू की हैं। इनमें जी-19 एक पहली चाल है। राजनीतिक जानकारों के मुताबिक, कांग्रेस की इस खींचतान में अभी बहुत कुछ अनसुलझा और अनदेखा है।

#### जी-19 में ये विधायक

**13 निर्दलीय विधायक हैं-** संयम लोढ़ा, महादेव सिंह खंडेला, बाबूलाल नागर, राजकुमार गौड़, रामकेश मीणा, कांतिप्रसाद मीणा, लक्ष्मण मीणा, आलोक बेनीवाल, ओमप्रकाश हुड़ला, खुशवीर सिंह जोजावर,सुरेश टाक, बलजीत यादव और रमिला खड़िया।
**बसपा से कांग्रेस में आए 6 विधायक-** राजेंद्र सिंह गुढ़ा, दीपचंद खेरिया, जोगिंद्र सिंह अवाना, वाजिब अली, लाखन सिंह कटकड़ और संदीप यादव।

---

## पंचांग



ज्योतिर्विद्
अक्षय शास्त्री



अन्तरराष्ट्रीय स्वर्ण पदक विजेता

### सूर्योदय-सूर्यास्त, तिथि

बुधवार, जून 23/06/2021

**सूर्योदय :** 05:35 **सूर्यास्त** : 18:56 **चन्द्रोदय** : 17:38 **चन्द्रास्त :** 03:48 **शक सम्वत :** 1943 पलवा **अमान्ता महीना :** ज्येष्ठ **पूर्णिमांत :** ज्येष्ठ **सूर्य राशि :** मिथुन **चन्द्र राशि :** वृश्चिक **पक्ष :** शुक्ल **तिथि :** त्रयोदशी, 06:59 तक **ज्येष्ठ -** अमान्त **चन्द्रमास :** ज्येष्ठ - पूर्णिमान्त **शक सम्वत :** 1943 प्लव **विक्रम सम्वत :** 2078 आनन्द **गुजराती सम्वत :** 2077 परिधावी **वार :** बुधवार **द्रिक ऋतु :** वर्षा **द्रिक अयन :** दक्षिणायण **चन्द्र राशि :** वृश्चिक **सूर्य राशि :** मिथुन **सूर्य नक्षत्र :** आर्द्रा **सूर्य नक्षत्र पद :** आर्द्रा

### नक्षत्र, योग, करण

| | | | |
|---|---|---|---|
| **नक्षत्र** | : अनुराधा, 11:42 तक | **प्रथम करण** | : तैतिल, 06:59 तक |
| **योग** | : साध्य, 09:52 तक | **द्वितीया करण** | : गारा, 17:16 तक |

### शुभ समय

| | |
|---|---|
| **ब्रह्म मुहूर्त** | 04:13 ए एम से |
| **प्रातः सन्ध्या** | 04:33 ए एम से |
| **गोधूलि मुहूर्त** | 07:10 पी एम से |
| **सायाह्न सन्ध्या** | 07:24 पी एम से |
| **अमृत काल** | 01:21 ए एम, जून 24 से |
| **निशिता मुहूर्त** | 12:09 ए एम, जून 24 से |
| **सर्वार्थ सिद्धि योग** | 05:34 ए एम से |
| **अमृत सिद्धि योग** | 05:34 ए एम से |
| रवि योग | 11:48 ए एम से |

#### निवास और शूल

दिशा शूल : उत्तर में
राहु काल वास दक्षिण-पश्चिम में
कुम्भ चक्र : पश्चिम में
चन्द्र वास : उत्तर में

### चौघड़िया

| दिन का चौघड़िया | | रात का चौघड़िया |
|---|---|---|
| लाभ | : 06:01 - 07:31 | उद्वेग : 18:01 - 19:31 |
| अमृत | : 07:31 - 09:01 | शुभ : 19:31 - 21:01 |
| काल काल वेला | : 09:01 - 10:31 | अमृत : 21:01 - 22:31 |
| शुभ | : 10:31 - 12:01 | चार : 22:31 - 24:01 |
| रोग वार वेला | : 12:01 - 13:31 | रोग : 24:01 - 25:31 |
| उद्वेग | : 13:31 - 15:01 | काल : 25:31 - 27:01 |
| चार | : 15:01 - 16:31 | लाभ : 27:01 - 28:31 |
| लाभ | : 16:31 - 18:01 | उद्वेग : 28:31 - 30:01 |

*अमृत, शुभ, लाभ और चर को शुभ चौघडिया माना जाता है एवं उदवेग, काल एवं रोग को अशुभ चौघडिया माना जाता है।*

### आज त्रयोदशी

#### आज कौन सा कार्य करें

राज संबंधी कार्य (सरकारी कार्य), व्रतबंध, प्रतिष्ठा, विवाह, यात्रा, भूषणादि के लिए शुभ होते हैं। यात्रा, शिल्प, चूड़ा कर्म, अन्नप्राशन व गृह प्रवेश शुभ है। ऋण कतई नहीं देना चाहिए।

### बुधवार को क्या करें

**बुधवार** की प्रकृति चर और सौम्य मानी गई है। यह भगवान गणेश और दुर्गा का दिन है। कमजोर मस्तिष्क वालों को बुधवार के दिन उपवास रखना चाहिए।
**ये कार्य करें :-** सूखे सिंदूर का तिलक लगाएं। बुधवार को दुर्गा के मंदिर जाना चाहिए। पूर्व, दक्षिण और नैऋत्य दिशा में यात्रा कर सकते हैं। इस दिन जमा किए गए धन में बरकत रहती है। मंत्रणा, मंथन और लेखन कार्य के लिए भी यह दिन उचित है। ज्योतिष, शेयर, दलाली जैसे कार्यों के लिए भी यह दिन शुभ माना गया है।
**यह कार्य न करें:-** उत्तर, पश्चिम और ईशान में यात्रा न करें। बुधवार को धन का लेन-देन नहीं करना चाहिए। बुधवार को लड़की की माता को सिर नहीं धोना चाहिए, ऐसा करने से लड़की का स्वास्थ्य बिगड़ता है या उसके समक्ष कोई कष्ट आता है।

**नोट :** शुक्ल पक्ष में एक से पंचमी तक तिथियां अशुभ कही गई हैं, क्योंकि इन तिथियों में चंद्रमा क्षीण बल होता है और चंद्र बल उन दिनों नहीं रहने से कार्य सफल नहीं होते हैं। इसी प्रकार कृष्ण पक्ष की एकादशी से अमावस्या तक तिथियों में चंद्र बल क्षीण होने से शुभ कार्य नहीं करने चाहिए।

## राशिफल

ज्येष्ठ, शुक्ल, त्रयोदशी, 2078 बुधवार, 23 जून - 26 जून, 2021

**मेष** [चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ]
**कोर्ट** व कचहरी के काम मनोनुकूल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। कुबुद्धि हावी रहेगी। चिंता तथा तनाव रहेंगे। मित्रों से संबंध सुधरेंगे। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी।

**तुला** [रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते]
**पुराना** रोग परेशानी का कारण रह सकता है। दूसरों के कार्य में दखल न दें। बड़ों की सलाह मानें। लाभ होगा। अपेक्षित कार्यों में विलंब होगा। मानसिक बेचैनी रहेगी। व्यवसाय ठीक चलेगा।

**वृषभ** [ई,उ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो]
**लाभ** के अवसर हाथ से निकलेंगे। बेवजह कहासुनी हो सकती है। पुराना रोग उभर सकता है। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। व्यापार ठीक चलेगा। आय में निश्चितता रहेगी।

**वृश्चिक** [तो,ना,नी, नू,या,यी,यू]
**किसी** अपरिचित पर अतिविश्वास न करें। विवाद से क्लेश होगा। दूसरों के उकसाने में न आएं। अप्रत्याशित खर्च सामने आएंगे। चिंता तथा तनाव रहेंगे। व्यवसाय की गति धीमी रहेगी।

**मिथुन** [क, की,कु,घ, ड,छ,के,को,ह]
**घर** के सदस्यों के स्वास्थ्य व अध्ययन संबंधी चिंता रहेगी। किसी आनंदोत्सव में भाग लेने का मौका मिलेगा। यात्रा मनोरंजक रहेगी। दुष्टजनों से दूरी बनाए रखें।

**धनु** [ये, यो, भा, भी, भू, धा, फ, ढ, भे]
**दूर** से शुभ समाचार प्राप्त होंगे। जोखिम उठाने का साहस कर पाएंगे। आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। व्यापार-व्यवसाय ठीक चलेगा। आय बनी रहेगी। अज्ञात भय रहेगा। प्रेम-प्रसंग में अनुकूलता रहेगी।

**कर्क** [हि, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो]
**सुख** के साधन जुटेंगे। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। परा म बढ़ेगा। लंब समय से रुके कार्य सहज रूप से पूर्ण होंगे। कार्य की प्रशंसा होगी। शेयर मार्केट में सफलता मिलेगी।

**मकर** [भो, जा,जी, जू, खा, खू, गा, गी,]
**व्यावसायिक** यात्रा सफल रहेगी। बकाया वसूली के प्रयास सफल रहेंगे। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। लंबे समय से रुके कार्यों में गति आएगी। व्यवसाय ठीक चलेगा। मित्रों का सहयोग मिलेगा।

**सिंह** [मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टु, टे]
**किसी** अपने के व्यवहार से स्वाभिमान को ठेस पहुंच सकती है। शारीरिक कष्ट संभव है। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। शत्रु पस्त होंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें। स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं।

**कुंभ** [गू, गे, गो,सा, सी, सू, से, सो, दा]
**आराम** तथा मनोरंजन के साधन उपलब्ध होंगे। यश बढ़ेगा। व्यापार वृद्धि होगी। नई योजना बनेगी जिसका तत्काल लाभ नहीं मिलेगा। कार्यप्रणाली में सुधार होगा। विरोधी सक्रिय रहेंगे।

**कन्या** [टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो]
**प्रेम-प्रसंग** में अनुकूलता रहेगी। परिवार के सदस्य के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। बेवजह कहासुनी हो सकती है। कानूनी अड़चन दूर होगी। व्यापार में वृद्धि होगी। नौकरी में सहकर्मियों का साथ मिलेगा।

**मीन** [दी, दू, थे, झ, ञ, दे, दो, चा, चि]
**वाणी** पर नियंत्रण रखें। कानूनी अड़चन आ सकती है। व्यावसायिक यात्रा सफल रहेगी। अप्रत्याशित लाभ हो सकता है। लॉटरी व सट्टे से दूर रहें। बेरोजगारी दूर करने के प्रयास सफल रहेंगे।

आचार्य राजेश शास्त्री, जयपुर

## डॉ रामप्रकाश शर्मा बने प्रदेशाध्यक्ष (आयुष प्रकोष्ठ)



**चौमूं @ जागरूक जनता।** विराज फाउंडेशन राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश तिवाड़ी ने गणेश विहार, कचौलिया रोड, चौमूँ निवासी डाँ रामप्रकाश शर्मा को प्रदेशाध्यक्ष (आयुष प्रकोष्ठ) पद पर नियुक्ति पत्र भेट कर मनोनीत किया। डॉ रामप्रकाश शर्मा ने कहा कि संगठन द्वारा दिए गए दायित्व को निष्ठा व ईमानदारी से निभाऊगा।

## जागरूक खबरें

### लोकडाउन में नि:शुल्क की कटिंग, शेविंग कर दिखाई मानवता



**जयपुर @ जागरूक जनता।** विश्वव्यापी महामारी कोरोना के कारण दुनिया का आम-जीवन प्रभावित हुआ है। लोगों की नौकरियां गई है। व्यापार, धंधे चौपट हुए हैं। गरीबी रेखा का प्रतिशत बढ़ा हैं। ऐसे में हर समाज ने मानवता की ओर कदम भी बढ़ाया है। ऐसे ही एक है विद्याधर नगर, एलएस नगर निवासी रवि सैन। जिन्होंने लोकडाउन के दौरान अपने कार्य के अनुरूप लोगों की कटिंग और शेविंग नि:शुल्क करके एक असीम उदाहरण समाज के सामने प्रस्तुत किया है। रवि बताते है कि लोकडाउन की स्थिति सभी के सामने थी। दुकानें, बाजार सब बंद था। ऐसे में लोगों को कटिंग, शेविंग के लिए परेशान देखकर मैंने सरकारी गाइडलाइन के अनुसार सोशल डिस्टेंसिंग बनाते हुए लोगों की शेविंग और कटिंग की। इससे मुझे आत्मिक संतुष्टि तो मिली, साथ ही विकट परिस्थिति में मानवता ही मानवता के काम आती है, यह संदेश भी देने की कोशिश की। इस कार्य के दौरान रवि सैन, दिनेश सैन, घनश्याम सैन का सभी सहयोग रहा।

### बेझिझक वैक्सीनेशन करवाए प्रदेश की जनता-रवि



**जयपुर @ जागरूक जनता।** राजस्थान युवा संगठन प्रदेश अध्यक्ष रवि शर्मा ने प्रदेश के लोगों से वैक्सीन लगवाने की अपील करते हुए कहा कि बेझिझक कराए वैक्सीनेशन प्रदेश व जिले में बढ़ते कोरोना संक्रमण को देखते हुए रवि शर्मा ने प्रदेशवासियों से वैक्सीनेशन की अपील की है । केंद्र व राज्य सरकार ने एक बार फिर से 18 से 44 आयु वर्ग के लोगों का टीकाकरण शुरू कर दिया है। टीकाकरण को लेकर अब सभी समाज के प्रमुख सामने आ रहे हैं । प्रदेश के लोगों से कोरोना टीका लगाने की अपील भी राजस्थान युवा संगठन प्रदेश अध्यक्ष रवि शर्मा कर रहे हैं। इसी क्रम में सभी प्रदेश के युवाओं से कोरोना का टीका लगाने की उन्होंने अपील की है। बेझिझक कराएं वैक्सीनेशन: वहीं इस दौरान एक समाज सेवी होने के नाते उन्होंने सभी वर्गों के लोगो से कहा कि कोरोना वैक्सीनेशन को लेकर कुछ लोग भ्रम फैलाने की कोशिशें कर रहे हैं । इन अफवाहों की ओर बिल्कुल भी ध्यान देने की जरूरत नहीं है। कोरोना का टीका आपको, आपके परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करता है। इसलिए टीकाकरण कराकर प्रदेश को कोरोना मुक्त बनाने के बेझिझक होकर टीका लगवाना चाहिए। उन्होंने कहा कि सभी युवाओं को आगे आने की जरूरत है।

### ज्ञान विहार समर कैंप के समापन समारोह में कत्थक डांस ने मोहा मन



**जयपुर @ जागरूक जनता।** मालवीय नगर डी.ब्लॉक स्थित ज्ञान विहार स्कूल में वर्चुअल समर कैंप का समापन समारोह हर्षोल्लास के साथ किया गया। प्रिंसिपल राकेश उपाध्याय जी ने इस कैंप का उद्देश्य विद्यार्थियों में रचनात्मक रुचियां पैदा करने के साथ-साथ कोविड-19 महामारी के दौरान उनको विभिन्न गतिविधियों में सक्रिय भी रखना बताया उन्होंने सभी को बधाई देते हुए कहा कि इस कैम्प के माध्यम से बच्चों को अपनी प्रतिभा को मुखर करने का मौका मिला है। कैम्प ने उनके लिए इस कोविड के निराशाजनक दौर में संजीवनी का काम किया है। मीडिया कोऑर्डिनेटर रेनू शर्मा ने मंच संचालन करते हुए बताया कि 15 दिन तक चलने वाले इस निशुल्क समर कैंप में जयपुर शहर के प्रतिष्ठित स्कूलों के करीब 70 बच्चों ने हिस्सा ले आर्ट,डांस, म्यूजिक, योगा व एरोबिक,मेंटल मैथ्स तथा कोडिंग की क्लासेस से अपने हुनर को तराश कर उत्साह के साथ आज वर्चुअल प्लेटफॉर्म पर इनकी बखूबी प्रस्तुति दी। संगीत शिक्षा राकेश रेही, योगा व एरोबिक्स रेनू शर्मा व झूमा वर्मन ,विभिन्न प्रकार की पेंटिंग कुमुद शर्मा ,डांस भवदीप कोडिंग के लिए रुचि कटारिया व अंजुला शर्मा तथा मेंटल मैथ्स के लिए राशु व विभा महनोत को प्रिंसिपल राकेश उपाध्याय ने बधाई देते हुए कहा कि आप के जी तोड़ मेहनत ज्ञान और के कारण ही बच्चे जीवन की जीवंतता जाग्रत रखने में सक्षम हुए है।

### आर्यिका गौरवमती माताजी का श्याम नगर में हुआ मंगल प्रवेश



**जयपुर @ जागरूक जनता।** दिगम्बर जैन साध्वी, गणिनी प्रमुख आर्यिका रत्न सुपार्श्वमती माताजी की सुयोग्य शिष्या गणिनी आर्यिका रत्न गौरवमती माताजी ससंघ का श्याम नगर के वशिष्ठ मार्ग स्थित आदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में लगभग 2 वर्षों के लंबे अंतराल के बाद रविवार प्रात: 9 बजे मंगल प्रवेश सम्पन्न हुआ। अखिल भारतीय दिगम्बर जैन युवा एकता संघ जयपुर जिला उपाध्यक्ष सर्वेश जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि शनिवार को सायं 5 बजे आर्यिका संघ ने अतिशय क्षेत्र बाड़ा पदमपुरा दिगम्बर जैन मंदिर, टोंक रोड़ शिवदासपुरा से विहार यात्रा प्रारंभ की और रात्रि विश्राम बिलवा स्थित शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर पर रात्रि विश्राम किया, जिसके बाद प्रात: 5.30 बजे पुन: विहार यात्रा प्रारंभ की सांगानेर, न्यू सांगानेर रोड़, रेल नगर, निर्वाण नगर होते हुए श्याम नगर दिगम्बर जैन मंदिर में प्रवेश सम्पन्न करवाया। इस दौरान आदिनाथ दिगम्बर जैन प्रबन्ध कार्यकारिणी समिति और श्याम नगर दिगम्बर जैन महिला मंडल की पदाधिकारियों ने आर्यिका संघ की मंगल अगवानी करते हुए पाद प्रक्षालन और आरती की। जिसके बाद आर्यिका संघ ने मंदिर में प्रवेश कर आदिनाथ स्वामी के दर्शन किये और उपस्थित श्रद्धालुओ को आशीर्वाद प्रदान किया। विहार यात्रा के दौरान समाजसेवी राजकुमार सेठी, सीए राजेश सेठी, राजेन्द्र बड़जात्या, प्रवीण बड़जात्या, अजित पाटनी, अमित सिंघई, शिल्पा गंगवाल, मीनाक्षी जैन, सुधा जैन, शशि जैन सहित अनेकों श्रद्धालुओ ने कोविड गाइडलाइन की पालना करते हुए भाग लिया और आर्यिका संघ का श्याम नगर में मंगल प्रवेश सम्पन्न करवाया।

राजस्थान सरकार ने जनआधार में राशनकार्ड की अनिवार्यता को समाप्त किया, सभी कलेक्टर्स को जारी किए आदेश

# अब बिना राशनकार्ड बन सकेगा जनआधार कार्ड

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** गहलोत सरकार की अहम योजना जनआधार कार्ड बनाने के मामले में सरकार ने अहम फैसला लिया है। इसके तहत राज्य में जनआधार कार्ड बनाने वाले के पास अगर राशन गार्ड नहीं है तो भी उनका आवेदन निरस्त नहीं किया जाएगा। राजस्थान जनआधार प्राधिकरण के महानिदेशक ने एक आदेश जारी कर राज्य के सभी जिलों के कलेक्टर्स को ये निर्देश दिए है। दरअसल पिछले कुछ समय से ये शिकायतें आ रही थी कि जनआधार कार्ड के आवेदन के दौरान राशन कार्ड की कॉपी अपलोड नहीं करने पर आवेदक का आवेदन निरस्त किया जा रहा था। आवेदन निरस्त करने से उक्त आवेदक को मुख्यमंत्री चिरंजीवी योजना सहित सरकार के तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल रहा था। लगातार मिल रही इन शिकायतों को देखते हुए सरकार ने जनआधार में राशन की अनिवार्यता को समाप्त करने का निर्णय किया है। साथ ही राजस्थान जनआधार प्राधिकरण की ओर से आज एक आदेश जारी करते हुए सभी कलेक्टर्स को ये निर्देश दिए कि उनके यहां जनआधार के लिए आने वाले आवेदन में अगर राशन कार्ड की कॉपी नहीं भी है तो भी उसे मंजूरी दे।



### क्या है जनआधार कार्ड

**देश** में जिस तरह यूनिक आईडी की तरह हर व्यक्ति का आधार कार्ड होता है। ठीक उसी तरह राजस्थान के मूल निवासियों या यहां 10 साल से ज्यादा समय तक रहने वाले परिवारों के लिए यह राज्य की यूनिक आईडी है। यह कार्ड व्यक्तिगत न बनकर पूरे परिवार का एक साथ बनता है। इसी कार्ड के जरिए राज्य की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ राज्य के लोगों को मिलता है। पिछली सरकार में तत्कालीन मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के समय यह कार्ड भामाशाह के नाम से जाना जाता था, जिसका नाम गहलोत सरकार ने बदलकर जनआधार कर दिया।

### ये दस्तावेज चाहिए जनआधार के लिए

**प्राधिकरण** के जारी आदेशों के मुताबिक परिवार के मुखिया का बैंक खाते का विवरण, परिवार के मुखिया व एक अन्य सदस्य का आधार कार्ड की कॉपी या उसके पंजीयन की रसीद और परिवार के सदस्यों के अलग-अलग फोटो आवेदन के साथ होने अनिवार्य है। इन तीनों शर्तो के पूरा होने की स्थिति में जनआधार कार्ड के आवेदन निरस्त नहीं होगा।

प्रोजेक्ट को गति मिली

## 3 हजार करोड़ की नॉर्थ रिंगरोड की स्पीड बढ़ी

**एक ही फर्म रोड इंजीनियरिंग, सर्वे-अवाप्ति का काम करेगी**

**सर्वे रिपोर्ट और डीपीआर बनने में लगेंगे 6 से 9 महीने**

**45 किमी लंबी होगी, अजमेर रोड, टोंक रोड, आगरा रोड और दिल्ली रोड तक सीधी कनेक्टिविटी**

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** लंबे इंतजार के बाद आगरा रोड से सी-जोन बाइपास तक बनने वाली उत्तरी रिंगरोड प्रोजेक्ट को गति मिली है। जेडीए जल्द ही 2876 करोड़ रुपए की लागत वाली 45 किमी लंबी और 360 मी. चौड़ी रिंगरोड के लिए कंसल्टेंसी फर्म अपाइंट करेगा। यही फर्म रोड इंजीनियरिंग, डीपीआर, सर्वे और अवाप्ति का काम करेगी। इसके पीछे अधिकारियों का कहना है कि एक ही फर्म के पास काम होने से को-आर्डिनेशन में आसानी रहेगी।



रिंग रोड उत्तरी कोरीडोर का काम जल्द शुरू होगा। 45 किमी लम्बे प्रोजेक्ट के पूरा होने के बाद शहर के डवलपमेंट तेजी से होगा। जल्द ही डीपीआर तैयार कर काम जमीन अवाप्ति की प्रक्रिया शुरू करेंगे, सब काम तय समय में ही पूरे होंगे।
**-शांति धारीवाल,** यूडीएच मंत्री

**प्लानिंग,** रोड इंजीनियरिंग, सर्वे और डीपीआर में 6 से 9 माह लगेंगे। जमीन अवाप्ति और निर्माण में 2-2 साल लगेंगे। प्रोजेक्ट अगले 4-5 साल में पूरा होगा। इससे जयपुर-अजमेर रोड, जयपुर-टोंक रोड, जयपुर-आगरा रोड और जयपुर-दिल्ली रोड तक सीधी कनेक्टिविटी हो जाएगी। गौरतलब है कि रिंगरोड प्रोजेक्ट 2003 में भाजपा सरकार के कार्यकाल में बना था। पहले आगरा रोड से अजमेर रोड तक 47 किमी की प्रोजेक्ट तैयार किया गया। जमीन अवाप्ति 2008 में शुरू हुई थी और 2011 में काम शुरू हुआ।
**- गौरव गोयल,** जेडीए आयुक्त

## अमरनाथ यात्रा की सुगबुगाहट तेज, लंगर लगाने की अनुमति

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** देश में महामारी कोरोना का कहर धीरे धीरे कम हो रहा है। कोविड संक्रमण में भारी गिरावट दर्ज करने के बाद कई राज्यों में लॉकडाउन नियमों, कर्फ्यू सहित पाबंदियों में ढील दी जा रही है। कई राज्यों को अनलॉक कर दिया गया है। जम्मू-कश्मीर भी कोरोना का ग्राफ नीचे आते ही अमरनाथ यात्रा की सुगबुगाहट तेज हो गई है। हालांकि इसकी औपचारिक घोषणा नहीं की गई है। इसी बीच श्री अमरनाथजी श्राइन बोर्ड (एसएएसबी) ने कुछ लंगर संगठनों को बालटाल ट्रैक के लिए 28 जून से 22 अगस्त तक लंगर लगाने की अनुमति दे दी है।

### नियम और शर्तों का पालन करना अनिवार्य

**श्री** अमरनाथ श्राइन बोर्ड ने अमरनाथ यात्रा में भंडारा लगाने के लिए कुछ लंगर संस्थाओं को अनुमति पत्र जारी किया है। श्राइन बोर्ड ने संस्थाओं को कैम्प डायरैक्टर/जनरल मैनेजर (वर्क्स) को लंगर लगाने के लिए जगहों को चिह्नित करने के निर्देश दिए है। लंगर संस्थाओं को लंगर सेवा के लिए पूरे नियम और शर्तों का पालन करना होगा। अनिवार्य हैल्थ सर्टीफिकेट व कोविड-19 सर्टीफिकेट लाने को कहा है।

### तैयारियों को लेकर रणनीति में जुड़ा प्रशासन

**डीसी** गांदरबल कृतिका ज्योत्सना ने बालटाल-सोनमर्ग का दौरा कर इस मार्ग से पवित्र गुफा तक की गई व्यवस्था और प्रबंधों का जायजा लिया। इसके जिला प्रशासन श्री अमरनाथ यात्रा की तैयारियों को लेकर रणनीति बनाने जुड़ा हुआ है। यात्रा को लेकर उपराज्यपाल से मंजूरी मिलने के बाद ही आधिकारिक रूप से यात्रा की घोषणा की जाएगी। पिछले साल कोरोना वायरस के कारण बाबा अमरनाथ की यात्रा स्थगित कर दी गई थी। हालांकि आतंकी वारदातों से निपटना प्रशासन के लिए एक बड़ चुनौती होगी।

नशे की गिरफ्त मे बालोतरा शहर

## धुएं कि आड़ में युवा उडा रहे हैं जिन्दगी

**युवाओं को नशे की लत लगा रहा हुक्काबार गिरोह**

मयंक अवस्थी
jagrukjanta.net

**बालोतरा।** शहर व क्षैत्र मे युवाओ को नशे की ओर धकेलने वाले गिरोह पिछले कई वर्षो से बालोतरा क्षैत्र मे सक्रिय हैं।शहर मे नशे के कारोबार मे लिप्त कई रोग नई नई सुविधा युक्त हुक्काबार खोल रहे हैं। नशे की लत लगाते हुए युवाओ के लिए जहर परोस रहे हैं,इन नशा गिरोहों पर सख्त कार्रवाई करने की आवश्यकता है। नशा कि प्रवृत्ति है जो युवाओ धीरे धीरे अपने आगोश मे लेकर के उनका अस्तित्व खत्म कर देता है। चोरी छुपे नशा गिरोह विभिन्न प्रकार के नशीले पदार्थो को विभिन्न प्रलोभन के साथ बेचकर के युवाओं को अपनी और आकर्षित करते हैं। युवा पीढी उनके झासे मे आ जाते हैं। और धीरे धीरे यह नशा प्रवृत्ति एक लत बनकर के युवाओ को नशा करने के लिए मजबूर कर देता है।

### अंतरराष्ट्रीय स्तर का नशा

बालोतरा शहर मे पिछले कई वर्षों से हुक्काबारों की संख्या दिनोंदिन बढ रही है।सूत्रों के अनुसार बालोतरा शहर व क्षैत्र मे अंतरराष्ट्रीय स्तर के विभिन्न नशीले पदार्थ युवाओ मे चुपके से वितरित किए जा रहे हैं। वहीं हुक्काबार इस नशा प्रवृत्ति को फैलाने मे सबसे महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।बालोतरा शहर व क्षैत्र मे स्मैकियों कि संख्या दिनोंदिन बढ रही है।

### यह है हुक्काबारो कि भारी तादात

सूत्रों के अनुसार शहर के खेड रोड,अम्बे वैली तथा शहर के होटलो के रूम किराए पर देर रात तक हुक्का सेवन करते हैं ।जहां पर नशीले पदार्थों का भरपूर सेवन होता है।

**मेरे** जानकारी मे नहीं है और यदि इस प्रकार के अवैध हुक्काबार या कारोबार चल रहा है तो सख्त कार्यवाही कि जाएगी।
**बाबुलाल रेगर,**
थानाधिकारी बालोतरा

## गांवों में भी होगी पानी के नमूनों की जांच, बनेगी 102 प्रयोगशालाएं

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**प्रदेश के 43 हजार 362 गांवों में होगी पानी की जांच**

**ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्य करेंगे जांच**

**सदस्यों को मिलेगी 'कैमिकल फील्ड टेस्टिंग किट'**

**जयपुर।** अब गांवों में भी पेयजल के नमूनों की जांच होगी। ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्य पानी की जांच करेंगे। इसके लिए इन्हें कैमिकल फील्ड टेस्टिंग किट उपलब्ध कराई जाएगी, इसके लिए जलदाय विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव (एसीएस) सुधांश पंत ने अधिकारियों को निर्देश दिए है। विभाग का अब पेयजल गुणवत्ता जांच पर फोकस है। जल जीवन मिशन (जेजेएम) के तहत प्रदेश के 43 हजार 362 गांवों में पानी के नमूनों की जांच के निर्देश दिए गए है। प्रदेश के 102 पंचायत समिति मुख्यालयों पर प्रयोगशालाएं बनाई जाएगी। एसीएस सुधांश पंत ने बताया कि जेजेएम के तहत स्वीकृत ग्रामीण पेयजल परियोजनाओं के माध्यम से गांव-गांव और ढ़ाणियों में लोगों को स्वच्छ पेयजल मुहैया कराने के लिए पेयजल गुणवत्ता जांच पर पूरा फोकस कर रहा है। इसके लिए प्रदेश के 43 हजार 362 गांवों के स्तर पर ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति (वीडब्ल्यूएससी-विलेज वाटर एंड सेनिटेशन कमेटी) के सदस्यों को कैमिकल फील्ड टेस्टिंग किट उपलब्ध कराई जाएगी। इसका उपयोग करते हुए जेजेएम में हर घर नल कनेक्शन के माध्यम से पेयजल आपूर्ति में गुणवत्ता सुनिश्चित की जाएगी।

एसीएस ने राज्य स्तरीय क्रियान्वयन टीम के अधिकारियों की बैठक ली, जिसमें जेजेएम के तहत मेजर प्रोजेक्ट्स एवं रेग्यूलर विंग की सभी योजनाओं में पेयजल की गुणवत्ता जांच के पहलू पर भी पूरा ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में प्रदेश में पेयजल गुणवत्ता जांच के लिए सभी जिला प्रयोगशालाओं के एनएबीएल एक्रीडिशन तथा ब्लॉक स्तर पर प्रयोगशालाएं खोलने के कार्य की प्रगति की भी विस्तार से समीक्षा की।

चार जिलों की लाइफ लाइन बीसलपुर बांध का मेंटेनेंस पूरा

## गेटों के ऑयल-ग्रीसिंग के साथ बदले गए इलेक्ट्रिकल पार्ट



बेहतर कनेक्टिविटी के लिए वायरलेस स्टेशन किया स्थापित

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**टोंक।** बीसलपुर बांध की मानसून सक्रिय होने से पहले की जाने वालों सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। गेटों की ऑयल ग्रीसिंग समेत मेंटेनेंस का कार्य पूरा कर लिया गया है। साथ ही बारिश के दिनों में बांध को लेकर कनेक्टिविटी में किसी भी तरह की बाधा नहीं आए, इसके लिए बांध पर वायरलेस स्टेशन स्थापित कर दिया गया है। चार जिलों की लाइफ लाइन के रूप में पहंचाने जाने वाले बीसलपुर बांध की पानी भराव की क्षमता 315.50 मीटर व 38.70 टीएमसी है। इसमें पहली बार 2004 में पानी भरा गया था। इसमें से 16 टीएमसी पानी पेयजल के लिए, आठ टीएमसी पानी सिंचाई के लिए आरक्षित है। इसके अलावा दो टीएमसी पानी वाष्पीकरण व छीजत के लिए माना है। अभी बांध में 309.93 मीटर पानी है। न्यूनतम 298 मीटर तक पानी लिया जा सकता है। अभी टोंक, अजमेर, जयपुर दौसा को पेयजल के लिए बांध का पानी दिया जा रहा है। इसमें रोजाना करीब 950 एमएलडी पानी बांध से निकल रहा है। बारिश का मौसम नजदीक आने के साथ ही बीसलपुर बांध परियोजना से जुड़े अधिकारियों ने मेंटेनेंस आदि पूरा कर लिया है। बीसलपुर बांध पर ड्यूटी पर मौजूद अधिकारी-कर्मचारियों का संपर्क बराबर बनाए रखने के लिए अभी बांध पर वायरलेस स्टेशन स्थापित कर दिया गया है, ताकि मोबाइल की सेवा बंद होने पर भी बीसलपुर बांध से देवली, टोंक,जयपुर आदि के अधिकारियों की कनेक्टिविटी बनी रहे।

### 312 मीटर पर खाली होता है बांध का आधा पानी

**बीसलपुर** बांध परियोजना के एक्सइएन मनीष बंसल ने बताया कि 312.40 मीटर पर बांध का आधा पानी रह जाता है। बांध के ऊपरी भाग पर पानी का अधिक भराव होने से मात्र तीन मीटर में ही 50 फीसदी पानी रहता है जबकि नीचे पानी का भराव कम होने से नीचे के 12 मीटर भराव में 50 फीसदी रहता है।

### ये किया प्रमुख मरम्मत कार्य

**बीसलपुर** बांध परियोजना के एक्सईएन मनीष बंसल ने बताया कि बांध के सभी गेटों के ऑयल ग्रीसिंग किया गया है। सभी गेटों को चेक किया गया है कि ये बराबर काम कर रहे हैं या नहीं, जरूरी इलेक्ट्रॉनिक पार्ट बदले गए हैं। अब बांध में बारिश का पानी पूरी क्षमता से रोकने की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

## कोटा मंडल: 71 जोड़ी यात्री ट्रेनें एक घंटे में 130 किमी दौड़ेंगी



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**कोटा।** कोरोना संक्रमण का असर कम होने के बाद धीरे-धीरे यात्री रेलगाडियों की संख्या में इजाफा किया जा रहा है। कोविड के दौरान यात्री गाडियों का भार कम होने के कारण रेलवे ट्रेक को अपग्रेड किया गया। इसके बाद कोटा, भोपाल और जबलपुर मंडल की 200 यात्री ट्रेनों को 130 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से चलाने के लिए अधिसूचित कर दिया है। इनमें कई ट्रेनें अभी भी इस रफ्तार से चल रही हैं, वहीं कुछ बंद ट्रेनों का संचालन निकट भविष्य में शुरू होगा।

कोटा मंडल से 71 जोड़ी यात्री गाडियां अब 130 किमी की रफ्तार से चलेंगी। पहले मेल और एक्सप्रेस श्रेणी की गाडियां 110 किमी की रफ्तार से चल रही थीं, रफ्तार बढ़ाने से यात्रा का समय घट गया है। कोविड-19 वैश्विक महामारी की विषम परिस्थितियों एवं चुनौतियों का सामना करते हुए अप्रेल 2020 से जून 2021 तक ढांचागत सुधार के कार्य किए गए। पश्चिम मध्य रेलवे मेल, एक्सप्रेस ट्रेनों को 130 केएमपीएच की गति ट्रेन संचालित करने वाला भारतीय रेल का पहला जोन बन गया।

कोटा जंक्शन से गुजरने वाली जोधपुर-इंदौर-जोधपुर इंटरसिटी, स्वर्ण मंदिर मेल, नई दिल्ली-इंदौर-नई दिल्ली इंटरसिटी, नंदादेवी एक्सप्रेस, मेवाड़ एक्सप्रेस सहित अन्य मेल, एक्सप्रेस ट्रेनों की रफ्तार बढ़ाई है। इस तरह पैसेंजर ट्रेनों को छोडकर ज्यादातर ट्रेनों को रफ्तार बढ़ाने के लिए अधिसूचित किया है। इसके साथ ही दिल्ली-मुंबई रेलमार्ग पर वाया कोटा होकर ट्रेनों की रफ्तार 160 किमी करने की परियोजना भी चल रही हैं। यह कार्य पूरा होने के बाद ट्रेनों की रफ्तार और बढ़ा दी जाएगी। इस रेलमार्ग पर 180 किमी प्रतिघंटे की रफ्तार से ट्रेन चलाने का परीक्षण भी किया जा चुका है।

ANCHOR
स्मृति दिवस

## रक्तदान शिविर आयोजित, 451 यूनिट एकत्र

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**झुंझुनूं।** राजू फोरमैन के पिताजी स्वर्गीय श्री नोरंग लाल फोरमैन की स्मृति में हर वर्ष की भांति आयोजित होने वाले रक्तदान शिविर का आयोजन बिरला सार्वजनिक हॉस्पिटल में किया गया। जिसमें आज कोरोना काल के बावजूद युवा वर्ग का उत्साह देखते ही बनता था। बिरला सार्वजनिक और जयपुर की टीमो के द्वारा रक्त शिविर को सफल बनाया गया जिसमें 451 यूनिट रक्त संग्रहीत किया गया। और लगभग संग्रहण छमता पूरी हो जाने के कारण करीब 120 से 150 लोगो को बिना रक्तदान के वापस जाना पड़ा युवा वर्ग का ऐसा ही जोश हर मुश्किल घड़ी को आसान कर देती हैं रक्त दान करने वाले और समस्त कार्यकर्ताओं का आभार जताया। कार्यक्रम के अध्यक्ष बिरला सार्वजनिक हॉस्पिटल के निर्देशक डॉ मधुसूदन मनीष मालानी थे मुख्य अतिथि नगर पालिका चेयरमैन हीरालाल नायक थे। विशिष्ट अथिति उपाध्यक्ष श्रीमती दीपिका शर्मा गोविंद जी सैनी राजेन्द्र भोमिया रिशाल सिंह मेड़तिया फूल सिंह सैनी ओम जी एक्टर कृष्णा सैनी सुदेश कुलहरि थे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए आप सभी का दिल से आभार ऐसे ही आप सब का आशीर्वाद बना रहे। मंच का संचालन पार्षद राजकुमार नायक ने किया आज के इस कार्येक्रम में पार्षद प्रदीप कुमार पार्षद होशियार सिंह पार्षद सलीम पार्षद नरेंद्र सिंह पार्षद रतन सैनी पार्षद विशाल नायक पार्षद पुनीत शर्मा पार्षद पंकज भोमिया पार्षद विक्रम रोहिला पार्षद किशन भोमिया पार्षद संतोष सैनी पार्षद सुभाष सैनी पार्षद अशोक सैनी पार्षद भगवती सैनी पार्षद विष्णु सैनी पार्षद कृष्णा कटारिया पार्षद चंदन चेजारा पार्षद सरिता नायक पार्षद मनोज आलड़िया पार्षद महावीर पार्षद ओमप्रकाश स्वामी पार्षद अमर सिंह, सुशील काका राजेश शर्मा सुरेश कुमावत अनिल शर्मा एडवोकेट पवन माटोलिया जमील मनियार मुबारक मनियार मनीष चोटिया दिनेश हलवाई राजू पुजारी सुरेंद्र सिंह शेखावत सुनील मास्टर और शेखावाटी यूथ क्लब के समस्त कार्येकर्ता मौजूद थे। राजू फोरमैन ने खुद 75 वी बार रक्त दान किया।

### हंसकर रो देते बाबा



जागरूक जनता
jagrukjanta.in
कविता
नेहा कटारा पाण्डेय

घर के आंगन से लेकर के चौबारे तक रहते बाबा, जहां कहीं भी मैं जाती हूं,संग मेरे तब होते बाबा।
**********
मेरी मुस्कानों से लेकर मेरे अहसासों में शामिल, मुझको मुन्नी ,गुड़िया ,जीजी, लाड़ो भी तो कहते बाबा।
**********
आंगन की तुलसी मैय्या हैं तो बाबा घर के हैं बरगद, इनकी छांव तले हम रहते,लेकिन जलते रहते बाबा।
**********
खेल खिलौनों से लेकर के मेरी सारी फरमाइश भी, याद जुबानी उनको रहती खर्च सदा यूं होते बाबा।
**********
जिस दिन मैं ससुराल गई थी ,तो उनकी आंखें भीगी थीं, अब भी अक्सर जब हम मिलते हैं हँसकर रो देते बाबा।
(लेखक पिण्डवाडा ,सिरोही से है)

## जागरूक खबरें

### सेनेटाइज का किया छिड़काव



**फतेहपुर (बेसवा) @ जागरूक जनता।** मौहम्मद इमरान बेसवा ने बताया कि-बिरला अस्पताल पिलानी के निदेशक डॉ मधशुधन मालानी के निर्देशन में स्पेशल सेनिटाइजर मशीन द्वारा गांव बेसवा में कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए सेनेटाइजर का छीडकाव किया गया । सेनेटाइजर छीडकाव की यह महिम पूरे जिले के लिए शूरु की गई है। डा मालानी ने यह संकल्प लिया है कि इस मशीन के द्वारा जिले के सभी गांव ढाणियों में छीडकाव किया जायेगा। बेसवा गाव की तरफ से पर्यावरण बचाओ अभियान के तहत डॉ मालानी का पेड़ देकर स्वागत किया गया। डॉक्टर मालानी ने मौहम्मद इमरान बेसवा को पुस्तक और गिफ्ट भेंट करके सम्मानित किया गया। बेसवा गाव के बशीर खा, नवाब खा, जाफर खा,हसमत खा, टोरु राम जी,खान मो खा, डॉ बशीर खा,मुस्ताक खा, सिकंदर खा, बाबू खा, तौफीक खा, केप्टन शौकत खा, लियाकत खा, महबूब अली खा, इस्लाम खा और गाव के मोजिज लोग उपस्थित थे।

### बाढ़ बचाव को लेकर बैठक आयोजित



**सिरोही @ जागरूक जनता।** जिले में वर्ष 2021 की वर्षा ऋतु में संभावित बाढ़ चक्रवात/ अतिवृष्टि की स्थिति के दौरान बचाव एवं राहत व्यवस्थाऐं सुनिश्चित करने हेतु जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण एवं बाढ़ बचाव के संबंध में बैठक जिला कलक्टर कार्यालय परिसर राजीव गांधी सेवा केन्द्र वीसी से जिला कलक्टर भगवती प्रसाद की अध्यक्षता में ब्लॉक से जुडे अधिकारियों की मौजूदगी में आयोजित हुई। बैठक मे मुख्य कार्यकारी अधिकारी भागीरथ विश्नोई, अति. मुख्य कार्यकारी अधिकारी कालूराम खौड, उपखंड अधिकारी हंसमुख कुमार, जलदाय, जल संसाधन, पशुपालन, विद्युत एवं सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधीक्षण अभियन्ता, जिला परिवहन अधिकारी समेत ब्लॉक से जुडे अधिकारी मौजूद थे।

### नव प्रसुताओं के लिए कुर्सियां भेंट



**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** महावीर इंटरनेशनल देशना वीर केंद्र संस्थान द्वारा बुधवार को महिला एवं बाल जिला चिकित्सालय के आंचल मदर मिल्क बैंक में नव प्रसूताओं को बैठने के लिए चार कुर्सियां भेंट की गई। महावीर इन्टरनेशनल देशना वीरा केन्द्र की अध्यक्षा सुनीता सिसोदिया ने बताया, कि महिला एवं बाल चिकित्सालय में 'आँचल मदर मिल्क बैंक' को उनकी आवश्यकता के अनुरूप नव प्रसुताओं के लिए 4 कुर्सियां भेंट की गई। इससे नव प्रसुताओं को बैठने के लिए आरामदायक कुर्सियों से सुविधा मिलेगी। इस कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मदर मिल्क बैंक प्रभारी सविता थी, सविता ने इस सराहनीय कार्य के लिए देशना को धन्यवाद ज्ञापित किया। इस कार्यक्रम में देशना केन्द्र की निदेशक (वात्सल्य) विमला सेठिया, सचिव विनिता जैन, प्रिया दोशी, रेखा डांगी, कल्पना मेहता, संजना मेहता एवं ज्योति चोपड़ा उपस्थित थी।

### गायों को चारा डाल मनाया पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष का जन्मदिन



**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गाँधी का जन्म दिवस गायों को चारा डाल कर मनाया गया। द जिला प्रवक्ता अहसान पठान ने बताया, की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गाँधी का जन्म दिवस ए आय सी सी सदस्य पूर्व विधायक सुरेन्द्र सिंह जाड़ावत, नगर परिषद् सभापति संदीप शर्मा, जिला संगठन महामंत्री करण सिंह सांखला,शहर ब्लॉक अध्यक्ष प्रेम प्रकाश मूंदड़ा की उपस्थिति में गोपाल गोशाला में गायों को चारा खिलाकर मनाया एवं उनकी दिर्गायु की कामना की। इस दौरान जिला उपाध्यक्ष प्रमोद सिसोदिया कमल गुर्जर, महासचिव गजानंद गुर्जर, सचिव जीतू कीर, रणजीत लोठ आदि कांग्रेसजन मौजद रहे।

### सर्व समाजजनों ने दी आचार्य ऋषभचंद्र सूरि को श्रद्धांजलि



**निम्बाहेड़ा @ जागरूक जनता।** मोहनखेड़ा तीर्थ विकास प्रेरक, गच्छाधिपति आचार्य श्री ऋषभचंद्र सूरि म सा के देवलोकगमन के पश्चात श्रद्धांजलि सभा के अंतर्गत सुभाष सांस्कृतिक सीएल ग्रुप के तत्वावधान में भजन सन्ध्या का आयोजन किया गया जिसमें नगर के कलाकारो द्वारा भजन प्रस्तुत किये गए। सीएल ग्रुप के हरीश माली ने बताया कि गुरुदेव के निधन पर भजन सन्ध्या व श्रद्धांजलि सभा रखी गयी जिसमे गायक कलाकारो नरेन्द्र माली, जगदीश चंद्र शर्मा, नवरत्न शर्मा, ममतेश सिंधी ने गीत भजन प्रस्तुत करते हुवे आचार्य श्री को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की वहीं समाजजनों ने गुरुदेव के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। इस अवसर पर त्रिस्तुतिक संघ अध्यक्ष मनीष बाबेल, महामंत्री शेरसिंह पारख, चांदमल विराणी, पालिका के पूर्व उपाध्यक्ष पारस पारख, मनोज चपलोत, स्थानकवासी संघ मन्त्री आनन्द सालेचा, मनोज ढेलावत, भरत लोढा, राजेश रांका, सुरेश बोडाना, अग्रवाल समाज के अनिल अग्रवाल, लक्की आहूजा, समता युवक संघ के सुशील लोढा, सुबोध लोढा, राजेंद्र नवयुवक परिषद मन्त्री दीपक सेठिया, मुकेश ढेलावत, अरविंद रांका, कपील कदम, पृथ्वीराज मीणा, ओम कुमावत, भूपेंद्र चौधरी, डूंगरसिंह खत्री, अनिल बोडाना सहित अन्य समाज के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

### कौस्तुभ, अंशुल ओर रिद्धि रहे प्रथम



**जयपुर @ जागरूक जनता।** सेंट जेवियर स्कूल, नेवटा के विद्यार्थियों कौस्तुभ शर्मा, अंशुल चौधरी और रिद्धि बुला ने राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा (प्रथम स्तर) सफलता प्राप्त की है। विद्यालय प्रधानाध्यापक फादर जॉन रवि ने विद्यार्थियों की इस सफलता पर शुभकामनाएं दी है और उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है।

---

जिला कलक्टर ने पहुंच कर देखा सफाई कार्य

# दुर्ग की बावड़ियों का निखर रहा स्वरूप

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net



**चित्तौड़गढ़।** दुर्ग पर स्थित बावड़ियों के सफाई कार्य का जिला एवं सेशन जज केशव कौशिक और जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा ने अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने सफाई कर्मियों का हौसला बढ़ाया और आवश्यक सुझाव दिए। उन्होंने भीम गौड़ी, खातन बावड़ी और कालिका माता मंदिर के सामने स्थित सूरजकुंड का निरीक्षण किया। जहां सफाई के बाद स्थिति में काफी सुधार आ चुका है। मौके पर बावड़ियों में सफाई कार्य कर रही संस्थाओं ने विश्वास दिलाया कि शीघ्र ही शेष कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। उल्लेखनीय है कि जब ज़िला एवं सेशन जज और जिला कलक्टर ने करीब 10 दिन पहले इन बावड़ियों का निरीक्षण किया था तब यहां गंदगी का आलम था, लेकिन सफाई कार्य शुरू होने के बाद बावड़ियों का स्वरूप निखरता नजर आ रहा है। जिला कलेक्टर ने निर्देश दिए हैं कि मानसून के मद्देनजर समय से इस कार्य को पूरा कर लिया जाए ताकि आने वाले समय में यहां एकत्रित होने वाले पानी का सदुपयोग किया जा सके एवं पर्यटकों के सामने चित्तौड़गढ़ की अच्छी तस्वीर जाए। निरीक्षण के दौरान यूआईटी सचिव सी डी चारण एवं एएसआई के वरिष्ठ संरक्षण सहायक रतनलाल जीतरवाल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### बा-बापू अभियान कार्यक्रम आयोजित

**तारानगर @ जागरूक जनता।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के 150 वीं जयंती समारोह एवं स्वतंत्रता दिवस के वर्षगांठ के अन्तर्गत 21 जून को उपखण्ड कार्यालय में बा-बापू अभियान कार्यक्रम आयोजित किया गया। उपखण्ड अधिकारी मोनिका जाखड़ पालिका अध्यक्ष प्रियंका बानो पालिका अधिशाषी अधिकारी अरूण कुमार सोनी, बीडीओ संतलाल मीणा,एवं एलडी जोशी द्वारा बापू वाटिका का निर्माण कर वाटिका में छायादार वृक्ष एवं पौधे लगाये गये। मानसून सत्र में वाटिका में फलदर, फूलदार पेड़ लगाकर हरा भरा किया जायेगा। इस अवसर पर पालिका कार्मिक लक्खूसिंह, नितेश उपाध्याय, राजेश कुमार एवं सफाई कार्मिक, उपखण्ड कार्यालय कर्मचारी आदि द्वारा पेड़-पौधे लगाये गये।

## कैंसर पीड़ित मासूम राधिका को आर्थिक मदद



**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net

**उदयपुर।** बांसवाड़ा जिले के टामटिया गांव की बालिका के कैन्सर रोग के उपचार के लिए नारायण सेवा संस्थान ने आर्थिक सम्बल प्रदान किया है। अध्यक्ष प्रशान्त अग्रवाल ने बताया कि आदिवासी श्रमिक धन्ना कटारा की 6 साल की बेटी राधिका यहां गीतांजलि हॉस्पीटल में भर्ती है। दिन-ब-दिन गिरते स्वास्थ्य के चलते जांच पर कैन्सर होना पाया गया। संस्थान निदेशक वंदना अग्रवाल हॉस्पीटल गई और आर्थिक सहयोग देते हुए उपचार होने तक राशन, भोजन, एम्बुलेंस व वस्त्रादि की व्यवस्था का भी भरोसा दिलाया।

#### मिल्खा सिंह को श्रद्धांजलि

1958 के कॉमनवेल्थ चैम्पियन एथलीट मिल्खा सिंह व उनकी पत्नी के निधन पर नारायण सेवा संस्थान के संस्थान चेयरमैन कैलाश मानव ने गहरा दुख करते हुए कहा कि वे संस्थान के मार्गदर्शक और परम हितैषी थे।

## बेटे के शव को दुलारते हुए मां कह रही थी- उठ जा मेरे बच्चे, उठ जा, कुछ ही देर में मासूम की सांसें चलने लगीं

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net

**बहादुरगढ़ (हरियाणा)।** इसे चमत्कार नहीं तो क्या कहें? एक मां की करुण पुकार भगवान ने सुन ली। 20 दिन पहले उसके छह साल के बेटे को डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया था। परिवार अंतिम संस्कार की तैयारी कर रहा था। मां अपने बेटे के सिर को चूमते हुए बार-बार कह रही थी- उठ जा मेरे बच्चे, उठ जा। तभी उसके शरीर में हरकत होने लगी। दोबारा इलाज शुरू हुआ और मंगलवार को वह रोहतक के अस्पताल से हंसता-खेलता अपने घर लौट आया।



#### दिल्ली में टाइफाइड का इलाज चल रहा था

**मामला** हरियाणा के बहादुरगढ़ का है। यहां रहने वाले हितेश और उनकी पत्नी जाह्नवी ने बताया कि उनके बेटे को टाइफाइड हो गया था। उसे इलाज के लिए दिल्ली ले गए थे। 26 मई को डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वे शव लेकर बहादुरगढ़ लौट आए।

#### शव रखने के लिए बर्फ और अंतिम संस्कार के लिए नमक बुलवा लिया था

**बच्चे** के दादा विजय शर्मा ने बताया कि उन्होंने शव को रातभर रखने के लिए बर्फ और सुबह दफनाने के लिए नमक का इंतजाम कर लिया था। मोहल्ले वालों को सुबह श्मशान घाट पर पहुंचने को कह दिया था।

#### सांसें लौटने पर भी बचने की 15% उम्मीद थी

**इसके** बाद 26 मई की रात को ही बच्चे को रोहतक के एक प्राइवेट अस्पताल में ले जाया गया। डॉक्टरों ने कहा कि उसके बचने की सिर्फ 15 फीसदी उम्मीद है। इलाज शुरू हुआ। तेजी से रिकवरी हुई और अब वह पूरी तरह ठीक होकर घर पहुंच गया।

#### पिता ने मुंह से सांस दी तो बेटे ने होंठ पर दांत गड़ाए

**बच्चे** की मां जाह्नवी और ताई अन्नू रोते हुए मासूम को बार-बार प्यार से हिलाकर जिंदा होने के लिए पुकार रही थीं। कुछ देर बाद पैक हुए शव में हरकत महसूस हुई। इसके बाद पिता हितेश ने बच्चे का चेहरा चादर की पैकिंग से बाहर निकाला और उसे मुंह से सांस देने लगे। पड़ोसी सुनील ने बच्चे की छाती पर दबाव देना शुरू किया, जैसा इन लोगों ने फिल्मों में देखा था। इस बीच बच्चे ने अपने पापा के होंठ पर दांत गड़ा दिए।

#### अब गांव में खुशी का माहौल

**अब** बच्चे के पिता हितेश अपने होंठ पर बेटे का दिया जख्म दिखाकर खुशी मना रहे हैं। वहीं, दादा विजय इसे चमत्कार बता रहे हैं। मां ने कहा कि भगवान ने उनके बेटे में फिर से सांसें डाली हैं। इससे परिवार ही नहीं, पूरे गांव में खुशी का माहौल है।

### निधन पर शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की



**चिड़ावा @जागरूक जनता।** पिलानी विधयाक जे पी चन्देलीया की माता मती पाना देवी के निधन पर खुडाना सरपंच महावीर सिंह, ब्ख्तवरपूरा सरपंच आनील कटेवा, लाम्बाह गोठ्ड़ा सरपंच संजय सैनी एव समाजिक कार्यकर्ता सुभाष भांभू अलीपुर ने उनके जयपुर आवास पर जाकर शोक व्यक्त कर श्रद्धांजलि अर्पित की। दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की।

### निर्जला एकादशी को मटके और आम का किया वितरण



**जयपुर @ जागरूक जनता।** निर्जला एकादशी के पुण्य पर्व पर भारत विकास परिषद की ओर से आम एवं शीतल जल से भरे मटके वितरित किये गए। मुरलीपुरा शाखा की अध्यक्ष बीना पारीक ने बताया कि शहर के कई स्थानों पर यह कार्यक्रम किया गया। कार्यक्रम मे शाखा की कार्यकारणी के सदस्यओं ने भाग लिया। कार्यकारिणी सदस्य शिवदयाल मिश्रा ने इसे इंडियन फ्रीज वितरण सेवा बताते हुए कहा कि बिना विद्युत कनेक्शन के झोड़ों मे रहने वाले लोग इन मटकों से ठंडा पानी पी सकेंगे। कार्यक्रम में शाखा सचिव लोकचंद हरिरामाणी, कोषाध्यक्ष कुलदीप साहनी एवं नगेन्द्र वशिष्ठ ने भाग लिया।

अंडर 13 वर्षीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन संपन्न

## 3-1 से चित्तौड़ एफसी ने जीता फाइनल मुकाबला



**इलियास मो. @ जागरूक जनता**
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** शहर के कॉलेज ग्राउंड मैं मेवाड़ क्लब के तत्वाधान में 13 वर्षीय बालकों का फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया एक दिवसीय टूर्नामेंट में 4 टीमों ने भाग लिया। फाइनल मुकाबले चित्तौड़ एफसी ने जीता। आयोजक कोच शकील अहमद ने जानकारी देते हुए बताया कि अंडर 13 वर्षीय फुटबॉल टूर्नामेंट का आयोजन शहर के कॉलेज ग्राउंड मैदान हुआ। इस दौरान फाइनल मुकाबला मेवाड़ फुटबॉल क्लब और चित्तौड़ फुटबॉल क्लब के बीच हुआ। जिसमें चित्तौड़ एफसी ने 3-1 से फाइनल मुकाबले को जीत लिया। फाइनल मुकाबले में अच्छा प्रदर्शन करते हुए तोराब ने तीन गोल दागे। जिसकी बदौलत चित्तौड़ एफसी ने फाइनल मुकाबला जीत लिया। समापन समारोह में पूर्व डेयरी संघ के अध्यक्ष बद्रीलाल जाट द्वारा विजेता टीम को ट्रॉफी प्रदान की साथी क्लब के सदस्यों द्वारा सभी खिलाड़ियों को उत्साह वर्धन करते हुए मोमेंटो प्रदान किए गए। टूर्नामेंट में बेस्ट प्लेयर का अवार्ड मोहम्मद अयान उर्फ मैसी को दिया गया। इस दौरान टूर्नामेंट का मैनेजमेंट मोहम्मद यासीन, मेवाड़ स्पोर्ट्स के पूर्व खिलाड़ी मोहम्मद हुसैन उर्फ रूबी, मोहम्मद समीर, शाहरुख खान, शाकिर खानजी, तालिब अहमद, रिंकू खान आदि शामिल रहे।

हिन्दुस्तान जिंक की पहल

## बनस्टी माइंस से घोसुंडा बांध में रोज 100 लाख लीटर आएगा पानी, बुझेगी शहर की प्यास

### साढ़े आठ किमी की पाइपलाइन का जिला कलेक्टर ने किया विधिवत शुभारंभ

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net





**चित्तौड़गढ़।** हिन्दुस्तान जिंक की सीएसआर पहल के तहत् बनस्टी माइंस से घोसुंडा डेम तक पाइपालाइन से शहर की प्यास बुझ सकेगी। पाइप लाइन का विधिवत उद्घाटन जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा एवं अतिरिक्त मुख्य अभियंता पीएचईडी ललीत करोल एवं हिन्दुस्तान ज़िंक के उप मुख्य प्रचालन अधिकारी स्मेल्टर्स सी चंद्रु ने पूजा अर्चना कर पंप का बटन दबा कर किया। इस अवसर पर मुख्य अभियंता पीएचईडी श्योजीराम, सहायक अभियंता सुरेश सेठी, मुख्य अभियंता एवीवीएनएल केआर मीणा, सहायक अभियंता सीवी सिंह, हिन्दुस्तान ज़िंक से कमोद सिंह, कामाख्या सिंह, सुनिल साबला उपस्थित थे।

इस अवसर पर जिला कलेक्टर ने कहा कि हिन्दुस्तान जिंक के सहयोग से बिछायी गयी इस पाइप लाइन के माध्यम से प्रतिदिन 10 एमएलडी पेयजल घोसुण्डा बांध में पहुंचाया जाएगा जिससे पानी की उपलब्धता दुगुनी हो जाएगी और चित्तौड वासियों की पेयजल की नियमित आपूर्ति संभव हो सकेगी।

हिन्दुस्तान जिंक के उप मुख्य प्रचालन अधिकारी सी चंद्रु ने कहा कि हिन्दुस्तान ज़िंक हमेशा आमजन एवं जिला प्रशासन के सहयोग हेतु तत्पर है। सीएसआर के तहत् बिछाई गयी इस पाईप लाइन से भविष्य में भी शहर में पेयजल संकट के समय आपूर्ति हो सकेगी। शहर की पेयजल आपूर्ति का मुख्य स्रोत घोसुण्डा बांध में वर्तमान में लगभग 40 एमसीएफटी पानी उपलब्ध है वहीं बनस्टी की अनुपयोगी तीन माइंस में 55 एमसीएफट पानी है जिसे पाइप लाइन के माध्यम से घोसुण्डा बांध में प्रतिदिन औसतन 100 लाख लीटर पानी पहुंचाने की योजना है। जिसके बाद शहर को अभी 48 घंटे में होने वाली जलापूर्ति व्यवस्था जल्द नियमित होने की उम्मीद है। जिला कलेक्टर ताराचंद मीणा की पहल पर हाईकोर्ट से अनुमति लेकर बनस्टी से घोसुण्डा तक इस योजना क्रियान्वित किया गया। बनस्टी माइंस से घोसुंडा बांध तक साढ़े आठ किमी पाइपलाइन का कार्य हिन्दुस्तार ज़िंक ने जिला कलेक्टर के निर्देशन में पीएचईडी विभाग के सहयोग से क्रियान्वित किया। बनस्टी माइंस की खदानों में 5 पंप एवं फलेटिंग डक की सहायता से संचालित कर पानी पहुंचाया जाएगा।

### निर्जला एकादशी के दिन पिलाया शीतल पेय



**जयपुर @ जागरूक जनता।** निर्जला एकादशी के पावन पर्व पर बजरंग द्वार कालवाड़ रोड पर गन्ने के रस, शरबत एवं ठंडे पानी का वितरण स्वामी बालमुकुंद आचार्य महाराज हाथोज धाम के सानिध्य में किया गया। आने जाने वाले सभी राहगीरों को ग्रीष्म ऋतु में ठंडा शरबत एवं ठंडा जल पिलाया गया। यह सेवा कार्यक्रम प्रातः 11 बजे से सायं 5 बजे तक आयोजित किया गया। इस अवसर पर स्वामी बालमुकुंद आचार्य महाराज हाथोज धाम ने स्वयं आने जाने वाले राहगीरों को शरबत पिलाया। इस अवसर पर करणी सिंह राठौड़, पंकज अग्रवाल, क्राइम बैन इंडिया के नादान सिंह, उर्मिला राय सहित भाजपा युवा मोर्चा के कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### एसबीआई व्यवस्थापक ओमप्रकाश का किया स्वागत

**जयपुर @ जागरूक जनता।** पूज्य सिंधी पंचायत झूलेलाल मंदिर मुरलीपुरा स्कीम में स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के व्यवस्थापक ओमप्रकाश कालीरावणा का गणमान्य नागरिकों ने स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि ओमप्रकाश कालीरावणा ने मुरलीपुरा स्कीम शाखा में अभी कार्यभार संभाला है। स्वागत कार्यक्रम में निवर्तमान शाखा प्रबंधक प्रेम कुमार गोठवाल भी मौजूद रहे। इस अवसर पर पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष लोकचंद हरिरामानी ने वर्तमान एवं निवर्तमान प्रबंधकों को शॉल ओढ़ाया। भारत विकास परिषद के मीडिया प्रभारी नगेंद्र वशिष्ठ ने आगंतुकों को दुपट्टा पहनाया। कार्यक्रम में छबलदास नवलानी, भवानी सिंह राठौड़, बाबूलाल, कन्हैयालाल, भगवानदास, परमानंद, शशि, गोपी, गिरीश कुमार, भूमिका कृपलानी, मीना, लाजवंती, कैलाश जांगिड़, मोहन नामदेव, कविता गंगवानी एवं गायत्री परिवार के सदस्य सम्मिलित हुए।

ANCHOR तीसरी नजर

## एंबुलेंस पर अब रहेगी तीसरी नजर, लगाने होंगे जीपीएस सिस्टम

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net

**चित्तौडगढ़।** इस जीपीएस सिस्टम के माध्यम से सरकार हर एंबुलेंस पर नजर रखेगी कि एंबुलेंस कितने किलोमीटर चली है, उसकी लोकेशन क्या है। एंबुलेंस चालकों द्वारा निर्धारित से अधिक किराया वसूलने, छोटे रूट के बजाय लंबे मार्ग से एंबुलेंस को ले जाने, मरीजों और उनके परिजनों के साथ अभद्र व्यवहार या अप्रिय घटना और आपराधिक कृत्य जैसे मामलों पर अंकुश लगाने के लिए अब परिवहन विभाग भी अलर्ट मोड पर आ गया है। इन पर लगाम कसने के लिए अब सभी एंबुलेंस वाहनों में व्हीकल लोकेश ट्रेकिंग सिस्टम लगाए जाएंगे। इस संबंध में एक आदेश भी जारी किया गया है, जिसमें सभी एंबुलेंस धारकों को अपने वालों में जीपीएस सिस्टम यानी व्हीकल लोकेशन ट्रेकिंग सिस्टम लगवाना होगा।

#### पैनिक बटन भी लगवाना होगा

**एंबुलेंस** में अब एक पैनिक बटन भी अनिवार्य रूप से लगवाना होगा, ताकि रास्ते में किसी तरह की परेशानी होने की स्थिति में मरीज के परिजन इस बटन का उपयोग कर सकेंगे। इस बटन के जरिए सूचना सीधी पुलिस और परिवहन विभाग तक पहुंचेगी। इसको अभय कमाण्ड सेंटर से भी जोड़ा जाएगा। यह लोकेशन ट्रेकिंग सिस्टम राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र से जोड़ा जा रहा है। इसके अलावा वाहन सॉफ्टवेयर से इंटीग्रट व नेटवर्किंग करते हुए परिवहन मुख्यालय जयपुर स्तर से मॉनिटरिंग की जाएगी। कोरोना महामारी के इस दौर में मरीजों और उनके परिजनों के लिए यह प्रयोग मददगार साबित होगा।

#### एक माह में लगवाना होगा जीपीएस सिस्टम

**प्रदेश** के प्रादेशिक परिवहन अधिकारियों और जिला परिवहन अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्र में पंजीकृत एंबुलेंस वाहनों में एक माह में जीपीएस सिस्टम लगवाने होंगे। इसमें वाहनों में उसी के निर्माता की ओर से विशेष रूप से अनुमोदित एआईएस-140 मानक का डिवाइस स्थापित किया जाना है। केन्द्रीय मोटरयान नियम 1989 के नियम 125 एच में सार्वजनिक सेवा यानों में व्हीकल लोकेशन ट्रेकिंग डिवाइस और आपातकालीन बटन लगाने के प्रावधान किए गए हैं। एंबुलेंस वाहनों को परिवहन यान की श्रेणी में रखा गया है, जो नागरिक सुरक्षा की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना गया है।

#### शिकायतों के बाद सतर्क हुई सरकार

**कोरोना** काल में प्रदेश भर में एंबुलेंस धारकों की ओर से रोगियों से मनमाना किराया वसूलने और अभद्र व्यवहार की घटनाएं सामने आने के बाद सरकार में एंबुलेंस में जीपीएस सिस्टम लगाने के निर्देश दिए है।

ऑनलाइन आवाम चित्रकला प्रतियोगिता

## विपुल व हिमांशु रहे प्रथम



**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net

**झुंझुनू।** विश्व पर्यावरण दिवस पर आयोजित जिला स्तरीय ऑनलाइन आवाम की ओर से चित्रकला प्रतियोगिता का परिणाम सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग झुंझुनू के सहायक निदेशक नरेश बारोठिया ने घोषित किया। ऑनलाइन चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सीताराम बुडाना और मुकेश हालु बाडलवासने बताया कि इसमें जिले की विभिन्न बच्चों ने भाग लिया। आवाम ग्रुप की ओर से आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता में 400 प्रतिभागियों ने भाग लिया। इसमें जिले के अलग-अलग जगहों के बच्चे शामिल हुए।उन्होंने बताया है कि दो वर्ग में हुई प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग में हिमांशु किरोड़ीवाल प्रथम, अनमोल रोलान द्वितीय और आदित्य कांटीवाल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में सीनियर वर्ग में विपुल सैनी प्रथम, धनेश कुमार खींचड़ द्वितीय तथा चंचल सोनी तृतीय स्थान पर रही।सहायक निदेशक बारोठिया ने बताया कि आवाम ग्रुप द्वारा कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुए बच्चों में सृजनात्मकता के विकास के लिए ऑनलाइन चित्र प्रतियोगिता का आयोजन किया गया । जो एक बहुत ही सराहनीय प्रयास रहा। बच्चों ने पर्यावरण संरक्षण खुशहाल जीवन का आधार विषय पर एक से बढकर एक पेंटिंग प्रविष्ठियां प्रेषित की।विजेताओं को कोविड परिस्थितियां सामान्य हो जाने पर एक भव्य समारोह आयोजित करके पुरस्कृत व सम्मानित किया जाएगा।


Smaller EMIs on 30 YEAR HOME LOANS
8.45%*
Interest Rate
housing mortgage loan also available
अब अपनी पुरानी गाड़ी पर
तक लोन करवायें...
कीमत का 150%
शर्तें लागू*
IDFC FIRST Bank
BAJAJ
Bajaj FinServ Limited
TATA CAPITAL
We only do what's right for you
Mahindra
Finance
ICICI Bank
Home Loans
khayaal aapka
MAGMA
Investing in the smallest dream
HeroFinCorp.
sk FINANCE
HDFC BANK
We understand your world
authorised channel partner
Aarna associate
Call us : 9828333666

/jagrukjantanews jagruk_janta /jagrukjanta

Jagruk Janta

# जागरूक जनता

Digital Edition

Reliable Weekly News Paper

jagrukjanta.net

जयपुर, बुधवार, 23 जून, 2021

# जीव दया के बगैर आत्मा का कल्याण नहीं- सहमंत्री टांक

## जागरूक जनता के अभियान की शहरी व ग्रामीण क्षेत्र में लोगो ने की सराहना





**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net

**पीपाड़ शहर।** कोरोना के दुष्प्रभाव की वजह से जहां आमजन व्यथित है वही प्राणीमात्र के जीवन पर भोजन के अभाव मे संकट आ गया है, लेकिन कोरोना की वजह से लोगो के घरो मे कैद होने की वजह से मुक प्राणी मात्र गाय, नन्दी, पंछीयो, श्वानो, जलीय जीवों को प्रयाप्त भोजन नही मिल रहा है, अबोध प्राणी भुख से व्याकुल है, मूक प्राणियों को गर्मियों में शीतल-जल के साथ दाने की व्यवस्था करना हम सभी का दायित्व है। हमें भी उनके लिए दाना-पानी की व्यवस्था करनी चाहिए। इस अभियान में जागरूक जनता न्युज पेपर के विशेष अभियान के तहत पीपाड़ शहर के कुछ युवाओ ने एक जीव दया मित्र मण्डल ग्रुप के तहत जगह-जगह यह अभियान कोराना काल से निरंतर चल रहा है जिसमें मानव सेवा के लिए कदम खंडी जोधपुर,मोर व अन्य पक्षियों के लिए बाड़ा, मच्छलीयों व कच्छवहों और अन्य जलीय जीवों के लिए खेजड़ला रोड़ स्थित लटियाली नाडी, हिरणों के लिए जाजीवाल धोरा जहा हिरणों को अपने परिवार का सदस्य मानकर वर्षों से सेवा करने वाले बिश्नोई समाज का वन्यजीव प्रेम देखने के लिए सात समंदर पार से लोग विशेष तौर पर आने लगे हैं। वहीं देश विदेश से आने वाले परिवार बाकायदा बिश्नोई समाज के परिवारों के साथ-साथ जाजीवाल धोरा गांव स्थित जंभेश्वर भगवान के मंदिर में जाकर देखते हैं तो हैरान रह जाते हैं कि किस तरह बेखौफ होकर मोर पंख फैलाकर खूबसूरती से नाच रहा था तो वहीं दूसरी ओर मंदिर परिसर में ही विचरण करने वाले हिरण परिवार के सदस्य की तरह कुलांचे भर रहे हैं और बड़े ही लाड-चाव से चने खाते पीते अपनी मस्ती में ही विचरण करते रहते हैं। इसमें वानर सेना के लिए केले, खीरा कक्डी, तरबूज, चने, मूगंफली और गौ सेवार्थ और हिरणों के लिए हरा चारा व कई तरह के फल फरूट यहां सब्जीया आप इनको को खिला सकते हैं। इस अभियान के दौरान बाबा रामदेव समाज सेवा संस्थान के राष्ट्रीय अध्यक्ष करण सिंह राठौड़, बजरंग दल पीपाड़ प्रखंड के सहमंत्री अरविंद टांक, सरदारपुरा जोधपुर विधानसभा के अध्यक्ष अशोक गहलोत,समाज सेवी मेहराम गहलोत, तेजराज जागिड़, महेंद्र पटेल, सुभाष गहलोत, दिनेश माली गायक कलाकार, दिनेश, करण, अर्जुन टांक, इस मिशन में निरन्तर सेवा दे रहे है।



## सुप्रीम कोर्ट से 12वीं के रिजल्ट का रास्ता साफ

# CBSE और ICSE की असेसमेंट स्कीम को मंजूरी

### एग्जाम रद्द करने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाएं भी खारिज

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने CBSE और ICSE की परीक्षाओं को रद्द करने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं को खारिज कर दिया है। साथ ही छात्रों के परीक्षा पैटर्न का मूल्यांकन करने के लिए बोर्ड की ओर से लाई गई इवैल्यूएशन स्कीम को आगे बढ़ाने की भी अनुमति दे दी है।

जस्टिस ए. एम. खानविल्कर और जस्टिस दिनेश माहेश्वरी की बेंच ने CBSE कंपार्टमेंट, प्राइवेट एग्जाम रद्द करने की मांग वाली 1152 छात्रों की याचिका पर भी सुनवाई की। इस पर केंद्र सरकार ने कहा कि स्टेट और सेंट्रल बोर्ड को एक ही नियमों में नहीं बांधा जा सकता। हर बोर्ड के अपने नियम कायदे हैं और वे अपने हिसाब से असेसमेंट पॉलिसी तय करने का अधिकार रखते हैं। इसके साथ ही कोरोना महामारी में स्टूडेंट्स को सुरक्षित रखना ज्यादा जरूरी है। इसलिए एग्जाम नहीं करवाया जा सकता। बेंच ने छात्रों को मूल्यांकन स्कीम या परीक्षा में बैठने में से किसी एक विकल्प को चुनने की मांग को ठुकरा दिया। इसके साथ ही 12वीं के फिजिकल एग्जाम जुलाई में ही आयोजित कराने से भी कोर्ट ने इनकार कर दिया। कोर्ट ने इवैल्यूएशन स्कीम में स्कूलों द्वारा धांधली की आशंका के आरोप पर भी किसी तरह का आदेश देने से मना कर दिया। बेंच को बताया गया कि इसके लिए बाकायदा एक रिजल्ट कमेटी बनाई गई है। कमेटी में स्कूल के अलावा बाहरी सदस्य शामिल होंगे।




### स्टूडेंट्स को मूल्यांकन के फॉर्मूले पर आपत्ति

स्टूडेंट्स और पेरेंट्स की ओर से वरिष्ठ वकील विकास सिंह ने कहा कि अब कोरोना संक्र मण के मामले कम हो गए हैं। ऐसे में फिजिकल एग्जाम कराए जाने चाहिए। उन्होंने तर्क दिया कि एक सीनियर मैथ्स टीचर भी ICSE और CBSE के मूल्यांकन के तैयार फॉर्मूले को नहीं समझ पा रहे हैं, तो स्टूडेंट्स कैसे समझेंगे।

### 15 अगस्त से 15 सितंबर के बीच होंगे CBSE एग्जाम

सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान बेंच ने कहा कि दोनों ही केंद्रीय बोर्ड के 12वीं के मूल्यांकन मानदंड में समानता होनी चाहिए। साथ ही रिजल्ट की घोषणा भी एक साथ करनी चाहिए। शीर्ष अदालत ने दोनों बोर्ड द्वारा पेश किए गए क्राइटेरिया को स्वीकार कर लिया है। सुनवाई के दौरान बोर्ड ने बताया कि 31 जुलाई को नतीजे घोषित किए जाएंगे। साथ ही अगर हालात सामान्य हुए तो एग्जाम 15 अगस्त से 15 सितंबर के बीच कराए जा सकते हैं। ऑप्शनल एग्जाम में मिले अंकों को ही फाइनल माना जाएगा।

### CBSE का फॉर्मूला

10वीं के 5 सब्जेक्ट में से जिन 3 में छात्र ने सबसे ज्यादा स्कोर किया होगा, उन्हीं को रिजल्ट तैयार करने के लिए चुना जाएगा।
11वीं के पांचों विषयों और 12वीं कक्षा के यूनिट, टर्म या प्रैक्टिकल में प्राप्त अंकों को रिजल्ट का आधार बनाया जाएगा।
10वीं और 11वीं के नंबर को 30-30% और 12वीं के नंबर को 40% वेटेज दिया जाएगा।
जो बच्चे परीक्षा देना चाहते हैं, उनके लिए हालात सामान्य होने पर अलग परीक्षा की व्यवस्था की जाएगी।

## फ्रंटलाइन वर्कर्स के लिए 6 क्रैश कोर्स शुरू

# वायरस के आगे भी म्यूटेड होने की आशंका-मोदी

### आने वाली चुनौतियों के लिए तैयार रहना होगा



**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए कोरोना फ्रंटलाइन वर्कर्स के लिए तैयार किए गए क्रैश कोर्स प्रोग्राम की शुरुआत की। यह क्रैश कोर्स देश के 26 राज्यों में शुरू किया जा रहा है। इसके लिए करीब 111 ट्रेनिंग सेंटर बनाए गए हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि कोरोना की दूसरी वेव में हमने देखा कि कोरोना वायरस का बदलना हमारे सामने किस तरह की चुनौतियां ला सकता है। वायरस अभी भी हमारे बीच है। इसके म्यूटेड होने की आशंका भी बनी हुई है। इसलिए आने वाली चुनौतियों से लड़ने के लिए देश को तैयार करना होगा। इसीलिए आज एक लाख फ्रंटलाइन वर्कर्स को तैयार करने का महाभियान शुरू हो रहा है।

## प्रधानमंत्री के संबोधन की 5 अहम बातें

### एक लाख युवाओं को ट्रेंड किया जाएगा

**कोरोना** से लड़ रही फोर्स को सपोर्ट करने के लिए देश के एक लाख युवाओं को ट्रेंड करने का निर्णय किया है। यह काम दो-तीन महीने में ही हो जाएगा, इसलिए यह तुरंत ही उनके लिए उपलब्ध हो जाएंगे। देश के टॉप एक्सपर्ट्स ने ये क्रैश कोर्स डिजाइन किया है। आज छह कस्टमाइज कोर्स लॉन्च किए जा रहे हैं। इस अभियान से कोविड से लड़ रही हमारी हेल्थ सेक्टर की फ्रंट लाइन फोर्स को नई मदद मिलेगी।

### स्किल, रीस्किल और अपस्किल का मंत्र दिया

**स्किल,** रीस्किल और अपस्किल यह मंत्र बहुत मददगार होगा। बदलती परिस्थितियों के अनुसार अपनी स्किल को वैल्यूएड करना अपस्किल है और इस समय इसी की मांग है। स्किल, रीस्किल और अपस्किल के महत्व को समझते हुए देश में स्किल इंडिया मिशन शुरू किया गया है। पहली बार अलग से कौशल विकास मंत्रालय बनाया गया। केंद्र और ITI खोलना, उनमें लाखों नई सीटें जोड़ना इस पर लगातार काम किया गया।

### पैरा मैडिकल स्टाफ, स्वास्थ्य सेवा पर फोकस

**इस** बात की देश में बहुत चर्चा नहीं हुई कि स्किल इंडिया के प्रोग्राम ने देश को कितनी बड़ी ताकत दी। कोरोना की चुनौती हमारे सामने आई है, तब से कौशल विकास मंत्रालय ने लोगों को ट्रेंड करने में बहुत महत्वपूर्ण काम किया है। साथियों हमारी जनसंख्या को देखते हुए पैरा मैडिकल स्टाफ और स्वास्थ्य सेवाओं में बीते कुछ वर्षों में बहुत फोकस तरीके से काम किया गया है।

### हेल्थ प्रोफेशनल्स तैयारी का काम चल रहा

**नए** एम्स और नए नर्सिंग कॉलेज के काम पर बहुत बल दिया गया है। इसी तरह मेडिकल एजुकेशन और रिफॉर्म्स को प्रोत्साहित किया जा रहा है। आज जिस गति से हेल्थ प्रोफेशनल्स तैयार करने का काम चल रहा है, वह बहुत अभूतपूर्व है। आशा, ANM और गांव-गांव में तैनात हमारे कर्मचारी, भौगोलिक परिस्थिति कितनी भी विषम हो, ये साथी अपनी सेवाएं देने में जुटे हैं। टीकाकरण अभियान को सफल बनाने में इन साथियों ने बहुत बड़ी भूमिका अदा की है।

### युद्ध स्तर पर कोरोना से जंग जारी

**कोरोना** महामारी ने साइंस, सरकार, समाज, संस्था और व्यक्ति के रूप में हमें अपनी क्षमताओं का विस्तार करने के लिए सतर्क किया है। देश के दूर सुदूर में अस्पतालों तक वेंटिलेटर्स, ऑक्सीजन कन्संट्रेटर्स तेज गति से पहुंचाने का काम किया जा रहा है। डेढ़ हजार से ज्यादा ऑक्सीजन प्लांट लगाने का काम युद्ध स्तर पर जारी है।

### ट्रेनिंग के दौरान और बाद में फायदे

**फ्रंटलाइन** वर्कर्स के खास ट्रेनिंग प्रोग्राम के तहत उम्मीदवारों को फ्री ट्रेनिंग के साथ खाने और रहने सुविधा, स्टाइपेंड, स्किल इंडिया का सर्टिफिकेट और सर्टिफाइड उम्मीदवारों को 2 लाख रुपए का दुर्घटना बीमा भी दिया जाएगा। फ्रंटलाइन वर्कर्स की ट्रेनिंग पूरी होने के बाद उम्मीदवार DSC/SSDM की व्यवस्था के तहत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों, स्वास्थ्य सुविधाओं और अस्पतालों में काम कर सकेंगे।




ANCHOR

## हाथी गांव की कहानी






# लॉकडाउन में हाथी पालने के लिए मकान बेचे, एक वक्त खाना खाया

### फिर जिंदगी के पटरी पर आने की उम्मीद




जागरूक जतना
प्रकाशित समाचार

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** कोरोना महामारी के दौर में जयपुर के पास आमेर में जयपुर-दिल्ली हाईवे पर बसा देश का इकलौता हाथी गांव फिर से मुस्कुरा उठा। यहां महावतों और हाथी मालिकों के चेहरे पर फिर से खुशी देखने को मिली। इसके पीछे बड़ी वजह है कि दो महीने बाद हाथी सवारी पर लगा लॉक हटा दिया गया। लॉकडाउन की वजह से 17 अप्रैल से आमेर में हाथी सवारी बंद कर दी गई थी। बीते दिनों एक बार फिर से सजे-धजे हाथी महावतों के साथ पर्यटकों को सैर करवाने के लिए आमेर महल के हाथी स्टैंड पर पहुंचे।

### हाथी सवारी शुरू, महावतों के चेहरों पर आई खुशी

**हाथी** गांव में प्रवेश करने के बाद करीब आधा किलोमीटर अंदर एक बड़े तालाब में हथिनी लक्ष्मी को नहलाते हुए महावत नजर आए। सबके चेहरों पर एक अलग खुशी थी। वे सब मिलकर लक्ष्मी को तालाब में सुबह 6 बजे से नहला रहे थे। ताकि उसे सजा धजाकर आमेर में पर्यटकों के स्वागत में खड़ा कर सकें। भास्कर संवाददाता ने महावतों से बातचीत शुरू की तो उनकी खुशी के पीछे छिपा दर्द भी सामने आया जो कि उन्होंने लॉकडाउन में सहन किया। हाथी सवारी के बंद होने की वजह से रोजी रोटी का संकट खड़ा हो गया था।

### सभी महावत हाथी पालने में एक दूसरे का करते हैं सहयोग

**महावतों** ने बताया कि कोरोना की पिछली लहर में भी हाथी सवारी बंद हो गई थी। सभी मांगलिक समारोह बंद हो गए थे। ऐसे में किसी तरह नौ महीने पेट की भूख छिपाकर गुजारे। इसके बाद नवंबर 2020 में हाथी सवारी फिर से शुरू हुई तब सोचा था कि आमेर में पर्यटन फिर से गुलजार होगा। टूरिस्ट आएगा और फिर जिंदगी पटरी पर आएगी। लेकिन खुदा को कुछ और ही मंजूर था।

### 11 महीने बंद रही हाथी सवारी

**महावतों** का कहना है कि हमने कभी नहीं सोचा था कि जल्द ही कुछ महीनों बाद कोरोना की दूसरी लहर दोबारा आएगी और हाथी सवारी बंद हो जाएगी। ऐसा ही हुआ और 17 अप्रेल से पर्यटन स्थल बंद हो गए। आमेर में हाथी सवारी पर भी लॉक लग गया। हाथियों को पालना मुश्किल होने से महावतों के कुछ परिवार अपने गांव लौटने को भी मजबूर होने लगे थे। वे अन्य कामों में मजदूरी करने को विवश हो गए हैं ताकि परिवार को पाल सकें। यहां महावत एक वक्त का खाना खाकर हाथियों को पाल रहे थे। हाथी गांव में मौजूद हाथी मालिक आसिफ खान ने बताया कि एक तरफ कोरोना संक्रमण का डर था तो दूसरी तरफ इससे बड़ा संकट हाथी मालिकों के लिए खड़ा हो गया था। दरअसल गांव में मौजूद 100 महावतों के परिवार के करीब 500 सदस्यों, 85 हाथियों और खुद के परिवार को पालने के लिए जेवर गिरवी रख दिए। अपना घर भी बेच दिया। लाखों रुपए का कर्ज भी उधार ले लिया।

### फिर शुरू हुई हाथी सवारी

**एक-एक** दिन को गुजारना मुश्किल हो गया था। वे बड़ी आस लेकर बैठे थे कि किसी तरह कोरोना की बीमारी खत्म हो और फिर से हाथी सवारी शुरू हो ताकि रोजी रोटी निकल सके। आखिरकार, सरकार ने उनकी सुन ली। वहीं, इसके पहले 14 जून को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने भी हाथी मालिकों के आर्थिक संकट को देखते हुए डेढ़ हजार रुपया एक हाथी को रोजाना मुहैया करवाने का पैकेज जारी किया था। हाथी के खाने-पीने का एक दिन का खर्च करीब 2500 रुपए आता है, लेकिन कमाई फिलहाल जीरो थी।




### पिछले साल 5 माह में 4 हाथियों की मौत

**कोरोना** काल में पिछले पांच महीने हाथी और महावतों पर कहर बनकर टूटे हैं। इस दौरान चार हाथियों की मौत हो गई। 4 सितंबर को ही गांव में 99 नम्बर की एक हथिनी रानी ने दम तोड़ दिया था। उसे करीब 10 साल पहले असम से जयपुर के हाथी गांव लाया गया था। इसके अलावा पिछले साल सितंबर माह में बिहार के चंपारण के रहने वाले महावत राजपाल ने खुदकुशी कर ली थी।

### गांव में 63 हाथियों के लिए बने हैं बाड़े

**हाथी** गांव कल्याण समिति से जुड़े बल्लू खान ने बताया कि देश का पहला और एकमात्र हाथी गांव है, जिसे 2010 में जयपुर-दिल्ली हाईवे पर 120 बीघा में बसाया गया था। यहां लगभग 100 हाथी है। देश-विदेश के सैलानी यहां हाथियों और उनके महावतों की रोजमर्रा की जिंदगी को करीब से देखने आते रहे हैं। यहां हाथियों के रहने के लिए 63 शेड होम बने हुए हैं। करीब 20 फीट से ऊंचे और चौड़े हैं। एक ब्लॉक में तीन हाथियों के लिए शेड होते हैं। इसके पास इनके महावतों और परिवार के ठहरने के लिए कमरे बने हैं। बच्चों के खेलने के लिए लॉन है। हाथियों के नहाने के लिए तीन बड़े तालाब हैं।

## जागरूक खबरें

### राज्यस्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा में छात्र भव्य की चौथी रैंक



**जयपुर @ जागरूक जनता।** माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान द्वारा आयोजित राज्यस्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा,वाणिज्य संकाय के राजस्थान बोर्ड से सम्बद्ध विधालयों में श्री माहेश्वरी सीनियर सैकण्डरी स्कूल, तिलक नगर के छात्र भव्य खण्डेलवाल ने चौथा स्थान प्राप्त किया। विद्यालय के कार्यवाहक प्रधानाचार्य अजय कुमार गुप्ता ने बताया कि राज्यस्तरीय प्रतिभा खोज परीक्षा (एसटीएसई) राज्य स्तर की छात्रवृत्ति योजना है। इस परीक्षा के अंतर्गत विद्यार्थियों के बौद्धिक व शैक्षिक योग्यता का परीक्षण कर उन्हें आगामी प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए तैयार किया जाता है। उन्होंने बताया कि विद्यालय स्तर पर विद्यार्थियों की शैक्षणिक अभिवृद्धि और राष्ट्रीय स्तर की परीक्षाओं की तैयारी के लिए अतिरिक्त कक्षाओं की भी व्यवस्था की जाती है। इस परीक्षा में प्रदेशभर के विद्यालयो के विद्यार्थियों ने भाग लिया था, जिसमें भव्य खण्डेलवाल ने चौथा स्थान प्राप्त किया। कोरोना महामारी के समय में जहां विद्यार्थी अपने घरों में बंद हैं वहीं भव्य ने अपने अध्यापको के मार्गदर्शन, स्वाध्याय व मेहनत के बल पर सफलता प्राप्त की।विद्यालय के मानद् सचिव अशोक कुमार फलोड व प्रबंध समिति के पदाधिकारियों ने छात्र भव्य खण्डेलवाल को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अपने आगामी जीवन में भी इसी तरह मेहनत व दृढ़ निश्चय से काम करते हुये अपना व विद्यालय का नाम रोशन करेगा।

### ग्रामीण सम्पर्क सड़क नवीनीकरण का कार्य जल्द होगा प्रारंभ-आक्या

**चित्तौड़गढ़ @ जागरूक जनता।** विधानसभा क्षेत्र चित्तौड़गढ़ में ग्रामीण सम्पर्क सड़कों के नवीनीकरण के कार्य हेतु राज्य सरकार ने 2.83 करोड़ की राशि स्वीकृत की है। विधायक प्रवक्ता गिरीश दीक्षित ने बताया कि चित्तौड़गढ़ विधायक चन्द्रभान सिंह आक्या ने राज्य सरकार को विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न सड़क मार्गों के नवीनीकरण एवं सम्पर्क सड़क निर्माण के प्रस्ताव प्रेषित किये थे। विधायक आक्या ने अधिकारियों को उक्त स्वीकृत कार्यों को प्राथमिकता से शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण करवाने के निर्देश देते हुए राज्य सरकार से शेष बचे प्रस्तावित कार्यो को भी शीघ्र ही स्वीकृत कराने का अनुरोध किया है।

**विधायक अवाना ने सीएससी नदबई एवं उज्जैन के लिए उपलब्ध कराई एंबुलेंस 50 लाख की एंबुलेंस को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

# रोगियों को जयपुर, भरतपुर जाने के लिए मिलेगी नि:शुल्क सुविधा

**जिला कलेक्टर जिला पुलिस अधीक्षक मुख्य चिकित्सा अधिकारी रहे उपस्थित**

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net



**भरतपुर।** सीएचसी नदबई एवं सीएचसी उच्चैन को विधायक निधि से स्वीकृत 2 ऐडवांस लाईफ सर्पोट सिस्टम एम्बूलेंसों को नदबई विधायक जोगिन्दर सिंह अवाना, जिला कलक्टर हिमांशु गुप्ता, जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र विश्नोई एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कप्तान सिंह ने संयुक्त रूप से हरी झंडी दिखाकर शुभारंभ किया। इस अवसर पर विधायक अवाना ने कहा कि ये एम्बूलेंस सेवा 108 व 104 सेवाओं के अतिरिक्त होंगी। उन्होंने कहा कि इन एम्बूलेंसों में वेंटीलेटर के अलावा सभी जीवन रक्षक उपकरण लगे हुये हैं। एम्बूलेंस सेवा का क्षेत्रीय लोगों को नि:शुल्क रूप से लाभ मिलेगा, जो रोगियों को भरतपुर अथवा जयपुर ले जाने का कार्य करेगी। उन्होंने कहा कि यह एम्बूलेंस सेवा कोरोना महामारी में रोगियों के लिए जीवनदायिनी साबित होगी जिससे दूरदराज के क्षेत्र के मरीजों को समय पर उपचार मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि नदबई एवं उच्चैन के अतिरिक्त शेष सीएचसी एवं पीएचसी पर भी शीघ्र ही एम्बूलेंस उपलब्ध करवायी जायेंगी।

इस मौके पर विधायक अवाना ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि विधानसभा क्षेत्र नदबई के मुख्यालय पर 75 ऑक्सीजन सिलेण्डर की क्षमता वाले प्लांट स्वीकृत किया है और शीघ्र ही उच्चैन सीएचसी पर भी 50 सिलेण्डर की क्षमता वाला ऑक्सीजन प्लांट की भी घोषणा हो जायेगी। विधायक ने जलदाय एवं पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों की ली बैठक नदबई विधायक जोगेन्द्र सिंह अवाना ने गर्मी के मौसम को मद्देनजर रखते हुए विधानसभा नदबई क्षेत्र की पेयजल समस्याओं एवं आ रही शिकायतों को देखते हुए सोमवार को स्थानीय सर्किट हाउस में जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अभियंताओं की बैठक लेकर पेयजल व्यवस्थाओं में आवश्यक सुधार के निर्देश दिये तथा नियमित एवं निर्बाद्ध पेयजल आपूर्ति बनाये रखने के भी निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पेयजल समस्याग्रस्त ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में परिवहन के माध्यम से पेयजल व्यवस्था की जाये। उन्होंने सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे विधानसभा नदबई क्षेत्र के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों की क्षतिग्रस्त सड़कों के प्रस्ताव तैयार कर शीघ्र राज्य सरकार को भिजवायें जिससे उन्हें स्वीकृत कराया जा सके। विधायक अवाना ने की जनसुनवाई इसके पश्चात् विधायक अवाना ने क्षेत्रीय लोगों की समस्याओं से रूबरू होकर उनके निस्तारण के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को मौके पर ही दिये। जनसुनवाई के दौरान सड़क, पेयजल, विद्युत, चिकित्सा, अतिक्रमण, पेंशन, खाद्य सुरक्षा आदि के प्रकरण मुख्य रूप से आये।

# रोडवेज के मार्गों पर निजी बसें चलाने की तैयारी



**निजी बस, टैक्सी कार, ऑटो ऑपरेटर्स के साथ परिवहन मंत्री ने की चर्चा**

**तीन घंटे खुली चर्चा के दौरान परिवहन मंत्री के समाने रखी समस्याएं**

**टैक्स में छूट के लिए बस, ऑटो, कार ऑपरेटर्स से मांगे प्रस्ताव**

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** रोडवेज के जिन मार्गो पर बसें नहीं चल रही है, ऐसे मार्गों पर निजी बसें चलाई जा सकती है। इसे लेकर परिवहन मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने कहा कि राजस्थान पथ परिवहन निगम की ओर से जिन मार्गों को अपने रूट में शामिल कर रखा है, लेकिन बसें नहीं चल रही हैं, ऐसे मार्गो पर लोगों को परिवहन सेवा देने के लिए निजी बस संचालन के प्रस्तावों पर विचार कर उचित निर्णय लिया जाएगा। वहीं टैक्स में छूट के लिए बस, ऑटो, कार ऑपरेटर्स से प्रस्ताव मांगे है। परिवहन मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास ने बुधवार को निजी बस, ऑटो रिक्शा, कार टैक्सी, मिनी बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों को चर्चा के लिए बुलाया तो उन्होंने अपनी समस्याएं गिनाई। राजस्थान के विभिन्न जिलों से आए पदाधिकारियों ने टैक्स में छूट, परमिट और फिटनेस की समय सीमा बढ़ाने, एमनेस्टी योजना को आगे बढ़ाने की मांग रखीं। इस पर परिवहन मंत्री ने एसोसिएशन के पदाधिकारी अपने-अपने मांग प्रस्ताव भिजवाने की बात कही। चर्चा में परिवहन मंत्री ने कहा कि पिछली बार भी लॉकडाउन में बंद परिवहन सेवा के चलते टैक्स में छूट प्रदान की गई थीं। अब सभी एसोसिएशन के पदाधिकारी अपने-अपने मांग प्रस्ताव भिजवायें। इसके बाद वित्त विभाग और परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ उच्च स्तरीय बैठक कर समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

### रोडवेज की नई पॉलिसी बनाने पर होगी चर्चा

**परिवहन** मंत्री ने कहा कि राजस्थान पथ परिवहन निगम और परिवहन विभाग के अधिकारियों की बैठक होगी। रोडवेज की नई पॉलिसी बनाने को लेकर भी वार्ता की जाएगी। साथ ही प्रदेश में ग्रामीण परिवहन सेवा शीघ्र ही शुरू करेंगे।

### ऑटो रिक्शावालों ने बताई समस्याएं तो पुलिस कमिश्नर को लगाया फोन

**खुली** चर्चा के दौरान ऑटो रिक्शा संचालकों ने अपने संचालन से संबंधित समस्या भी बताई। इस पर परिवहन मंत्री ने तत्काल जयपुर पुलिस कमिश्नर को फोन कर समस्या के समाधान के निर्देश दिए। इस दौरान परिवहन मंत्री ने सभी पदाधिकारियों और सार्वजनिक परिवहन संचालकों को वैक्सीन की दोनों डोज लगाने की अपील भी की। उन्होंने सभी से प्रदूषण मुक्त वाहन संचालन के लिए अपील भी की।

# सीवरेज कार्य गुणवत्तापूर्ण, समयावधि में पूरा करें-डॉ गर्ग

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net



**भरतपुर।** सीवरेज स्टेरिंग कमेटी की बैठक को संबोधित करते हुए तकनीकी एवं संस्कृत शिक्षा राज्यमंत्री डॉ सुभाष गर्ग ने आरयूआईडीपी के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिले में बजट घोषणा के तहत सुकृत सीवरेज कार्य को गुणवत्तापूर्ण समयावधि में पूर्ण कराएं। डॉक्टर ने कहा कि आरयूआईडीपी द्वारा भरतपुर शहर के लिए चतुर्थ फेज में 125 करोड़ रुपए की लागत से स्वीकृत वेस्ट वाटर सिस्टम का निर्माण किए जाने से पूर्व प्रथम चरण के तहत डाली गई सीवरेज लाइनों में रही कमियों की पूर्ति करने के साथिया सुनिश्चित करें कि उनकी पूर्ण आवृत्ति ना हो। कामां, डीग, रूपावस, बयाना, के लिए सुकृत सीवरेज लाइनों का कार्य शुरू करने से पूर्व क्षेत्रीय विधायक को मुझसे संपर्क कर उनकी राय भी जान लें। भरतपुर शहर के लिए पूर्व में सीवरेज के लिए तैयार की गई डीपीआर एवं ड्रेनेज सिस्टम के लिए तैयार की गई डीपीआर में वाटर लेवल का मिलान अवश्य कराएं जिससे पाई गई कमियों के आधार पर अधिकारियों की जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की जाए। आरयूआईडीपी के परियोजना निदेशक को पत्र लिखने की बात कहते हुए निगम आयुक्त को पत्र में पहले चरण की कमियों को दूर करें तभी दूसरे चरण का कार्य शुरू कराएं घर-घर कनेक्शन का कार्य पूर्णतया निशुल्क कराया जाए। आरयूआईडीपी के अधिशासी अभियंता को निर्देश दिए कि जिले में संचालित योजना को डेढ़ वर्ष में पूर्ण कराने का लक्ष्य रखकर टेंडर जारी करें समय अवधि में कार्य पूर्ण नहीं होने पर 30 ऋषभ की पेनल्टी लगाया जाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि परियोजना

का कार्य पूर्ण होने पर प्लांट का नगरपालिकाओं को हस्तानांतरण करने से पूर्व प्लांट के संचालन की प्रक्रिया को नगरपालिका अधिकारियों के समक्ष प्रदर्शन करायें साथ ही भरतपुर जिला मुख्यालय पर प्रोजेक्ट कार्यालय नगर निगम कार्यालय में स्थापित करने के भी निर्देश आरयूआईडीपी के अधिकारियों को दिये। बैठक में उप महापौर गिरिश चैधरी ने कहा कि पूर्व की बैठकों में आरयूआईडीपी के अधिकारियों द्वारा सीवरेज का कार्य वर्ष 2018 में पूर्ण करने की बात कही लेकिन कार्य आजदिनांक तक पूरा नहीं हुआ है। उन्होंने आरयूआईडीपी द्वारा कार्य शुरू किये जाने से पूर्व नगर निगम कार्यालय में आरयूआईडीपी का प्रोजेक्ट कार्यालय स्थापित करने की मांग की। बैठक में नगरपालिका बयाना के अध्यक्ष विनोद अग्रवाल बट्टा ने एफएसटीपी प्लांट लगाने के लिए चिन्हित की गयी भूमि कम होने के कारण समीप की चारागाह भूमि से पूर्ति कराने का आग्रह जिला कलक्टर से किया साथ ही आरयूआईडीपी द्वारा किये जाने वाले कार्य की नियमित मॉनिटरिंग रखने की भी बात कही। बैठक में नगरपालिका रूपवास की चेयनमेन बबीता ने संचालित एफएसटीपी प्लांट का निरीक्षण कराने की बात कही जिसका समर्थन डीग, कामां, बयाना के नगरपालिका अध्यक्षों ने किया। बैठक में आरयूआईडीपी के अधिशाषी अभियंता ने पीपीटी के माध्यम से परियोजनाओं के सम्बंध में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि एफएसटीपी प्लांट के तहत सीवरेज लाइन डालने का कार्य नहीं किया जाता इसके तहत सेफ्टी टेंकों से परिवहन कर सीवेज को प्लांट तक लाकर सीवेज का निस्तारण किया जाता है। इस प्लांट के परिशोधन से मुक्त होने वाला पानी कृषि एवं अन्य कार्यो के लिए उपयोग में तथा सीवेज का उपयोग खाद्य के रूप में किया जाता है। उन्होंने बताया कि प्लांट लगने के 5 वर्ष तक की अवधि में प्लांट का संचालन एवं रखरखाव आरयूआईडीपी द्वारा किया जायेगा। बैठक में नगर निगम के महापौर अभिजीत कुमार, नगरपालिका अध्यक्ष कामां गीता खण्डेलवाल, नगरपालिका अध्यक्ष डीग निरंजन टकसालिया, जिला कलक्टर हिमांशु गुप्ता, जिला पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र विश्नोई, अतिरिक्त जिला कलक्टर (शहर) केके गोयल, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वंदिता राणा, नगर निगम आयुक्त डॉ. राजेश गोयल सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**प्रतियोगी परीक्षा: तीन बड़ी परीक्षाओं को लेकर असमंजस खत्म**

# अगस्त में हो सकती है नीट, जेईई मेन और सीयूसीईटी

**जेईई, नीट के संदर्भ में एनटीए ने कहा है कि परीक्षा से 15 दिन पहले तारीख की घोषणा कर देंगे**

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** स्कूल परीक्षाओं के रद्द होने और नीट, जेईई के आयोजन के विरोध के बीच कोई भी प्रतियोगी परीक्षा इस साल कैंसिल नहीं होगी। शिक्षा मंत्रालय ने कहा है कि जेईई मेन के दोनों बचे हुए सेशन और मेडिकल एंट्रेंस एग्जाम नीट यूजी की तारीखों पर जल्द फैसला लिया जाएगा। शेड्यूल का रिव्यू किया जा चुका है। सूत्रों के मुताबिक जेईई मेन के दोनों बचे सेशन और नीट अगस्त में होंगे। इसके अलावा विभिन्न सेंट्रल यूनिवर्सिटी में प्रवेश के लिए होने वाला सीयूसीईटी भी जुलाई-अगस्त के बीच आयोजित करवा लिया जाएगा। जेईई, नीट के संदर्भ में एनटीए ने पहले ही कहा है कि परीक्षा से 15 दिन पहले तारीख की घोषणा कर देंगे। ऐसे में जेईई मेन का स्थगित हुआ सेशन जून में संभव नहीं है। जुलाई शुरुआत में तिथि घोषित होने के बाद एनटीए को फॉर्म फिलिंग की प्रक्रिया, फॉर्म करेक्शन विंडो ओपन करने के शेड्यूल जारी करना होगा। इसमें एक माह का समय लग सकता है। जुलाई में ये परीक्षाएं संभव नहीं। जुलाई में राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा क्लैट ही प्रस्तावित है। इसकी घोषणा एक माह पहले कर दी गई है। ऐसे में अगस्त तक ही जेईई मेन होता नजर आ रहा है। नीट एक अगस्त को प्रस्तावित है।

**जेईई** एडवांस्ड की तारीखों को तय करने के लिए पहले ज्वाइंट एडमिशन बोर्ड(जैब) की मीटिंग होगी। जेईई मेन के बचे हुए दो सेशन की तारीख तय होने के बाद ही मीटिंग संभव है।

**वी रामगोपाल राव,** डायरेक्टर, आईआईटी दिल्ली

### जुलाई-अगस्त में पहला सीयूसीईटी

दूसरी ओर विभिन्न केंद्रीय यूनिवर्सिटीज में प्रवेश के लिए होने वाला कॉमन एंट्रेंस एग्जाम - सीयूसीईटी भी जुलाई-अगस्त में होना संभव है। नई शिक्षा नीति में प्रस्तावित यह परीक्षा इस वर्ष पहली बार होगी। आधिकारिक सूत्रों के अनुसार सीयूसीईटी का होना तय है। इसके लिए कमेटी बनी हुई और परीक्षा की वर्किंग पर काम चल रहा है। मंत्रालय इस परीक्षा को अगले दो महीनों में करवाने पर विचार कर रहा है। ये तीनों परीक्षाएं एनटीए करवाएगा।

### चंबल पेयजल योजना 2022 तक पूर्ण करें-डॉ गर्ग

**भरतपुर @ जागरूक जनता।** चंबल पेयजल परियोजना के तहत पीएसपी के लिए चिन्हित स्थानों के अतिरिक्त ग्रामीण क्षेत्र की कमजोर वर्ग की बस्तियों मैं भी अतिरिक्त सीएसपी प्वाइंट लगाएं जिससे समुचित लाभ मिल सके। यह कहना है तकनीकी एवं संस्कृत शिक्षा राज्यमंत्री डॉ सुभाष गर्ग का। डॉ गर्ग चंबल पेयजल परियोजना को लेकर जन स्वास्थ्य अभियात्रिकी विभाग के अधिकारियों को निर्देदेश दे रहे थे। गर्ग ने कहा कि आबादी क्षेत्र अभियान चलाकर पेयजल पाइप लाइन में हो रहे अवैध कनेक्शनों की रोकथाम करें। जल जीवन मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्र के अंतिम छोर तक पेयजल सप्लाई किया जाना सुनिश्चित करें। भरतपुर विधानसभा क्षेत्र की बात करते हुए डॉ गर्ग ने कहा कि सुकृत परियोजनाओं की शीघ्र एनआईटी लगाकर वर्क आर्डर जारी करें। सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि भरतपुर शहर मुख्यालय पर स्थित इंदिरा गांधी पार्क को नगर निगम को हस्तांतरित करें जिससे इसकी समुचित देखभाल एवं रखरखाव किया जा सके। एसआईआरएफ योजना के तहत सुकृत चरण की। तत्काल एनआईटी लगाकर 6 माह की अवधि मैं कार्य पूर्ण कराया जाना सुनिश्चित करें सड़क के बड़े प्रोजेक्ट में गुणवत्ता एवं समय अवधि का विशेष ध्यान रखें।

# महिलाओं के आर्थिक पिछड़ा वर्ग आरक्षण में विसंगतियों के निराकरण हेतु ज्ञापन

**भरतपुर @ जागरूक जनता।** अनारक्षित वर्ग संघर्ष समिति के संरक्षक पूर्व सांसद पंडित रामकिशन द्वारा स्वीकृत ज्ञापन को संघर्ष समिति के सचिव कौशलेश शर्मा के नेतृत्व में चिकित्सा राज्यमंत्री डॉ सुभाष गर्ग ज्ञापन दिया गया। ज्ञापन में आर्थिक पिछड़ा वर्ग आरक्षण में विवाहित महिलाओं की आय गणना में केवल पति की आय जोड़ने, ईडब्ल्यूएस सर्टिफिकेट की अवधि एक वर्ष से बढ़ाकर पांच वर्ष करने, महिलाओं हेतु आरक्षण व्यवस्था करवाने, प्रदेश में विवाहित अन्य राज्यों की महिलाओं का ईडब्ल्यूएस सर्किट बनवाने तथा मंदिरों में कार्य करने वाले पुजारियों के लिए राहत पैकेज की व्यवस्था की मांग की गई। मंत्री गर्ग द्वारा ज्ञापन पर शीघ्र कार्रवाई करवाने एवं विप्र कल्याण बोर्ड के गठन का आश्वासन दिया। इस मौके पर नगर निगम के मनोनीत पार्षद रमेश पाठक, कांग्रेस नेता योगेश सिंघल, विष्णुदत्त शर्मा इंदिरा रसोई, बृजेंद्र शर्मा (एटूजेड वाले), रूपकिशोर तिवारी सेवानिवृत्ति बैंक मैनेजर, कांग्रेस नेता बनवारीलाल शर्मा, वैद्य लक्ष्मणप्रसाद तिवारी, शिव कुमार वशिष्ठ पत्रकार, इंजी. पीयूष जयशंकर टाईगर, डॉ. सुशील पाराशर, ब्राह्मण सेवा समिति के बाबूलाल कटारा, सामाजिक कार्यकर्ता जगदीश लवानियां, पवन पाराशर, विनोद उपाध्याय वेदो, रिटायर्ड सहायक लेखा अधिकारी ईश्वरीप्रसाद शर्मा, शिशुपाल लवानियां, संजय लवानियां, रिटा. थानेदार प्रभुदयाल कटारा, अखिल लवानिया युवा नेता आदि अनेक गणमान्य सदस्य मौजूद थे।

**भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान**

# डिप्लोमा के प्रवेश प्रारंभ, आवेदन 31 जुलाई तक

**बुनकर समुदाय के लिए 20 प्रतिशत सीटें आरक्षित**

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान, जोधपुर ने हाथकरघा प्रौद्योगिकी में डिप्लोमा कोर्स के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। इस त्रिवर्षीय डिप्लोमा कोर्स के लिए आवेदन करने की अंतिम तारीख 31 जुलाई है। आवेदन पत्र प्रत्येक जिले में जिला मुख्यालय पर स्थित जिला उद्योग केंद्र कार्यालय से नि:शुल्क प्राप्त किया जा सकता है।

उद्योग विभाग की वेबसाईट से भी आवेदन पत्र डाउनलोड किया जा सकता है। आवेदन पत्र निर्धारित प्रपत्र में भरकर योग्यता प्रमाण पत्रों के साथ 31 जुलाई तक जिला उद्योग केंद्र, न्यू पावर हाउस रोड, मिनी उद्योग भवन, जोधपुर में जमा कराना होगा। इसके पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा। कोर्स में प्रवेश हेतु अभ्यर्थी सैकण्डरी या समकक्ष उत्तीर्ण होना चाहिए तथा इस परीक्षा में कम से कम अध्ययन का एक विषय अंग्रेजी होना चाहिए।

आवेदनकर्ता की उम्र 1 जुलाई 2021 को 15 वर्ष से कम तथा 23 वर्ष से अधिक नहीं होनी चाहिए। एससी और एसटी के लिए अधिकतम उम्र सीमा में 2 वर्ष की छूट प्रदान की गई है। बुनकर समुदाय के अभ्यार्थियों के लिए कुल सीटों का 20 प्रतिशत आरक्षण रहेगा। साथ अन्य सभी वर्गो के लिए राजस्थान सरकार की नीति के अनुसार आरक्षण रहेगा।

प्रवेश प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को सरकार द्वारा निर्धारित दर से स्टाईपण्ड दिया जाएगा। साथ ही इस त्रिवर्षीय डिप्लोमा कोर्स में उत्तीर्ण विद्यार्थी संबंधित ब्रांच में इंजीनियरिंग पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष में प्रवेश हेतु भी पात्र होते हैं। भारत सरकार के वस्त्र मंत्रालय द्वारा संचालित भारतीय हाथकरघा प्रौद्योगिकी संस्थान में राजस्थान राज्य कोटे हेतु कुल 17 सीटें आंवटित है।

# विधायक खंडेलवाल का जन्मदिन पौधरोपण कर सादगी से मनाया

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net



**मांडलगढ़।** मांडलगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक गोपाल खंडेलवाल का जन्मदिन धुमधाम से मनाया गया तथा क्षैत्र में कई कार्यक्रम आयोजित हुये। नगर में रेल्वे स्टेशन रोड पर राधाकृष्ण मंदिर पर विधायक खंडेलवाल का जन्मदिन केक काटकर मनाया गया। भाजपा के युवा नेता एंव समाजसेवी मनोज सनाढ्य के नेतृत्व में उपस्थित जनो ने माल्यार्पण व सांफा बांधकर स्वागत किया। इसके अलावा विधायक खंडेलवाल व कार्यकर्ताओं ने मिलकर रेल्वे स्टेशन व अन्य कई जगहों पर पौधरोपण किया। इस अवसर पर विधायक ने अधिक से अधिक पौधे लगाने का आह्वान किया और सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष संजय डांगी, पूर्व नपा अध्यक्ष विनोद ओस्तवाल, जिला परिषद सदस्य हरीलाल जाट, चांदमल नायक, एडवोकेट कैलाशचन्द्र तम्बोली, युवा मोर्चा अध्यक्ष मुकेश व्यास, अर्जुन ब्रह्मभट्ट, राकेश ओस्तवाल, हर्षित पंवार, शिव तिवाड़ी, रामगोपाल ब्रह्मभट्ट, नीलकमल पटवा, विकास सोनी, दिनबंधु भट्ट, कन्हैया लाल जीनगर, रामलाल तेली, योगेश चंदनानी, दिनेश सिंधी, शुभम जीनगर, सत्यनारायण खटीक, आलोक कैलानी, जीतू चंदनानी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

ANCHOR

**शिखर**

# आसमान की ऊंचाई तय कर बेटियां कर रही जिले का नाम रोशन

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net

**टोंक।** जिले के सोड़ा बावड़ी निवासी दीपिका राजावत का भारतीय वायु सेना में फ्लाइंग ऑफि सर पद पर नियुक्त हुई है। दीपिका को 19 जून को भारतीय वायु सेना अकादमी हैदराबाद में फ्लाइंग ऑफि सर के रूप में कमीशन प्राप्त हुआ। दीपिका का भाई महिपाल सिंह राजावत हाल ही में राष्ट्रीय रक्षा अकादमी पूणे से पास आउट होकर देहरादून स्थित भारतीय सैन्य अकादमी में ऑफि सर ट्रेनिंग प्राप्त कर रहा है। दीपिका के पिता नरेंद्र सिंह राजावत भारतीय थल सेना में पैरा कमांडो रहते हुए 1999 में करगिल लड़ाई में शामिल हुए थे और वर्तमान में शिक्षा विभाग मे वरिष्ठ अध्यापक हैं। दीपिका के दादाजी रघुवीर सिंह ने भी सीमा सुरक्षा बल में रहते हुए 1971 के





भारत-पाक युद्ध में संघर्ष किया है। दीपिका का परिवार मूल रूप से जिले के सोडा बावड़ी में निवास करता है। वर्तमान में दीपिका के माता-पिता जयपुर विद्याधर नगर में निवास करते हैं। दीपिका परिवार से प्राप्त संस्कारों के कारण बचपन से ही देश सेवा के लिए भारतीय सेना में भर्ती होना चाहती थी, उसने अपना मन विद्यालय शिक्षा से ही बना लिया था जयपुर में ही विद्यालय शिक्षा प्राप्त करके आईसीजी कॉलेज से महाविद्यालय शिक्षा में स्नातक एवं स्नातकोत्तर पढ़ाई विज्ञान विषय में पूरी कर महाविद्यालय में राष्ट्रीय कैडेट कोर एनसीसी में शामिल हुई। और बास्केटबॉल खेल में उसने कई कीर्तिमान स्थापित किए।

### माइनस 14 डिग्री में फहराएगी तिरंगा

**निवाई @ जागरूक जनता।** ग्राम पंचायत खण्देवत के गांव दामोदरपुरा की बेटी व पर्वतारोही प्रियंका चौधरी 20 वर्ष की उम्र में फिर से एक बार और मनाली माउंट की चोटी पर भारतीय तिरंगा फ हराने के लिए निकल पड़ी है। हिंदुस्तान एडवेंचर फाउंडेशन के तहत पर्वतारोही प्रियंका चौधरी मनाली के माउंट फ्रेंडशिप पर्वत पर करीब 17500 फीट की ऊंचाई पर एडवेंचर के लिए चयनित हुई है। फाउंडेशन के स्टेट प्रेसिडेंट प्रतापसिंह ने बताया कि प्रियंका पुत्री शिवराज जाट निवासी दामोदरपुरा शनिवार को 15 सदस्यीय दल के साथ मनाली पहुंच चुकी। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय स्तर की एड़वेंचर प्रतियोगिता में राजस्थान, मध्यप्रदेश, उत्तर प्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार राज्य के पर्वतारोही दल भाग ले रहे है। किसान की बेटी प्रियंका माउंट एडवेंचर के दौरान पर्वतारोहण कर भारतीय तिरंगा फ हराकर देश का नाम रोशन करेगी। माइनस तापमान में पर्वतों को अपने कदमों से नापने वाली प्रियंका पिछले वर्ष वनस्थली विद्यापीठ से बीए की परीक्षा उतीर्ण की है। प्रियंका का मुख्य लक्ष्य है कि पहाड़ों की सबसे ऊंची चोटी एवरेस्ट पर भारतीय तिरंगा फ हराने की है। प्रियंका चौधरी ने वर्ष 2018 में शिमला में आयोजित एड़वेंचर प्रतियोगिता में करीब 7000 फीट की ऊंचाई चढकर एडवेंचर प्रतियोगिता में जीत हासिल की और सफ ल पर्वतारोही बनी। उसके बाद फिर वर्ष 2018 में ही शिमला में करोल टिब्बा में करीब 9000 फीट की ऊंचाई वाली एडवेंचर प्रतियोगिता में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। प्रतापसिंह ने बताया कि हिंदुस्तान एडवेंचर फाउंडेशन द्वारा मनाली में 17500 फीट की ऊंचाई पर 9 दिवसीय प्रतियोगिता शनिवार से शुरू हो गई है। इस एड़वेंचर प्रतियोगिता में प्रतियोगियों को माइनस 12 से 14 डिग्री तापमान में करीब 6 घंटे में पूरा करने का टास्क दिया जाएगा।

# ज्योतिष का परचम लहरा रहे पंडित अतुल

रूबरू



पं. अतुल शास्त्री
@jagrukjanta.net

**ज्योतिषाचार्य** पंडित अतुल शास्त्री जी का जन्म मई 1992 में अवध धाम, उत्तर प्रदेश में हुआ है। ब्राह्मण परिवार के संस्कारगत आचरण के कारण बालपन से ही अतुल जी का सम्बन्ध ज्योतिष से रहा। यही वजह है कि इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए आपने महर्षि वेद विज्ञान विश्व विद्यापीठम्- छतरपुर गुरुकुल से ज्योतिष एवं कर्मकांड की प्रारंभिक शिक्षा ग्रहण की। ततपश्चात काशी प्रांत के सम्पूर्णानन्द विश्वविद्यालय से ज्योतिष की उच्च शिक्षा ग्रहण की। इसके बाद अतुल ने अवध के साथ लखनऊ, इलाहबाद, बनारस तथा गोंडा में कुछ दिन गुज़ारे और अपनी ज्योतिष सेवा केंद्र का प्रचार प्रसार किया किया। उत्तर प्रदेश में पैर जमाने के बाद आचार्य जी गुजरात के शहर सूरत में आकर बस गए।

यहां पंडित अतुल 2 साल रहे और ज्योतिष सेवा केंद्र की स्थापना कर सूरत वासियों की समस्याएं हल की। सूरत वासियों के दिल में अपनी जगह बनाने के बाद वर्ष 2012 में अतुल जी मुम्बई आ गए और यहां ज्योतिष सेवा केंद्र की स्थापना की। वर्तमान समय में उत्तर प्रदेश सहित गुजरात, मध्य प्रदेश तथा मुम्बई में अतुल जी की ज्योतिष सेवा केंद्र की कई संस्थाएं फल फूल रही हैं। कर्मकांड एवं ज्योतिष का कार्य करते हुए अतुल जी कई लोगों का भाग्य संवार रहे हैं।

28 वर्ष की छोटी सी उम्र में आचार्य जी ने वह कर दिखाया जिसके लिए लोगों को अपना पूरा जीवन 50 भी कम पड़ता है। वर्तमान समय में ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री जी का नाम भारत के ऐसे ज्योतिषाचार्यों में शामिल है, जिन्होंने बहुत ही कम उम्र में ही अपने ज्ञान और अनुभव के माध्यम से अपनी एक अलग पहचान बना ली है।

आचार्य पंडित अतुल शास्त्री को ज्योतिष विज्ञान के क्षेत्र में लगभग 15 वर्षों का अनुभव है। इन 10 वर्षों में उन्होंने अपने ज्योतिष सेवा केंद्र के माध्यम से हज़ारों लोगों का मार्गदर्शन किया है। आचार्य जी कुंडली निर्माण, कुंडली विश्लेषण, कुंडली मिलान के अलावा श्रीमद्भागवत कथा, राम कथा, रुद्राभिषेक, पूजा पाठ तथा यज्ञ अनुष्ठान के भी विशेषज्ञ हैं। इतना ही नहीं आचार्य पंडित अतुल शास्त्री जी काल सर्प दोष, पितृ दोष, शनि की साढ़े साती, वास्तु दोष, शान्ति मंगल दोष, नवग्रह शान्ति, मूल नक्षत्र शान्ति, चांडाल दोष आदि का भी निवारण विभिन्न रत्नों एवं वैदिक कर्मकांडों के माध्यम से करते हैं। यह आचार्य जी की विशेषता है कि जो कोई उनके पास अपनी समस्याओं के साथ जाता है, वह उनकी समस्याओं को ना सिर्फ गम्भीरता से सुनते हैं बल्कि उसका 100त्र निवारण भी करते हैं। प्रत्येक समस्या का समाधान वह जातक की कुंडली का निर्माण अपने हाथों से करके उसका गहन अध्ययन करते हैं और फिर समस्या अनुसार उसका उपाय बताते हैं।

यही वजह है कि उनके कार्यालय में प्रतिदिन महाराष्ट्र तथा गुजरात से लेकर पूरे भारत से आनेवाले जातकों की भीड़ लगी रहती है। जातकों की समस्या गम्भीर हो तो आवश्यकता पड़ने पर आचार्य जी फोन के माध्यम से भी समस्याएं सुनते हैं और उनका उचित निदान करते हैं। गुरू जी ये सब बाबा महाकाल की कृपा मानते है अतुल जी पर बाबा महाकाल की कृपा और भैरव कृपा है अतुल जी कहते है जो भी है 'हमारे माता पिता का आर्शिवाद और लोगो का प्रेम है'

घर में किसी भी प्रकार की कोई भी परेशानियां हों, विवाह में किसी भी तरह की कोई अड़चन आ रही हो, पारिवारिक कलह हो, व्यापार में घाटा हो रहा हो, सन्तान को लेकर कोई समस्या हो या फिर बहुत मेहनत करने के बावजूद उसका सही फल नहीं मिल रहा हो तो अपनी इन विभिन्न समस्याओं के लिए आप आचार्य जी से सम्पर्क कर सकते हैं।

## जागरूक खबरें

### करावड़ी में ग्राम पंचायत भवन के लिए किया भूमिपूजन

मंत्री सुखराम बिश्नोई के मुख्य आतिथ्य में किया शिलान्यास

**सांचौर @ जागरूक जनता।** उपखंड मुख्यालय निकटवर्ती नवसृजित ग्राम पंचायत करावड़ी के नवीन भवन का शिलान्यास एवं भूमिपूजन वैदिक मंत्रोच्चार के साथ स्वामी कृपाचार्य जी महाराज के संत सानिध्य में किया गया। शिलान्यास कार्यक्रम के मुख्य अतिथि वन पर्यावरण मंत्री सुखराम



बिश्नोई कार्यक्रम की अध्यक्षता सांचौर प्रधान कैलाश राजपुरोहित ने की वहीं कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि मगी देवी सरपंच करावड़ी तुलसाराम पुरोहित विकास अधिकारी सांचौर व पंचायत समिति सदस्य दिनेश विश्नोई रहें। कार्यक्र म के दौरान मंत्री विश्नोई ने हाल ही में जारी कोरोना महामारी के चलते लंबा लॉकडाउन रहने के बाद प्रदेश में हुए अनलॉक में एडवाइजरी की पूर्णतया पालना करने व कोविड प्रोटोकॉल के साथ घर से बाहर निकलने की बात कही गई। वहीं अध्यक्षता कर रहे सांचौर प्रधान कैलाश राजपुरोहित ने अधिकाधिक सरकारी योजनाओं का लाभ लेने की बात कही गई। इस अवसर पर पूर्व सरपंच हरीराम सियाग, समाजसेवी भेराराम गोदारा, लाडूराम गोदारा, महीपाल सारण, सोसायटी व्यवस्थापक रमेश मेघवाल, नरेंद्र गोदारा, राजूराम सारण व छोगाराम सारण सहित कई लोग मौजूद थे।

---

ज़िला पुलिस अधीक्षक ने की समीक्षा बैठक

# पुलिकर्मियों की अपराधियों के साथ मिलीभगत बर्दाश्त नहीं - गोयल

### थाने में आने वाले फरियादी के साथ करें बेहतर व्यवहार



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**चित्तौड़गढ़।** पुलिस लाइन परिसर में ज़िला पुलिस अधीक्षक ने जिले के सभी वृत्ताधिकारी व थानाधिकारीयों के साथ क्राइम मीटिंग आयोजित की। क्राइम मीटिंग पूरी तरह से सोशल डिस्टेंसिंग के साथ आयोजित की गई। मीटिंग में जिले के सभी वृत्ताधिकारी व थानाधिकारी के अलावा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, संचित निरीक्षक व कार्यालय स्टॉफ़ भी मौजूद थे। मीटिंग में अपराध नियंत्रण को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।

जिले में पदस्थापन के पश्चात अपनी पहली क्राइम मीटिंग में पुलिस अधीक्षक राजेंद्र प्रसाद गोयल ने जिले के अपराध और अनुसंधान की समीक्षा की। उन्होंने अपराधों पर अंकुश लगाने पर विशेष दिशा निर्देश दिए। जिले में अपनी प्राथमिकताओं के बारे में गोयल ने कहा कि गत दिनों पुलिस कर्मियों की मादक पदार्थों की तस्करी के मामलों में अपराधियों से मिलीभगत सामने आई है, इस पर पुलिस कर्मियों की अपराधियों से मिलीभगत बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने वृत्ताधिकारी और थानाधिकारीयों को थानों में वर्षो से लंबित पड़े मामलों का जल्द निपटारा कर पेंडेंसी प्रतिशत कम करने का निर्देश दिया। लूट व नकबजनी के प्रकरणों में अपराधियों की धरपकड़ कर माल बरामदगी करने, अपराधियों को पाबंद कर निरोधात्मक कार्रवाई करने, जुआ सट्टा की धरपकड़ करने व एनडीपीएस एक्ट में कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने ने वर्तमान में बारिश का मौसम होने से जिले में दो बड़ी समस्याओं पर चर्चा की, जिसमें मारवाड़ क्षेत्र से चरवाहे अपनी भेड़ों को चराने के लिए इस जिले में लाते हैं। इस दौरान होने वाली घटनाओं को रोकने के लिए विशेष प्रबंधन की आवश्यकता तथा जमीनी विवाद में पूर्व में होने वाले झगड़ों को चिन्हित कर उन्हें रोकने के भी निर्देश दिए। लगातार 3 घंटे तक चली क्राइम मीटिंग के दौरान पुलिस अधीक्षक राजेंद्र प्रसाद गोयल ने थानाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा, कि आपके क्षेत्र में किसी प्रकार के अपराध की घटना घटित ना हो इसका खास ख्याल रखें, थाने पर आने वाले फरियादियों के साथ बेहतर व्यवहार करें। अंत में एसपी गोयल ने सभी अधिकारियों को जिले में टीम भावना के साथ कार्य करते हुए राज्य में अग्रणी जिला बनाने की इच्छा व्यक्त करते हुए धन्यवाद प्रकट किया।

---

बाबा भैंया सेवादल ककराला ने पौधारोपण व दीप प्रज्वलित कर मनाई पांचवी वर्षगांठ

# गाँवों में समाजसेवी संस्थाओं का खड़ा होना शुभ संकेत-जयवीर




जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**कनीना।** कहते हैं एक इच्छा कुछ नहीं बदल पाती, एक संकल्प बहुत कुछ बदल देता है और एक निश्चय सब कुछ ही बदल देता है। खंड के ग्राम ककराला में आदर्श ग्राम का सपना सँजोयें कुछ युवाओं की टोली ने अपने गांव के कुल देवता के नाम से जोड़कर जिस सँस्था की नींव रखीं थीं। वह आज लाखों रुपये के अनुदान व दर्जनों स्वयंसेवकों के श्रमदान से निरन्तर नित नए आयाम छू रही है। 19 जून को बाबा ढालोड़ परिसर में सँस्था ने अपनी पाँचवी वर्षगाँठ मनाई जिसके मुख्य अतिथि लाईफ वीवा प्राइवेट लिमिटेड के मैनेजिंग डायरेक्टर जयवीर कुमार व विशिष्ट अतिथि बीएमडी क्लब के अध्यक्ष लक्की सीगड़ा रहे। कार्यक्रम की शुरुआत जयवीर कुमार, लक्की सीगड़ा, प्रिंसिपल सेढुराम, मास्टर रामचन्द्र के हाथों पाँच पौधारोपण व पाँच दीप प्रज्वलित करके की गई। सँस्था ने इस अवसर पर सुनील, कुलदीप, अजय, अभिषेक, योगेश, अरुण व रविन्द्र प्रकाश को प्रशस्ति पत्र देकर व सभी आर्थिक सहयोगियों को बाबा भैंया की प्रतीकात्मक चिन्ह भेंट करके सम्मानित किया। सचिव मदनपाल ने सँस्था के पिछले पाँच वर्षों के कार्यों लेखा जोखा प्रस्तुत करते हुये बताया कि पर्यावरण व शिक्षा में मूल फोकस रखते हुये लगभग 2000 पौधों से सुसज्जित 8 हरित ककराला साइट्स, जल बचाओ जागरूकता, स्वच्छता, ककराला गॉट टैलेंट, कैरियर गाइडेंस, बहुउद्देश्यीय पुस्तकालय, आपकी अपनी पाठशाला का शुभारंभ, बस शैल्टर का निर्माण व अन्य सामाजिक जागरूकता केरला बाढ़ राहत, रूढ़िवादी मृत्युभोज के मौजूदा स्वरूप पर जनमत सर्वे, सड़क सुरक्षा, कोरोना राहत संघ, पँचायत चुनाव को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान तथा बीते वर्ष से अन्य राज्य स्तरीय संस्थाओं के साथ मिलकर मेरा वोट मेरा भविष्य अभियान चला रही है। मुख्य अतिथि व युवा ऑयकन जयवीर कुमार ने कहा गाँवों में ऐसी संस्थाओं का खड़ा होना बहुत शुभ संकेत है। ऐसी संस्थाओं से पूरे क्षेत्र में अपने ग्राम को लेकर दृष्टिकोण व जिम्मेदारी का भाव बदलता है। उन्हें ऐसे लोगों से जुड़ने में बहुत आनंद आता है। लक्की सीगड़ा ने कहा कि बीएमडी क्लब लगातार अपने क्षेत्र की संस्थाओं के साथ सम्पर्क में है और ग्रामीण क्षेत्र में कार्य करने वालों को हर सम्भव सहयोग करने को तैयार हैं। उन्होंने इस अवसर पर पौधों के लिये वन विभाग से जुड़कर मदद करने का आश्वासन दिया। मंच संचालक सुनील शर्मा, माननीय सदस्य घनश्याम मोहनपुर, कार्यक्रम अध्यक्ष रामनिवास ने भजनों से कार्यक्रम का समां बांधा तो वहीं लाइब्रेरी में नवोदय कोचिंग ले रहे छोटे युवा पाठकों ने सांस्कृतिक नृत्य व गायन से सबका मन मोह लिया। सँस्था अध्यक्ष महेश कुमार ने सभी उपस्थित अतिथियों व ग्रामीणों का धन्यवाद किया। उन्होंने कहा जयवीर कुमार बहुत ही सँघर्षशील युवा हैं, उनकी बढ़ती हुई सफलता से हजारों लाखों युवा प्रेरित होंगें और आज के वर्षगाँठ के कार्यक्रम आयोजन में उनकी कम्पनी लाइफ वीवा प्रालि द्वारा मुख्य सहयोग करने पर आभार जताया।

---

## कृति भारती को रियल शेरनी ऑफ इंडिया टाइटल

### बाल विवाह की रोकथाम के लिए मिला सम्मान




जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जोधपुर।** अभिनेत्री विद्या बालन अभिनीत शेरनी मूवी के प्रमोशन कैंपेन में अमेजन प्राइम वीडियो ने देश भर से विभिन्न क्षेत्रों में साहसिक व आमूलचूल बदलाव लाने का कार्य करनी वाली नौ महिलाओं को रियल लाइफ शेरनी ऑफ इंडिया टाइटल से स्पेशल फीचर किया है। इसमें बीबीसी 100 प्रेरणा दायक महिलाओं में शामिल हो चुकी सारथी ट्रस्ट की डॉ.कृति भारती को बाल विवाह रोकथाम व निरस्त की साहसिक मुहिम के लिए रियल लाइफ शेरनी ऑफ इंडिया के टाइटल से नवाजा गया। समूचे राजस्थान से एक मात्र डॉ.कृति को कैंपेन में शामिल किया गया है। वहीं अमेजॉन प्राइम ने मूवी के ट्विटर प्रमोशन कैंपेन में डॉ.कृति के पोस्टर को ट्वीट कर मूवी को विशेष डेडिकेट किया। जिसमे डॉ.कृति को नन्हीं मुस्कानों के रखवाले हो तुम, अंधेरी राहों के सुलगते उजाले हो तुम....स्लोगन दिया गया। जिसे कई फिल्म जगत की नामचीन हस्तियों ने रिट्वीट डॉ.कृति की तारीफ की। डॉ.कृति भारती के जीवन संघर्ष, संघर्ष से उबरने से लेकर बाल विवाह निरस्त व रोकथाम की साहसिक मुहिम को अभिनेत्री विद्या बालन व टी-सीरिज ने भी सराहा। उल्लेखनीय है इसी साल महिला दिवस पर अमरीका की चॉकलेट कंपनी हर्शी के अनूठे हर-शी कैम्पेन में भारत से डॉ. कृति के फोटो के साथ चॉकलेट का स्पेशल एडिशन लांच किया था।

---

जार उदयपुर की ओर से हुई संभाग स्तरीय वेबिनार

# ग्रामीण पत्रकारों के लिए जार करेगा जागरूकता - शर्मा



### मावली, कोटड़ा व खेरवाड़ा तहसील इकाई अध्यक्ष घोषित

### दाधीच जिला कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**उदयपुर।** खबरों की दुनिया में ग्रामीण पत्रकारिता का भी महत्वपूर्ण स्थान है, लेकिन सरकार की पत्रकारिता से जुड़ी योजनाएं ग्रामीण पत्रकारों तक नहीं पहुंच पाती हैं, इसके लिए ग्रामीण पत्रकारों को भी जागरूक होना होगा और जार को भी अपना दायित्व निभाना होगा।

यह बात जर्नलिस्ट्स एसोसिएशन ऑफ राजस्थान 'जार' के प्रदेश अध्यक्ष राकेश शर्मा ने गुरुवार को उदयपुर जार की ओर से आयोजित संभाग स्तरीय वेबिनार में कही। 'ग्रामीण पत्रकारिता की चुनौतियां' विषयक इस वेबिनार में प्रदेशाध्यक्ष शर्मा ने उदयपुर जिले में कोरोना से दिवंगत हुए खेरवाड़ा के किरीट गांधी व टोकर के शंकर जोशी को श्रद्धांजलि देते हुए दोनों साथियों के परिजनों को पत्रकार हित की सरकारी योजना का लाभ दिलाने की आवश्यकता जताई। इसके लिए उदयपुर जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में दिवंगत पत्रकार के परिजनों के पास पहुंच कर उन्हें सरकारी योजना का लाभ दिलाने के लिए आवश्यक दस्तावेजों के साथ आवेदन प्रक्रिया सम्पन्न कराने की जिम्मेदारी सौंपी गई। साथ ही उन्होंने ग्रामीण स्तर से लेकर जिला स्तर तक पत्रकारिता कर रहे साथियों की सूची बनाने के निर्देश दिए ताकि यह सूची संबंधित अधिकारियों को प्रेषित की जा सके। इससे कवरेज के दौरान आने वाली समस्याओं को दूर करने में सहायता मिल सकेगी।

वेबिनार में प्रदेशाध्यक्ष शर्मा व प्रदेश महासचिव संजय सैनी की अनुशंसा पर जार उदयपुर जिलाध्यक्ष नानालाल आचार्य ने जिला व तहसील पदाधिकरियों की घोषणा की। आचार्य ने मावली तहसील अध्यक्ष पद पर ओम पुरोहित, कोटड़ा तहसील अध्यक्ष पद पर नारायण वडेरा एवं खेरवाड़ा तहसील अध्यक्ष पद पर दिनेश जैन को नियुक्त किया है। साथ ही मावली तहसील के निवर्तमान अध्यक्ष मनीष दाधीच को जार उदयपुर की जिला कार्यकारिणी में सदस्य मनोनीत किया गया है। सभी नवनियुक्त तहसील अध्यक्ष शीघ्र ही तहसील स्तर की कार्यकारिणी का गठन कर जिला इकाई को सूचित करेंगे। वेबिनार में प्रदेश महासचिव संजय सैनी, उपाध्यक्ष सुभाष शर्मा, सचिव कौशल मूंदड़ा व प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य राजेश वर्मा ने भी विचार व्यक्त किए। नवनियुक्त तहसील अध्यक्षों ने भी ग्रामीण क्षेत्रों में कवरेज के दौरान आने वाली समस्याओं पर विचार रखे। उदयपुर जिला महासचिव भरत मिश्रा, प्रतापगढ़ जिलाध्यक्ष विवेक उपाध्याय, डूंगरपुर जिलाध्यक्ष मनोज जैन, नवनियुक्त तहसील अध्यक्ष दिनेश जैन, नारायण वडेरा, ओम प्रकाश पुरोहित, सदस्य हेमंत सिंह, दिनेश हाड़ा, हरीश नवलखा, नरेंद्र कहार आदि ने भी प्रदेश पदाधिकारियों के समक्ष अपनी बात रखी।

---

# जिला कलक्टर नकाते ने बीगोद में देखी जैविक खेती



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**भीलवाड़ा।** कलक्टर नकाते ने प्रगतिशील किसान अब्दुल रजाक के फार्म हाउस पर खीरा ककड़ी, संतरे, अमरूद के बगीचे देखे वही किसान द्वारा स्वयं के बनाएं गए जैविक दवाइयां जिसमें हरी कम्पोस्ट, वर्मी कम्पोस्ट खाद ईकाई के तहत खाद तैयार करने तथा जैविक आदानों पंचगव्य, बीजामृत, जीवामृत, जैव उर्वरकों के द्वारा बीज उपचार, बूंद बूंद सिचाई पद्धति सहित जैव कीटनाशकों के निर्माण की जानकारी ली। जिला कलक्टर नकाते ने कहां की भीलवाड़ा की कृषि भूमि जहरमुक्त करने के लिए जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए प्रगतिशील किसानों की मदद ली जाए और अधिक से अधिक किसानों को जैविक खेती से लाभान्वित किया जाए। अधिक उत्पादन के लोभ में किसानों ने कृषि भूमि को जहरीला कर दिया है जिसके दुष्प्रभाव सामने आने लगे है। कृषि प्रोजेक्ट डायरेक्टर जी. एल. चावला, उपनिदेशक रामपाल खटीक ने विभाग की ओर से चलाई जा रही गतिविधियों के बारे में अवगत करवाया। उद्यान विभाग द्वारा किसानों को बागवानी की नवीनतम तकनीकों से प्रशिक्षित भी किया जा रहा है। मांडलगढ़ उपखंड क्षेत्र में किसान बागवानी में अग्रणी है। जिले में सबसे अधिक बागवानी मांडलगढ़ उपखण्ड में की जाती है। यहां के किसान ग्रीन हाउस व नेट हाउस में ऑफ सीजन की फसल लेकर आत्मनिर्भर बन रहे है और आर्थिक रूप से मजबूत हो रहे है। इस दौरान उपखंड अधिकारी उत्साह चौधरी, तहसीलदार सुरेंद्र सिंह चौधरी, थाना प्रभारी जसवन्त सिंह सहित कृषि अधिकारी मौजूद रहे।

### ट्रेक्टर चलाकर खेत की हकाई की

**जिला** कलक्टर नकाते ने कस्बे में ट्रैक्टर चलाकर खेत की हकाई की। संतरे व अमरूद के बगीचे में बैठकर कुछ देर आराम किया। जिला कलक्टर नकाते भी किसान परिवार से है ऐसे में खेती को देखकर कर बहुत खुश हुए और जैविक खेती से सबंधित जानकारियां ली।

### पोल्ट्री फार्म भी देखा

**कलक्टर** ने पोल्ट्री फार्म पर मुर्गीपालन देखा व किसान के यहां लगी खीरा ककड़ी, ड्रिप एरिकेशन पर लगी मक्के की फसल की पूर्ण जानकारी ली।

---

# पूर्व विधायक धाकड़ ने किया स्वास्थ्यकर्मियों एवं चिकित्सकों का सम्मान



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**मांडलगढ़।** नगर के राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय में कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गाँधी के 51वे जन्मदिवस के मौके पर पूर्व विधायक विवेक धाकड़ एवं प्रधान सतीश चंद्र जोशी ने चिकित्सालय के सभी चिकित्सक एवम स्वास्थ्यकर्मियों का कोरोना काल मे किये कार्यो को लेकर उनका माला एवं साफा पहनाकर सम्मान किया किया गया। मरीजों को मास्क कभी वितरित किया गये। दरगाह चौक नई आबादी में18+ वेक्सिनेशन कैम्प में 129 का वेक्सिनेशन किया एवं मास्क वितरण का आयोजन किया। इस मौके पर नगर पालिका उपाध्यक्ष ज़फर टाँक,आम जमात सदर एव पार्षद रफ़ीक़ टाँक, पार्षद अरुण व्यास,पार्षद दीपक नायक, विनय झंवर,अल्का लढा, पंचायत समिति सदस्य हीना बानू,पूर्व पार्षद मुबारिक आसाम, जगदीश भ्रह्मभट्ट, पूर्व पार्षद विनोद धोबी, सूर्यप्रकाश जोशी,पंकज साहू, रवीना बड़ोदिया, शशांक त्रिपाठी, साबिर मोहम्मद, इशाक दबूक, जब्बार भुट्टो, सोनू खान, सोहेल खान सहित कई कार्यकर्ता एवं गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

---

ANCHOR

राष्ट्रीय पदाधिकारी बैठक

# केंद्र सरकार के साथ ही भाजपा किसान मोर्चा का प्रत्येक कार्यकर्ता भी किसान कल्याण के प्रति समर्पित - कैलाश चौधरी

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**नई दिल्ली/जयपुर/बाड़मेर-जैसलमेर।** केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण राज्यमंत्री कैलाश चौधरी ने मंगलवार को भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा की नई दिल्ली में आयोजित राष्ट्रीय पदाधिकारी बैठक में मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राजकुमार चाहर एवं अन्य पदाधिकारियों के साथ भाग लिया और देश के कृषि और किसान से जुड़े विषयों पर विस्तृत संवाद किया। इस दौरान कृषि राज्यमंत्री कैलाश चौधरी ने

उन्नत खेती-समृद्ध किसान की दिशा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार की ओर से उठाए गए कदमों और कल्याणकारी योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कैलाश चौधरी ने कहा कि केंद्र सरकार के साथ ही भाजपा किसान मोर्चा का प्रत्येक कार्यकर्ता भी खेती को उन्नत तकनीक से जोड़ने और किसानों की आय बढ़ाने के लक्ष्य के प्रति पूर्ण रूप से समर्पित होकर कार्य कर रहा है। बैठक को सम्बोधित करते हुए केंद्रीय कृषि राज्यमंत्री कैलाश चौधरी ने कहा कि मोदी




सरकार किसानों की आय को दोगुना करने के लिए हर संभव प्रयास कर रही है। पिछले सात वर्षों में केंद्र सरकार ने कृषि क्षेत्र को बदलने के लिए कई पहल की हैं। उन्होंने कहा कि सरकार की तरफ से बेहतर सिंचाई साधनों से लेकर अच्छी कृषि तकनीक, ज्यादा कृषि ऋष्ण और बाजार से लेकर उचित फसल बीमा तक, मृदा स्वास्थ्य पर ध्यान केंद्रित करने के लिए बिचौलियों को समाप्त करने के लिए, प्रयास शामिल हैं। कैलाश चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी सरकार ने बीते सात वर्षों में खेती-किसानी के क्षेत्र में इतना काम किया है, जितना पहले किसी भी सरकार ने नहीं किया। प्रधानमंत्री मोदी की सोच रही है कि बीज से लेकर बाजार तक किसानों को वो हर सुविधा मिले जिससे फसल का उत्पादन बढ़े और किसानों की आय बढ़े। बीते सात वर्षों से की जा रही कोशिशों का नतीजा भी अब सामने आने लगा है।

### कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर फंड से छोटे, मझौले किसानों को फायदा

**कृषि** राज्यमंत्री कैलाश चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने किसान और कृषि सेक्टर के विकास के लिए फूड प्रोसेसिंग को बढ़ावा देने पर भी जोर दिया है। सरकार ने इसके लिए देश की 1000 और मंडियों को ई-नाम से जोड़ने का फैसला किया गया है। इन कदमों से सरकार के विजन का पता चलता है। सरकार का मुख्य फोकस किसान, कृषि और गांवों के विकास पर है। छोटे किसानों का विकास ही सही मायने में ग्रामीण भारत का विकास है। कैलाश चौधरी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में तेजी से हो रहे कृषि सुधार आज दूसरे क्षेत्र के लिए प्रतिस्पर्धा का विषय बन गया है। अब सरकार का ध्यान देश के छोटे एवं मंझोले किसानों पर है। इसके लिए एक लाख करोड़ रुपये के कृषि इंफ्रास्ट्रक्चर फंड से देश के 85 प्रतिशत से ज्यादा छोटे व मझौले किसानों तक पूरा फायदा पहुंचना जरूरी है।

## जागरूक खबरें

### बीएसएफ स्कूल में मनाया योगा दिवस, नियमित योग करने की ली शपथ



**बीकानेर @ जागरूक जनता।** राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय बीएसएफ बीकानेर में कोविड नियमों की पालना करते हुए अन्तराष्ट्रीय योग दिवस पर योग किया। संस्था प्रधान भवरलाल पवार के नेतृत्व में स्टाफ के सदस्यों ने योग किया एवं योग आधारित क्विज प्रतियोगिता में सभी ने भाग लिया। साथ ही विद्यालय स्टाफ द्वारा नियमित रूप से योग करने की शपथ भी ग्रहण की गई।

### योगा स्पोर्ट्स एसोसिएशन द्वारा मनाया सातवां अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



**मांडलगढ़ @ जागरूक जनता।** अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में योगा स्पोर्ट्स स्टेशन द्वारा ऑनलाइन योग दिवस का आयोजन किया गया जिसमें नगर के सभी आयु वर्ग के नागरिकों ने भाग लिया और योगाभ्यास के द्वारा शारीरिक मानसिक और आध्यात्मिक संतुलन को बनाए रखने की कला को सिखा मांडलगढ़ नगर प्रांतीय प्रभारी योगाचार्य विकास सोनी द्वारा आयुष मंत्रालय द्वारा योगा प्रोटोकॉल के अनुसार सभी को योगाभ्यास करवाया योग् के सूक्ष्म महत्व के बारे में सभी को जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर योगा स्पोर्ट्स एसोसिएशन के अध्यक्ष योगाचार्य उमाशंकर शर्मा ने कहा कि योग दिवस हमें आज ही नहीं बनाना है जीवन के प्रत्येक दिन को योग दिवस मानकर और योगा अभ्यास करना है। प्रांतीय सचिव लक्ष्मण सिंह जी राठौड़ ने सभी को धन्यवाद ज्ञापित किया और समय-समय पर नगर में योग शिविर और योग के कार्यक्रम करने की बात कही। कार्यक्रम में योग शिविर प्रभारी आशा देवी लद्दा, सत्यनारायण लड्ढ़ा, राजू काष्ट, रूपा देवी काष्ट, दिव्या पाराशर, अमन काष्ट, आयुषी तम्बोली,सुशीला जी असावा, बबिता जी लड्ढ़ा व अन्य कई लोगों ने भाग लिया। आशा देवी लड्ढ़ा ने योग परिवार का धन्यवाद ज्ञापित किया।

### निर्जला एकादशी पर 101 राशन किट व छाते वितरित



**उदयपुर @ जागरूक जनता।** श्रद्धा और आस्था के विशेष पर्व निर्जला एकादशी पर सोमवार को नारायण सेवा संस्थान ने गरीब, असहाय, विधवाओं और जरूरतमंदों को शर्बत पिलाकर, छातें और राशन सामग्री बांटी। संस्थान अध्यक्ष प्रशान्त अग्रवाल ने बताया कि संस्थान ने कोरोना के चलते 50,000 मजदूर परिवारों को मदद पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। जिसके चलते निर्जला एकादशी पर 110 छाते और 101 रोजगार विहीन कामगारों को राशन दिया गया। इस मौके पर निदेशक वंदना अग्रवाल और पलक अग्रवाल ने निर्जला एकादशी के महात्म्य पर प्रकाश डालते हुए गरीब बच्चों को नए वस्त्र, बिस्किट, फल व स्कूली बच्चो को स्टेशनरी व महिलाओं को साड़ियों का वितरण किया। शिविर के संयोजक दल्लाराम पटेल थे।

### हर्षोल्लास से मनाया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस



**जोधपुर @ जागरूक जनता।** नेहरु युवा केंद्र जोधपुर युवा खेल मंत्रालय के तत्वाधान में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की अवसर पर जोधपुर जिले के बाप ब्लॉक के बारु पंचायत में कैवल्य सेवा संस्थान के सदस्य व नवोदय युवा मंडल बारु अध्यक्ष कुंभाराम प्रजापत ने घर पर रह कर योगा कार्यक्र म आयोजित किया। योगा मे परिवार के सदस्य शामिल हुए। योगा से शरीर और मन दोनों पर नियंत्रण होता है। योगा को दैनिक जीवन शैली में अपनाना चाहिए। सभी ने योग कर हमेशा योगा करने का संदेश दिया। कार्यक्रम में नवोदय युवा मंडल अध्यक्ष कुम्भा राम, शिवजीत सिंह, साथिन खम्मा, वार्ड पंच मंथरा देवी, इत्यादि परिवार के सदस्य शामिल हुए।

## निबंध प्रतियोगिता

# 30 जून तक कर सकेंगे आवेदन

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की ओर से पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी की पुण्यतिथि पर आयोजित की जा रही निबंध प्रतियोगिता में भाग लेने वाले स्टूडेंट्स के लिए निबंध भेजने की तारीख 20 जून से बढ़ाकर 30 जून तक कर दी गई है। प्रतियोगिता ऑनलाइन होगी।

**निबंध प्रतियोगिता में निबंध भेजने की तारीख बढ़ाई**

**माध्यमिक शिक्षा बोर्ड करवा रहा है आयोजन**

आधुनिक भारत के स्वप्नदृष्टा राजीव गांधी विषय पर होने वाली प्रतियोगिताओं में विजेता विद्यार्थी को पहला पुरस्कार 11 हजार रुपए दिया जाएगा जबकि दो अन्य पुरस्कार भी दिए जाएंगे। जानकारी के मुताबिक

राजस्थान बोर्ड से संबद्ध स्कूलों के 9वीं से 12वीं तक के स्टूडेंट्स इसमें हिस्सा ले सकते हैं। प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले सभी प्रतिभागियों को बोर्ड एक सर्टिफकेट भी देगा। निबंध लेखन की शब्द सीमा 500 शब्द हैं। यह निबंध बोर्ड को ई. मेल आई डी पर भेजना होगा। विद्यार्थी कागज पर साफ अक्षरों में निबंध लिखकर उसकी पीडीएफ बनाकर भी मेल सकते हैं। पीडीएफ पर स्टूडेंट्स को अपने नाम के साथ अपने स्कूल का नाम और अपना कॉन्टेक्ट नंबर भी लिखना जरूरी होगा।

### दो केटेगरी में होगी प्रतियोगिता

**निबंध** प्रतियोगिता का आयोजन दो केटेगरी में किया जाएगा। जूनियर केटेगरी नवीं और दसवी कक्षा, सीनियर केटेगरी 11वीं और 12वीं के स्टूडेंट्स के लिए है। सीनियर और जूनियर केटेगरी दोनों से हर वर्ग में प्रथम पुरस्कार विजेता को 11000 रुपएए द्वितीय पुरस्कार विजेता को 5000 रुपए और तृतीय पुरस्कार विजेता को 3000 रुपए का नकद प्राइज दिया जाएगा। इसके अलावा हर केटेगरी में 10-10 सांत्वना पुरस्कार 1000 रुपए के भी दिए जाएंगे। विजयी प्रतिभागियों को विशेष योग्यता सर्टिफिकेट भी दिए जाएंगे।

ओवरब्रिज निर्माण

# कंपनी कब खोलेगी रास्ते, जनता त्रस्त

**एक ही रास्ते से गुजर रहे सैकड़ों वाहन, लोगों को जाम से होना पड़ रहा है रूबरू**

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**बालोतरा।** जब से बालोतरा में विकास के नाम पर ओवरब्रिज का निर्माण चल रहा है तब से बालोतरा की सड़कें बदहाल नजर आ रही है। सड़कों पर चलना तो दूर इन दिनों ओवरब्रिज निर्माण कंपनी ने सारें रास्ते तक बंद कर दिए हैं। एंबुलेंस-फायरब्रिगेड को भी आपातकाल में बंद रास्तों से गुजरने में परेशानी उठानी पड़ रही है लेकिन निर्माण कंपनी लापरवाह बन गई है। द्वितीय रेलवे क्रॉसिंग पर लंबे समय से अंडरपास बनने से पूरा रास्ता बंद है। शहर दो भागों में बंटा हुआ है। ऐसे में द्वितीय रेलवे क्रॉसिंग का रास्ता बंद होने से शहरवासियों को प्रथम रेलवे क्रॉसिंग से गुजरना पड़ रहा है लेकिन यहां भी निर्माण कंपनी काम चला रही है। ऐसे में जो थोड़ा-बहुत रास्ता खुला है वहां सैकड़ों वाहन गुजरने से हर वक्त जाम का नजारा बन जाता है।



**जानलेवा गड्ढे तक खोद दिए हैं, सेफ्टी बेरियर भी नहीं**

ओवरब्रिज निर्माण कंपनी ने अंडरपास बनाने के लिए गहरें गड्ढे तो खोद दिए हैं लेकिन वहां सेफ्टी को लेकर एक भी बेरियर नहीं लगाया है। निर्माण कंपनी इतनी बेपरवाह बन गई है कि रात को भी यहां पर लाइटें नहीं लगाई है। ऐसे में रात्रि को राह चलते किसी के गड्ढे में गिरने व हादसा होने से इंकार नहीं किया जा सकता है।

**एक बुजुर्ग गिरकर हो चुका चोटिल, सीवरेज के मैन हॉल में गिरा**

बुधवार को ही ओवरब्रिज निर्माण कंपनी की लापरवाही का खामियाजा एक बुजुर्ग को उठाना पड़ा। बारिश के कारण पादरू बस स्टैंड पास सीवरेज के मैन हॉल से गंदे पानी की निकासी की जा रही है। मैन हॉल खुला ही पड़ा था ऐसे में राह चलते बुजुर्ग

## योगा चैलेंज का ऑनलाइन आयोजित, नियमित योग करने की ली शपथ

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**बीकानेर।** फोर्थ स्क्रीन एजुकेशन के तत्वाधान में राष्ट्रीय स्तर पर योगा चैलेंज का आयोजन किया गया जिसमें एक हज़ार से अधिक लोगों ने ऑनलाइन नियमित योग करने की शपथ ग्रहण की। फोर्थ स्क्रीन एजुकेशन के फाउंडर हुकम चंद चौधरी ने बताया कि सभी प्रतिभागियों को योगा चैलेंज में शामिल होने पर प्रमाण पत्र भी प्रदान किए गए हैं। फोर्थ स्क्रीन एजुकेशन एक ऑनलाइन प्लेटफॉर्म है जिसके माध्यम से समय-समय पर ऑनलाइन इवेंट करवाए जाते हैं ताकि सामाजिक सरोकारों से संबंधित विषयों से सभी को जोड़ा जा सके। कोरोना काल में पिछले 1 वर्ष में फोर्थ स्क्रीन एजुकेशन द्वारा कई ऑनलाइन इवेंट करवाए जा चुके हैं और लगभग 50,000 से अधिक विभिन्न प्रतियोगिताओं में भाग लेने पर सहभागिता प्रमाण पत्र वितरित किए जा चुके हैं।

ANCHOR | कैबिनेट के बाद संगठन विस्तार में फंसा पेंच

# संशय के बादल : जुलाई बाद जिलाध्यक्षों की नियुक्ति संभव

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** त्रिमंडल विस्तार,फेरबदल टलने के बाद अब संगठन विस्तार पर भी संशय के बादल मंडराने लगे हैं। संगठन विस्तार को भी अब 2 महीने और आगे टालने की तैयारी है। बताया जाता है कि इसकी एक वजह संगठन विस्तार और जिलाध्यक्षों की नियुक्तियों को लेकर शुरू हुई जबरदस्त लॉबिंग को माना जा रहा है, जिसके चलते फिलहाल अब संगठन विस्तार को भी 2 माह तक टाले जाने की बात कही जा रही है। माना जा रहा है कि अब जुलाई माह के बाद ही पहले कैबिनेट विस्तार होगा और उसके बाद ही संगठन फेरबदल और विस्तार की कवायद दोबारा नए सिरे से शुरू होगी।



**सचिन पायलट कैंप की मजबूत दावेदारी**

विश्वस्त सूत्रों की माने तो संगठन विस्तार में सचिन पायलट खेमा अपने समर्थकों को ज्यादा से ज्यादा एडजस्ट करना चाहता है। तकरीबन एक दर्जन से ज्यादा जिलाध्यक्षों के साथ ही प्रदेश कार्यकारिणी के विस्तार में भी पायलट अपने समर्थकों को एडजस्ट कराने में लगे हुए हैं, जबकि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, भंवर जितेंद्र सिंह भी अपने समर्थकों को जिलाध्यक्ष बनाए जाने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगाए हुए हैं। ऐसे में किसी भी एक नाम पर आम राय नहीं बनने के चलते विस्तार को फिलहाल अभी टालने की तैयारी की जा रही है। कहा जा रहा है कि इसके लिए मंत्रिमंडल फेरबदल के बाद दोबारा नए सिरे से कवायद शुरू होगी।

**जयपुर शहर-देहात पर भी पायलट कैंप की नजर**

जानकारों का कहना है कि जयपुर शहर और जयपुर देहात जिलाध्यक्षों के पद पर भी सचिन पायलट खेमा जबरदस्त लॉगिन कर रहा है। सचिन पायलट जयपुर शहर और देहात में भी अपने समर्थकों को जिलाध्यक्ष बनाना चाहते हैं, जबकि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और प्रदेश कांग्रेस के अध्यक्ष गोविंद डोटासरा अपने समर्थकों को जिलाध्यक्ष बनाना चाहते हैं। जयपुर जिले को लेकर हो रही लॉबिंग की एक वजह ये भी है कि राजनीति के लिहाज से भी जयपुर जयपुर जिले को बेहद प्रभावशाली माना जाता है। पार्टी के तमाम बड़े आयोजन अधिकांश जयपुर में ही आयोजित किए जाते हैं ऐसे में कांग्रेस के तमाम बड़े नेता जयपुर देहात और जयपुर से अध्यक्ष पद के लिए भी लॉबिंग में जुटे हुए हैं और अपने लोगों को एडजस्ट कराने का प्रयास कर रहे हैं।

**प्रदेश कार्यकारिणी में समर्थकों को एडजस्ट कराया था पायलट ने**

इससे पहले पीसीसी चीफ गोविंद सिंह डोटासरा की 39 सदस्यीय छोटी प्रदेश कार्यकारिणी में भी सचिन पायलट अपने समर्थकों को एडजस्ट कराने में सफल रहे थे। अपने समर्थक विधायकों वेद प्रकाश सोलंकी, जीआर खटाणा और राकेश पारीक को जहां कार्यकारिणी में प्रदेश महासचिव बनवाया तो वहीं पूर्व मंत्री राजेंद्र चौधरी और नसीम अख्तर इंसाफ को उपाध्यक्ष बनवाया था। इसके अलावा प्रशांत सहदेव शर्मा और महेंद्र सिंह खेड़ी को भी कार्यकारिणी में सचिव बनाकर एडजस्ट कराया, वहीं एक दर्जन जिलाध्यक्षों के पदों पर अपने समर्थकों एडजस्ट कराना चाहते हैं।

# गरासिया ने 17वीं बार रक्तदान कर निभाया मानवता धर्म

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**सिरोही।** ब्लड बैंक में बेकरिया निवासी आदिवासी मरीज को रक्त की अतिआवश्यकता पड़ने पर इसकी सूचना एनएसयूआई ब्लॉक अध्यक्ष अशोक गरासिया को मिलने पर अशोक गरासिया रक्तदान के लिए तुरन्त तैयार हुए और अपने मित्र और एनएसयूआई के पिण्डवाड़ा आबू विधानसभा अध्यक्ष नकुल ओझा के निजी वाहन से ब्लड बैंक पहुच कर रक्तदान किया।

एनएसयूआई के पदाधिकारियों का कहना है कि पिण्डवाड़ा क्षेत्र के अधिकतर युवा हमारे इन रक्तदान करवाने के प्रयासों से रक्तदान कर रहे है व रक्तदान करने के लिए जागरूक हो रहे है तथा कही युवाओ को रक्तदान के लिए प्रेरित कर रहे है। एनएसयूआई के छात्रनेताओ का कहना है कि हमने पूर्व ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राकेश रावल, लायंस क्लब अध्यक्ष महेशदान चारण, संभागीय अध्यक्ष हनीश रावल, युथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष निकेश रावल की प्रेरणा से रक्तदान करने व रक्तदाताओं से जरूरतमंदों के लिए रक्तदान करवाने के हेतु प्रयास किये व विधानसभा अध्यक्ष नकुल ओझा का कहना है कि हमारा पूरा संगठन कोरोना के शुरुआती दौर से आसपास के सभी ब्लड बैंकों आबूरोड,सिरोही, सुमेरपुर, उदयपुर पहुच कर रक्तदान कर व रक्त की व्यवस्था करवा रहे है। जिसके



लिये हमें सभी का सहयोग व समर्थन मिल रहा है इस रक्तदान के पुनीत कार्य मे संगठन के पदाधिकारी तरुण मीणा, ईश्वर देवड़ा, महेंद्र गवारिया, श्रवण गर्ग, चंदन गरासिया, समीर शेख, निर्मल मेघवाल, गणपत परमार, युवा कांग्रेस से भुवनेश मीणा, महेंद्र मेघवाल,शैलेश परिहार, सदरू खान, हसमुख परमार, अमित कुमार, प्रांजल शर्मा,शाहरुख खान, जिगनेश रावल,तरुण,मुकेश का पूरा सहयोग मिल रहा है। ये सब रक्तदाता रक्तदाताओ को जोड़ रहे है व विधानसभा क्षेत्र में रक्तदाताओं की चेन बनती जा रही है इस कार्य के लिए पूरे विधानसभा क्षेत्र के सभी नागरिक व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता लोकसभा प्रत्यासी रतन देवासी, संध्या चौधरी,पूर्व ब्लॉक अध्यक्ष राकेश रावल,ब्लॉक अध्यक्ष प्रेमाराम देवासी, महेंद्र रावल,रेवत गरासिया पार्षद सुरेश मेवाड़ा,छगन टॉक, अरविंद गवारिया, प्रकाश मीणा सरपंच धनाराम गरासिया,विरमाराम गरासिया, कुरैश गरासिया भी सराहना कर रहे है व एनएसयूआई को सहयोग समर्थन दे रहे है।

कक्षा 1 से 12 के लिए ऑनलाइन क्लासेज शुरू

# ऑनलाइन स्टडी दूरदर्शन और आकाशवाणी पर भी लगेगी क्लास

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**सीकर।** शिक्षा विभाग ने पहली से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए ऑनलाइन क्लासेज शुरू कर दी है। हालांकि ग्रामीणों इलाकों में जहां इंटरनेट कनेक्टिविटी नहीं है, वहां के स्टूडेंट्स को ऑनलाइन क्लास से जोड़ना विभाग के लिए बड़ी चुनौती होगी। इसके अलावा कई स्टूडेंट्स व उनके अभिभावकों के पास स्मार्ट फोन भी नहीं है। विभाग की ओर से आकाशवाणी पर शिक्षावाणी, दूरदर्शन पर शिक्षादर्शन और वॉट्सएप पर स्माइल-3 के अंतर्गत ऑनलाइन पढ़ाई कराई जाएगी। शिक्षावाणी कार्यक्रम में कक्षा एक व दो के बालक-बालिकाओं के लिए मीना की कहानियां, कक्षा 3 से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए कक्षावार पाठ्यक्रम आधारित पाठों का प्रसारण किया जाएगा। इसकी साप्ताहिक समय सारिणी स्टूडेंट्स को वॉट्एसप सहित अन्य माध्यमों व शिक्षकों द्वारा दी जाएगी। इसे सुबह 11 से 11.55 बजे तक 55 मिनट के लिए आकाशवाणी पर चलाया जाएगा। इसे आकाशवाणी के एप पर भी सुना जा सकता है।

**स्माइल-3: अध्यापकों को घर-घर जाने के निर्देश**

स्माइल-3 के तहत गत वर्ष की तरह 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए दक्षता आधारित कंटेंट एवं गृहकार्य वॉट्सएप समूहों के जरिए प्रतिदिन डाले जाएंगे।

**दूरदर्शन पर 3.15 घंटे तक प्रसारण**

दूरदर्शन पर कक्षा एक से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए कक्षावार पाठ्यक्रम आधारित पाठों का प्रसारण किया जाएगा। दूरदर्शन राजस्थान पर इसे कक्षा 9वीं से 12वीं के लिए प्रतिदिन दोपहर 12.30 से 2.30 बजे तक तथा कक्षा एक से 8वीं तक के लिए दोपहर 3 से 4.15 बजे तक कुल 3 घंटे 15 मिनट तक पूरे राजस्थान में देखा जा सकेगा। दूरदर्शन की विभिन्न डीटीएच सेवाओं पर अलग-अलग चैनलों पर इसे दिखाया जाएगा।

## ब्लड बैंक में कर्मचारियों की कमी को लेकर विधायक को सौपा ज्ञापन

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**बालोतरा।** राजकीय नाहटा अस्पताल ब्लड बैंक में कर्मचारियों की कमी के चलते रक्तकोष मित्र मंडल सेवा संस्थान के बैनर तले विधायक मदन प्रजापत को ज्ञापन देकर कर्मचारियों के पद पूर्ण करने का ज्ञापन सौपा।संस्थान अध्यक्ष दिनेश प्रजापत ने बताया कि बाड़मेर जिले का दूसरा सबसे बड़ा अस्पताल राजकीय नाहटा अस्पताल में कर्मचारियों की भारी कमी के कारण आमजन को बहुत परेशानियों का सामना करना पड़ता है वहीं सदस्य बालू दवे ने बताया कि मानवीय सेवा के लिए अपना सम्पूर्ण काम काज छोड़कर रक्तदान करने आने वाले हर रक्तदाता को 2-3 घंटे वहाँ बैठकर इंतजार करना पड़ता है वही संस्थान उपाध्यक्ष सलीम खिलेरी ने बताया कि ब्लड बैंक सुबह 8 से 2 बजे तक खुला रहता है उसके बाद कर्मचारियों की कमी के चलते डॉ कॉल पर कर्मचारी ब्लड बैंक आते है जिसकी वजह से हर जरूरतमंद मरीज व रक्तदाताओं को बेहद समस्या का सामना करना पड़ रहा हैं।और आपातकाल में ब्लड बैंक खुला नही रहने की वजह से मरीज को नुकसान भी हो सकता है इसलिए जल्द से जल्द ब्लड बैंक कर्मचारियों की पूर्ति कर आम जन को राहत देने की कृपा करें।इस दौरान संस्थान सचिव रावत बोद्ध, कोषाध्यक्ष मोहम्मद रमजान, ब्लॉक प्रभारी पंकज डाभी,प्रियेश,देवेंद्र राजपुरोहित, लक्ष्मण निम्बार्क,जोगाराम डाँगी,महेंद्र जसोल,मोहम्मद जाहिद, नरपत सिंह उमरलाई,अशोक लोहार, महेंद्र परिहार, घेवरचंद राठौड़, धीरज पंवार,सुजाराम माली नवीन मेडिकल, विक्रम सिंह चारण ,राजूराम गोल आदि टीम सदस्य उपस्थित रहे।विधायक मदन प्रजापत ने भरोसा दिलाया कि बहुत जल्द की कर्मचारियों की नियुक्ति की जाकर आमजन को राहत दी जाएगी।



ANCHOR | कोरोनाकाल

# मानव जीवन सुरक्षा के लिए वैक्सीनेशन आवश्यक -कलक्टर

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**भरतपुर।** कोरोन संक्रमण की दूसरी लहर कम होने के साथ ही तीसरी लहर की सम्भावना व्यक्त की जा रही हैं। इसको मद्देनजर रखते हुए अपने क्षेत्र में जनहानि को रोकने के लिए आमजन को शत-प्रतिशत टीकाकरण के लिए प्रेरित करना हमारी नैतिकजिम्मेदारी एवं दायित्व भी है। उन्होंने कहा कि जिन लोगों के प्रथमटीकाकरण हुए 84 दिन से अधिक हो चुके हैं उनके द्वितीय डोज लगाया जानाआवश्यक है अन्यथा हमारे द्वारा प्रथम डोज के लिए किये गये प्रयास निरर्थक साबित होंगे साथ ही उस व्यक्ति को भी टीकाकरण का लाभ नहीं मिलेगा। यह कहना है जिला कलेक्टर हिमांशु गुप्ता का। गुप्ता राजीव गांधी सेवा केंद्र स्थित वीसी कक्ष में उपखंड स्तरीय अधिकारी एवं स्थानीय जनप्रतिनिधियों से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से रूबरू हो गए थे। गुप्ता ने कहा कि जीवन को बचाने के लिए कोविड वैक्सीन टीकाकरण आवश्यक है।

जिला कलक्टर हिमांशु गुप्ता ने कहा कि कोविड-19 संक्रमण से जीवन को बचाने के लिए कोविड वैक्सीन टीकाकरण आवश्यक है। कोविड-19 संक्रमण की दूसरी लहर की अवधि में यह देखने में आया कि जिन लोगों के टीकाकरण हो चुका है उनकी अपेक्षा टीकाकरण नहीं लगवाने वाले लोगों की अधिक क्षति हुई है। उन्होंने कामां एवं पहाडी क्षेत्र में टीकाकरण अभियान को गति नहीं मिलने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा कि टीकाकरण के प्रति फैली




अफवाहों एवं भ्रांतियों को दूर करते हुए सकारात्मक सोच के साथ आमजन को टीकाकरण के लिए प्रेरित करें। इसके लिए ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय कार्मिकों की टीम घर-घर जाकर, जागरूकता रथ अथवा धर्मगुरू की वीडियों रिकॉर्डिग के माध्यम से लोगों को संदेश देकर वैक्सीन केन्द्र पर अधिक से अधिक टीकाकरण के लिए प्रेरित करें।

जिला कलक्टर गुप्ता ने उपखण्ड अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिन ग्राम पंचायतों में प्रथम टीकाकरण का समय 84 दिन से अधिक हो चुका है उन ग्राम पंचायतों में द्वितीय डोज लगवाने वालों को प्रेरित कर वैक्सीन टीकाकरण कराया जावें। उन्होंने कहा कि ग्राम पंचायतों के साथ ही दूर-दराज के ग्रामों में भी वैक्सीनेशन के लिए साइटें निर्धारित की जायें जिससे लोगों को आने-जाने में असुविधा न हो। उन्होंने कहा कि वैक्सीन साइट निर्धारित होने पर क्षेत्र के पंचायत प्रारम्भिक शिक्षा अधिकारी एवं वार्ड समितियों की बैठक आयोजित करने के साथ ही कंट्रोल रूम के माध्यम से द्वितीय डोज लगवाने वाले लोगों को मोबाईल के द्वारा भी सूचित करें जिससे वैक्सीन साइट पर अधिक से अधिक टीकाकरण संभव हो सके।

जिला कलक्टर ने समस्त जनप्रतिनिधियों से आग्रह किया कि उनके अधीनस्थ ग्राम पंचायतों एवं ग्रामों में जहॉ शमसान एवं कब्रिस्तान नहीं हों उनके प्रस्ताव तैयार कर 25 जून को पंचायत समिति स्तर पर विशेष अभियान के तहत आयोजित होने वाले शिविरों में ग्राम स्तर पर शमसान एवं कब्रिस्तान के लिए भूमि आरक्षित किये जाने एवं एसएफसी एवं एफएफसी फण्ड से राशि उपलब्ध कराने पर महा नरेगा योजना के तहत डवटेल कर विकास कार्य स्वीकृत किये जायेंगे जिनमें शमशान में वृक्षारोपण, पेयजल, भण्डारण कक्ष, इंटरलॉकिंग कार्य, बैठक व्यवस्था, टीनशैड आदि के कार्य कराये जायेंगे इसी प्रकार कब्रिस्तान के लिए भूमि आवंटन के पश्चात् वृक्षारोपण चारदीवारी, इंटरलॉकिंग कार्य, बैठक व्यवस्था, पेयजल आदि के विकास कार्य कराये जायेंगे। उन्होंने कहा कि सामाजिक पेंशन योजना एवं पालनहार योजना के तहत किये गये सर्वे में शत-प्रतिशत प्रगति नहीं मिल पाई है।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिये कि वे पात्र लोगों का समय पर ऑनलाईन आवेदन कर स्वीकृति जारी करें जिससे पात्र लोगों को आर्थिक संबल मिल सके। बैठक में जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजेन्द्र सिंह चारण ने समस्त विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि जिले की समस्त ग्राम पंचायत क्षेत्रों में 500-500 पौधे लगाये जाने के लक्ष्य निर्धारित किये गये हैं समय पर वृक्षारोपण की व्यवस्था सुनिश्चित करें। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर प्रशासन बीना महावर, अतिरिक्त जिला कलक्टर शहर के.के गोयल, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ कप्तान सिंह, नगर निगम आयुक्त डॉ राजेश गोयल, आरसीएचओ डॉ अमर सिंह सैनी सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## जागरूक खबरें

### आर्म्ड फ़ोर्स ट्रिब्यूनल में न्यायिक सदस्य के रिक्त पद को भरने की मांग



**जयपुर @ जागरूक जनता।** सैनिकों, पूर्व सैनिकों, वीरांगनाओं और उनके परिजनों को पेंशन, वेतन-भत्ते, नौकरी और सेवा लाभ आदि केसों की सुनवाई के लिए राजस्थान में आर्म्ड फोर्स ट्रिब्यूनल संचालित है लेकिन फरवरी 2016 के बाद से इस ट्रिब्यूनल में न्यायिक सदस्य का पद रिक्त है। पिछले 5 साल से यह पद खाली होने के कारण 5000 से ज्यादा केस लंबित चल रहे हैं। जयपुर दौरे पर आए भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव और राजस्थान प्रभारी अरुण सिंह को आज सैनिक मामलों के एक्सपर्ट अरुण ढाका द्वारा ज्ञापन देकर ट्रिब्यूनल में न्यायिक सदस्य के रिक्त पद को भरे जाने की मांग की। अरुण ढाका ने बताया कि पिछले 5 सालों से न्यायिक सदस्य नहीं होने के कारण सैनिक, पूर्व सैनिक, वीरांगनाओं और उनके परिवारजन जयपुर स्थित ट्रिब्यूनल ऑफिस के चक्कर लगा रहे हैं। इन 5 सालों में 20 से ज्यादा पूर्व सैनिकों का निधन भी हो गया लेकिन उन्हें न्याय नहीं मिला। सैंकड़ों परिवादी न्याय की आस में भटकने को मजबूर हैं। इस ट्रिब्यूनल में न्यायिक सदस्य के पद की नियुक्ति केंद्र सरकार के रक्षा मंत्रालय करता है। ऐसे में बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव अरुण सिंह को रक्षामंत्री राजनाथ सिंह के नाम का ज्ञापन देकर इस रिक्त पद को भरे जाने की मांग की गई।

### नगर पालिका टीम ने वसूला जुर्माना

राजस्व अधिकारी सौरभ गर्ग की अगुवाई में विभिन्न स्थानों पर काटे गए 22 चालान



**कोटपूतली @ जागरूक जनता।** वैश्विक महामारी कोरोना वायरस की दूसरी लहर का संक्रमण कोटपूतली में पहले की तुलना में अब निरन्तर कम होता जा रहा है। यहाँ अब पॉजीटीव मरीजों के आंकड़ों में कमी देखी जा रही है। हालांकि क्षेत्र में अब कोरोना का संक्रमण तो कम हो गया है लेकिन महामारी का खतरा अभी टला नहीं है।इसलिए क्षेत्रवासियों को अभी भी कोरोना गाईडलाईन की पालना एवं सतर्कता बरतने की बेहद आवश्यकता है। बीसीएमओ डॉ. रामनिवास यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि सोमवार को निकटवर्ती ग्राम आसपुरा निवासी एक 26 वर्षीय युवक एवं कस्बे के मौहल्ला बाछड़ी निवासी एक 30 वर्षीय महिला की रिपोर्ट कोरोना पॉजीटीव प्राप्त हुई है। वहीं कोटपूतली में सोमवार तक कोरोना एक्टिव केसों की संख्या 20 है। कोविड-19 की जाँच हेतु आरटीपीसीआर से 22 एवं एन्टीजन किट से 32 सैम्पल लिए गये।वहीं कस्बे के राजकीय बीडीएम जिला चिकित्सालय में 63 संदिग्ध मरीजों की स्क्रीनिंग कर उनके रैंडम सैम्पल लिए गये हैं।वहीं मृत्यु का कोई भी मामला दर्ज नहीं किया गया। अखबार के ब्यूरो चीफ धर्मवीर कुमावत ने बताया कि नगर पालिका मंडल कोटपूतली द्वारा कोरोना गाईडलाईन की अनुपालना में अधिशासी अधिकारी फतेह सिंह मीणा के नेतृत्व में कस्बे में विभिन्न स्थानों पर फ्लैग मार्च करते हुए सोडियम हाईपोक्लोराईड से सैनेटाईजेशन करवाया गया। पालिका की टीम द्वारा राजस्व अधिकारी सौरभ गर्ग की अगुवाई में विभिन्न स्थानों पर 22 चालान काटकर 4 हजार रूपयों की जुर्माना राशि वसूल की गई।

### स्वर्गीय भण्डारी के चित्र के समक्ष पुष्प अर्पित कर दी गई श्रद्धांजलि



**कोटपूतली @ जागरूक जनता।** भारतीय जनसंघ के संस्थापक सदस्य एवं आरएसएस प्रचारक सुन्दर सिंह भण्डारी की पुण्यतिथि पर मंगलवार को कस्बे के कृष्णा टाकीज रोड़ पर स्थित जय विलास गार्डन में भाजपा जयपुर देहात उत्तर के पदाधिकारियों द्वारा श्रद्धांजलि अर्पित की गई।इस दौरान वक्ताओं ने कहा कि देश के बंटवारे के बाद पाकिस्तान से आने वाले विस्थापितों को बसाने में स्वर्गीय भण्डारी का अविस्मरणीय योगदान रहा।भारतीय जनसंघ को आगे बढ़ाने में उन्होंने पूरा जीवन समर्पित कर दिया।अखबार के ब्यूरो चीफ धर्मवीर कुमावत ने बताया कि इस दौरान जिला महामंत्री एडवोकेट सुरेन्द्र चौधरी,जिला प्रभारी सत्यवीर यादव, जिला मंत्री एडवोकेट रविन्द्र सिंह शेखावत व सुभाष दवाईवाला,एडवोकेट अशोक सुरेलिया,भाजयुमो जिला महामंत्री एडवोकेट राजेन्द्र रहीसा,वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर लाल कसाना, नगर मंडल अध्यक्ष गोपाल मोरीजावाला,एडवोकेट चेतराम रावत, एडवोकेट नरेन्द्र सिंह शेखावत,एडवोकेट जयसिंह शेखावत, सत्येन्द्र सिंह गुर्जर आदि ने पुष्प अर्पित कर स्वर्गीय भण्डारी को श्रद्धांजलि दी।

जागरूक जनता jagrukjanta.com फेसबुक पेज
पढ़े, जुड़े और आगे बढ़े
हर खबर से आपको रखें अपडेट
जागरूक जनता
www.facebook.com/jagrukjantanews

प्रधानमंत्री मोदी द्वारा दुनिया को भारत के योग का संदेश देने के लिए की गई थी योग दिवस की शुरूआत

# 7वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर विभिन्न स्थानों पर योग शिविर आयोजित

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**कोटपूतली।** 7वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर क्षेत्र में विभिन्न स्थानों पर योग शिविरों का आयोजन हुआ।इस मौके पर कस्बा स्थित मण्डी परिसर में भाजपा कार्यकर्ताओं द्वारा जिला उपाध्यक्ष कर्मवीर बोकन के नेतृत्व में योग शिविर लगाया गया।इस दौरान बोकन ने कहा कि पूरी दुनिया को भारत के योग का संदेश देने के लिए योग दिवस की शुरूआत प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा की गई थी।उन्होंने वर्तमान जीवन में योग की आवश्यकता पर बल दिया।वहीं जिला महामंत्री एडवोकेट सुरेन्द्र चौधरी ने कहा कि इस वर्ष योग दिवस 6 वर्ष पूर्ण कर रहा है।प्रधानमंत्री मोदी को अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित करवाने में तीन माह से भी कम का समय लगा।इस मौके पर योग गुरू रमेश आर्य द्वारा योग करवाया गया।

अखबार के ब्यूरो चीफ धर्मवीर कुमावत ने बताया कि इस दौरान एससी मोर्चा प्रदेश मंत्री एडवोकेट सुबेसिंह मोरोडिया,पूरण सैनी,नगर अध्यक्ष गोपाल मोरीजावाला,वरिष्ठ भाजपा नेता शंकर लाल कसाना, महामंत्री बालकृष्ण सैनी व जितेन्द्र शेखावत,शशी मित्तल,अब्दुल सत्तार खान,संजय टेलर,कपिल शर्मा, अशोक नरूका,खेताराम सैनी सहित अन्य मौजूद रहे।भाजपा उत्तर मंडल द्वारा ग्राम सांगटेड़ा,गोपालपुरा,बनेठी, गोनेड़ा,मोलाहेड़ा में योग शिविर आयोजित किये गये।सांगटेड़ा खेल मैदान पर मंडल अध्यक्ष एडवोकेट रमेश रावत के नेतृत्व में शिविर लगाया गया।इस दौरान भाजयुमो मंडल अध्यक्ष व सरपंच सोनू चौधरी, एबीवीपी नगर अध्यक्ष इंजीनियर राजेश चौधरी,वीरसिंह जाट,कमलेश कोच,अजय सिंह,विक्रम व धर्मेन्द्र आदि कार्यकर्तागण मौजूद रहे।ग्राम सांगटेड़ा में मातृ शक्ति द्वारा गीता शर्मा के नेतृत्व में योग शिविर लगाकर कपालभाति,अनुलोम-विलोम,सूर्य नमस्कार, भ्रामरी आदि योग करवाये गये।इसी प्रकार राजपूताना पीजी महाविद्यालय में आयोजित योग शिविर में संस्था निदेशक महेन्द्र चौधरी ने कहा कि प्रतिदिन योग से बहुत सी बीमारियों से निजात पाई जा सकती है।वहीं प्राचार्य डॉ.एच.एन.धोलीवाल ने शिक्षण संस्थानों में योग शिक्षा का कालांश होने की बात भी कही।

योग शिक्षिका सुनीता सिंह ने विभिन्न योग करवाये।इस दौरान महाविद्यालय स्टॉफ सदस्य व अन्य मौजूद रहे।इसी प्रकार कस्बे के अमरपुरा नई कोठी रोड़ पर स्थित सजना पब्लिक सीनियर सैकण्डरी स्कूल में प्रधानाचार्य श्रीमती सजना कुमावत के नेतृत्व में योग शिविर का आयोजन किया गया।इस मौके पर कुमावत ने कहा कि इंसान का पहला सुख निरोगी काया होता है, इसके लिए हमें नियमित योग करना चाहिए।एबीवीपी कोटपूतली नगर के कार्यकर्ताओं द्वारा अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस ग्राम सांगटेडा में मनाया गया। नगर अध्यक्ष राजेश चौधरी ने जानकारी देते हुए बताया कि शिविर में 100 से अधिक युवाओं ने हिस्सा लिया।उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य ही जीवन है।अपने जीवन में योग को अपनाकर हमें शारीरिक,मानसिक व बौद्धिक दृष्टि से मजबूत बनने का संकल्प लेना चाहिये।इस दौरान जिला संयोजक भीम सिंह पायला,सह संयोजक मोनू स्वामी,शिवम सक्सेना, कमल हवलदार,सत्येन्द्र चौधरी,अजय चौधरी सहित अन्य मौजूद रहे।

### तेजी से बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिए आवश्यक है पौधारोपण - एसडीएम मीणा



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**महात्मा गाँधी की 150 वीं जयन्ती वर्ष पर उपखण्ड कार्यालय में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित**

**कोटपूतली।** राष्ट्रपिता महात्मा गाँधी की 150 वीं जयन्ती वर्ष एवं स्वतंत्रता की 75 वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में राज्य सरकार द्वारा वर्ष भर से विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।इसी अवसर पर उपखण्ड कार्यालय में एसडीएम सुनीता मीणा के नेतृत्व में पौधारोपण कार्यक्रम का आयोजन कर उपखण्ड परिसर में गाँधी वाटिका का शुभारम्भ किया गया।इस दौरान एसडीएम मीणा ने कहा कि तेजी से बढ़ते प्रदूषण को रोकने के लिए पौधारोपण की महती आवश्यकता है।वहीं उन्होंने वृक्षों को हरित सोना बताते हुए प्रत्येक नागरिक को दस पौधे लगाने का संकल्प लेने की बात कही। इस मौके पर उपखण्ड कार्यालय के कर्मचारियों ने वृक्षों के संरक्षण का संकल्प भी लिया। एसडीएम मीणा ने 7 वें अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर क्षेत्रवासियों को बधाई देते हुए कहा कि योग सुरक्षा कवच के रूप में उभरा है।कोरोना योद्धाओं ने योग से ही अपने आपको स्वस्थ बनाया है। अखबार के ब्यूरो चीफ धर्मवीर कुमावत ने बताया कि इस अवसर पर तहसीलदार सूर्यकान्त शर्मा, बीडीओ शशीबाला, नायब तहसीलदार ओमप्रकाश, योगेश आर्य, रेंजर सीताराम यादव,गाँधीवादी विचारक राधेश्याम, हर्षवर्धन शर्मा, विक्रम सिंह,पूर्व सरपंच बसंती यादव, पूरणमल खटीक, शाहरूख टांक आदि मौजूद रहे।वहीं दूसरी ओर एसडीएम मीणा के नेतृत्व में राजकीय बालिका माद्यमिक विद्यालय में सीबीईओ अनिल कुमार यादव एवं स्टॉफ द्वारा पौधारोपण किया गया। इस दौरान विद्यालय प्रभारी अमरसिंह, नरेश कुमार, राजू, संतोष,कन्या गौड़, ओमप्रकाश, रामजस आदि मौजूद रहे।

सुजातनगर में नव सृजित ग्राम पंचायत भवन निर्माण कार्य का हुआ शिलान्यास

# पंचायती राज मजबूत तो होगा देश मजबूत -यादव



जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**कोटपूतली।** हाल ही में राज्य सरकार द्वारा नवसृजित ग्राम पंचायत सुजातनगर के ग्राम पंचायत भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास समारोह स्टेट मोटर गैराज राज्यमंत्री एवं क्षेत्रीय विधायक राजेन्द्र सिंह यादव के मुख्य आतिथ्य में आयोजित हुआ।कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए यादव ने कहा कि देश में कांग्रेस पार्टी ने आजादी के तुरन्त बाद पंचायती राज को मजबुत बनाने के लिए कार्य शुरू कर दिया था।प्रथम प्रधानमंत्री पं.जवाहर लाल नेहरू ने त्रिस्तरीय पंचायती राज प्रणाली की अवधारणा दी थी।जिसने आगे चलकर देश में पंचायती राज जनप्रतिनिधियों को व्यापक स्तर पर प्रतिनिधित्व प्रदान किया।हाल ही में राज्य सरकार ने अतिरिक्त ग्राम पंचायतों का गठन किया ताकि ज्यादा से ज्यादा संख्या में पंचायती राज जनप्रतिनिधियों को अपने गाँव व ढ़ाणियों के लिए कार्य करने का मौका मिल सके।इस दौरान उन्होंने 35 लाख रूपयों की लागत से बनाये जा रहे पंचायत भवन के निर्माण कार्य का शिलान्यास अनावरण पट्टीका का लोकार्पण विधि-विधान से पूजा अर्चना के साथ किया।वहीं सुजातनगर ग्राम सेवा सहकारी समिति के अस्थाई कार्यालय का भी फीता काटकर उद्घाटन किया।राज्यमंत्री यादव ने इस दौरान ग्रामीण महिलाओं की समस्यायें भी सुनी।कार्यक्रम की अध्यक्षता स्थानीय सरपंच विनोद देवी ने की।अखबार के ब्यूरो चीफ धर्मवीर कुमावत ने बताया कि इस मौके पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष छीत्तरमल सैनी, डीसीसी सदस्य नरसी गुर्जर,सरपंच प्रतिनिधि हरिराम कटारिया,दिलीप गुर्जर,रामस्वरूप मीणा,जगदीश मीणा,गोरधनपुरा सरपंच प्रतिनिधि रघुवीर यादव,सुनील आर्य,सुरेश कुमार यादव, दीनदयाल अध्यापक, हजारी लाल पीटीआई,रामकरण दायमा, पूरण गुर्जर,संजय आर्य,सगरा राम यादव, विजय शर्मा,सिंगराम गुर्जर, श्रीराम यादव सहित ग्रामीण मौजूद रहे।

# सहवृत सदस्यों को दिलाई पद एवं गोपनीयता की शपथ

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**चित्तौड़गढ़।** राज्य सरकार ने एक आदेश जारी कर नगर परिषद चितौड़गढ में 3 नवीन सहवृत सदस्यो का मनोनयन किया गया। जिन्हें मंगल पूर्व विधायक सुरेन्द्रसिंह जाड़ावत, सभापति संदीप शर्मा, शहर कांग्रेस अध्यक्ष प्रेमप्रकाश मूंदडा की उपस्थिति मे उपखण्ड अधिकारी श्याम सुन्दर विश्नोई ने पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। आयुक्त रिंकल गुप्ता ने बताया कि, राज्य सरकार ने राजस्थान नगरपालिका अधिनियम 2009 की धारा (1)(क)(पप)(पअ) में प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नगर परिषद चित्तौड़गढ़ मे क्रमशः दिनेश जयसवाल, कमल गुर्जर, राजेन्द्र कुमार मूंदडा को सहवृत सदस्य मनोनीत किया गया। जिसके क्रम मे मंगलवार को चित्तौड़गढ़ उपखण्ड अधिकारी श्याम सुन्दर विश्नोई ने तीनों सहवृत सदस्यों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई।

# हर्षोल्लास से मनाया योग दिवस

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**गुरुग्राम।** प्रज्ञता फ़ाउंडेशन के द्वारा गुरुग्राम में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न तरह की योग क्रियाओं के बारे में योग गुरु अजीत शर्मा ने लोगों को बताया और कहा कि योग का अभ्यास एक बेहतर इंसान बनने के साथ एक तेज दिमाग, स्वस्थ दिल और एक सुकून भरे शरीर को पाने के तरीकों में से एक है। योग अपने अद्भुत स्वास्थ्य लाभों के लिए जाना जाता है। कार्यक्रम में बच्चे, बुजुर्ग, और महिलाएँ सभी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्रज्ञता फ़ाउंडेशन के द्वारा फ्री क्लासेज की शुरुआत की गई जो कि हर हफ्ते होगी और उसमें विभिन्न योग क्रियाओं के बारे में बताया जाएगा। प्रज्ञता फ़ाउंडेशन की संस्थापक ममता यादव ने बताया कि अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर हम समस्त देशवासियों को योग व कसरत को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने का संकल्प करना चाहिए। योग हमें मानसिक व शारीरिक रूप से तंदरुस्त बनाता है। सातवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उन्होंने बताया कि लोगों को नियमित रूप से योग करना चाहिए जिससे कि वह अपने आपको समस्त बीमारियों से दूर रखकर निरोगी बने रहें, यही मूल मंत्र है करे योग, रहे निरोग।

कमलेश प्रजापत फर्जी एनकाउंटर को लेकर कुम्हार समाज ने बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष को राजस्थान बीजेपी मुख्यालय का घेराव करने की दी चेतावनी

# 25 को होगा बीजेपी प्रदेश मुख्यालय का घेराव-किशोर दुल्हेपुरा

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**कोटपूतली।** बाड़मेर में विगत 22 अप्रैल की रात पुलिस द्वारा कमलेश प्रजापत का फर्जी एनकाउंटर कर दिया गया था।इस फर्जी एनकाउंटर के विरोध में देश प्रदेश के कुम्हार समाज ने चालीस दिन तक मामले की सीबीआई जाँच की अनुशंसा राज्य सरकार से करवाने के लिए आन्दोलन व संघर्ष किया था।इसमें बीजेपी के केंद्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत,उप नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़,विधायक रामलाल शर्मा,विधायक जोराराम कुमावत,केंद्रीय राज्यमंत्री कैलाश चौधरी,विधायक निर्मल कुमावत ने भी इस प्रकरण को लेकर राज्य सरकार को घेरा व सीबीआई जांच की मांग की थी।ततपश्चात 31 मई को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत की घोषणा के बाद राज्य के गृह मंत्रालय ने कमलेश प्रजापत फर्जी एनकाउंटर की सीबीआई जाँच की अभिशंषा केंद्र सरकार को भेज दी।अनुशंसा के बाद कुम्हार समाज के आह्वान पर इस मामले की केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा सीबीआई जांच के आदेश जारी करवाने की मांग को लेकर 06 जून से प्रदेशव्यापी सांसद संवाद कार्यक्रम चलाया जा रहा है जिसके तहत अब तक गुजरात से राज्यसभा सांसद दिनेश भाई प्रजापति सहित राजस्थान से भाजपा के 17 लोकसभा,राज्यसभा सांसदों द्वारा केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को सीबीआई जांच की शीघ्र मंजूरी के लिए पत्र लिखकर सिफारिश की जा चुकी हैं।सांसद संवाद कार्यक्रम के माध्यम से अन्य सांसदों से अभी सम्पर्क जारी है।राज्य सरकार की ओर से सीबीआई जांच की सिफारिश के इक्कीस दिन बाद व सांसद संवाद कार्यक्रम के आह्वान पर सत्रह सांसदों की ओर से गृह मंत्री अमित शाह को अनुशंसा भेजने के बाद भी केंद्रीय गृह मंत्रालय की ओर से सीबीआई जांच नहीं करने के विरोध में सोमवार को कुम्हार समाज के विभिन्न सामाजिक संगठनों व पीड़ित परिवार ने आपस में चर्चा करके बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को पत्र भेजकर तीन दिन में केंद्रीय गृह मंत्रालय से सीबीआई जांच के आदेश करवाने की मांग की है।अखबार के ब्यूरो चीफ धर्मवीर कुमावत को जानकारी देते हुए कुम्हार महासभा राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष किशोर दुल्हेपुरा ने कहा कि कमलेश प्रजापत फर्जी एनकाउंटर का मामला राजस्थान की बदहाल कानून व्यवस्था से जुड़ा हुआ है।एक निर्दोष व्यक्ति को बाड़मेर पुलिस द्वारा बड़े कांग्रेस नेताओं की शह पर हत्याकांड को अंजाम देकर एनकाउंटर रूप दे दिया गया है।जो कि आम आदमी के मौलिक अधिकारों का हनन है।राज्य सरकार ने मामले की जांच सीबीआई से करवाने की सिफारिश के 21 दिन बाद भी अभी जांच के आदेश नहीं हुए हैं। जबकि समाज की तरफ से सांसद संवाद कार्यक्रम के आह्वान पर राजस्थान बीजेपी सत्रह सांसद सीबीआई की गृह मंत्री अमित शाह को सिफारिश कर चुके हैं एवं कुम्हार समाज का एक प्रतिनिधि मंडल भी पांच दिन पूर्व जयपुर में राजस्थान बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनिया से भी मिल चुका है।दुल्हेपुरा ने कहा कि राज्य सरकार की सिफारिश के इक्कीस दिन बाद तक केंद्र सरकार की ओर से सीबीआई जांच के आदेश नहीं होने के कारण भारतवर्ष के कुम्हार समाज मे भारी रोष है।बीजेपी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा प्रकरण को गम्भीरतापूर्वक लेकर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से व्यक्तिशः बात करके तीन दिन में सीबीआई जांच की मंजूरी दिलाए अन्यथा कुम्हार समाज पच्चीस जून को राजस्थान बीजेपी के मुख्यालय जयपुर का घेराव करेगा।जिसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी भारतीय जनता पार्टी की होगी।राष्ट्रीय प्रजापति महासंघ राजस्थान के प्रभारी सुरेश प्रजापत,डीएसपी अधिकार दल के प्रदेश अध्यक्ष शिवभगवान सारडीवाल,भारतीय किसान यूनियन के प्रदेश उपाध्यक्ष भीखाराम प्रजापत,राष्ट्रीय कुम्हार महासभा के प्रदेश मुख्य महासचिव मदनलाल कुम्हार जयपुर,श्रीयादे शक्ति सेना राजस्थान के प्रदेशाध्यक्ष गंगाराम प्रजापति,दक्ष प्रजापत सेवा संस्थान के प्रदेशाध्यक्ष बलवंत प्रजापति जयपुर,कमलेश के भाई भैराराम प्रजापत,रेवतराम प्रजापत,हाईकोर्ट के एडवोकेट सुरेंद्र लाम्बा,प्रेमाराम प्रजापत जोधपुर, महिला प्रदेशाध्यक्ष माया प्रजापत,दक्ष फाउंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुरेश प्रजापति रानीवाड़ा,दक्ष फाउंडेशन के राष्ट्रीय महासचिव आनंद प्रजापति सायला जालौर,जयराम प्रजापत चाकसू ,हाईकोर्ट के एडवोकेट गिरिराज प्रजापत,कुम्हार समाज हनुमागढ़ के संयोजक मनीराम कारगवाल,किशनाराम प्रजापत सरपंच कोड़ सांचौर,भानु प्रजापत राजसमंद,भाजपा किसान मोर्चा बालोतरा जिलाध्यक्ष जयराम प्रजापत,नरसीराम प्रजापत सरपंच बेरी गांव,सालूराम जिंदलोदिया अध्यक्ष श्रीयादे माता मंदिर गौड़ा सेड़वा, रमेश प्रजापत जयपुर,सवाई प्रजापति बाड़मेर सहित कई कुम्हार समाज के वरिष्ठ नेताओं ने आपसी चर्चा करके सर्वसम्मति से रणनीति बनाकर कर आंदोलन की घोषणा करते हुए बीजेपी मुख्यालय का घेराव करने के लिए समाज बन्धुओं से आह्वान किया है।

### निर्जला एकादशी पर पिलाया शरबत

जागरूक जनता
jagrukjanta.net



**जयपुर।** निर्जला एकादशी पर जगह-जगह आमजन को शीतल जल शरबत पिलाया गया। रामगंज बाजार स्थित घोसियों का रास्ता में यात्रियों को ठंडा शरबत पिलाया गया। इस दौरान मनीष यादव, विनोद यादव, करण, अक्षय, आकाश, विमलेश आदि मौजूद थे।

### शोक संदेश

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे परिवार के स्वर्गीय जमना देवी पत्नी श्री हजारीराम जी सियाग का स्वर्गवास(20/06/2021)हो गया।

।।प्रकृति/हरि इच्छा प्रबल।।

हम सभी परिजन अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।??

नोटः-कोरोना एडवाइजरी के पालना के साथ कल दिनांक 22 जून 2021 मंगलवार को पैतृक गांव जाखल "बिश्नोई सदन" निवास पर (तिये) सामूहिक बैठक रखी गई है।

#### शोकाकुल/श्रद्धानवत

हंजारीराम (पति)रामलालजी, खंगारारामजी,मलारामजी, मिश्राराम (जेठ-देवर) मांगीलाल (परमेश्वरी), मनोहर (केली देवी ) (पुत्र-पुत्रवधु ) मणी देवी-भागीरथ राम डारा दाता (पुत्री-दामाद) धीरज, मुकेश, गगन, पूजा, खुशबू (पौत्र-पौत्री) सरला, पूजा, विकास, महेश (भांजा-भांजी)हरिगारामजी, तेजारामजी, कानारामजी, विंजारामजी, जागूं परिवार डावल (पिहरपक्ष) एवं समस्त भारताणी सियाक परिवार जाखल

संपर्क सूत्रः-8956229929, 8237092229

# जागरूक खबरें

## सद्भावना परिवार एवं शिव सेवा मण्डल के संयुक्त तत्वावधान में वैक्सीनेशन कैंप



### 400 लोगों को लगी कोविशील्ड

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** आज सद्भावना परिवार व शिव सेवा मंडल के संयुक्त तत्वावधान में महारानी रिसोर्ट, मानसरोवर में लगाये गए वैक्सीनेशन कैम्प में 400 लोगो को कोविशील्ड वैक्सीन लगाई गई व साथ ही सभी को पर्यावरण को हरा भरा बनाने के उद्देश्य से एक पौधा व सैनिटाइजर भी संस्था की तरफ से सप्रेम भेंट किया गया। शिविर में सद्भावना परिवार के अध्यक्ष मनोज पांडे, मोहन गोयल, मुकेश जायसवाल, चंद्रशेखर जैमिनी, गणेश शर्मा, राजू कटारा, करण बरार, नीरज गर्ग, महेंद्र गर्ग, अशोक शर्मा, एडवोकेट मनमोहन गुप्ता, सीए सुनील खांडल, सीए ओम रूपानी, नरेंद्र गुप्ता, देवेश गुप्ता उपस्थित रहे।

## बेजुबानों को करवाया भोजन



**चौमूं @ जागरूक जनता।** क्षेत्र में सेवा को समर्पित श्री फाउंडेशन की टीम ने आज सामोद पहाड़ी स्थित माकड़ कुंडा धाम में बेजुबानों को भोजन सामग्री खिलाई। श्री फाउंडेशन के सदस्य डॉ सुरेश कुमार सैनी ने बताया कि पर्यावरण संरक्षण में जीव - जंतुओं की विशेष महत्ता होती है। कोरोना के कारण पर्यटक पहाड़ियों में लोगों का आवागमन बहुत कम हो जाने से इन जीव-जंतुओं के खाने पीने की भी समस्या उत्पन्न हो गई है। हम सभी को आगे आकर इनके भोजन और पानी की व्यवस्था करनी चाहिए तभी प्रकृति का संतुलन बना रहेगा। इस दौरान बेजुबान जानवरों और पक्षियों के लिए चार पानी की टंकियां रखवाई गई और बेजुबानों को केले, बाटी और बिस्कुट खिलाए गए। इस अवसर पर डॉ अजय शर्मा, गिरिराज शर्मा ,मुकुंद शर्मा, सोम्य शर्मा आदि का भी विशेष सहयोग रहे।

## महाविद्यालय में मनाया गया अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस



**चौमूँ @ जागरूक जनता।** मोरीजा रोड़ स्थित राजकीय कन्या महाविद्यालय में अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस पर झारखण्ड से भारत सरकार के आयुष मंत्रालय से सर्टिफाईड योग गुरू (लेवल -4) जगदीश सिंह द्वारा योग के दैनिक जीवन में महत्व पर प्रकाश डालते हुए ऑन लाईन योग प्रशिक्षण दिया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. कविता गौतम ने बताया कि इस योग सत्र में न केवल महाविद्यालय के संकाय सदस्य, कर्मचारी एवं छात्राओं ने, बल्कि अन्य महाविद्यालयों के सदस्यों ने भी उत्साह के साथ भाग लिया। महाविद्यालय परिसर में उपस्थित सभी अधिकारी, कर्मचारियों व ऑनलाईन मोड से जुडे अन्य प्रतिभागियों ने योग गुरू जगदीश सिंह द्वारा सरल ढंग से बताये गये विभिन्न योग आसन किए।

## सातवे अंतरराष्ट्रीय दिवस पर योग शिविर आयोजित



**बगड़@ जागरूक जनता।** कस्बे के स्टेशन रोड स्थित बीआरएस स्पोर्ट्स एकेडमी में विश्व योग दिवस पर योगाभ्यास किया। इस अवसर पर निदेशक पवन जमालपुरिया , प्रबंधक विक्रम सैनी , वालीबॉल कोच अमीत शर्मा, जितु शेखावत, आदित्य शर्मा व अकादमी के छात्र मौजूद थे।

## डॉ हेडगेवार की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित की




**बालोतरा @ जागरूक जनता।** कृष्णा सेवा संस्थान द्वारा राष्ट्रीय स्वमसेवक संघ के संस्थापक डॉ केशवराव बलिराम हेडगेवार की पुण्यतिथि पर पुष्पांजलि अर्पित की।अध्यक्ष धमेंद्र दवे ने बताया कि हेडगेवार जी शुरू से अंग्रेजी शासन के खिलाफ आवाज उठाते रहे। उन्होंने पूरा जीवन आजादी के सँघर्ष में लगा दिया। उन्होंने राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना की जो वर्तमान में विश्व का सबसे बड़ा संगठन है ,और हर विपदा में ये संगठन देश का साथ निभाता है। इस कार्यर म में विमल मालवीय, मांगीलाल खत्री, ज्योतिष पंवार, मुकेश सिंह ,अशोक सेन,मोंटू सुराणा,गणपत वैष्णव, हितेश मुणोत, कौशल ओझा व श्याम सोनी मौजूद रहे।

---

भाजपा पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों द्वारा विधायक रामलाल शर्मा को दी गई जन्मदिन की शुभकामनाएं

# गौ सेवा एवं सामाजिक सरोकार के कार्यों के साथ मनाया जन्मदिन

**विधायक रामलाल शर्मा की अपील पर नहीं हुआ बड़े कार्यक्रमों का आयोजन, दिव्यांगों को स्कूटी, गौशालाओं में गायों की सेवा, वृक्षारोपण एवं परिंडे कार्यक्रम, राशन किट वितरण आदि जैसे कार्यक्रम हुए आयोजित**



**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net

**चौमूँ।** प्रदेश मुख्य प्रवक्ता एवं विधायक रामलाल शर्मा का जन्मदिन कोरोना प्रोटोकॉल को देखते हुए इस बार पूर्ण सादगी एवं सामाजिक सरोकार के कार्यों के साथ मनाया गया। विधायक रामलाल शर्मा द्वारा जन्मदिन की पूर्व संध्या पर प्रेस कॉन्फ्रेंस कर भाजपा कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों से सामाजिक सरोकार के कार्यों एवं गौ सेवा के कार्यों के साथ जन्मदिन मनाने की अपील की थी। जन्मदिन के अवसर पर विधायक रामलाल शर्मा ने सर्वप्रथम प्रातः काल अपने इष्ट आराध्य देव श्री वीर हनुमान जी बालाजी महाराज एवं श्री जगतगुरु अवध बिहारी जी तथा महारकला स्थित मालेश्वर धाम में परिवार के साथ भगवान शिव को जलाभिषेक कर आशीर्वाद लिया। इसके अतिरिक्त गढ़ गणेश मंदिर चौमूँ, खेड़ापति बालाजी धाम मंदिर सामोद, मठ मंदिर नांगलकलां और धोली मंडी स्थित हनुमान मंदिर में सुंदरकांड पाठ का आयोजन कर आमजन मानस के अच्छे स्वास्थ्य और खुशहाली की मनोकामनाएं करी। जन्मदिन के अवसर पर सीकर जाते समय ग्राम बलेखण स्थित गौशाला कार्यक्रम में भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं विधानसभा नेता प्रतिपक्ष गुलाबचंद कटारिया ने विधायक रामलाल शर्मा को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी साथ ही भाजपा पदाधिकारियों कार्यकर्ताओं एवं समर्थकों द्वारा जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रेषित की गई। जन्मदिन के उपलक्ष पर विधायक रामलाल शर्मा ने कालबेलिया बस्ती बंदौल में गरीबों को राशन किट वितरण, अंकित सेवा संस्थान द्वारा आयोजित का कागल्या हनुमान मंदिर में वृक्षारोपण एवं परिंडे कार्यक्रम में भी हिस्सा लिया। जन्मदिन को गौ-सेवा के रूप में बनाने के निर्णय पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने विधानसभा क्षेत्र में स्थित गौशालाओं में गायों की सेवा कार्य किया। इस दौरान विधायक रामलाल शर्मा ने गौशाला वीर हनुमान जी खोल, गढ़ गणेश मंदिर गौशाला चौमूँ, खेड़ापति आश्रम गौशाला सामोद, बन्दोल गौशाला, बलेखण गोशाला, स्याऊ धोबलाई गौशाला, सिंगोदकला गौशाला, भूतेड़ा गौशाला, किशनमानपुरा गौशाला एवं कानरपुरा गौशाला में जाकर गायों को हरा चारा खिलाया। गौ सेवा के दौरान विधायक रामलाल शर्मा गौशालाओं में मशीन से हरा चारा काटते हुए, गायों को हरा चारा डालते हुए एवं सफाई कार्य करते हुए नजर आए। विधायक शर्मा ने कहा गो सेवा से बढ़कर कोई पूण्य कार्य नहीं है और आज मुझे जन्मदिन के उपलक्ष पर गौ सेवा करने का सौभाग्य मिला है। जन्मदिन के अवसर पर ग्राम फतेहपुरा में आयोजित दिव्यांगों को स्कूटी वितरण कार्यक्रम में विधायक रामलाल शर्मा ने शिरकत करते हुए 9 दिव्यांगों को स्कूटी प्रदान की। चौमूँ विधानसभा से राइयो की ढाणी चौमूँ निवासी चंदा देवी सैनी, आष्टीकला निवासी रूडाराम कुमावत, हस्तेडा निवासी श्रवण लाल कुमावत, रेनवाल रोड चौमूँ निवासी रामधन जाट, कालाडेरा निवासी रामगोपाल कुमावत, मलिकपुर निवासी संतोष कुमार जांगिड़, सुल्तानपुरा निवासी श्रवण लाल गुर्जर, बदनपुरा चौक चौमूँ निवासी कौशल्या देवी जांगिड़ एवं डोला का बास निवासी बजरंग लाल मीणा को स्कूटी वितरण की गई। इस मौके पर विधायक रामलाल शर्मा ने कहा कि दिव्यांगों को स्कूटी मिलने से उनको अपने रोजमर्रा के कार्यो के लिए किसी दूसरे पर निर्भर होने की आवश्यकता नहीं होगी। साथ ही विधायक रामलाल शर्मा ने जन्मदिन पर दिए गए स्नेह और शुभकामनाओं के लिए और जन्मदिन के उपलक्ष पर कार्यक्रम आयोजकों का आभार व्यक्त किया।

---

भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल

# स्व. सुंदर सिंह भंडारी का स्मृति दिवस मनाया गया



**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net

**बालोतरा।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल बालोतरा द्वारा स्व सुंदर सिंह भंडारी का स्मृति दिवस मनाया गया। भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष अमरराम सुदेशा ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता और जनसंघ के संस्थापक सदस्य स्वर्गीय सुंदर सिंह भंडारी स्मृति दिवस का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा जिला अध्यक्ष महेश बी चौहान ने कहा कि सुन्दर सिंह भंडारी का जन्म 12 अप्रैल, 1921 को उदयपुर (राजस्थान) में प्रसिद्ध चिकित्सक डा. सुजानसिंह के घर में हुआ था। 1937-38 में कानपुर में बी.ए. करते समय वे अपने सहपाठी दीनदयाल उपाध्याय के साथ नवाबगंज शाखा पर जाने लगे। संघ की विचारधारा के प्रति समर्पण के चलते आजीवन विवाह नहीं करने एवं घर छोडने का निर्णय कर संघ के प्रचारक बनें और अपनी अंतिम श्वांस तक वे प्रचारक बने रहे। तथा उन्होंने राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानते हुए जनसंघ एवं भाजपा को मजबूत बनाने के लिए राष्ट्ररहि मैं कार्य किया । उनके जीवन से प्रेरणा लेकर हम भी देश एवं राष्ट्र की सेवा के कार्य निरन्तर करते रहें। भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गणपत बांठिया ने कहा कि1940 में नागपुर से प्रथम वर्ष का संघ शिक्षा वर्ग करते समय इन्हें डा. हेडगेवार के दर्शन हुए। 1942 में अपनी शिक्षा समाप्त कर मेवाड़ कोर्ट में वकालात की। इसमें भी जब मन नहीं लगा तो इसे छोड़ कर विद्याभवन में अध्यापन का कार्य प्रारम्भ किया। इसी कारण लोग उन्हें मास्टर सा के नाम से पुकारने लगे। 1946 में तृतीय वर्ष कर सुन्दरसिंह भंडारी प्रचारक बन गये। सर्वप्रथम इन्हें जोधपुर विभाग का काम दिया गया। 1948 के प्रतिबंध काल में भूमिगत रहकर इन्होंने जोधपुर व बीकानेर के साथ-साथ शेखावटी क्षेत्र में सत्याग्रह का संचालन किया।1951 में संघ द्वारा इन्हें राजनीतिक पार्टी भारतीय जनसंघ की स्थापना के लिये महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी गई। स्थापन से लेकर 1965 तक वे भारतीय जनसंघ के महामंत्री एवं 1963 में जनसंघ के अखिल भारतीय मंत्री बनें। उनके परिश्रम एवं अथक प्रयास शीघ्र ही जनसंघ का काम गांव-गांव में फैल गया। वे अति साहसी एवं स्थिरमति के व्यक्ति थे। उन्होंने अपना पूरा जीवन निस्वार्थ भाव से राष्ट्र सेवा में समर्पित कर दिया उनके आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करें। इस अवसर पर नगर परिषद सभापति सुमित्रा देवी जैन भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गोविंद सिंह कालूडी भाजपा जिला महामंत्री भरत मोदी पूर्व जिला उपाध्यक्ष रमेश गुप्ता अरुण सालेचा जिला मंत्री खेताराम प्रजापत पार्षद पुष्पराज चोपड़ा हनुमान घाची नगर उपाध्यक्ष राजेश पुरी गोविंद प्रजापत सत्यनायण बंसल राजेंद्र सालेचा हितेश पटेल महेंद्र सिंह गोलिया धर्मेंद्र दवे विमल मालवीय पारस भाटी अर्जुन दास वैष्णव कृष्ण बोराणा राजेश सांखला चेनाराम माली गौतम चंदेल किशोर जीनगर राजू पवार सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---

पहले से राज्य में हैं 21 मॉडल स्कूल, अब बढ़कर हो जाएंगे 30- उदयपुर जिले में चार नए स्कूल

# इसी शिक्षा सत्र से खुलेंगे नौ नए एकलव्य मॉडल स्कूल

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net

**उदयपुर।** प्रदेश में इसी शिक्षा सत्र 2021-22 से नौ नए एकलव्य मॉडल स्कूल शुरू हो जाएंगे। जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग उदयपुर ने इसकी तैयारी कर ली है। मुख्यमंत्री बजट घोषणा के क्रियान्वयन के लिए ये नए स्कूल इस बार उदयपुर संभाग में ही खोले जाएंगे। आदिवासी क्षेत्रों में बच्चों को बेहतर शिक्षा के लिए संचालित एकलव्य मॉडल रेजिडेंशियल स्कूलों की संख्या अब 21 से बढकर 30 हो जाएगी। उदयपुर जिले में 4 स्कूल खोले जाएंगे।

### इस बार केवल 8 वीं तक

**पहले** से संचालित स्कूलों में 12 वीं तक की कक्षाओं के बच्चे अध्ययनरत हैं, जबकि नए खुलने वाले स्कूलों में इस बार केवल 8 वीं तक की कक्षाएं शुरू होंगी, अगले वर्ष से ये ही बच्चे आगे की कक्षाओं में बढ़ते जाएंगे और कक्षाएं भी बढ़ती जाएंगी।- नौ नए खुलने वाले स्कूलों में फिलहाल चार स्कूलों को किराए के भवनों में चलाया जाएगा, तो चार ऐसे राजकीय भवनों में शिफ्ट किए जाएंगे, जहां पहले से अन्य स्कूल संचालित थे और बाद में दूसरे समीपस्थ स्कूलों में मर्ज कर दिया गया। जैसे-जैसे भवन व भूमि की व्यवस्था होती जाएगी, निजी में शुरू होने वाले स्कूलों को खुद का भवन मिल जाएगा।

### यहां खुलेंगे नए स्कूल

» उदयपुर जिला- झाड़ोल, लसाडिया, सलूम्बर व खेरवाड़ा
» बांसवाड़ा- गढ़ी व बागीदौरा
» प्रतापगढ़- धरियावद व अरनोद
» डूंगरपुर- सागवाड़ा

### यहां पहले से संचालित हैं स्कूल

» उदयपुर- कोटड़ा, ऋषभदेव, सराड़ा व गोगुन्दा » अलवर- मल्लाणा व पाटन » बांसवाड़ा- सुन्द्राव, पाडोला, आंबापुरा, कुशलगढ़ » बांरा- हनोतियां » डूंगरपुर- डूंगरपुर, पारड़ा चुण्डावत व सीमलवाड़ा » जयपुर- बिहारीपुरा » करोली- रानोली » प्रतापगढ़- टिमरवा, पिपलखुंट » सवाईमाधोपुर- बरनाला » सिरोही- दानवाव » टोंक- निवाई

### ये है उद्देश्य-

» जो बच्चे दूरस्थ क्षेत्रों में रह रहे है और अनुसूचित जनजाति के हैं, उन छात्रों को गुणवत्तापूर्ण माध्यमिक और उच्च स्तर की शिक्षा प्रदान करना है।
» सभी बच्चों को उच्च और व्यावसायिक शैक्षिक पाठ्यक्रमों के योग्य बनाना।

### इएमआरएस की शुरुआत 1998 से...

**एकलव्य** मॉडल आवासीय विद्यालय योजना की शुरुआत वर्ष 1998 में की गई थी और इस तरह के पहले स्कूल का शुरुआत वर्ष 2000 में महाराष्ट्र में की गई थी।

---

# हर्षोल्लास से मनाया योग दिवस



**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net

**बालोतरा।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल बालोतरा द्वारा सातवें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के उपलक्ष में आज योग शिविर आयोजित किया गया। भाजपा नगर मंडलअध्यक्ष अमराराम सुंदेशा ने बताया कि देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के अथक प्रयासों से आज पूरी दुनिया योग को अपनाकर अपने आप को स्वस्थ महसूस कर रही है। करो योग रहो निरोग कार्यर म आज स्थानीय शहीद भगतसिंह सभा स्थल पर आयोजित किया गया। जिसमें योग शिक्षक एवम् जिला प्रभारी झूमर लाल सार्जेंट ने योग कराते हुए कहा कि योग करने से पुराने से पुराने कई तरह के रोग ठीक हो जाते हैं।आज पूरा विश्व योग करके अपने आप को स्वस्थ महसूस कर रहा है ।योग करने से व्यक्ति के शारीरिक एवं मानसिक तनाव दूर होते हैं। एवं कई तरह की बीमारियों से योग के द्वारा निजात पाई जा सकती है । योग के माध्यम से कई जटिल बीमारियां को जड़ से खत्म करने की शक्ति योग में है ।योग करने से मनुष्य का मन शुद्ध होता है मन में शांति रहती है आत्मविश्वास बढ़ता है। देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के द्वारा दिया हुआ नारा फिट इंडिया के तहत प्रत्येक देशवासी को योग के लिए अपने दैनिक समय में से एक घंटा प्रातःकाल प्रतिदिन निकालकर शारीरिक व्यायाम करके अपने आप को स्वस्थ रख सकते हैं । योग करने से कई तरह के रोग दूर भाग जाते हैं। इसलिए आप सभी योग को अपने जीवन का हिस्सा बनाएं योग करें। इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष महेश बी चौहान प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गणपत बांठिया जिला महामंत्री भरत मोदी पूर्व जिला महामंत्री गोविंद मेघवाल गोपाल पारीक ज़िला मंत्री खेताराम प्रजापत नगर उपाध्यक्ष अंबादान रावल प्रतापराम घांची सवाईराम सुथार पार्षद बाबूलाल चौधरी हनुमान घांची महेश परमार हितेश पटेल पारसमल जांगीड़ राजेश सांखला मोहनराम पटेल नवरतन कुमावत रूपाराम प्रजापत केवलचंद मेघवाल संतोष माली राजू पवार मुकेश जीनगर सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।

---

# हर सड़क में गड्ढे और कीचड़, लोग परेशान

**दिनेश कुमार @ जागरूक जनता**
jagrukjanta.net



**बालोतरा।** अव्यवस्थित हालातो की वजह से लगते है लंबे जाम, जाम में अगर ना चाहते हुए भी कोई आपातकाल वाहन फंस जाए तो तो बाजी फिर रब के हाथ ही होती है। पुराना पादरू बस स्टैंड चौराहा पर गड्ढेदार सड़कों से गुजरने के दौरान राहगीरों की फजीहत हो रही है। महावीर उद्यान से हरी स्वीट होने के आगे से जाने वाली रास्ता पर खस्ताहाल सड़क की दिनभर धूल के गुबार उड़ते रहते हैं। साथ ही द्वितीय रेलवे क्रॉसिंग से लेकर पुराना यूको बैंक तक तो सड़क के ऐसे हाल किए है जैसे बांसुरी पर हुए छेद, सड़क पर कहीं गड्डे तो कहीं ब्रिमिंग होल शहर के लोगों को यातायात सुलभ करने को लेकर विकास के नए आयाम में ब्रिज का निर्माण और भूमिगत जल-मल निकासी सिस्टम उपलब्ध कराने के नाम पर बीते करीब दो साल से नगर परिषद प्रशासन गड्ढों कीचड़ से सनी सड़कों का दंश दे रहा है। सही सीवरेज की व्यवस्था काम नहीं कर रही सीवरेज सिस्टम में कहीं मेनहोल उफान मार रहे तो कहीं लीकेज, ब्रिज निर्माण कंपनी शहर की लगभग हर सड़क को खोदकर छोड़ दिया है। जिससे आम नागरिकों के लिए शहर में आवागमन करना खतरों से खेलने जैसा हो गया है।

---

SDM की पहल पर जंगल मे हुआ मंगल

# चौमूं SDM उपेंद्र शर्मा का प्रकृति प्रेम!

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net



**चौमूं।** कस्बे में एसडीएम उपेंद्र शर्मा ने सघन वृक्षारोपण अभियान के तहत एक सराहनीय पहल शुरू की है ।दरअसल अब एसडीएम की पहल पर जंगल में मंगल होगा। कालाडेरा इलाके के गुआवड़ी के जंगल को हरा-भरा करने के लिए एसडीएम ने आज पौधे लगाकर पौधारोपण अभियान का आगाज किया। करीब 5 बीघा जंगल में 5000 से ज्यादा छायादार व फलदार पौधे पहले चरण में लगाए जाएंगे आज के 101 पौधे लगाकर अभियान का आगाज शुरू किया गया। जंगल में लगाए गए इन पौधों के संरक्षण की जिम्मेदारी नगर पालिका प्रशासन को दी है। उपेंद्र शर्मा ने कहा राज्य सरकार के निर्देश पर सघन वृक्षारोपण अभियान के तहत पौधारोपण कार्यक्रम रखा गया है। स्ठरूकहा पेड़ों से ही हमें शुद्ध हवा और ऑक्सीजन मिलती है। इसलिए प्रत्येक व्यक्ति को अपने आसपास भी कम से कम 2 पेड़ लगाने चाहिए। जिससे वातावरण भी शुद्ध रहेगा तो वही ऑक्सीजन की कमी भी नहीं रहेगी।चौमूं कस्बे को गुआरडी के जंगलों में बने ट्यूबवेल के जरिए ही पीने का पानी मिल रहा है।निश्चिततौर पर आने वाले समय में यहां जलस्तर भी बढ़ेगा। पौधों के संरक्षण के लिए चारों तरफ तार बाउंड्री करवाई जाएगी वही पहले चरण में 5000 पौधे लगाए जाएंगे। इस दौरान विकास अधिकारी अनिल सोनी सहित नगर पालिका के कर्मचारी अधिकारी भी मौजूद रहे।

---

# पिता का बदलता स्वरूप



**नविता मिश्रा**
इन्टरप्रेन्योर
@jagrukjanta.net

**पिताजी,** पापा, डैडी, सुपर हीरो - जिस तरह उनके प्रति संबोधन में बदलाव आया है उसी तरह पिता के किरदार में भी बदलाव शुरू हुआ। मुझे याद है जब हम अपने दादाजी या पापा के सामने फिल्मी गाने गाते तो मम्मी हमारी तरफ आंखों से चुप रहने का इशारा करती। बदलाव संसार का नियम है जो बदलाव को स्वीकार करेगा प्रकृति उसे आगे बढ़ने, का खुश रहने का और संतुष्ट रहने का अवसर प्रदान करेगी। आज बच्चों को अच्छी परवरिश देने के लिए माता-पिता हर प्रकार से अपने आपको तैयार करते हैं। उनके उठने, नहाने, खाने, खेलने से सोने तक के लिए अपनी ओर से माता-पिता बेहतर देना चाहते हैं। यह सब इतना मुश्किल नहीं था मगर बढ़ती प्रतिस्पर्धा और बाहरी दबाव के कारण यह प्रेम, स्नेह सोशल स्टेटस में बदलता जा रहा है। शिक्षा कितनी है का सवाल बदलकर- शिक्षा कौन से संस्थान से की है मैं बदल रहा है.सिर्फ शिक्षा ही नहीं बच्चे कौन से ब्रांड के कपड़े पहनते हैं या उनके खिलौनों की क्वालिटी क्या है इस दबाव के कारण ममता और प्रेम का रिश्ता दबाव और दिखावे का होता जा रहा है। इन सबके बीच पिता का जो किरदार है उसमें बदलाव आया जहां पहले पिता आर्थिक और सामाजिक कार्यों के लिए उत्तरदाई हुआ करते थे .बच्चों से ज्यादा बातचीत करके अपने और बच्चों में एक अलग ही अंतराल बनाए रखने



की परंपरा थी , ताकि पिता का डर बच्चों में बना रहे। मगर जैसे-जैसे समय अपनी गति बढ़ा रहा है पिता का कर्म क्षेत्र अपनी संतान के लिए भी बढ़ता जा रहा है। अब पिता का अधिकारी क्षेत्र सिर्फ आर्थिक या सामाजिक नहीं अपितु अपने संतान के फ्रेंड जोन से लेकर क्रश तक की जानकारी और रुझान रखना होता है. बेटे के दोस्तों के लिस्ट और उसके दिन का रूटीन अब पापा के साथ बतियाने के विषय होते हैं। पापा बेटियों की भी हर तकलीफ को समझकर उससे खुलकर बातें करने लगे हैं। संडे की दिनचर्या में बिटिया के बालों की मालिश भी शामिल होने लगी है पिता के और बेटियां भी अपने सामान की लिस्ट में अपने काम आने वाली हर वस्तु को बेझिझक अपने पिता को बताने लगी है। पिता दोस्त की तरह सलाह मशवरा और तकलीफ में साथ भी देता है. तो एक पिता की तरह रक्षा करता है,साधन उपलब्ध कराता है, आपकी हर छोटी-बडी जरूरतों को पूरी करता है और सबसे बड़ी बात यह सब करते हुए भी वह अपने चेहरे की थकान को भी मुस्कान में बदल लेता है।

शायद इसीलिए सिंगल पिता भी अपने बच्चों की परवरिश कर पाने में सक्षम होने लगे हैं ।

आत्मीयता बढ़ने से पिता दोस्त जैसे होते जा रहे हैं मगर पिता को आखिर वह स्तम्भ भी बने रहना है जो अपनी संतान के लिए हर मुश्किल घड़ी में अटल अडिग खड़े रहना है और इसी कारण वह संतुलन भी बनाए रखने के लिए प्रतिबंध है जिससे बच्चे अपने पिता को दोस्त की तरह कंधे पर हाथ रख कर चल सकें और समय आने पर उनके अभिवादन के लिए नतमस्तक हो सके !

मंत्रिमंडल विस्तार के विरोध में निर्दलीय विधायक

# गहलोत समर्थक ओमप्रकाश हुड़ला बोले- अभी मंत्रिमंडल विस्तार का उचित समय नहीं, सभी विधायक तीसरी लहर से लड़ने की तैयारी में सीएम का सहयोग करें

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** मंत्रिमंडल विस्तार और जल्द राजनीतिक नियुक्तियों के मुद्दे पर अब गहलोत समर्थक निर्दलीय विधायकों की राय अलग होने लगी है। दौसा के महुवा से गहलोत समर्थक निर्दलीय विधायक ओमप्रकाश हुड़ला ने कोरोना की मौजूदा हालात और तीसरी लहर की आशंका का हवाला देते हुए मंत्रिमंडल विस्तार को टालने की बात कही है। हुड़ला के इस बयान के गहरे सियासी मायने हैं। ओमप्रकाश हुड़ला ने कहा कि मंत्रिमंडल विस्तार की बार-बार चर्चाएं होती हैं, मंत्रिमंडल विस्तार का यह उचित समय नहीं है। अभी तो विश्व स्वास्थ्य संगठन ने कोरोना की ?तीसरी लहर की आशंका जताई है। अभी तो सभी विधायकों और सांसदों को तीसरी लहर का सामने करने के लिए मुख्यमंत्री का सहयोग करना चाहिए।

### मंत्रिमंडल विस्तार की मांग को अब कमजोर करने की मुहिम

ओमप्रकाश हुड़ला के बयान को गहलोत कैंप की रणनीति के तहत दिया गया बयान माना जा रहा है। सचिन पायलट खेमे के बसपा छोड़ कांग्रेस में शामिल हुए विधायक भी जोर शोर से मंत्रिमंडल विस्तार की मांग उठा रहे हैं। इधर, अचानक निर्दलीय विधायकों के अलग बयान आने शुरू हो गए हैं। गहलोत खेमे की रणनीति कुछ समय तक मंत्रिमंडल विस्तार को टालने की है, ताकि पायलट कैंप के दबाव में काम करने का मैसेज नहीं जाए।

### हुड़ला को हाल ही वाय कैटेगरी सुरक्षा मिली है

ओमप्रकाश हुड़ला बीजेपी से राज्यसभा सांसद किरोड़ीलाल मीणा के कट्टर विरोधी हैं। हुड़ला का हाल ही शराब कारोबारियों से भी विवाद हुआ था। इसके बाद उनके होटल पर तोड़फोड़ हुई थी। सरकार ने हाल ही हुड़ला को वाय श्रेणी की सुरक्षा दी है।

### पहले पायलट और अब गहलोत खेमे में हुड़ला

ओमप्रकाश हुड़ला 2013 में किरोड़ीलाल मीणा की पत्नी गोलमा देवी को हराकर बीजेपी की टिकट पर चुनाव जीते थे। बीजेपी राज में वसुंधरा राजे ने उन्हें संसदीय सचिव बनाया। बीजेपी में रहते वक्त वसुंधरा राजे खेमे में रहे थे। 2018 के चुनाव में बीजेपी से टिकट नहीं मिला तो बागी होकर निर्दलीय लड़े और जीते। सत्ता बदलते ही मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के साथ आ गए। पिछले साल जब सचिन पायलट खेमे ने बगावत की तो निर्दलीय खुशवीर जोजावर और सुरेश टाक के साथ हुड़ला भी उनके कैंप में चले गए। हुड़ला कुछ दिन ही पायलट कैंप में रहे और वापस गहलोत कैंप में आ गए, तब से फिलहाल गहलोत कैंप में ही हैं।

समग्र शिक्षा अभियान के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित

# सरकारी स्कूलों की बदलेगी यूनिफार्म, कंप्यूटर शिक्षक भविष्य में नियमित होंगे- डोटासरा

### तबादलों का निर्णय मुख्यमंत्री स्तर पर

### महंगाई कम करने का काम केंद्र सरकार का

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net

**जयपुर।** प्रदेश के सरकारी स्कूलों की यूनिफॉर्म बदली जाएगी। शिक्षा विभाग ने इस पर मंथन शुरू कर दिया है। शिक्षामंत्री गोविंद सिंह डोटासरा ने शिक्षा संकुल में समग्र शिक्षा अभियान के अधिकारियों के साथ हुई समीक्षा बैठक के बाद मीडिया से बात करते हुए कहा कि सरकार 8वीं तक के बच्चों को निशुल्क यूनिफार्म उपलब्ध कराएगी। स्कूल की यूनिफार्म का रंग बदलने का निर्णय कमेटी करेगीख् लेकिन बदलाव से इंकार नहीं किया जा सकता। इस पर भी चर्चा की जा रही है कि बच्चों को यूनिफार्म दी जाए या फिर यूनिफार्म के पैसे बच्चों के बैंक अकाउंट में डायरेक्ट ट्रांसफर किए जाए।

### 58 साल तक नौकरी कर सकेंगे युवा

डोटासरा ने कहा कि कंप्यूटर शिक्षक भर्ती में हमने 70 साल में पहली बार कैडर बनाया है। भविष्य में इनको नियमित भी किया जाएगा। एक बार लगने के बाद इनको निकाला नहीं जा सकता और ये 58 साल तक नौकरी कर सकते हैं।

### मुख्यमंत्री स्तर पर तबादले का निर्णय

शिक्षक तबादले के लेकर उनका कहना था कि अब तक कोविड के कारण तबादला प्रि या शुरू नहीं की गई थी लेकिन इसका निर्णय उचित समय आने पर मुख्यमंत्री स्तर पर लिया जाएगा। कोविड कम होने पर हम मुख्यमंत्री से इस संबंध में आग्रह किया जाएगा।

### फिलहाल नहीं खुलेंगे स्कूल

शिक्षामंत्री ने स्कूल खोले जाने को लेकर कहा कि फिलहाल स्कूल खोले जाने की कोई योजना नहीं है। हम बच्चों के भविष्य के साथ कोई खिलवाड़ नहीं कर सकते। सात बार सोचेंगे जब लगेगा कि बच्चा सुरक्षित है तभी स्कूल खोले जाएंगे

### 75 फीसदी लक्ष्य किया हासिल

उनका कहना था कि विभाग के अधिकारियों तथा कार्मिकों के परिश्रम से केंद्र सरकार द्वारा इस महीने स्कूल एजुकेशन हेतु ज़ारी हुई परफॉर्मेंस ग्रेडिंग इंडेक्स 2019-20 में राजस्थान को ए प्लस ग्रेड प्राप्त हुआ। वित्तीय वर्ष 2020-21 में विभाग को आवंटित बजट का लगभग 74 प्रतिशत उपयोग कर लिया गया जो राज्य के इतिहास में पहली बार है। पिछले वित्तीय वर्ष की तुलना में इस साल 20 फीसदी का इजाफा कोविड काल होते हुए भी हुआ है। जल्द ही पीएबी से इनके मिनट्स आएंगे। उनका कहना था कि ऑनलाइन टीचिंग व्यवस्था को लेकर केंद्र सरकार ने हमारी तारीफ की है। इस बार सिविल वर्क के लिए केंद्र सरकार ने कोई पैसा नहीं दिया है। स्कूलों में लाइब्रेरी, लैब, कक्षाकक्षों की कमी दूर करने के लिए नाबार्ड के माध्यम से लोन लिया जाएगा इसके लिए 400 करोड़ रुपए का प्रस्ताव बनाया गया है। बैठक में भर्तियों, खाली पदों, शिक्षा विभाग की उपलब्धियों सहित कई बिंदुओं पर चर्चा की गई।

### 19000 रिक्तियों पर भर्ती जल्द

डोटासरा ने यह भी कहा कि रीट के द्वारा 31000 तृतीय श्रेणी शिक्षक के पदों पर हो रही भर्ती के अलावा शिक्षा विभाग में 19000 रिक्तियों पर जल्द भर्तियां निकाली जाएंगी, इसके लिए विभिन्न स्तर पर मंथन ज़ारी है। साथ ही विभिन्न कारणों से न्यायालयों में अटकी भर्तियों पर रोक हटवाने के लिए भी जरूरी कदम उठाए जाएंगे।

### महंगाई कम करने का काम केंद्र का

भाजपा को लेकर उन्होंने कहा कि हम मजबूत हैं वह क्या हमारी सरकार गिराएंगे। वह खुद ही बिखरे हुए हैं वह षडयंत्र करते हैं। अगर भारतीय जनता पार्टी के किसी व्यक्ति में नैतिकता बची है तो उन्हें प्रधानमंत्री मोदी से कहना चाहिए कि 36 फीसदी सेस पेट्रोल डीजल पर लगा कर और इसके बहाने राज्य सरकार को गिराने का प्रयास कर रही है। उनसे कहा जाना चाहिए कि महंगाई कम करने का वादा भारत सरकार का था, वहीं कर सकती है। पेट्रोल डीजल ,सीमेंट, तेल, दाल सबकी कीमत बढ़ा दी है। हमारी सरकार ने तो फिर भी पेट्रोल डीजल पर वैट कम किया है। केंद्र सरकार की जिम्मेदारी है कि वह महंगाई कम करे जिससे गरीब की थाली में भी दो जून की रोटी आ सके।

## प्रेस क्लब द्वारा वर्चुअल बाल अभिरूचि शिविर 25 जून से

**जयपुर @ जागरूक जनता।** पिंकसिटी प्रेस क्लब की ओर से क्लब सदस्यों के बच्चों के लिए वर्चुअल ग्रीष्मकालीन बाल अभिरुचि शिविर का आयोजन शुक्रवार 25 जून से 4 जुलाई तक किया जा रहा है। शिविर में 8 से 18 साल तक के बच्चें भाग ले सकते है। प्रेस क्लब अध्यक्ष मुकेश मीणा एवं महासचिव रामेन्द्र सोलंकी ने बताया कि शिविर में बच्चों को सकारात्मक, कलात्मक, रचनात्मक गतिविधियों से जोड़ा जाएगा। जिसमें लोक नृत्य, कथक, वेस्टर्न डांस, नाटक, योग, मार्शल आर्ट, ड्राईग, आदि विधाओं का प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण शिविर में भाग लेने के लिए प्रशिक्षणार्थियों को प्रेस क्लब द्वारा जारी आनलाइन लिंक से जुड़कर प्रशिक्षण प्राप्त करना होगा। शिविर संयोजक निखलेश कुमार शर्मा ने बताया कि शिविर में भाग लेने के लिए प्रेस क्लब सदस्यों के बच्चों को प्रेस क्लब कार्यालय में नाम मय विधा अंकित करवाना होगा। शिविर समापन 4 जुलाई 2021 को किया जाएगा। एक बच्चा अधिकतम दो विधा में ही भाग ले सकता है।

जयपुर अनलॉक

# मैट्रो और लो फ्लोर की रफ्तार अभी धीमी

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net



**जयपुर।** कोरोना की दूसरी लहर में प्रदेश में लंबे लॉकडाउन के बाद एक बार फिर से अनलॉक की प्रकिया शुरु कर दी गई है। बाजार चार बजे तक खुले हैं और अब सिर्फ रविवार को ही लॉकडाउन रखा गया है। यातायात के तमाम साधन जरुरी नियमों के साथ खोल दिए गए हैं। निजी बसों और रोडवेज बसों को रफ्तार मिल गई है लेकिन उसके बाद भी लो फ्लोर बसों और जयपुर मैट्रो की रफ्तार अभी बेहद धीमी है। बीते दिनों इन्हें भी अनलॉक कर दिया गया, लेकिन शुरुआत के दो दिनों में फुटफॉल आम दिनों की तुलना में सिर्फ पांच प्रतिशत से बारह प्रतिशत के बीच ही रहा। हांलाकि प्रबंधन को उम्मीद है कि जल्द ही दोनो साधन भी पहले की तरह सामान्य होंगे।

### 17000 रोज आते थेए साढ़े तीन हजार मुश्किल से आए

जयपुर मैट्रों की बात की जान तो मैट्रो गुरुवार से अनलॉक कर दी गई। सभी रुट फिर से शुरु कर दिए गए। मैट्रो ने पहले ही दिन 100 से ज्यादा ट्रिप भी लिए लेकिन यात्री भार बेहद कम रहा। गुरुवार को यह सिर्फ 3620 था। अधिकतर सीटें खाली रह गई। शुक्रवार को भी यही हाल रहा। शुक्रवार को भी कम ही लोगों ने मैट्रो से यात्रा को तवज्जो दी। मैट्रो के अफसरों ने बताया कि गुरुवार को करीब 55 हजार रुपए किराए से मिले। यात्री भार कम रहा। जबकि आम दिनों में 17 हजार से बीस हजार तक यात्री भार रहता है। हांलाकि मैट्रो ने कोई भी रुट मिस नहीं किया। लॉकडाउन के नियमों के चलते सोमवार से शनिवार तक मैट्रो सवेरे सवा छ ह बजे से शाम चार बजे तक जारी रहेगी। कोशिश हर दस मिनट में मैट्रो उपलब्ध कराने की है।

### जेसीटीएसएल की बसों ने भी नहीं पकड़ी रफ्तार

**जेसीटीएसएल** बसों में भी हालात बेहद खराब रहे। पहले दिन यानि गुरुवार को सिर्फ चार हजार यात्रियों ने यात्रा की। हांलाकि यह संख्या कुछ सैंकडा बढ़ भी गई लेकिन आम दिनों की बात की जाए तो मैट्रों में हर दिन अस्सी हजार से एक लाख यात्री सफर करते हैं। गुरुवार को तीन मुख्य डिपो ण् टोडीए विद्याधर नगर और सांगानेर से किराए से लगभग 2 लाख रुपये उत्पन्न हुए। आमतौर पर राजस्व प्रति दिन 18 लाख रुपये तक जाता है। प्रबंधन से जुड़े एक अधिकारी ने बताया कि लॉकडाउन खुलने के बाद बसें शुरु हुई हैं। लगभग सभी बसें दौड़ रही हैं। लेकिन अस्सी प्रतिशत से ज्यादा सीटें शुरुआत के दो दिन में खाली रह गई। हांलाकि बसों ने सभी रुट फॉलो किए। अच्छी बात यह रही कि पहली बार कोई भी यात्री खड़ा होकर सफर नहीं कर सका क्योंकि सीटें ही बहुत खाली थीं। अब उम्मीद है कि जल्द ही सब कुछ सामान्य हो जाएगा और जल्द ही यात्री भार पहले की तुलना में सुचारु हो जाएगा।

## पौधरोपण कर लिया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प



**पीपाड़ शहर @ जागरूक जनता।** निदेशालय स्वायत शासन विभाग जयपुर द्वारा दिए गए निर्देशानुसार राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के 150 वी जयंती वर्ष एवं स्वतंत्रता दिवस की 75 वी वर्षगांठ के उपलक्ष में दिनांक 21 जून से 2 अक्टूबर 2021 तक नगर पालिका क्षेत्र में सघन वृक्षारोपण किया जाना है जिसकी अनुपालन में दिनांक 21 जून 2021 अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के शुभ अवसर पर इसकी शुरुआत मयावाला बोदला बेरा पर स्थित राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय परिसर में बा-बापू वाटिका बनाने के उद्देश्य से संघन वृक्षारोपण कार्यऋ म आयोजित किया गया है। इस दौरान बा-बापू वाटिका में विभिन्न किस्म के करीबन 150 पौधे लगाये गये है। इस दौरान उपखंड अधिकार शैतान सिंह राजपुरोहित में मानसून के दौर में अधिक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण करने एंव इनकी देखभाल का जिम्मा भी उठाने आमजन से आह्वान किया। वृक्षारोपण कार्यऋ म के दौरान नगर पालिकाध्यक्ष समुदेवी सांखला ने भी वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डाला है। इस दौरान अधिशासी अधिकारी सुरेश चंद शर्मा पार्षद सत्यनारायण भाटी पीयूष शर्मा मनोनीत पार्षद सोहनराम सांखला जनप्रतिनिधि करणा राम कच्छावाह हनुमान भाटी पालिका कर्मी अक्षय राजपुरोहित प्रेम सिंह सहित कई गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## संजय ने लॉकडाउन में पशुओं की करी देखभाल



**जयपुर @ जागरूक जनता।** कोरोना लॉकडाउन के समय आदमी ही नहीं पशु पर भी पेट भरने की समस्याएं आ खड़ी हुई है। ऐसे ही पशु प्रेमी संजय शर्मा विगत 15 महीनों से निरंतर गायों, बंदरो, बिल्लियों और कुत्तों को खाना खिला रहे है। शहर के जगतपुरा, प्रताप नगर, सांगानेर व आस पास के क्षेत्र में आवारा जानवरो को खाना खिलाना और बीमार होने पर उनकी देखभाल करना संजय का शौक हो गया है। नित्यप्रति इन कार्यो से इन्हें पशु भी पहचान जाते है और इनकी कार को देखकर इनके पीछे दौड़ने लग जाते है। रोज शाम से आधी रात तक आवारा पशुओं को उनकी जरुरत के अनुसार खाना खिलाकर ही घर वापस जाते है। इस दौरान किसी भी प्रकार का मौसम रहा हो लेकिन कभी भी छुट्टी नहीं की क्योकि इनका मानना है कि जैसे हमे भूख लगती है वैसे ही इन्हें भी लगती है। संजय ने अपने पिता मोहनलाल शर्मा से बचपन से ही जानवरों के भोजन और उनकी देखभाल का हुनर सीखा है जो अब काम आ रहा है।

## पौधारोपण बहुत ज़रूरी है, पर्यावरण सुरक्षित रहेगा तो हम भी सुरक्षित रहेंगे

**खेजड़ला @ जागरूक जनता।** अन्तर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर रुपानाड़ा ज्ञानकोष शिक्षा सेवा संस्थान के तत्वाधान मे वृक्षा रोपण अभियान चलाया गया जिसमें रुपानाड़ा युवा क्लब के सभी सदस्य व बुर्जगो के सहयोग से विभिन्न प्रकार के छायादार फलदार और औषधीय पौधे रूपानाड़ा स्कुल व खेल मैदान और गौशाला मे लगाऐ गये । शिक्षाविद सुरेश चौहान ने बताया कि save nature society कुचेरा (नागोर) की और से 101 पोधे रुपानाड़ा युवा कल्ब को गोद मे दिया है व सभी युवाओ ने save nature society के सचिव चेनाराम पंवार का आभार व्यक्त किया पिछले दो सालो से लगातार मेहनत कर रहे सभी युवा साथीयो ने हर साल सार्वजनिक स्थानों पर पौधा लगाने का सकल्प लिया व गौ सेवार्थ के लिए हर महिने मे एकबार 300 किग्रा की लापसी भी बनाई जाती है पौधो के लिए जाली पानी की व्यवस्था व पुरी सुरक्षा के साथ पौधे लगाये गये युवाओ के साथ बुर्जगो ने भी इस कार्यक्रम बढ़ चढ़कर भाग लिया । इस दौरान मदना राम ताराराम वार्डपंच सुखाराम महेन्द्र धर्माराम लिखमाराम गणपत राम दुदाराम चेलाराम नरेन्द्र देवड़ा हड़मान राम सुरेश बबलु देवड़ा अमृत चौहान महेन्द्र रामलाल छोटु नरेश राकेश प्रमोद विकाश शेरसिंह सुरेन्द्र मनोहर कच्छावाह बक्साराम सांवर लाल किशोर पंवार बन्सी चौहान सभी ने पौधरोपण कर सार संभाल का जिम्मा लिया।

जिला कलक्टर ने कोरोना की संभावित तीसरी लहर की तैयारियों की समीक्षा की

# दूसरी डोज का शत-प्रतिशत टीकाकरण हमारी प्राथमिकता - जिला कलक्टर

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net



**जालोर।** जिले में कोरोना वैक्सीनेशन के दूसरे डोज की प्रगति तथा संभावित कोरोना की तीसरी लहर की तैयारियों को लेकर आयोजित वीडियो कॉफ्रेंसिंग में जिला कलक्टर नम्रता वृष्णि ने सभी उपखण्ड अधिकारियों, बीसीएमओ, विकास अधिकारियों, शिक्षा तथा महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों को समन्वय के साथ कार्य करने के निर्देश दिए।

मंगलवार को डीओआईटी कक्ष में अधिकारियों को संबोधित करते हुए जिला कलक्टर नम्रता वृष्णि ने जिले में दूसरी डोज के वैक्सीनेशन के लिए योजनाबद्ध तरीके से सूची बनाकर संबंधित कार्मिक को जिम्मेदारी देते हुए समन्वय के साथ लक्ष्य को अर्जित करें। उन्होंने दूसरे डोज के टीकाकरण से वंचित पात्र व्यक्तियों को वैक्सीनेशन केन्द्र पर पहुंचाकर टीका लगवाया जाना सुनिश्चित करें ताकि प्रथम डोज लगे व्यक्तियों को शत-प्रतिशत डोज का टीका लग सके।वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से जिला कलक्टर ने संभावित कोविड की तीसरी लहर के देखते हुए की गई तैयारियों की समीक्षा कर आवश्यक चिकित्सीय उपकरण, ऑक्सीजन की उपलब्धता, पीडियर कम कोविड वार्ड तैयार करने के संबंध में आश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सर्वे कार्य को सतत् जारी रखने की भी बात कही।

अतिरिक्त जिला कलक्टर छगनलाल गोयल ने ग्राम पंचायतवार सूची के अनुसार दूसरे डोज के टीकाकरण की लक्ष्य के विरूद्ध उपलब्धि की प्रभावी मॉनिटरिंग करने के निर्देश प्रदान किए। जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजय कुमार वासु ने प्राथमिकता के साथ लक्ष्यानुरूप कोरोना के दूसरे डोज का टीकाकरण शत-प्रतिशत करवाने के निर्देश दिए।इस अवसर पर सीएमएचओ डॉ. जीएस देवल, पीएमओ डॉ. एसपी शर्मा, आरसीएचओ डॉ. रमाशंकर भारती, मुख्य जिला शिक्षाधिकारी अशोक कुमार रोहिसवाल, महिला एवं बाल विकास विभाग के उप निदेशक अशोक विश्नोई सहित सभी उपखण्ड अधिकारी, बीसीएमओ, बीडीओ तथा शिक्षा व महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

सेठिया फाउण्डेशन व सहकार फाउण्डेशन की पहल

# चित्तौड़गढ़ में एलपीजी शवदाह गृह का कार्य अंतिम चरण मे

**जागरूक जनता नेटवर्क**
jagrukjanta.net



**चित्तौडगढ़।** चित्तौडगढ़ में पर्यावरण संरक्षण के मद्धेनजर सेठिया फाउण्डेशन व सहकार चेतना फाउण्डेशन द्वारा एलपीजी गैस आधारित शवदाह गृह के लिए प्रांरभ की गई पहल का कार्य अब अंतिम चरण में है एव एक सप्ताह मे पूरी ईकाई स्थापित होकर ट्रायल किया जाना प्रस्तावित है। सहकार चेतना फाउण्डेषन एवं सेठिया फाउण्डेशन के प्रबन्ध न्यासी डा.आई.एम सेठिया के अनुसार इस महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट के दानदाता भारतीय स्टेट बैंक के क्षेत्रीय प्रबन्धक संतोष कुमार झा, मुख्य प्रबन्धक राजेन्द्र सिह भाटी, अनिल सेठिया, सुरेश डांगी, विनोद फुलवानी, जगदीष चन्द्र पंचोली, निर्मल बाफना, शंभू लाल अग्रवाल, बलवंत सिंह शीशोदिया, अम्बालाल काबरा अशोक भण्डारी आदित्येन्द्र सेठिया सहित पार्षद सत्यनारायण मुन्दड़ा, मोक्षधाम समिति के अध्यक्ष भोपाल सिह बाबेल, संरक्षक इन्द्रमल लोढ़ा, मंत्री सुधीर जैन, अरबन बैंक उपाध्यक्ष शिवनारायण मानधना, निदेषक बाल किशन धूत ने निर्माणाधीन चल रहे कार्य का अवलोकन किया एवं मंगलवार को स्थापित की गई चिमनी का विधिवत पूजन किया। केजी क्रिमेशन्स के निदेषक अनुभव मिश्रा, प्रोजेक्ट मैनेजर, राजू नरूला व उत्पल घोष ने फरसेन्स स्थापना, एलपीजी भण्डार व शवदाह प्रक्रिया आदि की जानकारी दी।

चेतना फाउण्डेशन के न्यासी दिनेश शीशोदिया, प्रमोद माथूर, अरबन बैंक उपाध्यक्ष शिवनारायण मानधना, निदेषक बाल किषन धूत, प्रबंध निदेशक वन्दना वजीरानी, महाप्रबन्धक दिनेश खण्डेलवाल, प्रबन्धक प्रशासन जे.पी. जोशी सहित सेठिया फाउण्डेशन के राजेश सेठिया व राकेश सेठिया ने दानदाताओ, क्षेत्रीय पार्षद, मोक्षधाम प्रदाधिकारीयों व तकनीकी अधिकारीयों का शाल व उपरणा पहनाकर अभिन्दन किया। इस अवसर पर सभी दानदाताओ व मोक्षधाम पदाधिकारियो ने पर्यावरण संरक्षण के मद्देनजर स्थापित हो रहे प्रोजेक्ट की स्थापना के लिए सेठिया फाउण्डेशन व सहकार फाउण्डेशन द्वारा की गई पहल को कोविड के मद्देनजर समय की मांग के अनुसार बताया। डॉ. आई.एम. सेठिया ने प्रोजेक्ट में स्थानिय विधायक चन्द्रभान सिंह आक्या द्वारा 10 लाख व नगरपषिद सभापति संदीप शर्मा द्वारा मोक्षधाम विकास व सौन्दर्यीकरण के लिए 17 लाख रूपये के सहयोग सहित सभी दानदाताओं का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## 'फिल्मी काव्य महोत्सव' आयोजित



**लुधियाना @ जागरूक जनता।** पुनीत अनुपम साहित्यिक समूह द्वारा लोगों में लेखन के प्रति रूचि उत्पन्न करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर ऑनलाइन "फिल्मी काव्य महोत्सव" का आयोजन किया गया। जिसका विषय 'ऐच्छिक फिल्मी शीर्षक' रखा गया। इस महोत्सव में कुछ विदेशी रचनाकारों सहित देश के अलग-अलग राज्यों के रचनाकारों ने भाग लिया तथा दिए गए विषय पर आधारित अपनी उत्कृष्ट रचनाओं को प्रस्तुत कर ऑनलाइन 'फिल्मी काव्य महोत्सव' की शोभा में चार चाँद लगा दिए। इस महोत्सव में समूह द्वारा सहयोग हेतु विशेष रूप से नीता शेखर जी (रांची, झारखंड) का चयन किया गया था। जिन्होंने अपने विशिष्ट सहयोग से ऑनलाइन 'फिल्मी काव्य महोत्सव' को सफल बनाने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। समूह द्वारा महोत्सव में शामिल होने वाली विशिष्ट सहयोगी शख्सियत नीता शेखर जी सहित सभी प्रतिभागी रचनाकार शख्सियतों को ऑनलाइन "पुनीत काव्य सुमन" सम्मान देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर समूह के संस्थापक एवं अध्यक्ष पुनीत कुमार जी ने? महोत्सव में सम्मिलित सभी रचनाकारों को बधाई तथा शुभकामनाएं दी और कहा कि पुनीत अनुपम साहित्यिक समूह इसी तरह आगे भी ऑनलाइन 'महोत्सवों और प्रतियोगिताओं' के माध्यम से रचनाकारों को भिन्न-भिन्न विषयों पर अपनी रचनाएं लिखने का अवसर प्रदान करता रहेगा तथा ऑनलाइन सम्मान देकर उनका उत्साहवर्धन करता रहेगा। इस महोत्सव में अपनी उत्कृष्ट रचना प्रस्तुत करके समूह की शोभा बढ़ाने वालो में प्रमुख नाम नीता शेखर, सावित्री मिश्रा, विजय कुमार यादव, संगीता सिंघल विभु, अल्पा मेहता, सुनीला गुप्ता, अनुपमा तोषनीवाल, पदमा दीवान 'अर्चना', डॉ. सरला सिंह 'स्निग्धा', संजय कुमार गुप्ता, मंजू शर्मा, वाणी कर्ण, डॉ. ऋतु नागर, लक्ष्मी भट्ट, गरिमा, रूपाली कक्क ड़ सिंह, निर्मला कर्ण रचनाकारों के रहे।

## संगठन की रीढ़ थे सुंदर सिंह भंडारी



**पीपाड़ शहर @ जागरूक जनता।** भाजपा के वरिष्ठ नेता और जनसंघ के संस्थापक सदस्यों में से एक स्वर्गीय सुन्दर सिंह भंडारी की पुण्यतिथि आज सादगी और श्रद्धा के साथ मनाई जा रही है। प्रदेश भर में विभिन्न कार्यक्रमों के ज़रिये भाजपा कार्यकर्ता स्वर्गीय भंडारी को श्रद्धांजली देते हुए उन्हें याद कर रहे हैं। गौरतलब है कि स्वर्गीय भंडारी के स्मृति दिवस को प्रदेशभर में जन्म शताब्दी वर्ष के रूप में मनाया जा रहा है। जनसंघ के संस्थापक सदस्य सुंदर सिंह भंडारी की 16 वी पुण्यतिथि पर भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल के द्वारा पुष्पांजलि कार्यऋ म स्थानीय हिंदू सभा भवन में रखा गया उन्होंने अपने जीवन काल में उच्च शिक्षा प्राप्त की जीवन पर्यंत संघ के प्रचारक के रूप में जीवन जिया भंडारी ने 1946 में प्रचारक के रूप में जोधपुर में भी काम किया तीन बार राज्यसभा सांसद और राष्ट्रीय मानवा अधिकार आयोग का अध्यक्ष भी बनाया गया। आपातकाल के दौरान वे मीसा बंदी के रूप में जेल में भी रहे। आपातकाल के विरुद्ध हुए संघर्ष में वे भूमिगत रहकर काम करते रहे पर कुछ समय बाद वे पकड़े गए। जेल से ही वे राज्यसभा के लिए निर्वाचित हुए। 84 वर्ष की सुदीर्घ आयु में 22 जून 2005 को सुबह नींद में हुए तीव्र हृदयाघात से देहान्त हो गया। सोलवीं पुण्यतिथि पर भारतीय जनता पार्टी के जोधपुर देहात दक्षिण के पूर्व जिला उपाध्यक्ष दुलीचंद सोनी,मंडल अध्यक्ष रामकिशोर भूतड़ा,नगर पालिका के पूर्व अध्यक्ष महेंद्र सिंह कच्छावाह, चिमनाराम टाक,मंडल महामंत्री आदित्य कच्छावाह,दिनेश दवे,पार्षद धर्मेंद्र सोनी,वरिष्ठ नेता बंसीलाल जीनगर,जयनारायण जांगिड़,देवाराम जांगिड़,सोशल मीडिया प्रभारी अरविंद सोनेल,तरुण आचार्य, संजय अरोड़ा, सचिन मुथा सहित कई अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## जागरूक खबरें

### पितृ दिवस पर काव्य सरिता में डूबे काव्यप्रेमी



**जयपुर @ जागरूक जनता।** संपर्क साहित्यिक संस्थान द्वारा पितृ दिवस के उपलक्ष्य में वर्चुअल काव्य गोष्ठी के आयोजन में देश भर की नामचीन व नवोदित कवियत्रियों ने पितृदिवस पर शब्दों की काव्यांजलि में भावुक कर देने वाला काव्य पाठ कर भावविह्वल कर दिया। संस्था अध्यक्ष अनिल लढ़ा ने स्वागत, अभिनंदन करते हुए सभी को विश्वास दिलाया कि कोरोना की इस त्रासदी के बाद अब हम शीघ्र ही भव्य कार्यक्रम करेंगे। समन्वयक रेनू शब्दमुखर ने फादर्स डे पे प्रकाश डालते हुए पिता की महत्ता बताई। डॉ सूरज जी के कुशल संचालन में विजयलक्ष्मी जांगिड़,हिमाद्री वर्मा,नेहा पारीक,जीनस कंवर, अलका सोनी, शशि सकसेना,राशिका शर्मा शिल्पी पचौरी, शिखा भारद्वाज, सलोनी रस्तोगी, एकता शर्मा तथा रमा भाटी द्वारा पिता पर समर्पित काव्य पाठ दिल को छू गया अंत में साहित्यकार ज्ञानवती सक्सेना ने आभार प्रकट किया।

### अविनाश राष्ट्रीय गौरव अवार्ड से सम्मानित



**जयपुर @ जागरूक जनता।** प्रतिभा के लिए कोई जगह बाधा नहीं बनती। ये बात शहर के गीतकार, लेखक और फिल्ममेकर अविनाश त्रिपाठी पर हूबहू लागू होती है। अविनाश के रचनात्मक कार्य और सामाजिक योगदान के लिए उन्हें भारत के चुनिंदा 30 लोगो में शामिल कर राष्ट्रीय गौरव अवार्ड्स से सम्मानित किया गया। साथ अविनाश की सामाजिक फिल्म की वजह से उन्हें नेशंस प्राइड बुक में भी अहम् जगह दी गयी। संस्था के सी ई ओ पुष्कर मेहता और छत्तीसगढ़ के संयोजक डॉ ए एस राठौर ने अविनाश त्रिपाठी के बहु आयामी प्रतिभा और समैक जागरूकता के लिए बनायीं उनकी 700 से ज़्यादा शार्ट फिल्म्स की बेहद प्रशंशा की। गौरतलब है की अविनाश ने बेहद काम उम्र में अपने रचनात्मक करियर की शुरुआत की थी। वो बेहद युवा दूरदर्शन एंकर बने और कई बड़े फिल्मकार के साथ काम करने के साथ, कहानी गीत ग़ज़ल में भी लगातार सक्रीय रहे। अविनाश के लिखे गीत, प्रख्यात सिंगर शा, कविता कृष्णमूर्ति, अन्वेषा, कविता सेठ, अभिषेक रे, अनुपमा राग सहित बहुत से प्रिसद्ध गायक गा चुके है। अविनाश ने सिनेमा अध्यापन का भी का कार्य किया है और वो प्रतिष्ठित एमिटी यूनिवर्सिटी में 7 वर्षो से अधिक सिनेमा पढ़ा चुके है. अविनाश फिलहाल, कई बड़े प्रोडक्शन के लिए फिल्म सीरीज का लेखन भी कर रहे है। अविनाश ने छोटे शहर और अनजान कलाकार जो अति प्रतिभाशाली है उनको अंतर्राष्ट्रीय प्लेटफार्म देने के लिए विश्व का अनोखा , इंटरनेशनल आर्ट, कल्चर और सिनेमा फेस्टिवल भी कर रहे हैं।

# केंद्र सरकार की एडवाइजरी : देश में डेल्टा प्लस वैरिएंट ला सकता है तीसरी लहर; महाराष्ट्र, मध्यप्रदेश और केरल को तैयार रहने के निर्देश

### डेल्टा प्लस वैरिएंट अभी 9 देशों ब्रिटेन, अमेरिका, जापान, रूस, भारत, पुर्तगाल, स्विटजरलैंड, नेपाल और चीन में मिला है

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**नई दिल्ली।** कोरोना के कम होते मामलों के बीच विशेषज्ञों का मानना है कि डेल्टा प्लस वैरिएंट देश में कोरोना की तीसरी लहर का कारण बन सकता है। हेल्थ सेक्रेटरी राजेश भूषण ने बुधवार को कहा कि यह वैरिएंट दुनिया के 9 देशों में है। भारत में अब तक डेल्टा प्लस वैरिएंट के 22 मामले सामने आए हैं। इनमें सबसे ज्यादा 16 महाराष्ट्र के रत्नागिरी और जलगांव से हैं। बाकी के केस मध्य प्रदेश और केरल से हैं। हेल्थ मिनिस्ट्री के मुताबिक भारतीय SARS-CoV-2 जीनोमिक कंसोर्टिया के हालिया निष्कर्षों के आधार पर महाराष्ट्र, केरल और मध्य प्रदेश को इस वैरिएंट से सतर्क रहने की सलाह दी गई है। हालांकि स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि इससे बहुत ज्यादा चिंतित होने की जरूरत नहीं है।

#### वैरिएंट ऑफ इंटरेस्ट की श्रेणी में डेल्टा प्लस

नीति आयोग के सदस्य डॉ. वी के पॉल ने बताया कि डेल्टा वैरिएंट दुनिया के 80 देशों में है। भारत में दूसरी लहर को बढ़ाने में इसी वैरिएंट को जिम्मेदार बताया जा रहा है। इसे वैरिएंट ऑफ कंसर्न की श्रेणी में रखा गया है। डेल्टा प्लस वैरिएंट अभी 9 देशों ब्रिटेन, अमेरिका, जापान, रूस, भारत, पुर्तगाल, स्विटजरलैंड, नेपाल और चीन में मिला है। अभी यह वैरिएंट ऑफ इंटरेस्ट की श्रेणी में है। राज्यों को चिट्ठी लिखकर बताया गया है कि उन्हें कैसे डेल्टा प्लस वैरिएंट को डील करना है।

#### हम नहीं चाहते हैं कि डेल्टा प्लस वैरिएंट आगे बढ़े

तीसरी लहर आने के सवाल पर डॉ. पॉल ने कहा- ये कोई नहीं जानता कि वायरस कब अपना रूप बदल ले, ये पूर्वानुमान नहीं लगाया जा सकता, लेकिन दुनिया के कई ऐसे देश हैं जहां न तो दूसरी लहर आई और न चौथी। यानी हम सावधान रहें तो हो सकता है कि यह कंट्रोल में रहे। हालांकि राहत की बात ये है कि 7 मई के मुकाबले देश में कोरोना के मामलों में 90% की कमी आई है। पॉल ने अमेरिकी कंपनी मॉडर्ना की कोरोना वैक्सीन की भारत में सप्लाई के सवाल पर कहा कि कंपनी की मांगों को लेकर अभी कोई ठोस निर्णय नहीं हुआ है। इस पर चर्चा जारी है। बता दें कि मॉडर्ना ने भारत में वैक्सीन सप्लाई को लेकर कुछ शर्तें लगाई हैं।

#### 21 जून को ग्रामीण क्षेत्रों में हुआ रिकॉर्ड वैक्सीनेशन

स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि देश ने 21 जून को एक दिन में 88.09 लाख कोरोना वायरस टीके लगाने की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की। सबसे बड़ी बात ये रही कि इसमें करीब 64% वैक्सीनेशन ग्रामीण इलाकों में हुए। मध्य प्रदेश ने मंगलवार को सबसे अधिक खुराक दी। उसके बाद कर्नाटक, उत्तर प्रदेश, बिहार, हरियाणा, गुजरात, राजस्थान, तमिलनाडु, महाराष्ट्र और असम का स्थान रहा।

# श्रीनगर में आतंकी हमला

### CID इंस्पेक्टर को आतंकियों ने घर के पास 3 गोलियां मारीं, इलाज के दौरान दम तोड़ा

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**श्रीनगर।** श्रीनगर में आतंकवादियों ने मंगलवार को सीआईडी इंस्पेक्टर की गोली मारकर हत्या कर दी। यह घटना नौगाम इलाके में हुई। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि नौगाम थाना क्षेत्र के कनिपोरा में आतंकवादियों ने इंस्पेक्टर परवेज अहमद डार को उनके घर के पास 3 गोलियां मार दीं। उन्हें अस्पताल ले जाया गया। वहां उन्होंने दम तोड़ दिया। घटना के बाद सुरक्षाबलों ने इलाके की घेराबंदी कर ली है। हमले के वक्त परवेज नमाज अदा कर घर लौट रहे थे। इसी दौरान दो हमलावरों ने पीछे से उन पर गोलियां बरसा दीं। इस वजह से परवेज को संभलने का भी मौका नहीं मिला। जम्मू-कश्मीर पुलिस का कहना है कि CCTV फुटेज में दो आतंकी पिस्टल से फायरिंग करते दिखाई दे रहे हैं। उनकी शिनाख्त की जा रही है। संदिग्धों से पूछताछ भी जारी है। इस संबंध में मामला दर्ज कर लिया गया है।

#### 10 दिन पहले भी 2 पुलिसकर्मी शहीद हुए थे

जम्मू-कश्मीर के बारामूला में 10 दिन पहले आतंकियों ने पुलिस और CRPF की टीम पर अंधाधुंध गोलियां बरसाईं थीं। इस हमले में दो पुलिसकर्मी शहीद हो गए थे। दो आम लोगों की भी मौत हुई थी। कश्मीर ज़ोन के आईजी विजय कुमार ने हमले के पीछे लश्कर-ए-तैयबा के आतंकियों का हाथ बताया था।

#### आतंकी के पास मिली राइफल CRPF जवानों से छीनी गई थी

सोपोर में मारे गए तीन आतंकियों में से एक के पास मिली राइफल CRPF जवानों से छीनी गई थी। पुलिस ने मंगलवार को बताया कि इस साल मार्च में जम्मू-कश्मीर के लवायपोरा में CRPF जवानों पर आतंकी हमला हुआ था। इसमें 3 जवान शहीद हो गए थे। आतंकी हमले के बाद राइफल भी ले गए थे। बारामूला जिले के सोपोर में सोमवार को सुरक्षाबलों के साथ मुठभेड़ में खुर्शीद मीर, पाकिस्तान के अब्दुल्ला उर्फ असरार के साथ मोस्ट वांटेड आतंकवादियों में से एक मुदासिर पंडित मारा गया था। तीनों लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी थे। कश्मीर जोन के आईजी विजय कुमार के मुताबिक, लश्कर-ए-तैयबा के आतंकवादी खुर्शीद मीर से बरामद राइफल लवायपोरा हमले में छीनी गई थी। इस हमले में शामिल दूसरे आतंकी नदीम अबरार की तलाश की जा रही है।

### CDS जनरल बिपिन रावत की पाक को चेतावनी

# जम्मू-कश्मीर में ड्रोन से गोला-बारूद भेजा जा रहा है, यह... सीजफायर और शांति प्रक्रिया के लिए शुभ संकेत नहीं

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**नई दिल्ली।** चीफ डिफेंस ऑफ स्टाफ बिपिन रावत ने इशारों-इशारों में पाकिस्तान को चेतावनी दी है। जनरल रावत ने बुधवार को कहा कि जम्मू-कश्मीर में ड्रोन के जरिए आतंकियों को गोला-बारूद पहुंचाया जा रहा है, यह सीजफायर और शांति प्रक्रिया के लिए शुभ संकेत नहीं है। रावत ने चेतावनी भरे लहजे में कहा कि यदि आंतरिक शांति प्रक्रिया बाधित होती है तो हम यह नहीं कह सकते कि सीजफायर जारी है। सीजफायर का मतलब यह नहीं है कि आप सीमाओं पर संघर्ष विराम करें और देश के अंदर घुसपैठ जारी रखें। यह जान लें कि एक साथ दोनों चीजें नहीं हो सकती हैं।

#### थिएटर कमांड की गठन प्रि या सही रास्ते पर

रावत ने कहा कि थिएटर कमांड की गठन प्रि या सही रास्ते पर चल रही है। हम तीनों सेवाओं के अधिकांश मुद्दों को हल करने में सक्षम हो गए हैं। जल्द ही कुछ अच्छा परिणाम मिलने वाला है।

#### क्या है थिएटर कमांड?

थिएटर कमांड का सीधा अर्थ यह है कि एक इलाके में थल सेना, वायु सेना और नौसेना, तीनों की यूनिटों को एक थिएटर कमांडर के अधीन लाया जाना। इन यूनिटों की ऑपरेशनल कमान जिस ऑफिसर के हाथ में होगी वह तीनों में से किसी भी सेना का हो सकता है। अभी तीनों सेनाएं स्वतंत्र ढंग से अपना काम करती हैं। थिएटर कमांड स्थापित होने से यह सबसे बड़ा फर्क देखने को मिलेगा कि जो काम किसी एक सेना ने किया वह दूसरी नहीं करेगी। अमेरिका और चीन समेत दुनिया के कई देशों की सेनाएं इसी व्यवस्था के तहत चल रही हैं।

#### जम्मू-कश्मीर के लोग शांति चाहते हैं

रावत ने आगे कहा कि जम्मू-कश्मीर के लोग खुद शांति चाहते हैं। खासकर अनुच्छेद 370 के हटने के बाद। अगर ऐसा ही चलता रहा तो एक समय ऐसा भी आएगा जब लोग खुद हिंसा से दूर हो जाएंगे और घाटी में उग्रवाद नहीं होने देंगे। क्योंकि स्थानीय लोगों के समर्थन के बिना उग्रवाद और आतंकवाद जीवित नहीं रह सकते। रावत ने बताया कि कुछ युवाओं को गुमराह किया गया है। मुझे लगता है कि हमें उनकी पहचान करने और यह देखने की जरूरत है कि हम उनके साथ कितनी अच्छी तरह बातचीत कर सकते हैं। उन्हें समझा सकते हैं कि आतंकवाद आगे का रास्ता नहीं है, बल्कि शांति और सिर्फ शांति ही आगे का रास्ता है।

#### पाकिस्तान का रक्षात्मक ढांचा बर्बाद हुआ

पाकिस्तान सेना युद्धविराम के लिए क्यों सहमत हुई? इस सवाल पर रावत ने कहा कि इसके कई कारण हो सकते हैं। पिछले कुछ वर्षों से युद्धविराम का व्यापक उल्लंघन हुआ है। इसमें छोटे हथियारों के अलावा उच्च क्षमता वाले हथियारों का भी इस्तेमाल किया गया था। इसने पाकिस्तानी सेना के रक्षात्मक ढांचे को भारी नुकसान पहुंचाया है। उनके सैनिकों के साथ सीमा पर रहने वाले आम नागरिक और मवेशियों को भी नुकसान होता है। यह दबाव भी सीजफायर का कारण हो सकता है।

#### चीनी सेना को तिब्बत जैसे इलाकों में लड़ने का अनुभव नहीं

वेस्टर्न और नॉर्दन में से कौन सा फ्रंट ज्यादा महत्वपूर्ण है? रावत ने इस सवाल पर कहा कि हमारे लिए दोनों मोर्चे महत्वपूर्ण हैं। पिछले साल गलवान और अन्य घटनाओं के बाद भारत के साथ लगी सीमा पर चीनी तैनाती में बदलाव आया है। उनके सैनिक मुख्य रूप से सिविलियन गली से आते हैं। उन्हें छोटी अवधि के लिए भर्ती किया जाता है। उन्हें इस तरह के इलाकों में लड़ने और काम करने का ज्यादा अनुभव नहीं है। चीनी सेना को महसूस हुआ कि उन्हें और बेहतर प्रशिक्षण और तैयारी की जरूरत है। इस मामले में हमारे सैनिकों उनसे कहीं आगे हैं। क्योंकि हमारे पास बहुत सारे पर्वतीय युद्ध प्रशिक्षण हैं, हम पहाड़ों में काम करते हैं और लगातार अपनी उपस्थिति बनाए रखते हैं। जबकि चीनियों के लिए ऐसा नहीं है। यह एक तरह से उनके प्रशिक्षण का हिस्सा हो सकता है जिसे वे अंजाम दे रहे हैं। हम अपनी जगह पर बने हुए हैं और सीमा पर दुश्मनों की हर गतिविधि पर नजर बनाए हुए हैं।

# पत्रकारों को किया कोरोना कर्मवीर सम्मान से सम्मानित

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**जयपुर।** जहां एक और पुरे भारत में कोरोना महामारी से हर जगह संकट है, वहीं देश के कर्मवीर योद्धा अपनी सेवाएं दिन रात हर प्रकार से देने में लगे हैं। ऐसे ही कर्मवीर पत्रकारों को इस संकट की घड़ी में सम्मानित कर उनका हौसला अफजाई के लिए राजधानी जयपुर में शक्ति फिल्म प्रोडक्शन समाज में पत्रकारिता के क्षेत्र में सेवा भाव में कार्य व कोरोना के जंग से लडने वाले लोगों की सहायता करने वाले पत्रकार बन्धुओं को सम्मानित किया जा रहा है। मैं अंबालिका शास्त्री, डायरेक्टर व प्रोड्यूसर (शक्ति फिल्म प्रोडक्शन) मां भारती के ऐसे सच्चे सपूतों को सलाम करती हूं, साथ ही आप द्वारा किए जा रहे विशिष्ट व अनूठे कार्यो की बदौलत हम आपको कोरोना कर्मवीर पत्रकार सम्मान से सम्मानित करते हैं एवं आपके उज्जवल भविष्य की कामना करते हैं! कुछ नेकी के काम कर रे बंदे ये दो दिन की जिंदगानी को चरितार्थ करने वाले सच्चे माँ भारती के सपूतों को दिल से सलाम। आपके द्वारा पत्रकारिता के क्षेत्र में साहसिक, गौर, देशहित व मानव सेवा में किये जा रहे नेक, निर्भीक व अनूठे कार्य को सराहने व आगे और गति प्रदान करने के लिए हम अपने आपको गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

### एडीजी कार्मिक ने जारी किए आदेश

# प्रदेश में 32 पुलिस इंस्पेक्टरों के तबादले

### जयपुर कमिश्नरेट से तीन इंस्पेक्टर दूसरी रेंज में भेजे, तीन वापस आए

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net

**जयपुर।** राजस्थान पुलिस मुख्यालय से बड़ी खबर है। कार्मिक विभाग ने मंगलवार देर शाम को 32 पुलिस इंस्पेक्टरों के तबादले कर दिए। इनमें जयपुर कमिश्नरेट से तीन पुलिस इंस्पेक्टरों के तबादले दूसरी रेंज में किए और बाहरी जिलों में मौजूद तीन इंस्पेक्टरों को जयपुर कमिश्नरेट में भेजा गया है। इस संबंध में एडीजी कार्मिक अनिल पालीवाल ने आदेश जारी किए। इनमें पांच इंस्पेक्टरों के तबादले प्रशासकीय आधार पर किया है। जिनमें नंदकिशोर वर्मा, सुनील शर्मा, भरत रावत, रामनारायण भंवरिया और देवी सिंह है। जबकि अन्य पुलिस इंस्पेक्टरों के तबादले उनके स्वयं के प्रार्थना पत्र पर किए गए।

| पुलिस इंस्पेक्टर का नाम | वर्तमान रेंज | नया रेंज |
|---|---|---|
| जितेंद्र गंगवानी | जयपुर कमिश्नरेट | जयपुर रेंज |
| अरविंद विश्नोई | जयपुर कमिश्नरेट | बीकानेर रेंज |
| अशोक चौधरी | भरतपुर रेंज | जयपुर कमिश्नरेट |
| दिग्पाल सिंह चारण | बीकानेर रेंज | जयपुर कमिश्नरेट |
| राजवीर सिंह | जयपुर रेंज | जयपुर कमिश्नरेट |
| दिनेश कुमार | आरपीटीसी किशनगढ़ | अजमेर रेंज |
| रमेशचंद | जीआरपी रेंज | उदयपुर रेंज |
| तेजकरण परिहार | जीआरपी रेंज | जोधपुर रेंज |
| मनीष देव विश्वकर्मा | जोधपुर रेंज | जोधपुर कमिश्नरेट |
| सुरेश चंद खटीक | जयपुर कमिश्नरेट | भरतपुर रेंज |
| फूलचंद टेलर | उदयपुर रेंज | जयपुर रेंज |
| मंजूलता | जीआरपी रेंज | पुलिस मुख्यालय जयपुर |
| दिग्विजय सिंह | भरतपुर रेंज | कोटा रेंज |
| राजेंद्र सिंह | जोधपुर कमिश्नरेट | जोधपुर रेंज |
| बलवंत राम | जोधपुर रेंज | बीकानेर रेंज |
| अध्यात्म गौतम | जयपुर रेंज | भरतपुर रेंज |
| शंभू सिंह शेखावत | कोटा रेंज | अजमेर रेंज |
| गोपाल सिंह | अजमर रेंज | बीकानेर रेंज |
| देवीचंद ढाका | कोटा रेंज | जोधपुर कमिश्नरेट |
| दातार सिंह | जयपुर रेंज | अजमेर रेंज |
| सुरेंद्र कुमार | बीकानेर रेंज | अजमेर रेंज |
| शंकरलाल | कोटा रेंज | अजमेर रेंज |
| कमल चंद मीणा | कोटा रेंज | उदयपुर रेंज |
| भवानी सिंह चौहान | कोटा रेंज | अजमेर रेंज |
| राजेंद्र सिंह | कोटा रेंज | अजमेर रेंज |
| अशोक कुमार आंजना | जोधपुर कमिश्नरेट | जोधपुर रेंज |
| प्रेमप्रकाश | जोधपुर रेंज | जयपुर रेंज |
| नंदकिशोर वर्मा | अजमेर रेंज | कोटा रेंज |
| सुनील शर्मा | सीआईडी सीबी | जोधपुर कमिश्नरेट |
| भरत रावत | जोधपुर कमिश्नरेट | कोटा रेंज |
| रामनारायण भंवरिया | अजमेर रेंज | कोटा रेंज |
| देवी सिंह | जोधपुर रेंज | भरतपुर रेंज |

### नवगठित ग्राम सेवा सहकारी समितियों को 10 जुलाई तक पंजीयन कराने के निर्देश

**जयपुर @ जागरूक जनता।** प्रदेश में नवगठित होने वाली ग्राम सेवा सहकारी समितियों को 10 जुलाई तक हर हाल में अपना पंजीयन करवा होगा। सहकारिता विभाग के प्रमुख सचिव भास्कर सावंत ने बताया कि पंजीयन होने के बाद इन समितियों के किसानों को अल्पकालीन सहकारी फसली ऋण सहित अन्य सुविधाओं का लाभ मिल सकेगा। सहकारिता विभाग की बजट घोषणाओं की समीक्षा बैठक बुलाई गई थी। इस वर्चुअल बैठक में सावंत ने बताया कि नवगठित 282 ग्राम सेवा सहकारी समितियों में से 93 का ही पंजीयन हुआ है।

# सियासी खींचतान के बीच ट्विटर पर टॉप ट्रेंड हुआ पायलट आ रहा है

### पायलट समर्थकों ने ट्विटर पर कराया टॉप ट्रेंड, 1 लाख 67 हजार लोग इस मुहिम का हिस्सा बने

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com

**जयपुर।** प्रदेश प्रदेश कांग्रेस में जारी जुबानी जंग के बीच मंगलवार को पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट ट्विटर के टॉप ट्रेंड में छाए रहे। 'पायलट आ रहा है' ट्विटर टॉप ट्रेंड रहा? इसमें 1 लाख 67 हजार लोग इस मुहिम का हिस्सा बने, जो कि अब कांग्रेस की सियासी हलकों में चर्चा का विषय बना हुआ है। पायलट आ रहा है ट्विटर के जरिए उनके समर्थकों ने सचिन पायलट को प्रधानमंत्री से लेकर कांग्रेस का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाए जाने की मांग कर डाली। पायलट आ रहा है टॉप ट्रेंड मुहिम का हिस्सा बनते हुए कुछ विधायकों ने उनके समर्थन में ट्वीट भी किए और लिखा कि सचिन पायलट वे नेता है जिन्होंने पूरे 5 साल कांग्रेस पार्टी के लिए कड़ी मेहनत की और उसे सत्ता तक पहुंचाया।

#### पायलट समर्थक विधायक ने लगाए बड़े हॉर्डिंग्स

**सचिन** पायलट के समर्थक विधायक वेद प्रकाश सोलंकी ने गांधीनगर में अपने सरकारी आवास के बाहर बड़े हॉर्डिंग्स लगाए हैं जिसमें उन्होंने सचिन पायलट की कई तस्वीरे लगाई हैं। हॉर्डिंग्स में पीसीसी चीफ रहते हैं सचिन पायलट को पुलिस की लाठियां खाते और चोट लगते फोटो प्रदर्शित की गई हैं। तीसरी फोटो में पायलट को पुलिस गला पकड़ कर ऊपर उठा रही है। इन तस्वीरों के जरिए पायलट के संघर्ष को दिखाया गया है।

#### गुरुवार को जयपुर आ सकते हैं पायलट

**बताया** जाता है कि रविवार को दिल्ली दौरे पर गए सचिन पायलट गुरूवार शाम को दिल्ली से जयपुर लौट सकते हैं। ट्विटर पर "पायलट आ रहा है" ट्रेंड को भी इसी से जोड़कर देखा जा रहा है।

# योग एवं आयुर्वेद से भारत बनेगा आत्मनिर्भर-परिहार

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net



**पीपाड़ शहर।** अंतरराष्ट्रीय योग दिवस नगर पालिका द्वारा रेखा मैरिज गार्डन हनुमान गोशाला के पीछे सामूहिक रूप से मनाया गया, योग महोत्सव पर योग प्रोटोकॉल अभ्यास के अंतर्गत पतंजलि योग समिति के प्रभारी भगवान राम परिहार ने कॉमन अभ्यास प्रोटोकॉल का अभ्यास करवाया ।

इस अवसर पर परिहार ने बताया कि आमजन को अपने जीवन मे योग व आयुर्वेद को जीवन मे शामिल करना चाहिये, जिससे उसका शरीर जीवन भर निरोगी रह सके,शरीर मे रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाने में योग आयुर्वेद बहुत ही उपयोगी है,वारयल रोग के बचाव के लिये भी योग आयुर्वेद बहुत ही सार्थक है,।साथ ही परिहार ने सभी को आह्वान किया कि अपने प्राचीन ऋषि परम्परा के योग को प्रतिदिन एक घंटा देना चाहिये,परिहार न बताया कि देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी 21 जून जो की हमारे देश भारत का सबसे बड़ा दिन है उस दिन को विश्व योग दिवस के रूप में मनाने का संकल्प लिया है,विश्व के लगभग 200 देशों के साथ मिलकर अंतरराष्ट्रीय योग दिवस सामूहिक रूप से मनाते है,45 मिन्ट के कॉमन अभ्यास प्रोटोकॉल में शीतलीकरण का अभ्यास, खड़े होकर आसन,बैठकर आसन,पैट के बल पीठ के बल,व प्राणायाम का अभ्यास करवाया गया,इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी शैतान सिंह राजपुरोहित,नगरपालिका अधिषासी अधिकारी सुरेश चंद शर्मा, पार्षद पीयूष शर्मा,सत्यनारायण भाटी, सोहनलाल सांखला,सामाजिक कार्यकर्ता मेहराम गहलोत,योग में गोल्ड मेडलिस्ट अंजलि परिहार सहित कई सामाजिक कार्यकर्ता, प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय माउंट आबू से पीपाड़ शहर केंद्र से पायल दीदी,शहर के विभिन्न संगठन के योग साधको ने भाग लिया,इस अवसर पर उपखण्ड अधिकारी ने वात पित कफ को योग से कैसे ठीक रख सकते है इसके बारे में अवगत करवाया, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी सुरेश चंद्र शर्मा ने योग को नियमित जीवन मे अपनाने का आह्वान किया,व कोरोना काल मे आयुर्वेद काढ़े में निःशुल्क सेवा के लिए परिहार को धन्यवाद दिया। ब्रह्म कुमारी से पायल दीदी ने भी सहज योग का अनुभव करवाया, सभी ने मास्क लगाकर व शोशल डिस्टेंसिंग की पालना करते हुए योग दिवस मनाया । योग दिवस का कार्यक्रम का लाइव फेसबुक के माध्यम से किया गया परिहार ने बताया कि 45 मिनट का प्रोटोकॉल अभ्यास बहुत ही सार्थकता से बनाया गया है,इस प्रोटोकॉल को प्रतिदिन घर पर सभी को करना चाहिए।रेखा मैरिज गार्डन के जगदीश कच्छवाह व श्याम सांखला ने सभी अतिथियों व योग साधको को धन्यवाद दिया व योग को जीवन मे अपनाने का आह्वान किया।

ANCHOR

### फोन टैपिंग मामला, मुख्य सचेतक को समन

# महेश जोशी को दिल्ली क्राइम ब्रांच ने कल बुलाया; कई नेता और अफसरों से पूछताछ संभव

जागरूक जनता नेटवर्क
jagrukjanta.net/.com



**जयपुर।** राजस्थान में फोन टैपिंग मामले में विवाद फिर गहराता दिख रहा है। केंद्रीय जलसंसाधन मंत्री गजेंद्र सिंह की एफआईआर पर दिल्ली क्राइम ब्रांच ने जांच तेज कर दी है। दिल्ली क्राइम ब्रांच ने सरकारी मुख्य सचेतक महेश जोशी को नोटिस जारी कर 24 जून को सुबह 11 बजे पूछताछ के लिए बुलाया है। उन्हें दिल्ली क्राइम ब्रांच रोहिणी के प्रशांत विहार दफ्तर में पूछताछ के लिए बुलाया गया है। दिल्ली क्राइम ब्रांच के इंस्पेक्टर सतीश मलिक ने नोटिस जारी किया है। वहीं, जोशी ने कहा कि नोटिस अभी पढ़ा नहीं है। पढ़ने के बाद ही कुछ कह सकूंगा। पिछले साल सचिन पायलट खेमे की बगावत के समय राजस्थान सरकार पर फोन टैपिंग के आरोप लगे थे। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत के परिवाद के बाद 25 मार्च को दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने एफआईआर दर्ज की थी। एफआईआर में गजेंद्र सिंह ने जनप्रतिनिधियों के फोन टैप करने और उनकी छवि खराब करने का आरोप लगाया। शेखावत ने FIR में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के ओएसडी लोकेश शर्मा समेत अज्ञात पुलिस अफसरों को आरोपी बनाया। दिल्ली क्राइम ब्रांच ने अब इस मामले में जांच का दायरा बढ़ाते हुए महेश जोशी को भी शामिल कर लिया है।

#### महेश जोशी ने एसीबी और एसओजी में एफआईआर करवाई थी

महेश जोशी ने पिछले साल सचिन पायलट खेमे की बगावत के बाद लीक किए गए फोन कॉल्स के आधार पर एसओजी और एसीबी में एफआईआर दर्ज करवाई थी। इसे लेकर महेश जोशी ने एसीबी और एसओजी में अपने बयान भी दर्ज करवाए थे। जिसमें उन्होंने यह कहा कि ऑडियो क्लिप में विधायक भंवरलाल शर्मा की आवाज है। उस आवाज को वह बेहद अच्छे से पहचानते हैं।

#### सीएम के ओएसडी को 6 अगस्त तक हाईकोर्ट से राहत मिल चुकी

क्राइम ब्रांच में दर्ज एफआईआर को लेकर लोकेश शर्मा पिछले दिनों दिल्ली हाईकोर्ट चले गए थे। कोर्ट ने 6 अगस्त तक अगली सुनवाई का समय दिया और क्राइम ब्रांच को तब तक के लिए कोई भी कार्रवाई नहीं करने को कहा था।

#### दिल्ली क्राइम ब्रांच अब कई नेताओं और अफसरों को भी पूछताछ के लिए बुलाएगी

महेश जोशी को नोटिस मिलने के बाद अब दिल्ली क्राइम ब्रांच कांग्रेस के कुछ नेताओं, अफसरों को भी पूछताछ के लिए बुला सकती है। गहलोत सरकार का मैनेजमेंट संभालने वाले कई नेताओं को पूछताछ का नोटिस मिलना तय माना जा रहा है। कई पुलिस अफसरों करो भी नोटिस देकर पूछताछ के लिए बुलाया जा सकता है।

#### पायलट समर्थक विधायकों ने भी लगाए फोन टैपिंग के आरोप

पायलट समर्थक विधायक वेद सोलंकी ने हाल ही बयान दिया था कि सरकार कई विधायकों के फोन टैप करवा रही है। ये विधायक सीएम अशोक गहलोत को इसकी जानकारी भी दे चुके हैं।